प्रकृति से वर्षा ज्ञान

(उत्तरार्द्ध)

संकलनकर्ता व अनुवादक :—

डा० जयशंकर देवशंकरजी शर्मा (श्रीमाली ब्राह्मण)

एफ. एस आर. आई (बीकानेर)

प्रस्तावित 'कुछ शब्द'

पद्मभूषण डा० सूर्यनारायण व्यास

प्रकाशक :

अगरचंद नाहटा

संचालक :

राजस्थानी साहित्य परिषद्

कलकत्ता और बीकानेर

विक्रमाब्द २०२६]   [मूल्य ५) रु०

अनुक्रमणिका

✱

१. प्रकाशकीय— अगरचंद नाहटा

२. प्रस्तावित 'कुछ शब्द'— डा० सूर्यनारायण व्यास

३ प्रस्तावना— डा० जयशंकर देवशंकरजी शर्मा
[श्रीमाली ब्राह्मण] पृ० I से XXIX

४ विषय सूची— ... .. पृ० १ से ४०

५ मूल ग्रन्थ— ... ... पृ० १ से २७०

६ पद्यानुक्रमणिका— ... ... पृ० १ से ३१

७. शुद्धि-पत्र— .. . पृ० ३२ से ३७

८ सदर्भ ग्रन्थ सूची— .. ... पृ० क से ख

●

मुद्रक . त्रिलोकीनाथ मीतल, अग्रवाल प्रेस, मथुरा ।

समर्पण

★

जिनने भारतीय नारी का आदर्श अपने सम्मुख रख सदैव
पति-आज्ञा का अनुसरण करते हुए मुझ मातृ-पितृहीन
बालक का लालन-पालन एवं पोषण करने में अपने
पति का साथ दिया था, उन परम उदार मेरी
पोषक माता स्वर्गीया बोतीदेवी धर्मपत्नी
श्री मनकरण जी व्यास को मेरा
यह यत्किंचित प्रयास
समर्पित है।

●

जयशङ्करदेव शर्मा

प्रकाशकीय

प्रकृति की लीला अनत है, इसका सही ज्ञान प्राप्त करना बहुत ही कठिन है। फिर भी मानव ने सदा प्रकृति पर विजय प्राप्त करने का प्रयत्न किया है और वह कुछ अंशों में सफल भी हुआ है। प्रकृति के नियमों की जानकारी प्राप्त करने के विविध प्रयत्न चिरकाल से होते रहे हैं और उन प्रयत्नो के फल स्वरूप बहुत से महत्वपूर्ण तथ्य मनुष्य ने प्राप्त किये हैं। मानव ने भविष्य के संबंध मे भी कुछ सूचनाएं प्राप्त की है, जिससे जीवन को नई गति प्राप्त हुई है।

मनुष्य, पशु, पक्षी आदि जीव जन्तुओं का जीवन मुख्यत जल, अन्न, वनस्पति, वायु आदि प्राकृतिक वस्तुओ पर आधारित है। जल, पृथ्वी के भीतर से भी निकलता है और आकाश से भी बरसता है। पृथ्वी और जल के सयोग से अन्न एवं वनस्पतियाँ आदि उत्पन्न होती हैं। पृथ्वी के भीतर का जल निकालना बहुत कष्ट साध्य है। पर ऊपर से जो वर्षा प्रकृति के द्वारा होती है, वह सुलभ और सहज है। भारत मे प्रकृति के नाना रग या करिश्मे दिखायी पडते हैं। किसी प्रदेश मे में जल खूब बरसता है तो कोई प्रदेश सूखा-सा रहता है। अत जिस प्रदेश मे वर्षा कम होती हैं,, वहाँ के लोग स्वाभाविक रूप से ही अधिक उत्सुक और जागरूक होते हैं।

वृष्टि विज्ञान भारत का प्राचीन विज्ञान है। वैदिक काल से लेकर अब तक इस सबध में काफी विचार एव अन्वेषण होता रहा है। ज्योतिष ग्रन्थो मे इसकी विशेष चर्चा होना स्वाभाविक है क्यो कि

भविष्य का ज्ञान ज्योतिष से अधिक सबंधित है। प्रकृति प्रदत्त वर्षा पर जीवन बहुत कुछ आधारित है इसलिये किन-किन लक्षणो या कारणो से वर्षा कब और कितनी होगी, इसकी जानकारी मनुष्य के लिये विशेषत -- किसानों के लिये बहुत जरूरी है। वैसे व्यापारियों के लिये भी सुभिक्ष, दुर्भिक्ष आदि का ज्ञान आवश्यक है ही। जन-साधारण के लिये इस विषय के ज्ञान के स्रोत भड्डुली वाक्य, मेघमाल आदि रचनाये हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ वर्षा-विज्ञान सबन्धी प्राप्त पद्यो एव कहावतो आदि का वृहद् सग्रह है, जो डॉ० जयशकर देवशकर जी शर्मा श्रीमाली ब्राह्मण ने कई वर्षों के परिश्रम और लगन से सकलित किया है। साथ ही हिन्दी अनुवाद करके इसकी उपयोगिता में चार चाँद लगा दिये हैं। जब मैंने उनका यह प्रयत्न और श्रम साध्य सकलित ग्रन्थ देखा तो उनके श्रम का सभी को लाभ मिल सके और उनका प्रयत्न सफल हो, इसलिए इसके ग्रन्थ के प्रकाशन मे विशेष रुचि ली। सयोग से कलकत्ता आने पर मैंने राजस्थानी साहित्य के महत्व के सम्बन्ध मे भाषण दिये जिनका सभापतित्व दानवीर सेठ सोहनलाल जी दूगड ने किया। वे मेरे भाषण से बहुत प्रभावित हुये और तत्काल राजस्थानी साहित्य के उद्धार के लिये ५ हजार रुपये देने की घोषणा कर दी। उनकी इस विशेष उदारता के लिये मैं बहुत आभारी हूँ। उस राशि से राजस्थानी भाषा के दो ग्रन्थ—सबडका और इक्के वाला जिनके लेखक राजस्थानी साहित्य के विशिष्ट लेखक राजस्थान के श्रीलाल जी और मुरलीधर जी व्यास है, प्रकाशित किये जा चुके हैं। डा० जयशकर जी देवशकर जी शर्मा श्रीमाली ब्राह्मण का प्रस्तुत ग्रन्थ काफी बडा हो जाने से दो भागो मे प्रकाशित किया जा रहा है। इसको पूर्वार्द्ध मे प्रवर्षण, केतुचार, वायु धारणा आदि ४७ प्रकरणों मे विभक्त है और उत्तरार्द्ध मे १२ महीनो के वर्षा ज्ञान सम्बन्धी पद्यों का सानुवाद सकलन है। ग्रन्थ की उपयोगिता के विषय मे दो मत हो ही नहीं सकते क्यो कि भारत कृषि प्रधान देश

है। हमारे पूर्वजों के वृष्टि विज्ञान सम्बन्धी अनुभव से लाभ उठाना बहुत ही जरूरी है। वैसे इस सम्बन्ध में कुछ ग्रन्थ पहले प्रकाशित हुये भी हैं पर अपने ढग का यह विशिष्ट प्रयास अवश्य ही अधिक लाभ-प्रद होगा।

'प्रकृति से वर्षा ज्ञान' नामक इस ग्रन्थ मे कई अनुभवी व्यक्तियो के पद्यों का सग्रह है। जिनमें डक और भड्डुली विशेष रूप से उल्लेखनीय है। भड्डुली वाक्य की अनेकों प्रतियाँ हमारे अभय जैन ग्रन्थालय आदि हस्त लिखित ग्रन्थ भडारों मे प्राप्त हैं। मैंने प्राचीन प्रतियो की खोज करके भड्डुली वाक्यों का एक सग्रह-ग्रन्थ सम्पादित भी कर रखा है। १५ वी शताब्दी तक की प्रतियो में मुझे 'भड्डुली वाक्य' के पद्य प्राप्त हुये हैं। 'भगवद् गो मडल' नामक गुजराती के वृहद् शब्द कोष के अनुसार भड्डुली १२ वी शताब्दी मे हुई हैं। पर अभी तक भड्डुली वशावलि उतनी प्राचीन प्रति बहुत प्रयत्न करने पर भी मुझे प्राप्त नही हो सकी है। मेघमाल-भड्डुली के सम्बन्ध में मेरा एक लेख 'परम्परा' पत्रिका के 'राजस्थानी साहित्य के आदि काल' विशेष अक मे प्रकाशित हो चुका है।

वर्षा-विज्ञान सम्बन्धी अलग कई रचनायें मेरी खोज से प्राप्त हुई हैं, जो हिन्दी और राजस्थानी भाषा मे है। उनमे से कुछ रचनाओं के सम्बन्ध मे मेरा एक लेख 'मधुमति' में प्रकाशित हो चुका है। उसके अतिरिक्त भी कई एक रचनाओं की जानकारी और मिली है जिनके सम्बन्ध में फिर कभी प्रकाश डाला जायगा।

भारत के अलग-अलग प्रान्तों मे इस सम्बन्ध में जो भी साहित्य प्राप्त है उन सब का सग्रह एव तुलनात्मक अध्ययन किया जाना बहुत ही आवश्यक है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के पूर्वार्द्ध की भूमिका स्व० डा० वासुदेवशरण जी अग्रवाल ने मेरे अनुरोध से लिख भेजी थी। ग्रन्थ का पूर्वार्द्ध तो उस समय छप भी चुका था। पर प्रकाशन में देरी होने से माननीय डा० अग्रवाल जी की विद्यमानता में यह ग्रन्थ प्रकाशित नहीं किया जा सका, इसका मुझे विशेष खेद है।

उत्तरार्द्ध के प्रारम्भिक 'कुछ शब्द' पद्म भूषण माननीय डा० सूर्यनारायण व्यास ने लिख भेजने की कृपा की है। इसलिये मैं उनका भी बहुत आभारी हूं। श्री व्यास जी भारत के सुप्रसिद्ध ज्योतिष के विद्वान है। डा० अग्रवाल जी और व्यास जी जैसे महान् विद्वानों ने प्रस्तुत ग्रन्थ के पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध पर अपने विचार लिख कर अवश्य ही इस ग्रन्थ का गौरव बढ़ाया है।

ग्रन्थ का मुद्रण अग्रवाल प्रेस, मथुरा मे करवाया गया और इसके संकलनकर्ता डा० जयशकर देवशकरजी शर्मा श्रीमाली ब्राह्मण बीकानेर मे रहते हैं, इसलिए मुद्रण मे काफी देरी हुई एव बहुत-सी अशुद्धियां रह गयीं। प्रेस एव श्रीमालीजी दोनों की परिस्थतियों और असुविधाओं के कारण ग्रन्थ के प्रकाशित होने में कई वर्ष लग गये। इधर गत वर्ष इस ग्रन्थ के द्रव्य सहायक दानवीर सेठ सोहनलाल जी दूगड का भी निधन हो गया। यदि उनकी विद्यमानता में इस ग्रन्थ का प्रकाशन सम्भव होता तो अवश्य ही वे इस उपयोगी और महत्वपूर्ण ग्रन्थ को देख कर काफी प्रसन्न होते।

डा० जयशकर जी देवशकर जी श्रीमाली ब्राह्मण ने इस ग्रन्थ को तैयार करने में स्वान्तः सुखाय बहुत ही श्रम किया है। इसलिये उनका भी मैं विशेष आभारी हूं। उनके वर्षों के श्रम को प्रकाश मे लाने का कुछ श्रेय मुझे भी मिला, इसका मुझे हार्दिक सतोष है।

आशा है इससे भारतीय जनता काफी लाभ उठायेगी। ग्रन्थ बहुत उपयोगी है, अत इस ग्रन्थ का प्रचार अधिकाधिक होना वांछनीय है।

अन्त मे इस ग्रन्थ की प्रकाशन संस्था राजस्थानी साहित्य परिषद के सम्बन्ध में भी कुछ जानकारी दे देना आवश्यक समझता हूँ। स० २००४ में माननीय नरोत्तमदास जी स्वामी और मुरलीधर जी व्यास कलकत्ता पधारे। तब राजस्थान रिसर्च सोसायटी को नया रूप देकर राजस्थानी साहित्य परिषद नामक सस्था की स्थापना की गई थी। उस समय 'राजस्थानी कहावत' भाग १—२ और 'राजस्थानी (निबन्ध माला) भाग १—२ का प्रकाशन किया गया। उनके मुद्रण, प्रकाशन की सारी व्यवस्था मेरे भ्रातृ पुत्र भवरलाल ने कलकत्ता मे की। जब दानवीर सोहनलाल जी दूगड ने ५ हजार रुपये मुझे राजस्थानी साहित्य के उद्धार के लिए दिये तो मैंने इसी सस्था को आगे बढ़ाने के लिये उन रुपयों का उपयोग उपरोक्त ग्रन्थो के प्रकाशन मे इस सस्था के माध्यम से करना उचित समझा। उसी के परिणामस्वरूप प्रस्तुत ग्रन्थ का प्रकाशन सम्भव हो सका है।

—अगरचन्द नाहटा

प्रकृति से वर्षा-ज्ञान के विषय में

कुछ शब्द

भारतवर्ष के विभिन्न भागो मे वर्षा-सम्बन्धी विविध-धारणाएँ और विश्वास प्रचलित हैं, उनमे सत्यांश है। क्योकि वे अनुभव पर आधारित है। वायु चक्र और प्राकृतिक लक्षणों का परीक्षण कर जो तथ्य निर्धारित किये जाते हैं, वे प्रायः सही सिद्ध होते हैं। साक्षरो की अपेक्षा साधारण कृषक--जन इस ज्ञान मे विशेष रूप से निपुण होते हैं। अनेक जानकार वर्षा के कई मास पूर्व होने वाली वर्षा के दिन, समय आदि का सफलता पूर्वक सूचन करते हैं। जो बात मैट्रोलोजी के यान्त्रिक साधन द्वारा सुलभ नही होती वह अनुभवियो के पारम्परिक ज्ञान के बल पर निर्दिष्ट की जा सकती है। आज के यान्त्रिक-युग में सरकार और समाज का विशिष्ट-वर्ग इन अनुभवो की अवहेलना करता जा रहा है। खेद है कि यह ज्ञान धीरे-धीरे देश से विलुप्त होता जा रहा है। ऐसे समय में श्री प० जयशंकर जी ने वर्षा सम्बन्धी राजस्थान मे प्रचलित सूक्तियो का सग्रह कर ग्रन्थ रूप में प्रस्तुत करने का जो साहस किया है, वह वास्तव में धन्यवादार्ह है। घाघ और भड्डरी की तरह सग्रहीत ये सूक्तिया भी अपने में विशेषता लिये हुए हैं। ये केवल अनुभव की ही वस्तु नहीं है। इनमें वर्षा-विज्ञान सम्बन्धी पुरातन-आचार्यो ने जो खोज की हैं, प्रयोग किये हैं, और निष्कर्ष निकाले हैं, उनका सुन्दरता से सार सग्रहीत किया है, ये उपेक्षणीय नही है। इनके प्रयोग-परीक्षण की आवश्यकता है। राजस्थान में इतना विशाल-साहित्य उपलब्ध है तो अन्य प्रदेशों में भी उनकी प्राकृतिक अनुकूलता-प्रतिकूलता को लेकर विविध अनुभव संग्रहीत हुए होंगे, उनका सग्रह परमावश्यक है। यह,

बहुत महत्वपूर्ण कार्य होगा। घाघ भड्डरी या राजस्थान की ग्रन्थस्थ-सूक्तियाँ मखौल का विषय नही है। कृषक-समाज उनमें आस्था रख सचाई अनुभव करता रहा है। ज्योतिःशास्त्र में वर्षा और वायु परीक्षण के अनेक प्रयोग प्रस्तुत किये हैं। प्राकृतिक-तत्वों और ग्रह-नक्षत्रो के संचार से उत्पन्न वातावरण के रहस्यों का गहराई से अध्ययन कर उन से परिणाम प्राप्त करने के प्रयास किये हैं। किन्तु हमारा अपना शासन और आधुनिक-ज्ञान जितना अभिनव-विज्ञान एवं उसके प्रयोगो को प्रश्रय देता है, उतना ही सभी पुरातन प्रयोग, ज्ञान और विचारो-अनुभवो को एकान्त अज्ञात-उपेक्षाभाव से ही देखता है। हम सभी नवीन को बुरा नहीं मानते। किन्तु, प्रत्येक पुरातन को भी उपेक्षणीय नही समझते।

सम्राट-विक्रम के समय अवन्ती नगरी मे कर्पूर नामक प्रवीण पडित रहता था। उसने 'कर्पूर-चक्र' नामक ग्रन्थ की रचना की थी। उससे आने वाले सुकाल-दुष्काल की सूचना प्राप्त हो जाती थी। ज्योतिष मे वृष्टि और वायु-विज्ञान पर वृहद विचार किया गया है। अनेक ग्रन्थो मे वर्णन हुआ है और अनेक अनुभूत प्रयोगो पर प्रकाश डाला गया है। आकाश के बादलो के विविध रग-रूपो-जातियो और उनसे उत्पन्न प्रभावो का गवेषणात्मक वर्णन किया है। इसी प्रकार से वायु के विभिन्न-स्तरो, विद्युत के प्रकाशो का भी सूक्ष्म अध्ययन किया गया है। कादम्बिनी और बराहमिहिर की सहिता के वर्णित वायु-चक्र, वर्षा और प्राकृतिक-लक्षणो के विवेचन को देखकर आज के वायु-विज्ञानी को भी दाँतो तले अगुलि दबा लेनी पडेगी। उनके गहन ज्ञान अन्वेषण के समक्ष सादर सिर झुकाना पडेगा।

जिन लोगो ने वैदिक मण्डूक-सूक्त या पर्जन्य-सूक्त को पढ़ा होगा वे यदि उनके मर्म को समझने का प्रयास करे तो ज्ञात होगा कि प्रकृति के लक्षणों का अवलोकन कर सद्योवृष्टि का विचार वेद-कालीन

समाज को पर्याप्त रहा है। ठेठ वैदिक-काल से लेकर अद्यावधि प्राकृतिक लक्षणों के आधार पर वर्षा आदि की अनुभव परम्परा चली आ रही है उसे ही लोक-भाषा और विश्वासो में सरलता से आबद्ध किया गया है। और वह आज के विज्ञान के उत्थान-काल में भी जीवित चली आरही है और समाज को आश्वस्त बनाये हुये हैं। महर्षी-गर्ग, पाराशर, कश्यप, वप्र आदि आचार्यों से लेकर वराहमिहिर तक इस विषय में गम्भीर अध्ययन की परम्परा रही है।

ज्योतिर्विज्ञान के अनुसार कार्तिक शुक्ल-पूर्णिमा से ही वायु-वर्षा-सुभिक्ष-दुर्भिक्ष का परीक्षण किया जाता था और आने वाली वर्षा के विषय में स्पष्ट रूप से स्थिति समझ ली जाती थी एव सावधानी के उपाय किये जाते थे। प्रस्तुत पुस्तक मे ज्योतिर्विज्ञान के आधार पर बनी हुई अनेक सूक्तियाँ यथास्थान भरी हुई मिलती हैं। आकाशीय-चिन्ह प्रकृति पर्यवेक्षण तथा ग्रहो के गगन-सचरण एव उनसे उत्पन्न होने वाली प्राकृतिक-स्थिति के आधार पर निर्भर होने के कारण वे केवल लोक विश्वास पर ही आधारित नही, विज्ञान-सगत भी रही है। आज का वायु शास्त्री केवल अपने दायरे में होने वाले वात-चक्र के यान्त्रिक-प्रभाव का तात्कालिक परिणाम पकडने का प्रयास करता है, जब कि गणितागत-ग्रहो की स्थिति और उनसे बनने वाले वातावरण का एक सफल गणनाशास्त्री बहुत समय पूर्व ही परिवर्तनो का प्रभाव-परीक्षण प्रस्तुत कर सकता है। आकस्मिक होने वाले परिवर्तनो एव उत्पादक कारणो का कोई भी यान्त्रिक कैसे पता पा सकता है?

आज का वायु-ऋतु-विज्ञानी मेघमाला के उन शतशः भेदो, विभेदो, वर्णनो, प्रभावो का शायद ही इतना ज्ञान रखता हो जितना पुरा-कालीन आचार्यों ने खगोल की खाक छानकर गहन-अध्ययन और साधनो से जाना था। मैट्रोलोजी के महत्व के समक्ष अज्ञानवश वह अनजाना-सा हो गया है।

वैदिक साहित्य में आज से हजारों वर्ष पूर्व ही यह बतलाया गया है कि सागर आदि से सूर्य अपनी किरणों से पानी ऊपर खींचकर मेघों को प्रदान करता है, सूर्य के तेज से जल के परमाणु सूक्ष्म रूप लेकर ऊपर आकर्षित हो जाते हैं और आकाश मे वायु के परमाणु से मिलकर मेघ का रूप ले लेते हैं। आज से दो हजार वर्ष पूर्व महाकवि कालिदास ने भी मेघदूत मे मेघ के पदार्थ-विज्ञान का विश्लेषण प्रस्तुत किया है। मेघ, वायु से प्रेरित हो जिस दिशा व देश मे जिस मात्रा में आकर्षित हो जाते हैं, वहाँ उतनी मात्रा मे वर्षण कर देते हैं। जल कब, किस समय कहाँ वर्षण करेगा इसे निमित्त-ज्ञान कहा जाता है और यह भौम, अतरिक्ष और दिव्य रूप में जाना जाता है। देश, मानव, पशु-पक्षी, कीट-पतग, वृक्ष-लता आदि के द्वारा जो वृष्टि-ज्ञान होता है। वह भौम होता है। वात-पित्त-कफ प्रकृति के मानवो की चेष्टाओ से, कीट-भृ ग-पशु-पक्षियो की विशिष्ट-प्रवृत्तियो से स्थानीय-वर्षा का अनुमान किया जाता है। ये अन्ध-श्रद्धा पर आधारित नहीं है। वर्षा की निकटता मे इनकी प्रवृत्तियो में विशेष परिवर्तन होने लगता है, ये सम्वेदन-शील हो उठते हैं, वृहत्सहिता, मयूर-चित्रक, मेघ महोदय, अद्‌भुत-सागर, वसन्तराज, वृष्टि प्रबोध, उदकार्गल आदि ग्रन्थों मे बहुत विस्तार से इस विषय की चर्चा हुई है और वह महत्वपूर्ण है। जब वर्षा की वायु प्रवाहित नही होती तब मछलियाँ पानी मे नीचे जा बैठती है, मैंढक आवाज करने लगते हैं, जब वर्षा आती हो तब बिल्ली नाखूनों से जमीन खोदती है, जग लगे लोहे में बदबू आने लगती है, बच्चे जमीन पर मिट्टी के पुल बनाते हैं, गुफाओ मे वाष्प भर जाती है, चीटियाँ अण्डे लेकर बाहर निकल पड़ती हैं, चिडियाँ धूल में नहाने लगती हैं, जुगनू जमीन पर उड़ने लगते हैं, गायें मकान के अन्दर नही जाती हैं, कुत्ते व्यर्थ ही भागने लगते हैं, आदमी अधिक निद्रित होता है—ये चिन्ह वर्षा आने के हैं इन्हे, भौम निमित्त कहा जाता है। इसी

प्रकार अंतरिक्ष-लक्षण होते हैं । वायु का जोर से बहना, मेघों का आकाश में धारण रहना, सध्या को सिंदूरी रंग के बादलो का होना, दिशायें जलती हुई—धूमिल हों, इन्द्रधनुष निकले, वैशाख शुक्ला पंचमी को मेघ छा जाय, गर्जन करे, पानी भी बरस जाय, तो प्रश्न का सग्रह कर लेना चाहिये, सूर्य के उदयास्त के समय सूर्य के चारो ओर मण्डल बन जाये तो पर्याप्त वर्षा होती है। इस प्रकार वात-चक्र के व्यवस्थित अध्ययन से वर्षा का निर्णय हो सकता है । वर्षा के गर्भ का भी महत्वपूर्ण वर्णन है। उक्त ग्रन्थ में गर्भ-सम्बन्धी शास्त्रीय वर्णन ही लोक भाषा मे वर्णित हुआ है । विद्युत-शक्ति और मेघ के ससर्ग से गर्भ-धारण होता है और ठीक ६॥ मास के पश्चात वर्षा-प्रसव होता है। जिस नक्षत्र पर गर्भ होता है, ६॥ मास के बाद वही नक्षत्र आता है, वर्षा हो जाती है। सावधानी पूर्वक गर्भ-स्थिति का अवलोकन किया जाये तो पूरी वर्षा के महीने, दिन और समय का सही पता चल सकता है। अतरिक्ष-अध्ययन के और भी विधान है जिसे दिव्य-निमित्त कहा जाता है। यह ग्रह—सचार—उदयास्त—वक्र-मार्ग, गति-विधि से सम्बन्धित होते हैं। ग्रहण, अगस्त्योदय, एव नाडी से यह विचार होता है ।

भौम-ज्ञान से एक क्षेत्र विशेष की वर्षा का पता लगता है। अन्तरिक्ष-लक्षणों से प्रदेश की जानकारी होती है। ज्योतिष-शास्त्र में इसको गहराई से छान-बीन की गई है। वह वैज्ञानिक भी है। जितनी सूक्ष्मता से अध्ययन किया जाये उतनी ही सही जानकारी प्राप्त होती है। मानवीय-ज्ञान और साधना की अपेक्षा जो लोग यान्त्रिक-ज्ञान पर विश्वास रखते हैं तथा अपनी सभी शास्त्रीय एव अनुभवी बातों को उपेक्षणीय एव अनजाने ही अन्ध-श्रद्धा की कोटि में रख देते हैं उनके लिये क्या कहा जाय ? क्या ही उत्तम होता कि हमारे वर्षा—वायु—विज्ञान का प्रयोग-परीक्षण कर अनुसधान किया जाता।

आधुनिक-वायु शास्त्रियों की अपेक्षा हमारे देश के अनेक अपढ़-किसान और ग्रामीण अपने अनुभव-ज्ञान की परम्परा और प्रत्यक्ष-लक्षणों के आधार पर अधिक सत्य को प्राप्त कर लेते हैं। प्रस्तुत पुस्तक इस दिशा में बहुत सहायक हो सकेगी। श्री जयशंकर जी शर्मा ने राजस्थान की वर्षा-विज्ञान सम्बन्धी अधिकांश सूक्तियों का संग्रह कर बहुत ही उत्तम कार्य किया है। मैं उनका अभिनन्दन करता हूँ।

डा० सूर्यनारायण व्यास

भारती-भवन
उज्जैन

दि० २१-९-६६

'पद्मभूषण'

प्रस्तावना

ओ३म् आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम् । आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम् ॥ दोग्ध्री धेनुर्वोढा नड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम् । निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्ताम् योगक्षेमो नः कल्पताम् ॥ यजुर्वेद अ० २२ मंत्र २२

हे ब्रह्मन् ! राष्ट्र में ब्राह्मण ब्रह्मवर्चस्वी उत्पन्न हों और क्षत्रीय-वर्ग वीर, धनुर्धारी, नीरोग एवं महारथी उत्पन्न हों। गौ दुग्ध देने वाली, बैल भार ढोने वाला अश्व शीघ्रगामी; वनिता रूप-गुण सम्पन्न, रथी जयशील उत्पन्न हो। यजमान का युवा पुत्र सभा-प्रिय एवं वीर उत्पन्न हो "समय-समय पर पर्जन्य वर्षा करता रहे।" हमारे लिये ओषधियें फलवती बन कर पकती रहे और हम इस प्रकार से योग-क्षेम का निर्वाह करते रहें।

भारत की बहुमूल्य-निधि वेद के इस एक भाग में की गई मानव हृदय की यह एक प्रार्थना है। जिसमें समय-समय पर पर्जन्य वर्षा करता रहे जिससे हमारी वन-सम्पदा-वनस्पतियें, अन्नादि भली प्रकार से पक कर सृष्टि के प्राणियों को सुख पहुँचावें, कहा है।

भारतीय साहित्य में ऐसा कोई विषय शेष नहीं छोड़ दिया गया है कि जिसके कारण यह अपूर्ण प्रतीत हो। वैदिक-काल के पश्चात् के समय में भी जनपदीय भाषाओं के माध्यम से जन-हितकारी विचार सदा व्यक्त किये जाते रहे हैं जो, हमें खोज करने पर तत्कालीन

प्रचलित भाषाओं के साहित्य में उपलब्ध होते हैं। यहाँ दृढ़ निश्चय के साथ यह कहा जा सकता है कि वर्षा के सम्बन्ध में राजस्थानी साहित्य भी पूर्ण है। हाँ, यह अवश्य है कि पूर्वकालीन राजस्थानी के विद्वानों के वे विचार अब तक अमुद्रित ही हैं। शोध प्रेमियों के सद्‌प्रयत्न से कुछ सामग्री मुद्रित होकर प्रकाश मे आई है फिर भी यह नगण्य ही है। आशा है शेष सामग्री भी प्रकाश में आजावेगी।

वर्षा समय पर हो इस हेतु प्राचीन काल मे हमारे देश मे घर-घर यज्ञ करने की परिपाटी थी। इसका समर्थन करते हुए शतपथ ब्राह्मण ग्रन्थ का ५।३ बताता है —

"अग्नेर्वै धूम्रो जायते धूम्रादभ्रमभ्राद वृष्टिः।"

यही कारण था कि जब तक वैदिक-काल—आर्षयुग की परम्परा चलती रही हमारे देश मे अकाल नही पडता था। यदि अपवादरूप से जब कभी ऐसा हुआ भी तो वह आर्ष परम्परा एव वैदिक संस्कृति के घातक व्यक्तियो के शास्त्र विपरीत कार्य-कलापो के कारण ही। भारत-भूमि तो सदैव शस्य-श्यामला ही रहती आई है। भारतीय ऋषियो ने तो 'भूमिर्माता पुत्रो ह पृथिव्या.','माता भूमि' पुत्रोऽहं पृथिव्या.' पृथिवी हमारी जननी है और हम इसके पुत्र हैं, माना है। राजस्थानी मे भी भूमि की महत्ता को स्वीकार किया जाकर पूर्वकाल से ही इसे जो महत्व दिया गया है वह निम्न पक्ति से स्पष्ट हैं .—

'धरती माता धरती पिता धरती करे जीव री रक्षा।'

इससे भली भाँति ज्ञात हो जाता है कि राजस्थानी साहित्य मे भूमि को कितने आदर और सम्मान का स्थान दिया गया है। वास्तव में यह सम्मान एव आदर तथ्योचित ही है। वर्षा और भूमि का परस्पर क्या सम्बन्ध है, इस पर भारतीय साहित्य में पर्याप्त वर्णन आया है। भारतीयेतर विद्वान भी अपने साहित्य में इस विचार की पुष्टि करते हुए बताते हैं कि पृथ्वी पर इसका प्रभाव किस रूप मे

पड़ता है। इस सम्बन्ध में अंग्रेजी के विद्वान् हाम्सवर्थ, अपनी पुस्तक 'हाम्सवर्थ हिस्ट्री आफ दी वर्ल्ड' में नर से नारायण तक बन जाने वाले मानव की शक्ति का निम्न शब्दों में उल्लेख करते हुए बताते हैं कि, 'वर्षा में न्यूनाधिकता उत्पन्न कर देना मानव के हाथ की करामात है। यदि वर्षा कम करना हो तो जगलो को काट दीजिये और यदि वर्षा अधिक बरसाना हो तो जगलो को लगा दीजिये। जैसे-जैसे जगल कटते जाते हैं वैसे-वैसे वर्षा कम होती जाती रहती है जिसके परिणामस्वरूप, स सार से जल सम्बन्धी आर्द्रता नष्ट हो रही है।'

पृथिवी फलवती तभी होगी जब समय पर वर्षा होती रहे। दुर्भाग्य से भारत पारस्परिक फूट के कारण भूतकाल मे विदेशियो द्वारा पदाक्रान्त होता रहा और एक लम्बी अवधि तक पराधीन रहा। तत्कालीन विदेशी शासकों ने अर्थ-शोषण ही अपना लक्ष्य रखा। इसलिये हमारा देश समृद्धिशाली एव सुखी बनने की अपेक्षा दिनो दिन अवनत होता गया। यवन-काल मे सत्ता-हथियाने हेतु गृह-युद्ध होते रहे। अत. उस समय इस ओर यथोचित ध्यान देने का किसी को अवसर नहीं मिला। चतुर अग्रेजो ने अपने शासन-काल मे यहाँ शिक्षा का प्रचार अवश्य किया, किन्तु साथ ही साथ भारतीयो को भौतिक-सुख में लिप्त करने हेतु यहाँ की वन-सम्पदा का नाश ही किया। हजारो मील लम्बी रेलवे-लाइन, सैकडो ही नही हजारो कारखाने स्थापित कर जगल के जगल कटवा दिये और मानव को भौतिक सुखो को मोह मे फंसाकर पगु बना दिया। इस मशीनी-युग मे व्यक्ति, बेकार हो गया। भूमि का अधिकाश भाग जिस पर हम अन्न उत्पादन किया करते थे, इन कल-कारखानो एव रेल के नीचे दब गया। अग्रेजों ने भारत को साधन सम्पन्न-हीन बनाने में अपनी ओर से कोई कसर नही छोड़ी। बर्मा, लका आदि जो किसी समय में भारत के ही अङ्ग थे, पृथक कर दिये गये। यहाँ तक कि शेष भारत की उपजाऊ भूमि (जैसे बगाल, आसाम

में चावल, सिन्ध-पंजाब मे गेहूँ आदि उत्पन्न करने वाली भूमि) के टुकडे कर, जाते-जाते पाकिस्तान का निर्माण कर दिया। यद्यपि, वर्तमान में हम स्वतन्त्र अवश्य हैं परन्तु अन्न की समस्या ने हमें परमुखापेक्षी भी अवश्य बना दिया है।

पिछले कुछ वर्षों से भारतीय नेता—शासक-वर्ग ने अकाल निवारणार्थ वन-महोत्सवो का प्रति वर्ष आयोजन प्रारम्भ किया है। जो अंग्रेज विद्वान हाम्सवर्थ की स्पष्टोक्ति का रूप ही है। तदनुसार वन ही वर्षा को आकर्षित करते हैं और वर्षा द्वारा ही कृषि—अन्नोत्पादन सम्भव है।

वर्षा-विज्ञान के ज्ञाताओ ने राजस्थानी भाषा मे अपने अनुभव को किस प्रकार से भर दिया है यह पाठको को इस ग्रन्थ के पूर्वार्द्ध एव उत्तरार्द्ध का अवलोकन तथा मनन करने से स्पष्ट हो जावेगा। ज्ञान सदैव असीम रहा है। इसकी कोई सीमा नही बान्धी जा सकती है। प्रस्तुत ग्रन्थ में वर्षा सम्बन्धी सम्पूर्ण ज्ञान भर दिया गया है, मेरा यह दावा नही है। क्योकि ज्ञान प्रान्तीयता की सीमाओ को भी लाँघकर आगे बढ जाता है। इसीलिये इसकी सीमा बान्धी नही जा सकती। भारत मे प्रचलित विभिन्न प्रान्तीय भाषाओ मे भी एतद्विषयक विचार उपलब्ध हो जाते हैं। किन्तु इन विभिन्न भाषाओ में व्यक्त विचारो का आधार एक समान ही होता है। पाठको की जानकारी के लिये यहाँ कतिपय उदाहरण सस्कृत, गुजराती और राजस्थानी उक्तियो के दिये जा रहे हैं।

सस्कृत :—

'यद भवति कदाचित् कार्तिके नष्ट चन्द्रे,
रवि शनि कुजवारे स्वाति युक्तेषु तेषु।
नृप युगल विनाश भूधरे पर्वता ना,
गज तुरग महर्घ्यं गुर्विणी गर्भपातः॥'

—भड्डलीपुराण हस्तलिखित प्रति, विक्रमाब्द १८१७

गुजराती :—

'जुओ जोषी कार्तिक अमास,
रवि शनि भोमे जो वास।
स्वाति योग आयुष ते पास,
काल करावै नासानास ।।'

—भडुली वाक्यो।

राजस्थानी :—

'मावस कातीमास की, शनि मगल जे आवै।
अन्नज मूंघो होवसी, अग्नि घोर लगावै ।।
रविवार ने आ जाय तो, लड़ै राजवी लोग।
परजा दुखी हरभात सूं, भोगे दुख का भोग ।।'

सस्कृत .—

'यदि व्रजति दाशार्कं मण्डल उष्णरस्स.,
रवि शनि कुजवारे, पोषमासे कुहुःयात्।
द्विगुण दहन वेदै रभ तुल्यं च धान्यं,
गुरु भृगु बुधवारे, मृतका तुल्यमन्ने ।।'

— हस्तलिखित भड्डलीपुराण।

'अण्डजं बाध्यते सश्य, मूषकैः शलभैः शुकैः।
अमावास्या तु पौषस्य, शनि सूर्य मही सुताः ।।'

— हस्तलिखित मेघमाला श्लोक ४०

गुजराती :—

'शनि आदित्य ने मगले, पौष अमासे होय।
बमणा त्रमणा चौगणा, धान्य मोघा होय ।।'
सोम शुक्र ने सुरगुरु, पौष अमासे होय।
घरघर होय बधामणा, दुखीन दीखै कोय ।।

भडुली वाक्यो।

राजस्थानी :—

पौष वदी मावस दिनां, रवि शनि मंगलवार ।
परजा मे भौ ऊपजै, धान तेज निरधार ।।
दीत शनि अर मंगलै, पोषी मावस होय ।
बिरणो तिमणो चौगुणो धानज मूघो होय ।।

'सोम गुरु बुध सुक्कर वारे,
पोसी मावस करौ विचारं ।
अन्न घणो व्है, लेवे ना कोई,
जो लेवे तां घाटो होई ।।'

संस्कृत :—

'वर्षते माघ मासे तु संक्रातौ माधवौ यदा ।
बहुक्षीरा स्तथा गावो बहु धान्या वसुन्धरा ।।
— हस्तलिखित मेघमाला श्लोक १.

राजस्थानी —

माघ सक्राति के दिना, जे विरखा हो जाय ।
धेन पय बरसावसी, करसा ने सुख थाय ।।

संस्कृत :—

पौष मासे श्वेत पक्षे शतभिक्षं मेवच ।।
अश्लेषा पचमी चैव, अष्टमी सयुता तथा ।
विद्यु मेघ समायुक्त, गर्भ चैव प्रजायते
आषाढ़े कृष्ण पक्षेतु चतुर्थ्या वर्षते ध्रुवम् ।
द्रोण संख्याच विज्ञेया, सप्तरात्र प्रवर्षति ।।
—हस्तलिखित मेघमाला श्लोक ८, ९, १० ।

राजस्थानी :—

'पौस मास की पंचमी, पख उजाले होय ।
वायु बादल बीजली, रिछ शतभिखा के होय ।।

गरभ रह्यो विरखा तणो, वायु सास्तर जतावें।
कृष्ण अषाढ़ी चौथ सूं सात रात बरसावे ॥'

वर्षा-ज्ञान की जानकारी प्राप्त करने के लिये यह आवश्यक है कि वर्षा के उन चार निमित्तों को भी समझा जाय। इसलिये वर्षा का भविष्य बताने वालो को इन चार निमित्तों के माध्यम का ज्ञान होना आवश्यक है। वे चार निमित्त निम्न हैं :—

भोम, अन्तरिक्ष, दिव्य और मिश्र।

भोम :—देश, मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट, पतग प्रभृति भौतिक वस्तुओं द्वारा वर्षा का ज्ञान, भोम या भौतिक निमित्त कहा जाता है।

अन्तरिक्ष .—अन्तरिक्ष के साधन-वायु, बादल, बिजली (विद्युत), गर्जन-तर्जन, सध्या, दिग्दाह, प्रतिसूर्य, तारा, सूर्य-चन्द्र के कुण्डल, आन्धी, गन्धर्व नगर, इन्द्र-धनुष एव वायु धारणा आदि के द्वारा वर्षा ज्ञान, आन्तरिक निमित्त कहा जाता है।

दिव्य :—सूर्य-चन्द्र ग्रहण, पुच्छलतारे एव सूर्य के चिन्ह, सप्तनाड़ी-चक्र, ग्रहो का उदय होना एव अस्त होना, संक्रान्ति आदि के द्वारा वर्षा ज्ञान, दिव्य निमित्त कहा जाता है।

मिश्र :—कार्तिक से आश्विन तक के बारह महीनो के प्रत्येक दिनों के तथा विशेष रूप से मुख्य-मुख्य शकुन यथा अक्षय-तृतीया, आषाढी-पूर्णिमा, होलिका, आदि आदि प्रसगों पर उपर्युक्त चिन्हों द्वारा वर्षा ज्ञान, मिश्र निमित्त कहा जाता है।

उपरोक्त चारो निमित्तो में भौम की अपेक्षा अन्तरिक्ष और अन्तरिक्ष की अपेक्षा दिव्य इस प्रकार से उत्तरोत्तर एक दूसरे से अधिक बलवान होते हैं। बताया गया है कि, भौम निमित्त का फल अधिकतर थोडी ही दूर तक, अन्तरिक्ष का फल एक जिले तक, दिव्य का फल एक प्रान्त किम्बा प्रदेश तक और मिश्र का फल सर्वत्र होता है।

प्राय: आर्द्रा नक्षत्र पर सूर्य आते ही वर्षा हो जाने की आशा हो जाती है, और कृषक इस आशा से कि वर्षा होगी ही उसे यदि कहीं अन्यत्र जाना भी होता है तो वह अपनी यात्रा स्थगित कर देता है। परन्तु इस अवसर पर वायु प्रवाहित हो जाय तो वर्षा की आशा धूमिल हो जाती है। ऐसे अवसर का यात्रार्थी के लिये भड्डली ने सूत्र रूप से जो सकेत दिया है वह, गुर्जर-गिरा (गुजराती भाषा) में इस प्रकार से व्यक्त किया गया है '—'आदरा वावा, जवाय तेटले जा। अर्थात् जब तक सूर्य आर्द्रा नक्षत्र पर है और वायु प्रवाहित रहेगा तब तक वर्षा नही होगी। अतः हे यात्री! इन दिनो मे तुम आनदपूर्वक यात्रा कर सकते हो।

वर्षा-विज्ञान के ज्ञाताओं ने जहाँ आर्द्रा नक्षत्र पर सूर्य हो तब वायु का प्रवाहित होना उचित नही माना है वहाँ, इसी वायु को जब सूर्य मृगशिरा नक्षत्र पर हो तब इसके प्रवाहित होने को आवश्यक एवं शुभ लक्षण माना है। वे यहाँ तक मानते हैं कि यदि इन दिनो में वायु प्रवाहित न हो तो आगामी वर्षा-काल मे वर्षा का अभाव रहेगा।

जिन दिनों में सूर्य मृगशिरा नक्षत्र पर हो उन दिनो मे ऊष्मा से पूरित प्रचण्ड वायु का प्रवाहित होना परमावश्यक है। इसके प्रवाहित होने से ही अम्ल-रस में मधुरता उत्पन्न होती है। यही कारण है कि, आम, बैर आदि अम्ल फलो मे मीठापन उत्पन्न होता है। इसी प्रचण्ड उष्ण-वायु के प्रभाव से ही यदि कोई कुयोग बाधक न हो तो आर्द्रा नक्षत्र पर सूर्य आते ही वर्षा हो जाने की आशा बध जाती है। भड्डली ने इस प्रसंग को आलकारिक भाषा में इस प्रकार से व्यक्त किया है :—

'मृगशिर न वाया वायरा, आदरा न वूठा मेह।
जोवन न जायो बेटड़ो, तीनूं हार्या एह॥'

भड्डली का यह कथन कितना भावपूर्ण एव स्पष्ट है कि कृषि के लिये जब मृगशिरा नक्षत्र पर सूर्य हो तब प्रचण्ड-वायु चलना चाहिये,

तभी आर्द्रा नक्षत्र पर सूर्य के आने पर वर्षा होगी। अन्यथा युवावस्था में पुत्रोत्पादन न होने से जो दशा गृहस्थी की होती है, वही कृषि की होगी। इसका तात्पर्य यह है कि, बिना मृगशिरा नक्षत्र के वायु के वर्षाकाल का चातुर्मास नहीं जम सकता। यदि आर्द्रा में वर्षा न हो तो कृषि हेतु बीज बोने का समय व्यतीत हो जाता है। कदाचित आर्द्रा नक्षत्र के व्यतीत हो जाने के पश्चात वर्षा हो तो कृषि की वही स्थिति होती है जो अवस्था युवावस्था पार कर लेने के पश्चात पुत्र प्राप्त होने पर होती है। अर्थात् वह पुत्र, पिता की वृद्धावस्था में जिस प्रकार से यथोचित सेवा करने योग्य (वयस्क) नहीं हो पाता, उसी प्रकार से इस वर्षा का अन्न भी यथोचित उत्पादन न होने के कारण लाभदायक नहीं होता है। इसीलिये भड्डरी ने इन तीनो को एक समान ही बताया है।

वर्षा आने का पूर्व ज्ञान न तो केवल बिजली से ही हो पाता है और न वायु आदि से ही। इसके लिये तो अनुभव एवं ज्ञान की आवश्यकता रहती है। आकाश बिलकुल स्वच्छ होते हुए भी वर्षा की भविष्यवाणी की जा सकती है। एतदर्थ बिजली किस दिशा मे चमक रही है, वायु किस दिशा से प्रवाहित हो रहा है, इनके साथ अन्य क्या-क्या लक्षण दृष्टिगोचर हो रहे हैं, इन सभी का भली भाँति अध्ययन करने पर ही सही निर्णय किया जा सकता है। यहाँ घाघ की एक उक्ति देकर इसकी पुष्टि की जाती है। पाठक अनुमान लगालें कि इस सम्बन्ध मे घाघ का भी कितना गहन अध्ययन था।

'उत्तर चमकै बीजली, पूरब बंहै वाव।
हू कहु तुझने भड्डली, बलद मांयने लाव॥'

इससे यह निश्चित हो जाता है कि, यदि उत्तर दिशा में बिजली चमकती हो उस समय पूर्व दिशा से वायु प्रवाहित हो रहा हो तो चाहे आकाश स्वच्छ क्यों न हो, इस लक्षण से वर्षा अवश्य आवेगी।

राजस्थानी उक्ति 'ईशानी बीसानी' का भी वर्षा-विज्ञान में एक महत्त्व है। गुर्जर-गिरा (गुजराती भाषा) में यह 'काका बीजली ईशाणी, मत्रीजा नांणा कोथली वीसाणी' एक कथोपकथन के रूप में प्रचलित है। हो सकता है कि राजस्थानो में यह उक्ति इस उपरोक्त कथोपकथन का सक्षिप्त रूप ही हो। इस उक्ति के साथ एक कथानक जुड़ा हुआ पाया गया है। बताया जाता है कि, गुजरात प्रदेश के किसी गाँव मे अकाल होने के कारण एक चाचा (जिसे गुजराती मे काका कहते हैं) अपने भतीजे को लेकर पास के किसी शहर मे अन्न खरीदने हेतु गये थे। व्यापारी से दर मोलाई तय हो जाने के बाद जब अनाज तोला जा रहा था उस समय भतीजे ने आकाश मे ईशान दिशा की ओर बिजली चमकती हुई देखकर अपने चाचा का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। चाचा, वर्षा-विज्ञान का ज्ञाता था। अतः उसने इस सकेत को समझकर उत्तर दिया कि 'कोई हर्ज नही है। मै नाणा-कोथली (रुपयो की थैली) जिसे राजस्थानी में नौली भी कहते हैं, और लोग यात्रा के समय अपनी कमर में बाँधकर रुपये ले जाया करते हैं, लाना भूल गया कहकर माल नही उठाऊंगा।' अर्थात् ईशाण-दिशा में बिजली का चमकना भी वर्षा के आगमन की एक निश्चित अग्रिम सूचना है।

जिस प्रकार से वर्षा आगमन की अग्रिम सूचना से सबधित उपरोक्त उदाहरण दिये हैं, उसी प्रकार से अवर्षण-योग (वर्षा नही होना) भी है। परन्तु इस प्रकार के अवर्षण-योग के पश्चात भी कोई ऐसा प्रसग आ जाता है जिसके कारण इससे पूर्व के अवर्षण-सूचक कुयोगो का स्वयमेव शमन हो जाता है। वर्षा-विज्ञान की जानकारी रखने वाले व्यक्ति को ऐसे प्रसंग भी ध्यान में रखने चाहिये। प्रस्तुत ग्रन्थ मे इस पर भी लिखा गया है। जैसे :—

'असनी गलिया अन्न विनासै, गली रेवती जल ने नासै।
भरणी नास तृण रो सही, वरसै जो कृतिका नही॥'

इस उक्ति मे वर्षा होने पर अकाल हो जाने की सम्भावना व्यक्त करते हुए इस प्रकार के कुयोगों को नष्ट कर देने वाले योग का भी वर्णन आ गया है। इसमें बताया गया है कि अश्विनी नक्षत्र पर सूर्य हो और वर्षा हो जाय तो उस वर्ष अन्न का नाश होगा। रेवती नक्षत्र पर सूर्य हो और वर्षा हो जाय तो इसके प्रभाव से उस वर्षा-काल के चातुर्मास में जल का नाश (अभाव) रहेगा। कदाचित भरणी नक्षत्र पर सूर्य हो उस समय वर्षा हो जाय तो यह योग, तृण-नाशक योग होने के कारण उस वर्ष घास भी उत्पन्न नहीं होगी। किन्तु इतने या ऐसे कुयोगों के होने पर भी यदि कृतिका नक्षत्र पर सूर्य आ जाने पर वर्षा हो जाय तो उन समस्त कुयोगों का प्रभाव नष्ट होकर वर्षा हो जाती है। इसीलिए तो राजस्थानी में सूत्र-रूप से यह व्यक्त किया गया है कि "किरती एक झबूकड़ो, ओगण सह गलिया।" इसका साराश यह है कि कृतिका नक्षत्र पर सूर्य हो और आकाश मे बिजली की चमक मात्र दिखाई दे तो यह निश्चय हो जाता है कि, अब वर्षा हो जायेगी। क्योंकि अवर्षण के पिछले कुयोग इस लक्षण द्वारा नष्ट हो गये हैं।

यदि कृतिका नक्षत्र पर सूर्य होने पर वर्षा न हो तो रेवती, अश्विनी और भरणी पर सूर्य आने पर वर्षा होने का जो सारे वर्ष पर कुप्रभाव पड़ेगा, बताया गया है वह, यथावत् कुयोग का फल देगा— यह निश्चित है।

इस वर्षा-विज्ञान की विशेषता, वर्षा के गर्भ-काल के लक्षणो पर से छह मास पूर्व ही वर्ष का—वर्षा का—भविष्य बता देना है। एतदर्थ प्रमाणस्वरूप एक उक्ति यहाँ दी जाती है :—

चैत्रै दसमी दिन जो बादल बीजल होय।
भड्ली तो एमज भणे, गर्भ गल्यो सहुकोय॥

चैत्र मास की दसमी (अर्थात् चैत्र मास के अधिकांश भाग २४ दिन मे) को आकाश निर्मल प्रतीत हो तभी आगामी वर्षा-काल

कर्त्ता भी मानते हैं। इसलिए शुक्लपक्ष की आदि से मास प्रारम्भ माना जाना ज्योतिष सम्मत है।

वर्षा-विज्ञान शास्त्र इस विषय में स्पष्ट है जो निम्न पंक्तियों से सिद्ध होता है :-

एतेन ज्योतिः शास्त्रोक्त मासश्चैत्र सितादिके ।
कथितं तत्प्रमाण स्यान्मेघमालाविदा पुनः ॥

पृ० २४६ श्लोक ६८

फाल्गुनान्त कथनात् फाल्गुनामावस्या चैत्रशुक्ल प्रतिपत् सयोगस्य
श्री हीरविजयसूरिकृत मेघमाला (मेघमहोदय पृ० २५७)

धुरि अजुआलो पक्खडो, पिछै अन्धारो होइ ।
इसपरि जोइसगंरिग सदा, मकरिस सासो कोइ ॥

पृ० २४६ श्लोक ६६

अर्थात् ज्योतिष शास्त्रो मे मास गणना चैत्र शुक्ल पक्ष से मानी गई है। मेघमालाकार भी इसी प्रमाण का आधार लेते हैं। लोक भाषा में भी इसी मत की पुष्टि की गई है, जो उपरोक्त उद्धरणों से स्पष्ट है।

प्रकृति से वर्षा-ज्ञान का पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध साहित्य प्रेमियों तक पहुचाने का श्रेय श्री अगरचन्द जी नाहटा और सचालक अग्रवाल प्रेस, मथुरा को है। श्री नाहटा जी ने इस हेतु अर्थ की योजना की और अग्रवाल प्रेस मथुरा ने इसे मुद्रित करने में सहयोग दिया। मैं इन महानुभावो का पूर्ण आभारी हूं। क्योंकि बिना अर्थ एव सहयोग के वर्तमान युग में कोई कार्य सम्पन्न होना कठिन है, जिसमें मेरे जैसे व्यक्ति का, जिसका कार्य-क्षेत्र केवल चिकित्सालय एव रोगियों तक ही सीमित हो।

मैं श्री अगरचन्द जी नाहटा का विशेष आभारी हूँ कि आपने मेरे इस प्रयत्न को मेरी अन्य पाण्डु-लिपियों में से जो मुद्रण के अभाव में बस्ते में ही बन्द पडी है इसे पृथक करा, जन-साधारण एव राजस्थानी साहित्य-प्रेमियों तक पहुंचाने मे मुझे सहयोग दिया।

मुझे विश्वास है कि प्रकृति से वर्षा-ज्ञान पूर्वार्द्ध एव उत्तरार्द्ध, दोनों वर्षा-ज्ञान प्रेमियों एव राजस्थानी साहित्यकों के लिये एक संग्रहणीय ग्रन्थ माना जाकर उचित आदर अवश्य प्राप्त कर लेगा।

जयशंकर देवशंकर जी शर्मा वैद्य विशारद
एफ एस आर. आई , बीकानेर

जन्माष्टमी, विक्रमाब्द २०२६
राजस्थान महिला चिकित्सालय,
सोनगिरी मार्ग, बीकानेर, राजस्थान।

प्रकृति से वर्षा ज्ञान : उत्तरार्द्ध :

की

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ सं०	संख्या
चैत्र मास शुक्ल पक्ष :—		
प्रतिपदा के दिन आकाश में गर्जना हो, बिजली चमके और मेह हो तो	१	१
प्रतिपदा के दिन रेवती नक्षत्र हो तो	१	२
प्रतिपदा सहित चार दिन तक वर्षा हो तो	२	३
द्वितीया से पंचमी तक पूर्व, उत्तर का वायु हो तो	२	४
चैत्र शुक्ल पंचमी को दक्षिण पूर्व का वायु हो तो	३	५
चैत्र शुक्ला पंचमी को रोहिणी नक्षत्र हो तो	३	६
रोहिणी नक्षत्र : तारे : से वर्षा ज्ञान	३	७
तृतीया, पंचमी को ईशाण, नैऋत्य का वायु हो तो	४	८
द्वितीया से पचमी तक के चार दिन के वायु पर से	४	९
पंचमी को आकाश घटाटोप हो तो	५	१०
पंचमी को वर्षा हो जाय तो	५	११
पंचमी को गुरु या शनिवार हो तो	५	१२
पंचमी और सप्तमी को वर्षा हो तो	५	१३
सप्तमी को वर्षा हो तो	६	१४
अष्टमी, नौमी को वर्षा, बिजली हो तो	६	१५
नवरात्रि में वर्षा, बिजली हो तो	६	१६
नवरात्रि में वर्षा, आकाश में गर्जना हो तो	६	१७
नवरात्रि में बिजली की चमक न दिखाई दे तो	७, १३	१८, ३८

	पृष्ठ सं०	संख्या
चैत्र शुक्ल पक्ष के आरम्भ के दश नक्षत्रों में बादल, बिजली हो तो	७	१६
प्रतिपदा से दशमी तक बादल, बिजली हो तो	८	२०
प्रतिपदा से दशमी तक तिथि या नक्षत्र बढ़े तो	८	२०
चैत्र शुक्ल पक्ष में मेख संक्रान्ति से नौवें दिन आकाश में बादल बिजली हो तो	८, १४	२१, ४३
चैत्र मास के प्रथम दस दिन आकाश स्वच्छ रहे तो	८	२२
चैत्र मास में बादल, बिजली, गर्जना और आन्धियें : जोर का वायु : न हो तो	६	२३
चैत्र में वर्षा हो जाय तो	६	२४, २५, २६, २७
चैत्र शुक्ल दशमी को शनिवार आ जाय तो	१०	२८
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से दशमी तक में सूर्य आर्द्रा नक्षत्र पर आ जाय तो	१०	२६
आर्द्रा से स्वाति तक बून्दाबान्दी हो तो	१०	३०
पंचमी, सप्तमी, त्रयोदशी को बादल या वर्षा हो जाय तो	११	३१
वर्षा के गर्भ का ज्ञान	११	३२
वर्षा के गर्भ नाश कारक योग	११	३३
पंचमी, अष्टमी, नौमी और पूर्णिमा को वर्षा हो तो	११	३३
पंचमी, सप्तमी, नौमी और पूर्णिमा को रोहिणी, आर्द्रा पुष्य और स्वाति में से कोई नक्षत्र हो तो	१२	३४
पंचमी से पूर्णिमा तक एक-एक दिन छोड़कर आकाश में गर्जना हो, बिजली हो, वर्षा हो, ओले पड़े तो	१२	३५
त्रयोदशी को आंधी, बादल हो तो	१२	३६
पूर्णिमा को शनि, रवि एवं मंगलवार हो तो	१३	३७
चैत्र शुक्ल पक्ष में आकाश में गर्जना हो तो	१३, १५	३६, ४४
पूर्णिमा को सोम, बुद्ध एवं गुरुवार हो तो	१४	४०

	पृष्ठ सं०	संख्या
पूर्णिमा को स्वाति नक्षत्र हो तो	१४	४१
शुक्ल पक्ष में तिथि घट जाय और कृष्णपक्ष में बढ़ जाय तो	१४	४२
वायु द्वारा वर्षा ज्ञान	१५	४५, ४६
पूर्णिमा को मध्य रात्रि में तारे से वर्षाज्ञान	१५	४७
नक्षत्रों से वर्षा ज्ञान	१६	४८, ४९
दश प्रकार के गर्भ हैं यदि चैत्र शुक्ल में वर्षा हो जाय तो	१७	५०
चैत्र मास में बादल, वर्षा से शुभाशुभ का ज्ञान	१७	५१
ग्रहण से वर्षा ज्ञान	१७	५२
चैत्र शुक्ल पक्ष में रेवती, वैशाख में भरणी, ज्येष्ठ में मृगशिरा और आषाढ़ में पुनर्वसु की की घड़ियों से अन्न के भावों का अनुमान	१८	५३
प्रतिपदा के वार पर से	१९	५४
चैत्र, ज्येष्ठ, श्रावण, आश्विन, कार्तिक, माघ और फाल्गुण में पूर्णिमा के निर्मल होने का प्रभाव	१९	५५
वैशाख, आषाढ़, भाद्रपद, मार्गशीर्ष और पौष की पूर्णिमा को बादल, बिजली और धुन्ध-कुहराः होने का प्रभाव	१९	५६
चैत्र मास कृष्ण पक्ष :—		
प्रतिपदा के वार पर से	[illegible]	१, २,
प्रतिपदा को मेघ की जोरों से गर्जना हो तो	२१	३
द्वितीया को आकाश में अधिक बादल हो तो	२२	४
द्वितीया को आकाश निर्मल हो तो	२२	५
द्वितीया को वायु चले तो	२२	६

	पृष्ठ सं०	संख्या
तृतीया को पूर्व उत्तर का वायु हो तो	२२	७
चतुर्थी को वर्षा हो तो	२३	८
चतुर्थी, पंचमी को वर्षा हो, जोर का वायु हो तो	२३	९
पंचमी को वर्षा हो, बिजली चमके तो	२३	१०
पंचमी को हस्त नक्षत्र हो, वर्षा, बादल गर्जना, बिजली हो तो	२३, २४	११, १२
पंचमी को मंगल या बुधवार हो तो	२३	११
द्वितीया से पंचमी तक वर्षा हो तो	२४	१३
सप्तमी को आकाश में बादल हो तो	२४	१४
दशमी कोरी ही रह जाय तो	२५	१५
दशमी को बादल हो, बिजली हो तो	२५	१६
पंचमी, नौमी और त्रयोदशी को वर्षा हो तो	२५	१७
पंचमी से त्रयोदशी तक आकाश निर्मल रहे तो	२६, २७	१८, २३
त्रयोदशी को शनिवार हो तो	२६	१९
अष्टमी और चतुर्दशी को आकाश में बादल हो या आकाश निर्मल हो तो	२६	२०
अष्टमी और चतुर्दशी को आकाश में बादल हो और उत्तर का वायु हो तो	२७	२१
अमावस्या की घड़ियों से	२७	२२
नक्षत्रों से वर्षा ज्ञान	२७, २८	२३, २४, २५
वैशाख मास शुक्ल पक्ष :—		
प्रतिपदा को बादल, बिजली हो तो	२९	१
प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र हो तो	२९	२
प्रतिपदा को बादलों का घटाटोप हो या वर्षा हो तो	२९	३

	पृष्ठ सं०	संख्या
प्रतिपदा, द्वितीया इन दिनों में आकाश में बादल घिर रहे आवें तो	३०	४, ६
द्वितीया को चन्द्रमा उत्तर में उदय हो तो	३०	५
अक्षयतृतीया की रात्रि को दम्पति के परस्पर वार्तालाप सुनने अथवा किसी से कुछ 'मांगनेपर से शकुन	३१	७, ९
तृतीया को आकाश में बादल हो तो	३१	८
तृतीया को गुरुवार-रोहिणी नक्षत्र होने पर से	३२	१०
अक्षय तृतीया को दिशाओं से प्रवाहित वायु पर से	३२, ३३, ३४, ३५	११, १२, १३, १४, २१
वायु द्वारा वर्षा ज्ञान	३३	१२
मध्यान्ह-सूर्य के वर्ण से वर्षा ज्ञान	३५	१५
अक्षय-तृतीया को अन्न की ढेरियों पर से	३५	१६
सियार द्वारा वर्षा ज्ञान	३६, ३७, ३८	१७, १८, १९
सूर्य एवं चन्द्रमा द्वारा वर्षा ज्ञान	३८	२०
अश्लेषा नक्षत्र में वर्षा हो तो	३९	२२
अक्षय-तृतीया के दिन कृतिका, रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र हो तो	३९	२३
अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र की घड़ियों पर से	४०	२४
अक्षय-तृतीया के पश्चात आई आन्धी पर से	४०	२५, २६
अक्षय-तृतीया को चन्द्रमा और मृगशिरा नक्षत्र के तारों के स्थान पर से	४०	२७
चतुर्थी को सायंकालीन वायु पर से	४१	२८
पंचमी को सायंकालीन वायु पर से	४१	२९
पंचमी को बादलों की गर्जना हो तो	४१	३०
पंचमी के दिन जो वार हो उनका परिणाम	४१	३१

	पृष्ठ सं०	संख्या
पंचमी को आकाश में बादल हो और पूर्व दिशा का वायु हो तो	४२	३२
सप्तमी के बादल, बिजली, पूर्व दिशा वायु और बूंदाबान्दी हो तो	४२	३३
प्रतिपदा से सप्तमी तक आकाश में गर्जना, बिजली एवं मेह हो तो	४३	३४
अष्टमी को शनिवार हो तो	४३	३५
नौमी को आकाश में जोरदार बादल हो तो	४३	३६
प्रतिपदा, सप्तमी, अष्टमी और नौमी को बादल हो तो	४३	३७
दशमी को बादल या पूर्व दिशा का वायु हो तो	४४	३८
एकादशी को बादल, बिजली हो तो	४४	३९
एकादशी, द्वादशी और त्रयोदशी को बादल, बिजली, गर्जना और बून्दाबान्दी हो तो	४४, ४५	४०, ४१
चतुर्दशी को वर्षा हो तो	४५	४२
पूर्णिमा को वर्षा हो तो	४५	४३, ४४
वैशाख में पांच रविवार हो तो	४६	४५
पंचमी, सप्तमी, नौमी, एकादशी और त्रयोदशी को वर्षा हो तो	४६	४६
वैशाख में पांच मंगलवार हो तो	४६	४७
वैशाख में बादलों का रंग पंचरंगा हो तो	४६, ४७	४८, ४९
अक्षय-तृतीया को रोहिणी, पौषी अमावस्या को मूल, श्रावण की पूर्णिमा को श्रवण और कार्तिकी पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र न हो तो	४७	५०
वैशाख-ज्येष्ठ में गर्मी और पौष में सर्दी पड़ने पर से	४८	५१
वैशाख से ज्येष्ठ तक वर्षा की हवायें चले तो	४९	५२, ५३

	पृष्ठ सं०	संख्या
अष्टमी, चतुर्दशी को दक्षिण का वायु हो तो	४९	५४
वैशाख शुक्ल पक्ष में रोहिणी और चन्द्रमा की दिशाओं पर से	४९	५५
वैशाख मास कृष्ण पक्ष :—		
प्रतिपदा को प्रातःकालीन सूर्य बादल में उदय हो तो	५०	१
प्रतिपदा को बादल वायु के कारण दौड़ते हुए दिखाई दे तो	५०	२
प्रतिपदा को बादल उमड़-उमड़कर आवे, गर्जना हो तो	५१	३
प्रतिपदा को बादलों का उमड़-उमड़कर आने वाली दिशाओं पर से	५१	४
प्रतिपदा से सात दिन तक बादलों की गर्जना, बिजली, वर्षा हो, उदय होता हुआ सूर्य दृष्टिगोचर न हो तो	५१	५
प्रतिपदा और उस दिन के नक्षत्र की घड़ियों पर से	५२	६
सप्तमी को शनिवार हो, भरणी से मृगशिरा तक के किसी भी नक्षत्र पर मंगल हो तो	५२	७
अष्टमी को आकाश मे गर्जना हो, बिजली एव वर्षा हो तो	५२	८
प्रतिपदा और नौमी को बादल उमड़ते हुए दिखाई दें तो	५३	९
एकादशी को प्रबल मेघ हो तो	५३	१०
त्रयोदशी को रवि या मंगलवार हो तो	५३	११
चतुर्दशी को गुरु या शुक्रवार हो तो	५३	१२
अमावास्या को शनि, रवि या मंगलवार हो तो	५४	१३
अमावास्या को अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी या रेवती नक्षत्र हो तो	५४	१४, १५

	पृष्ठ सं०	संख्या
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष :—		
प्रतिपदा को शनिवार हो तो	५५	१
प्रतिपदा को बुधवार हो तो	५५	२
द्वितीया को चन्द्रमा, सूर्य, रोहिणी पर आजाय तो	५५	३
द्वितीया को रोहिणी नक्षत्र हो तो	५६	४
द्वितीया को रोहिणी नक्षत्र हो और वर्षा या बादल हो तो	५६	६
द्वितीया को या समस्त पक्ष में आकाश में गर्जना, बिजली या बादल हो तो	५६	५
द्वितीया को रोहिणी नक्षत्र हो और आकाश निर्मल हो तो	५७	७
द्वितीया, तृतीया को आर्द्रा नक्षत्र हो और वर्षा हो जाय	५७	८
चन्द्रोदय की दिशा पर से	५७	९
तृतीया को आर्द्रा नक्षत्र हो और वर्षा हो जाय तो	५७	१०
पंचमी को आकाश निर्मल हो या बादल हो, दक्षिण का वायु हो तो	५८	११
वायु द्वारा वर्षा ज्ञान	५८	१२
सप्तमी को दक्षिण का वायु हो, गर्जना हो एवं बिजली हो तो	५९	१३
अष्टमी को बादल, वर्षा हो तो	५९	१४
दशमी को रात्रि मे चन्द्रमा न दीखने पर से	६०	१५
दशमी को शनिवार होने पर से	६०	१६
एकादशी की घड़ियों पर से	६०	१७
अष्टमी से एकादशी तक वायु की दिशाओं, बादल, बिजली कुण्डल एवं गर्जना पर से	६०, ६१	१८, १९

	पृष्ठ सं०	संख्या
एकादशी से चतुर्दशी पर्यन्त वायु की दिशाओं पर से	६१, ६२	२०, २१, २२, २३
एक ही राशि पर पांच ग्रह आ जायें तो	६२	२४
पूर्णिमा की रात्रि में बादल छाये रहने पर से	६३	२५
ज्येष्ठ मास में तीक्ष्ण धूप और लू चले तो	६३	२६
चतुर्दशी, पूर्णिमा इन दो दिनों में 'बून्दाबान्दी' हो जाय तो	६३, ६४	२७, २८
ज्येष्ठ मास में दक्षिण का वायु और गर्जना हो तो	६५	२९
रोहिणी नक्षत्र में गर्मी न हो, मृगशिरा में प्रचण्ड लू न चले तो	६५	३०
आर्द्रादि दश नक्षत्रों में वर्षा होने, न होने पर से	६५	३१
पूर्णिमा को मूल नक्षत्र हो और वर्षा हो जाय तो	६५	३२
ज्येष्ठ मास में मूल नक्षत्र हो. गर्जना हो, बिजली चमके, वर्षा हो तो	६६	३३, ३४
ज्येष्ठ मास में मूल के चारों चरण तपे तो	६६	३५
ज्येष्ठ मास की अत्यधिक गर्मी से	६७	३६
ज्येष्ठ मास मे वर्षा होकर नदियों में जल आ जाय तो	६७	३७
ज्येष्ठ मास मे पूर्व दिशा का वायु चलने का प्रभाव	६७	३८
ज्येष्ठ में गर्मी न हो, माघ मे शीत नहीं हो तो	६७	३९
ज्येष्ठ मास की महगाई का प्रभाव	६८	४०
ज्येष्ठ की पूर्णिमा और आगे की प्रतिपदा को मूल नक्षत्र हो तो	६८, ६९	४१, ४२, ४३
ज्येष्ठ की पूर्णिमा से द्वितीया तक मूल हो तो	६९	४५
पूर्णिमा, अमावास्या को आकाश बादलों से ढका हो, पश्चिम का वायु हो या वर्षा हो तो	६९	४६
ज्येष्ठ मास में चित्रा, स्वाति और विशाखा इन तीनों में बादल, बिजली हो तो	७०	४७

	पृष्ठ सं०	संख्या
ज्येष्ठ की समाप्ति पर मेंढ़क बोलने लग जाय तो	७१	४८
ज्येष्ठ मास के मृगशिरा के अन्त के दश नक्षत्रों में वर्षा हो तो	७१	४९
पूर्णिमा और आगे की प्रतिपदा को वर्षा हो तो	७१	५०
पूर्णिमा को पक्षी रजःस्नान करते दिखाई दे तो	७१	५१
ज्येष्ठ मास में रोहिणी नक्षत्र में तेज गर्मी, पौष मास में तीव्र शीत न हो तो	७२	५२
ज्येष्ठ मास में पांच रवि, भाद्रपद में पांच शनि और माघ में पांच मंगलवार हो तो	७२	५३
कृतिका नक्षत्र में वर्षा हो तो	७२	५४
आर्द्रा से स्वाति पर्यन्त बादल, वर्षा हो तो	७२	५५
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष :—		
पूर्णिमा से अष्टमी तक दिशाओं के वायु पर से	७३	१
आर्द्रा से चित्रा तक के नक्षत्रों की घड़ियों पर से वर्षा का अनुमान	७३	२
आर्द्रा से चित्रा तक उत्तर का वायु हो तो	७४	३
ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा का चैत्र कृष्ण प्रतिपदावत् प्रभाव	७४	४
प्रतिपदा को आकाश में गर्जना हो तो	७४	५
प्रतिपदा को बुधवार हो और आषाढ़ी पूर्णिमा को मूल नक्षत्र हो तो	७४	६
प्रतिपदा के वार पर से	७५	७
प्रतिपदा एवं रोहिणी, मूल नक्षत्र में अत्यधिक गर्मी हो तो	७५	८
रोहिणी और मूल गल जाय किन्तु प्रतिपदा को बहुत गर्मी हो तो	७५	९

	पृष्ठ सं०	संख्या
पंचमी को दक्षिण का वायु हो तो	७६	१०
दशमी, एकादशी और द्वादशी को रेवती नक्षत्र हो तो	७६	११
दशमी को शनिवार हो तो	७६	१२
दशमी को रविवार हो तो	७७	१३
अष्टमी, चतुर्दशी को दक्षिण का वायु हो तो	७७	१४
एकादशी, द्वादशी को आकाश में गर्जना हो, बिजली चमके तो	७८	१५
अमावाश्या को घटाटोप हो तो	७८	१६
अमावाश्या, शुक्ल त्रयोदशी और पूर्णिमा को बादल हो तो	७८	१७
अमावाश्या को शनिवार हो तो	७८	१८
अमावाश्या को शनि, रवि या मंगलवार हो तो	७९	१९
कृष्णपक्ष में बादलों की गर्जना, बिजली चमके तो	७९	२०
अमावाश्या को आर्द्रा और शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु एवं द्वितीया को पुष्य नक्षत्र हो तो	७९	२१
अमावाश्या के सूर्यास्त और द्वितीया के चन्द्रोदय से	८०	२२, २३
कृष्ण पक्ष में श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्रों में गर्जना, बिजली चमकना, बादल होना आदि पर से	८१	२४

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष :—

प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र हो तो	८२	१
द्वितीया को आकाश में बादल हो किन्तु वर्षा न हो तो	८२	२
द्वितीया को पुष्य नक्षत्र हो तो	८२	३
द्वितीया को वर्षा हो तो	८३	४
प्रतिपदा से तीन दिन तक जिस-जिस दिन वर्षा हो उस पर से	८३	५

	पृष्ठ सं०	संख्या
द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी और पंचमी को बादल, वर्षा और ईशान कोण का वायु हो तो	८३	६
चतुर्थी को गर्जना, बिजली चमकना, वर्षा हो तो	८४	७
सोम, गुरु एवं शुक्रवार को चन्द्रोदय हो तो	८४	८
चन्द्रोदय की आकृति पर से	८४	९
तृतीया को पूर्व दिशा का वायु-बादल हो तो	८४	१०
चतुर्थी को आकाश में गर्जना, बिजली नहीं हो तो	८५	११
चतुर्थी को दक्षिण दिशा का वायु हो, बादल पूर्व की ओर जाते हों तो	८५	१२
पंचमी को बादल, बिजली नहीं हो तो	७५	१३
पचमी को बादलो की गड़गड़ाहट बहुत हो तो	८५	१४
पचमी को बिजली चमके तो	८६	१५, १६
चतुर्थी एवं पचमी को बिजली चमके तो	८७	१७
पचमी को बादल हो, बून्दाबान्दी हो तो	८७	१८
पचमी को बन्दाबान्दी हो या न हो तो	८७	१९
पचमी को विभिन्न दिशाओं की वायु पर से	८८	२०, २१, २२
पंचमी के वार पर से	९०	२३
षष्ठी को बिजली, बादल हो तो	९१	२४
सप्तमी निर्मली हो और अष्टमी को बादल हो तो	९१	२५
सप्तमी को वर्षा हो या न हो तो	९२	२६
पंचमी से अष्टमी इन चारो दिन वर्षा हो तो	९२	२७
पूर्णिमा को बादल, बिजली हो तो	९२	२८
सप्तमी, अष्टमी, नौमी को बादल, वर्षा कुहरा आदि से सूर्य एवं चन्द्र मलीन दिखाई दे तो	९२	२९

	पृष्ठ सं०	संख्या
नौमी के वार पर से	६३	३०
नौमी को बादल बिजली हो तो	६४	३१
नौमी को आकाश में चन्द्रमा निर्मल दिखाई दे तो	६४	३२
नौमी को आकाश में बादल, बिजली न हो तो	६४, ६५	३३, ३४
नौमी को वायु चल कर बादल हो तो	६५	३५
नौमी को चन्द्रमा बादलो से घिरा रहे तो	६५, ६७	३६, ३९
नौमी को दिन भर वायु, बादल, गर्जना हो तो	६६	३७
नौमी की वर्षा पर से	६६	३८
नौमी को सूर्य निर्मल उदय हो तो	६७	४०
नौमी एवं दशमी को वर्षा होने या नहीं होने पर से	६८	४१, ४२
एकादशी के वार पर से	६८, ६६	४३, ४४, ४५
अष्टमी और पूर्णिमा को घनघोर बादल हो तो	६६	४६
चतुर्दशी को ज्येष्ठा नक्षत्र और रविवार हो तो	१००	४७
चतुर्दशी को वर्षा हो तो	१००	४८
पूर्णिमा को पूर्वाषाढा, मूल, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र हो तो	१००	४६
पूर्णिमा को रात्रि में तारा टूटे, ग्रहण हो तो	१००	४६
पूर्णिमा को सूर्यास्त के समय वायु नहीं चले तो	१०१	५०
प्रतिपदा, द्वादशी और पूर्णिमा को प्रचण्ड वायु हो तो	१०१	५१
नौमी, पूर्णिमा की रात्रि में चन्द्रमा निर्मल हो तो	१०१	५२, ५३
चतुर्दशी और पूर्णिमा की घड़ियों पर से	१०२	५३
पूर्णिमा तिथि क्षय हो तो	१०२	५४
पूर्णिमा तिथि की वृद्धि हो तो	१०२	५५
पूर्णिमा को बादल, बिजली और गर्जना हो तो	१०२	५६
पूर्णिमा को आकाश में बादल हो, वायु की दिशाओं पर से	१०२, १०३, १०४, १०५, १०७	५७ से ६६

	पृष्ठ सं०	संख्या
पूर्णिमा को वायु निश्चल रहे तो	१०६	६७, ६८
आषाढ़ मास में चित्रा, स्वाति एवं विशाखा नक्षत्र हो तो	१०६	६६
पूर्वाषाढ़ा से तीन दिनों तक शुक्रवार हो तो	११०	७०
पूर्णिमा की घड़ियों पर से	११०	७१, ७२
आषाढ़ में बादल हो, उत्तर दिशा का वायु हो तो	१११	७३
पूर्णिमा को चन्द्र न दिखाई दे तो	१११	७४
पूर्णिमा को चन्द्र बादलों से घिरा रहे तो	१११	७५
पूर्णिमा को चन्द्र निर्मल उदय हो तो	१११	७६
पूर्णिमा को आकाश में गर्जना, बिजली और वर्षा हो तो	११२	७७
पूर्णिमा को आकाश मे गर्जना, बिजली हो तो	११२	७८
पूर्णिमा निर्मल हो तो	११३, ११४	७६, ८५
पूर्णिमा को उदय होता हुआ चन्द्र बादलों से ढका हो तो	११३	८०
पूर्णिमा के वार और बिजली पर से	११३	८१
पूर्णिमा और दोनों प्रतिपदाओं के दिन आकाश में बिजली चमके तो	११३	८२
पूर्णिमा के दिन विभिन्न वारों का प्रभाव	११४	८३
पूर्णिमा को शनिवार हो तो	११४	८४
पूर्णिमा को बादलों की गर्जना हो तो	११४	८५
पूर्णिमा को पूर्व एवं उत्तर का वायु न हो तो	११५	८६, ८७
प्रतिपदा, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, पूर्णिमा और अमावास्या को बादल हो तो	११५	८८
आषाढ़ में बुद्ध का उदय, श्रावण में शुक्र अस्त हो तो	११६	६०

	पृष्ठ सं०	संख्या
चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, पूर्णिमा और अमावास्या को आकाश में बादल हो तो	११५	८६
आषाढ़ में बुद्ध का उदय हो तो	११६	६१
आषाढ़ में बुद्ध और शुक्र एक साथ हो तो	११६	६२
मंगल आगे और सूर्य पीछे हो तो	११७	६३, ६४
सूर्य आगे और मंगल पीछे हों तो	११७	६५
चिउटियां अपने दर में से अनाज बाहर लाती दीखे तो	११८	६६
चिउटियां अनाज के कण अपने दर में ले जाती दिखाई दे तो	११८	६७
नौमी को शनिवार और अनुराधा नक्षत्र हो तो	११८	६८
नौमी को सूर्य प्रातः निर्मल हो, मध्यान्ह एवं सायं काल के समय बादलों में ढंक जाय या इन लक्षणों के विपरीत हो तो	११९	९९
पूर्णिमा की रात्रि निर्मल हो पूर्व या उत्तर का वायु हो तो	११९	१००
पूर्णिमा को वर्षा हो जाय तो	११९	१०१
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष :—		
प्रतिपदा को वर्षा हो आकाश में बादलों की गर्जना हो तो	१२०	१
प्रतिपदा को वर्षा की झड़ी लग जाय तो	१३५	४५
प्रतिपदा को आकाश गर्जना हो, बिजली चमके, वायु जोर का हो तो	१२०	२
प्रतिपदा को बादलों की गर्जना हो तो	१२०, १२१, १२२	३, ५, ८
प्रतिपदा को आकाश में बादल, बिजली हो तो	१२१	४
प्रतिपदा को उत्तर दिशा में बादल गर्जना करे तो	१२१	६

	पृष्ठ स०	संख्या
प्रतिपदा को शनिवार हो तो	१२१	७
प्रतिपदा को आकाश में गर्जना हो, बिजली चमके तो	१२१	६
द्वितीया को सोम, गुरू या शुक्रवार हो, आकाश मे निरन्तर बिजली चमकती दिखाई दे तो	१२२	१०
द्वितीया को उदय होता हुआ चन्द्र निर्मल दिखाई दे तो	१२३	११
द्वितीया को मूल नक्षत्र हो तो	१२३	१२
प्रतिपदा से तृतीया तक श्रवण, घनिष्ठा नक्षत्र हो तो	१२३	१३
चतुर्थी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक वर्षा न हो तो	१२३	१४
चतुर्थी को आकाश मे बादलों का घटाटोप हो तो	१२४	१५
चतुर्थी को कुहरा हो, बून्दाबान्दी हो तो	१२४	१६
पचमी को आकाश में बादल, बिजली नहीं हो तो	१२४	१७, १८
षष्ठी को शनिवार हो तो	१२५	१६
सप्तमी को आकाश मे चन्द्रमा निर्मल दिखाई दे तो	१२५	२०
अष्टमी को चन्द्रमा बादलों में ही रहे तो	१२५, १२६	२१, २३
अष्टमी के वायु पर से	१२६	२२
अष्टमी को चन्द्रोदय के समय बादलों के रंग पर से	१२७	२४
अष्टमी को शनिवार और रेवती नक्षत्र हो तो	१२७, १३०	२५, ३४
अष्टमी को आकाश में गर्जना, वर्षा हो तो	१२७	२६
आषाढ़ कृष्ण पक्ष में मूल नक्षत्र के दिन वर्षा हो जाय तो	१२७	२७
नौमी को बादल, बिजली हो तो	१२८	२८
नौमी को सोम, गुरु या शुकवार हो इस दिन आकाश में बिजली चमकती हुई दिखाई दे तो	१२८	२६
दशमी, एकादशी या द्वादशी को रोहिणी नक्षत्र हो तो	१२६	३०

	पृष्ठ सं०	संख्या
त्रयोदशी को रोहिणी एक घड़ी भर भी हो तो	१२६	३१
चतुर्दशी को रोहिणी नक्षत्र आ जाय तो	१३०	३२
एकादशी को आकाश में बादल गर्जना, बिजली चमकना, वायु चलना हो तो	१३०	३३
दशमी को रोहिणी नक्षत्र और मंगलवार हो तो	१३०	३५
नौमी को आकाश मे बादलों का गर्जना जोरों से हो तो	१३१	३६
नौमी तिथि के वार पर से	१३१	३७
नक्षत्र और वायु पर से	१३२	३८
नक्षत्र और बादलों के रंगों पर से	१३३	३९
रोहिणी नक्षत्र और वायु की दिशाओं से	१३४	४१
रोहिणी नक्षत्र के दिन सूर्य की गर्मी, आकाश स्वच्छ हो तारे स्वच्छ टिमटिमाते हुए दिखाई दे तो	१३४	४२
अमावास्या को आर्द्रा या पुनर्वसु नक्षत्र हो तो	१३५	४३
अमावास्या को सोमवार और मृगशिरा नक्षत्र से पूर्वाफाल्गुणी तक का कोई नक्षत्र आ जाय तो	१३५	४४
आषाढ मास में जिन-जिन दिनों में वर्षा हो उनका प्रभाव	१३५	४६
प्रथम-वृष्टि के दिन वार पर से वर्षा योग का ज्ञान	१३६	४७
आषाढ़ कृष्ण पक्ष में पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर आकाश में गर्जना हो बिजली चमके तो	६८	४९

	पृष्ठ सं०	संख्या
श्रावण मास शुक्ल पक्ष :—		
चन्द्रोदय की स्थिति पर से	१३७	१
चतुर्थी को पूर्वाफाल्गुणी नक्षत्र हो तो	१३७	२
चतुर्थी को उदय होता हुआ सूर्य दिखाई नहीं दे तो	१५०	४७
पचमी को जोर का वायु हो तो	१३७	३
पंचमी, षष्ठी को दक्षिण, पश्चिम का वायु और वर्षा हो तो	१३७	४
सप्तमी की आधी रात में आकाश मे गर्जना हो, वर्षा हो तो	१३७	५
सप्तमी को आधी रात मे आकाश मे गर्जना हो तो	१३८	६
सप्तमी को स्वाति नक्षत्र में सूर्योदय हो तो	१३८	७
सप्तमी को प्रातः उदय होता हुआ सूर्य आकाश मे दिखाई दे तो	१३९	८
सप्तमी को प्रातः उदय होता हुआ सूर्य बादलों मे छुपा रहे तो	१३९	९
सप्तमी को आकाश स्वच्छ हो तो	१४०	१०
सप्तमी को चन्द्रमा दिखाई नहीं दे तो	१४०	११
सप्तमी को आकाश मे बादल, बिजली हो तो	१४०	१२
सप्तमी को रिमझिम वर्षा हो तो	१४०	१३
सप्तमी को चन्द्रमा स्वच्छ दिखाई दे तो	१४१	१४
सप्तमी के दिन जोरदार गर्जना के साथ वर्षा हो तो	१४१	१५
सप्तमी को सूर्यास्त के पश्चात वायु, बादल न हो तो	१४१	१६

	पृष्ठ स०	सख्या
सप्तमी की रात्रि में आकाश स्वच्छ दिखाई दे तो	१४१	१७
सप्तमी को हस्त नक्षत्र और सोमवार हो बो	१४२	१८
सप्तमी को स्वाति नक्षत्र हो तो	१४२	१९
श्रावण मास में चित्रा स्वाति, विशाखा नक्षत्रों में वर्षा न हो तो	१४२	२०
श्रावण में रोहिणी नक्षत्र के दिन वर्षा न हो तो	१४३	२१
श्रावण मास मे रोहिणी नक्षत्र के दिन वर्षा हो जाय तो	१४३	२२
अष्टमी को प्रातःकालीन सूर्य बादलों में ढका रहे तो	१४३	२३
श्रावण मास में बुध का उदय और शुक्र अस्त हो तो	१४३	२४
श्रावण मास मे आकाश में शुक्र का तारा नहीं दीखने पर से	१४४	२५
पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र हो कम-अधिक वर्षा पर से	१४४	२६
पूर्णिमा को उदय होता हुआ चन्द्रमा बादलों से ढका हुआ रहे तो	१४४	२७
पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र हो तो	१४५	२८
सक्रान्ति के दिन वर्षा हो तो	१४५	२९
श्रावण मास मे पांच शनि या पांच गुरूवार होने पर से	१४५	३०
श्रावण मास में सिंह का शुक्र हो तो	१४५	३१
श्रावण मास में सूर्य कर्क राशि पर हो तब बून्दाबान्दी और सिंह राशि पर हो तब अवर्षण रहे तो	१४६	३३

	पृष्ठ सं०	संख्या
दशमी के दिन शनिवार हो तो	१४७	३४
श्रावण मास में दक्षिण-पूर्व का वायु हो तो	१४७	३५
श्रावण मास मे पूर्व दिशा का वायु हो तो	१४७	३६
श्रावण मास में पूर्व दिशा से जोरदार वायु, आन्धी हो तो	१४७	३७
कुरज के उड़जाने, मकड़ी जाला बनाने पर से	१४८	३८
श्रावण मास में अत्यन्त गर्मी हो, भाद्रपद मे ठण्ड हो तो	१४८, १४९	३९, ४२
श्रावण में दो-चार दिन तक पश्चिम का वायु बहे तो	१४८, १५०	४०, ४४
श्रावण मास मे पश्चिम का, भाद्रपद में पूर्व का और आश्विन मे ईशाण का वायु चले तथा कार्तिक में वायु न चले तो	१४९	४१
श्रावण मास मे पूर्व का, भाद्रपद मे पश्चिम का वायु हो तो	१४९	४३
श्रावण मास मे पूर्व का, भाद्रपद में पश्चिम का, आश्विन मे नैऋत्य का वायु चले और कार्तिक मास मे वायु न हो तो	१५०	४५
श्रावण मास एवं भाद्रपद मास में वर्षा न हो तो	१५०	४६
श्रावण मास मे आकाश मे बादलों की गर्जना, बिजली चमकने पर से	१५१	४८
शुक्ल पक्ष मे मंगल तुला राशि पर, गुरू कर्क राशि पर और शुक्र सिंह राशि पर हो तो	१४६	३२

	पृष्ठ सं०	संख्या
श्रावण मास कृष्ण पक्ष :—		
प्रतिपदा को उदय होता हुआ सूर्य न दीखे तो	१५१	१
चतुर्थी को दिन में बादल छाये रहें, वर्षा हो तो	१५२	२
चतुर्थी को रात्रि में मेह बरसे तो	१५२	३
चतुर्थी को वर्षा हो जाय तो	१५२	४
चतुर्थी को आकाश में बादल बहुत हो तो	१५२	५
चतुर्थी को पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्र हो और वर्षा हो तो	१५२	६
चतुर्थी, पचमी को बादलों की गर्जना हो, घमासान वर्षा हो तो	१५३	७
चतुर्थी को उदय होता हुआ सूर्य नहीं दीखे तो	१५३	८
चतुर्थी, पचमी को आकाश में बादल, बिजली गर्जना एवं मेह न हो तो	१५४	९
पंचमी को बादलो की गर्जना हो तो	१५४	१०
पचमी की आधी रात को बादलों में गर्जना न हो तो	१५४	११
पचमी तक वर्षा प्रारम्भ न हो तो	१५४	१२
पचमी के दिन वायु जोर का हो तो	१५५	१३
पचमी को छोटी–छोटी बूंदे गिरे तो	१५५	१४
पचमी को आकाश निर्मल हो तो	१५५	१५
पचमी को सूर्योदय बादलों में ही हो तो	१५६	१६
पंचमी को न बादल हो और न बिजली चमके तो	१५६	१७
सप्तमी के दिन शनिवार हो तो	१५६	१८
सप्तमी के दिन अश्विनी नक्षत्र हो तो	१५७	१९

	पृष्ठ सं०	संख्या
दशमी को रोहिणी नक्षत्र हो तो	१५७	२०
एकादशी को रोहिणी नक्षत्र के आधार पर से	१५७	२१
एकादशी के दिन रोहिणी नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा हो तो	१५८	२२
एकादशी की आधीरात में बादलों की गर्जना हो तो	१५८	२३
एकादशी के दिन वर्षा हो तो	१५९	२४
एकादशी के प्रातः सूर्य बादलों मे ही उदय हो तो	१५९	२५, २७
एकादशी के दिन उत्तर दिशा का वायु हो तो	१५९	२६
एकादशी के दिन कृतिका, मृगशिरा या रोहिणी नक्षत्रों में से कोई एक हो तो	१६०	२८, ३०
द्वादशी की रात्रि मे मघा नक्षत्र हो तो	१६०	२९
द्वादशी, त्रयोदशी के दिन रोहिणी नक्षत्र हो तो	१६१	३१
अमावाश्या के दिन आकाश मे बादल हो, वर्षा हो तो	१६१	३२
अमावाश्या के दिन पुष्य, अश्लेषा अथवा मघा नक्षत्र हो तो	१६१	३३
अमावाश्या के दिन मंगलवार हो तो	१६१	३४
श्रावण मास में कृतिका नक्षत्र मे वर्षा हो तो	१६२	३५
श्रावण मास में अश्विनी नक्षत्र हो उस दिन वर्षा हो तो	१६२, १६४	३६, ४४
श्रावण मास में अश्विनी नक्षत्र के दिन वर्षा न हो तो	१६२	३७

	पृष्ठ सं०	संख्या
चित्रा, स्वाति एवं विशाखा नक्षत्र में वर्षा न हो तो	१६२	३८
चित्रा, स्वाति एवं विशाखा नक्षत्र में वर्षा हो तो	१६३	३६
मूल नक्षत्र के गल जाने और पंचक में झड़ी लग जाने पर से	१६३	४०
रोहिणी नक्षत्र मे प्रातः सांय वर्षा हो, मध्यान्ह में वायु चलने पर से	१६४	४१
रोहिणी नक्षत्र मे दिन भर वायु चले तो	१६४	४२
कृष्ण पक्ष मे तिथि क्षय हो तो	१६४	४३
कृष्ण पक्ष मे मगल तुला राशि पर, गुरू कर्क राशि पर और शुक्र सिह राशि पर हो तो	१४६	३२

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष :—

द्वितीया को उदय होता हुआ चन्द्रमा न दिखाई दे तो	१६५	१
तृतीया को मंगलवार और उत्तराफाल्गुणी नक्षत्र हो तो	१६५	२
चतुर्थी को उत्तराफाल्गुणी, हस्त या चित्रा नक्षत्र हो और सोम, गुरू या शुक्रवार में से कोई-सा वार हो तो	१६५	३
पचमी के दिन वर्षा न हो तो	१६५	४
पंचमी को स्वाति नक्षत्र हो तो	१६६	७
षष्ठी को बिजली नहीं चमके तो	१६६	५
षष्ठी को अनुराधा नक्षत्र हो तो	१६६, १६७, १६८	६, ८, ६, १०, ११
सप्तमी को अनुराधा नक्षत्र हो तो	१६८	१२

	पृष्ठ सं०	संख्या
सप्तमी को आकाश मे बादल हो, गर्जना हो, बिजली चमके तो	१७२	२९
नौमी को वर्षा हो तो	१६८	१३
नौमी को स्वाति नक्षत्र हो तो	१६९	१४
एकादशी को वर्षा हो तो	१६९	१५
एकादशी की रात्रि को वर्षा हो तो	१६९	१६
पूर्णिमा को आकाश में बादल हो, बिजली चमके गर्जना हो तो	१६९	१७
चतुर्थी, पंचमी, सप्तमी, अष्टमी और पूर्णिमा को आकाश मे गर्जना हो बिजली चमक, बादल हो तो	१७०	१८
भरणी नक्षत्र में बादल, बून्दाबान्दी हो तो	१७०	१९
चित्रा, स्वाति, विशाखा में वर्षा हो तो	१७०	२०
भाद्रपद मे पश्चिम का वायु हो तो	१७०, १७१	२१, २२
चारों दिशाओ का वायु हो तो	१७१	२३
अगस्त तारा उदय हो जाय तो	१७१	२४
रविवार को मूल नक्षत्र हो तो	१७१	२५
बड़े बादल-खण्ड के बरसने पर से	१७२	२६
भाद्रपद एवं आश्विन मास मे अर्द्ध-रात्रि मे ओस पड़े तो	१७२	२७
भाद्रपद मास में वायु पूर्व या अग्नि-कोण का हो तो	१७२	२८
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष :—		
प्रतिपदा को गुरुवार, श्रवण नक्षत्र हो तो	१७३	१

	पृष्ठ सं०	संख्या
द्वितीया को सोमवार हो तो	१७३	२
तृतीया को तीसरे प्रहर में उत्तर दिशा में बादल हो तो	१७३	३
चतुर्थी को शनिवार हो तो	१७४	४
अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र हो तो	१७४	५
एकादशी को वर्षा नहीं हो तो	१७४	६
अमावाश्या को रविवार हो और सूर्योदय के समय पश्चिम मे इन्द्र-धनुष हो तो	१७४	७
अमावाश्या को रविवार मुद्गर योग हो तो	१७५	८
अमावाश्या के दिन वार पर से	१७५, १७६	९, १०, ११, १२, १३, १४

आश्विन मास शुक्ल पक्ष :—

प्रतिपदा को शनिवार हो तो	१७६	१
तृतीया को मंगलवार हो या शनिवार हो तो	१७६	२
चतुर्थी को रविवार हो तो	१७७	३
सप्तमी को सोमवार और हस्त नक्षत्र हो तो	१७७	४
सप्तमी के दिन शनिवार हो तो	१७७	५
अष्टमी के दिन बुधवार हो तो	१७७	६
सप्तमी और अष्टमी को वर्षा हो जाय तो	१७८	७
नौमी के दिन मगलवार हो तो	१७८	८
दशमी के दिन मंगलवार हो तो	१७८	९
दशमी को आकाश मे बादल हो, बिजली चमके तो	१७८	१०
प्रतिपदा, अष्टमी और दशमी के दिन बादल हो तो	१७९	११

	पृष्ठ स०	सख्या
एकादशी को शनिवार हो तो	१७६	१२
आश्विन में भाग्य से वर्षा होती है	१७६	१३
आश्विन मास में सूखी धूल उड़ने पर से	१७६	१४
आश्विन की वर्षा का प्रभाव	१८०	१५
मेह की अवस्था	१८०	१६
श्राद्ध पक्ष किंवा नवरात्रि में वर्षा हो तो	१८०	१७
आश्विन, भाद्रपद और आषाढ़ मास दो दो हों तो	१८०	१८

आश्विन मास कृष्ण पक्ष :—

आश्विन की वर्षा का महत्व	१८१	१
आश्विन मास मे शुक्र अस्त हो तो	१८१	२
चतुर्थी को आकाश में बादल हो तो	१८१	३
अमावाश्या को शनिवार हो तो	१८२	४

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष :—

प्रतिपदा को बुधवार हो तो	१८२	१
द्वितीया का चन्द्रोदय लाल दिखाई दे, पश्चिम दिशा में बादल लाल हो तो	१८३	२
पंचमी को सोमवार हो तो	१८३	३
पंचमी को मगलवार हो तो	१८३	४
पंचमी को मूल नक्षत्र हो तो	१८४	५
पचमी को मूल नक्षत्र हो और शनिवार हो तो	१८४	६
पचमी को सोम, गुरू एव शुक्रवार में से कोई वार हो तो	१८४	७

	पृष्ठ सं०	संख्या
पंचमी के दिन वार हो उस पर से	१८५	८
एकादशी को आकाश में बादल, बिजली हो तो	१८६	९
द्वादशी को बादल छाये रहे तो	१८७	१०
द्वादशी की रात्रि निर्मल हो तो	१८७	११
द्वादशी को बादल पांच रग के हो तो	१८७	११
पचमी, सप्तमी, नौमी और एकादशी को आकाश में बादल, बिजली हो तो या बादल न हो तो	१८७	१२
पंचमी, सप्तमी, नौमी, एकादशी और द्वादशी को वर्षा हो तो	१८८	१३
कार्तिक मास की वर्षा का प्रभाव	१८८	१४, १६
कार्तिक मास में वर्षा की आशा व्यर्थ है	१८८	१५
दीपमालिका, पूर्णिमा की रात्रि के लक्षणों पर से	१८८	१७
पूर्णिमा के दिन के नक्षत्रों के प्रभाव से	१८९, १९०, १९१	१८, १९, २०, २१, २२, २३, २४
कार्तिक में आकाश में बादलों की गर्जना पर से	१९१	२५
कार्तिक के बादल	१९१	२६
दीपावली पर खजन पक्षी के शकुन	१९२	२७
भैंस के, स्त्री के प्रसव और कार्तिक की वर्षा की तुलना	१९३	२८
दशहरा, दीपावली पर वर्षा होने का प्रभाव	१९३	२९
कार्तिक शुक्ला अष्टमी, मार्गशीर्ष कृष्णा अष्टमी, पौष कृष्णा दशमी, माघ शुक्ल एवं कृष्णा सप्तमियें, श्रावण कृष्णा पंचमी इन दिनों में आकाश में गर्जना हो, बिजली चमके तो	१९३	३०

	पृष्ठ सं०	संख्या
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष :—		
प्रतिपदा को बुधवार हो तो	१६४	१
द्वितीया, तृतीया को वर्षा हो तो	१६४	२
पंचमी को आर्द्रा नक्षत्र हो तो	१६४	३
द्वादशी को आकाश मे बादल छाये रहे तो	१६४	४
अमावास्या को बादल हो तो	१६५	५
आमावस्या को सोम, शनि और रविवार तथा स्वाति नक्षत्र एवं आयुष्य योग हो तो	१६५	६
दीपावली को स्वाति नक्षत्र, गौ-क्रीड़ा के समय विशाखा नक्षत्र न हो तो	१६५	७
दीपावली को स्वाति नक्षत्र हो और दूसरे दिन प्रतिपदा को विशाखा नक्षत्र हो तो	१६६	८
दीपावली के दिन स्वाति नक्षत्र, आयुष्य योग और शनि, रवि या मंगलवार में से कोई वार हो तो	१६६	९
दीपावली के वार जो हों उसका प्रभाव	१६७	१०, ११
दीपमालिका के दिन वायु एव दिशाओं से	१६८	१२
चतुर्दशी तिथियें, आमावास्या और पूर्णिमा इन मे से किसी भी तिथि में तेज वायु हो तो	१६९	१३
दीपावली के पश्चात फलों पर प्रभाव	२००	१४
चित्रा नक्षत्र में दीपावली हो, दूसरे दिन गोवर्द्धन-पूजा स्वाति नक्षत्र में हो तो	२००	१५
गोवर्द्धन-पूजा चित्रा नक्षत्र में हो तो	२००	१६
दीपमालिका को वायु हो, होली की ज्वाला		

	पृष्ठ सं०	संख्या
उत्तर दिशा में जावे, आषाढ़ी पूर्णिमा को दक्षिण का वायु हो तो	२००	१७
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष :—		
दशमी को रात्रि मे उत्तर का वायु हो तो	२०१	१
मार्गशीर्ष शुक्ला दशमी, कार्तिक शुक्ला द्वादशी, पौष शुक्ला पचमी और माघ शुक्ला सप्तमी को आकाश मे बादल हो तो	२०१	२
एकादशी को रविवार किम्वा शनिवार हो तो	२०१	३
द्वादशी को बादल छाये रहे तो	२०२	४
मार्गशीर्ष मास में बिजली चमकने का प्रभाव	२०२	५
मार्गशीर्ष मास मे ज्येष्ठा एव मूल नक्षत्र नहीं तपे तो	२०२	६
सक्रान्ति के दिन वर्षा हो तो	२०३	७
शुक्ल पक्ष की तिथि क्षय हो तो	२०३	८
मार्गशुक्ल या कृष्ण किंवा पौष के प्रारंभ के पन्द्रह दिनों में प्रातः कुहरा हो तो	२०३	९
मार्गशीर्ष के अन्त में, पौष मे माघ मे और फाल्गुण मे वर्षा होने का प्रभाव	२०४	१०
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष :—		
प्रतिपदा को आकाश में बादल, गर्जना, बिजली चमकना, वर्षा न हो तो	२०४	१
चतुर्थी, पचमी को बादल हो तो	२०४	२
पंचमी को चारों ओर बादलों की घटा हो तो	२०५	३, ४
अष्टमी को बिजली सहित बादल हो तो	२०५	५

	पृष्ठ सं०	संख्या
चतुर्थी को आश्लेषा, पंचमी को मघा, षष्ठी को पूर्वा-फाल्गुणी नक्षत्र हो तो	२०५	६
अष्टमी को स्वाति, चित्रा नक्षत्र हो और आकाश में बादल हो तो	२०६	७
अष्टमी को आकाश मे बादल, बिजली हो तो	२०६	८
आमावाश्या को कोई क्रूर वार हो तो	२०६	६
कृष्ण पक्ष की तिथि बढ़ जाय तो	२०७	१०

पौष मास शुक्ल पक्ष :—

चतुर्थी के दिवस-रात्रि के विभिन्न लक्षणों पर से	२०७	१
पचमी को शतभिषा नक्षत्र हो, वायु, बादल और बिजली हो तो	२०८	२
पचमी का वायु शीतल हो, बादलों की गर्जना हो और बिजली चमके तो	२०८	३, ४, ५
षष्ठी को वर्षा हो तो	२०८	६
षष्ठी, एकादशी, एव आमावश्या की घड़ियों पर से	२०९	७
सप्तमी को वर्षा हो तो	२०९	८
सप्तमी को रेवती, अष्टमी को अश्विनी, नवमी को भरणी नक्षत्र हो इनमे बादल, बिजली हो तो	२०९, २१०	९, १०
सप्तमी, अष्टमी, और नौमी को आकाश में गर्जना हो तो	२१०	११
नौमी एवं एकादशी को पूर्व दिशा में बादलों की गर्जना हो तो	२१०	१२

	पृष्ठ सं०	संख्या
एकादशी को रोहिणी नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा हो जाय तो	२११	१३
चतुर्दशी को बिजली जोर से चमके तो	२११	१४
पूर्णिमा को बादल हो, चन्द्रमा के दक्षिण-उत्तर बिजली हो तो	२११, २१२	१५, १६
द्वितीया और पूर्णिमा को आकाश में बादलों का घटाटोप हो, बिजली चमके तो	२१२	१७
पौष मास में आकाश मे बादल हो, बिजली कड़कती हो और पूर्व दिशा का वायु हो तो	२१२	१८, १९
पौष मास मे दक्षिण दिशा का वायु हो तो	२१३	२०, २१
पौष मास में आकाश मे बादल होना, गर्जना, बिजली चमके तो	२१३	२२
पौष माघ मे शीत की अधिकता, पानी का जम जाना, रात्रि को लोमड़ियों का शब्द सुनाई दे तो	२१३	२३
लोमड़िये अपना दर (निवास-स्थान) ऊचाई पर बनावे तो	२१४	२४
पूर्णिमा को बादल हो, बिजली चमके, आकाश मे गर्जना हो, कुहरा हो, शीत हो और बर्फ जाय तो	२१४	२५
संक्रान्ति के दिन के वार पर से	२१४, २१५	२६, २७, २८

पौष मास कृष्ण पक्ष :—

प्रतिपदा को बुधवार हो तो	२१५	१, २
प्रतिपदा को रोहिणी नक्षत्र हो तो	२१५	३
पंचमी को मगलवार हो तो	२१६	४

	पृष्ठ सं०	संख्या
पंचमी को मंगलवार हो और इस दिन वर्षा हो तो	२१६	५
षष्ठी को वर्षा हो तो	२१६	६
सप्तमी को बादल हो किन्तु वर्षा न हो तो	२१७, २१८	७, १०
सप्तमी को वर्षा नहीं हो तो	२१७, २१८	८, ९
सप्तमी को बिजली चमके तो	२१८	११
सप्तमी को स्वाति नक्षत्र हो तो	२१८	१२
सप्तमी को अर्द्ध-रात्रि में आकाश में गर्जना हो, वर्षा हो तो	२१९	१३
अष्टमी को वर्षा नहीं हो या रात्रि में आकाश में गर्जना हो तो	२१९	१४
दशमी को आकाश में बिजली चमके तो	२१९	१५
दशमी को आकाश में अत्यन्त काली घटाये छायी हो तो	२२०	१६, १७
दशमी को आकाश में बादल हो, बिजली चमके तो	२२०, २२१	१८, १९, २०
दशमी को मध्य-रात्रि में वर्षा हो तो	२२१	२१
दशमी को किसी भी समय विशाखा नक्षत्र आ जाय तो	२२१	२२
त्रयोदशी को चारों दिशाओं में बादल हों तो	२२१	२३
त्रयोदशी और चतुर्दशी को बादल हो किन्तु वर्षा न हो तो	२२२	२४
त्रयोदशी, चतुर्दशी और अमावाश्या को वर्षा हो तो	२२२	२५
अमावाश्या को सोम, बुध, गुरू या शुक्रवार हो तो	२२२, २२३	२६, २७

	पृष्ठ स०	संख्या
अमावाश्या को शनि, रवि या मंगलवार हो	२२३	२९, ३०
अमावाश्या को शनि, रवि, या मगलवार हो और इस दिन पुष्य, पुनर्वसु अथवा पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र हो तो	२२३	२८
अमावाश्या को सोम, गुरु या शुक्रवार हो तो	२२४	३१
अमावाश्या को पूर्वाषाढ़ा या ज्येष्ठा नक्षत्र हो और क्रूर वार आ जाय तो	२२४	३२
अमावाश्या को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र हो तो	२२५	३४
अमावाश्या को ज्येष्ठा नक्षत्र हो तो	२२४	३३
अमावाश्या को मूल नक्षत्र हो तो	२२४	३५
अमावाश्या को मूल नक्षत्र हो और चारों दिशाओं का वायु हो तो	२२५	३६
अमावाश्या को मूल, विशाखा या पूर्वाषाढ़ा हो तो	२२५	३७
मूल नक्षत्र से भरणी तक बादल हो तो	२२६	३८
पौष मास के स्वाति नक्षत्र में मेह बरसने या न बरसने से	२२६	३९
पौष मास मे पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र मे आकाश मे गर्जना हो, बिजली चमके, सूर्य के चारों ओर मण्डल हो तो	२२७	४०
आधे पौष में वर्षा हो तो	२२७	४१
पौष की अमावाश्या को मूल, अक्षय-तृतीया को रोहिणी और श्रावणी पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र न हो तो	२२७	४२

	पृष्ठ सं०	संख्या
माघ मास शुक्ल पक्ष :—		
प्रतिपदा को आकाश में बादल हो, पवन चले तो	२२८	१
प्रतिपदा के वार पर से	२२८	२, ३
द्वितीया को आकाश मे बादल, बिजली हो तो	२२९	४, ५
द्वितीया को गुरूवार हो तो	२२९	६
द्वितीया, तृतीया को शुक्र या शनिवार हो तो	२३०	७
तृतीया को आकाश मे बादल, बिजली हो तो	२३०	८
चतुर्थी को आकाश में बादल हो तो	२३१	९
पञ्चमी को उत्तर का वायु हो तो	२३१	१०, ११
बसन्त-पञ्चमी, शिवरात्रि, शीतला सप्तमी इन दिनों में आकाश में धुन्ध कुहरा और उत्तर दिशा का वायु हो तो	२३२	१२
षष्ठी को चन्द्रमा बादलो मे हो तो	२३२	१३
षष्ठी का सोमवार हो तो	२३२	१४
षष्ठी को आकाश मे गर्जना नहीं हो, सप्तमी निर्मल हो तो	२३३	१५, १६
सप्तमी को वर्षा का गर्भ रहने पर से	२३३	१७
सप्तमी को आकाश मे बादल, बिजली हो तो	२३४	१८
सप्तमी को उदय होता हुआ सूर्य बादलों से ही ढका रहे तो	२३४	१९
सप्तमी को सूर्य निर्मल हो तो	२३४	२०
सप्तमी को आकाश मे बादल हो, बिजली चमके और बर्फ गिरे तो	२३५	२१
सप्तमी को बादल हो और वर्षा आ जाय तो	२३५	२२, २३

	पृष्ठ सं०	संख्या
सप्तमी को आकाश निर्मल हो तो	२३६	२४
पंचमी, षष्ठी और सप्तमी को शुक्र, शनि या सोमवार हो तो	२३६	२५
सप्तमी के वार पर से	२३६, २३७	२६, २७, २८
सप्तमी को सोमवार और रोहिणी नक्षत्र हो तो	२३७	२९
सप्तमी को भरणी नक्षत्र हो तो	२३८	३०
सप्तमी को आकाश बादलों से ढंका रहे और उत्तर पूर्व का वायु हो तो	२३८	३१
अष्टमी को सोमवार हो तो	२३९	३२
अष्टमी को चन्द्रमा बादलों के कारण दिखाई नहीं दे तो	२३९, २४०	३३, ३५
अष्टमी को दिन में सूर्य बादलों में छुपा रहे और रात्रि में चन्द्रमा एवं आकाश निर्मल दिखाई दे तो	२३९, २४०	३४, ३६
अष्टमी को कृतिका नक्षत्र नहीं हो तो	२४०	३७
नौमी को आकाश निर्मल हो तो	२४१	३८
नौमी को आकाश में बादल उमड़ते हुए दिखाई दे तो	२४१	३९
नौमी की रात्रि में चन्द्रमा के चारों ओर मण्डल दिखाई दे तो	२४२	४०, ४१
सप्तमी, अष्टमी और नौमी को आकाश में बादल हो तो	२४२	४२
नौमी को रविवार और पुष्य नक्षत्र हो तो	२४३	४३

	पृष्ठ स०	सख्या
नौमी, दशमी और एकादशी मे वायु चले, बिजली चमके तो	२४३	४४
त्रयोदशी को अधिक कुहरा छाया रहे तो	२४३	४५
सप्तमी से चतुर्दशी तक आकाश मे बादल रहे तो	२४४	४६
पूर्णिमा निर्मल हो तो	२४४	४७, ४८
पूर्णिमा को आकाश में बादल हो तो	२४४, २४५	४८, ४९
पूर्णिमा को चन्द्रमा के कुन्डल हो, बादल हो उत्तर किम्वा दक्षिण दिशा मे बिजली चमके वायु चलता हो तो	२४६	५५
पांच शनि, पाच रवि अथवा पांच मगलवार हों तो	२४५	५०, ५१
माघ मे मगल, ज्येष्ठ मे रवि, भाद्रपद मे शनिवार पांच-पांच बार आ जाय तो	२४६	५२
माघ महीने मे भरणी या कृतिका नक्षत्र मे आकाश मे बादल रहे अथवा आकाश निर्मल रहे तो	२४६	५३
संक्रान्ति के दिन वर्षा हो तो	२४६	५४
माघ मास में शीत पड़ना, वर्षा होना, बिजली चमकना आदि पर से	२४७	५६
माघ की वर्षा की तुलना माता द्वारा भोजन परोसने पर से	२४७	५७
माघ मास मे शीत नहीं हो तो	२४७	५८
माघ में बादलों का रंग लाल हो तो	२४८	५९

	पृष्ठ सं०	संख्या
माघ की गर्मी, ज्येष्ठ में शीत और प्रथम वर्षा से ही तालाब भर जाने पर से	२४८, २४६	६०, ६३
माघ मास की वर्षा का प्रभाव	२४८	६१
माघ मास में गहरे बादल हो, चैत्र में आकाश स्वच्छ हो तो	२४८	६२
माघ में गर्मी, ज्येष्ठ में शीत और श्रावण में शीतल पवन हो तो	२४६	६४
माघ मास का निर्मल होना, चैत्र में बून्दा-बान्दी हो और अक्षय-तृतीया को आकाश में गर्जना न हो तो	२४६	६५
माघ शुक्ला सप्तमी, फाल्गुण शुक्ला पंचमी, चैत्र शुक्ला तृतीया और वैशाख शुक्ला प्रतिपदा को शुभ वायु हो आकाश में बादल, गर्जना हो तो	२५०	६६
फाल्गुण, चैत्र एवं वैशाख शुक्ला त्रयोदशियों में से किसी दिन धूहर कुहरा पड़े तो	२५०	६७

माघ मास कृष्ण पक्ष :—

सप्तमी को आकाश में गर्जना हो, बिजली चमके तो	२५१	१
सप्तमी को स्वाति नक्षत्र हो, जोर का वायु हो, गर्जना हो, बिजली चमके, बर्फ पड़े, सूर्य चन्द्र के दर्शन न हो तो	२५२	२
सप्तमी, अष्टमी को आकाश में बादल हो तो	२५२	३
अष्टमी और दशमी को बादल हो तो	२५२	४

	पृष्ठ सं०	संख्या
नौमी को आकाश में बिजली, बादल हो ओस बर्फ पड़े तो	२५२	५
नौमी को मूल नक्षत्र हो तो	२५३, २५४	६, ७, ८, ९
नौमी को मूल नक्षत्र हो आकाश में बादल, बिजली और इन्द्रधनुष दिखाई दे तो	२५३	७
नौमी को मूल नक्षत्र और रविवार हो तो	२५४	१०
नौमी से एकादशी तक वायु चले, बिजली चमके तो	२५४	११
त्रयोदशी, चतुर्दशी को आकाश बादलों से ढंका हो, पूर्व दिशा का वायु हो तो	२५४	१२
अमावाश्या को बादल हो तो	२५४	१२
अमावाश्या को रात्रि-दिन आकाश में बादल छाये रहे, वर्षा हो, वायु चले तो	२५४	१३
अमावाश्या को दिन-रात शीतल पवन चले तो	२५५	१४
अमावाश्या को सोमवार हो, आकाश में बादल हो, वर्षा हो तो	२५५	१६
अमावाश्या के गर्भ में यदि वर्षा हो तो	२५५	१५
अमावाश्या को शनि, रवि, सोम और मंगलवार में से कोई-सा बार हो तो	२५६	१७
अमावाश्या को आकाश में बादल हो तो	२५६	१८

फाल्गुण मास शुक्ल पक्ष :—

प्रतिपदा को शतभिषा नक्षत्र हो तो	२५७	१
पंचमी को शनि या मंगलवार हो तो	२५७	२

	पृष्ठ सं०	संख्या
पंचमी को बादल होना, बिजली चमकना एवं बर्फ का जम जाना से	२५७	३
सप्तमी को कृतिका नक्षत्र आ जाय तो	२५७, २५८	४, ५
सप्तमी को आकाश मे बहुत से बादल छाये हो या वर्षा हो जाय तो	२५८	६
सप्तमी, अष्टमी एवं नौमी को वर्षा के गर्भ के लक्षण दीखे तो	२५८	७, ८
सप्तमी, अष्टमी को आकाश में गर्जना हो तो	२५६	६
अष्टमी को शनिवार हो तो	२५६	१०
शुक्ल पक्ष मे कुम्भ-मीन की संक्रान्ति के बीच मे अष्टमी, नौमी या दशमी तिथि मे रोहिणी नक्षत्र आजाय तो	२५६	११, १२
होलिका-दहन के समय आकाश में लेश मात्र भी बादल न हो तो	२६०	१३
होली की ज्वाला एवं वायु तथा दिशाओं पर से	२६०, २६१, २६२	१४, १५, १६
होली के दिन शुक्र, शनि या मंगलवार हो तो	२६३	१७
होली के दिन रवि, मगल या शनिवार हो तो	२६३	१८
पूर्णिमा को मंगल, शनि या बुधवार हो तो	२६४	१६
फाल्गुण मास में जोर का वायु हो तो	२६४, २६६	२०, २८
फाल्गुण मास में दक्षिण दिशा का जोर का वायु हो तो	२६४	२१
फाल्गुण मास मे आकाश मे बादल हो तो	२६५	२२
फाल्गुण में शुक्र अस्त हो तो	२६५	२३

	पृष्ठ सं०	संख्या
फाल्गुण मास में गुरु अस्त या वक्री हो अथवा शनि वक्री हो तो	२६५	२४
शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा, तृतीया, अष्टमी एव चतुर्दशी तिथि की वृद्धि हो तो	२६५	२५
होली की रात्रि व्यतीत होने के पश्चात प्रातःकाल में सूर्योदय एव चन्द्र की स्थिति पर से	२६६	२६
फाल्गुण मास में पांच मंगल, पौष में पांच शनि हो तो	२६६	२७

फाल्गुण मास कृष्ण पक्ष .—

प्रतिपदा को कृतिका नक्षत्र हो तो	२६७	१
प्रतिपदा को शतभिषा नक्षत्र हो तो	२६७	२
द्वितीया को बादल, बिजली हो तो	१२६	३
षष्ठी को चित्रा नक्षत्र हो तो	२६८	४
षष्ठी को आकाश में बादल हो तो	२६८	५
शिवरात्रि को सोम या मंगलवार हो तो	२६९	६
शिवरात्रि को शनि, रवि या मगलवार हो और इस दिन पश्चिम का वायु हो तो	२६९	७
अमावास्या को कोई क्रूर वार हो तो	२६९	८
फाल्गुण एवं चैत्र को अमावास्या को मंगलवार हो तो	२७०	९

प्रकृति से वर्षा-ज्ञान

उत्तरार्द्ध

चैत्र–मास शुक्ल पक्ष

(१)

चैत सुदी पडवा दिना, गाज बीच हो मेह ।
सावण भादू मायने, मेह देवेलो छेह* ॥

चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को आकाश मे बादलो की गर्जना हो, बिजली चमके, वर्षा हो जाय तो आगामी वर्षा काल के श्रावण-भाद्रपद महीनो मे वर्षा नही होगी ।

(२)

चैत सुदी पडवा दिना, जे ती रेवत होय ।
ते ती विरखा होवसी, चौमासे लीजो जोय ॥

चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र जितनी घडी होगा आगामी वर्षा काल मे उसी के अनुसार अधिक घडियें होने से अधिक और कम होने से कम वर्षा होगी ।

---

* नोट —ऐसा प्रसग भारतवर्ष मे कुख्यात वर्ष विक्रम सम्वत् १९५६ मे आया था ।

(३)

पडवा समेत दिन चार तलक, चैत सुदी के मांय ।
जे विरखा हो जाय तो, चार मास वरसाय* ।।

चैत्र शुक्ला प्रतिपदा से चतुर्थी तक यदि वर्षा हो तो आगामी वर्षा काल मे के चारो महीनो मे वर्षा होगी ।

(४)

दुतिया सू पाचम तलक, चैत सुदी के माय ।
पूरब उत्तर को वायरो, आछो मेह कराय ।।

चैत्र शुक्ला द्वितीया से पचमी तक पूर्व अथवा उत्तर दिशा का वायु हो तो आगामी वर्षा काल मे अच्छी वर्षा होगी ।

---

* इसके विपरीत—

एकम दूज चैत्र सुद बरसै । तो आषाडाँ मेह नहिं दरसै ।।
तीज चौथ जे पाणी पडे । तो श्रावण माहि बून्द न झडे ।।
पाचे छठ भादवडो जोय । सावत्य आठ्यू आसोजी होय ।।
नम दस्सम माहोटा हाण । माघा गरभ गल्या यू जाण ।।

एक मास के दोय दिन, दोऊ पखवाडा जाण ।
एक अन्धारो पख लखि, दूज सुकल परमाण ।।
दूज सुकल परमाण, आषीड सू आणीजै ।
ईण विध पाचू मास, दिवस दसू जाणीजै ।।
जे घडिया जिण तिथ्य री, पिरथी बरसै पाणी ।
तेता दिन उण पक्खरा, गरभ गलया इमि जाणी ।।
दस दिन मे जिण दिन्न री, जित्ती घडी गल जाय ।
उत्ता दिन उणपक्ख गरभ, गलया नीर नहिं थाय ।।

(५)

चैत सुदी पाचम दिने, दिक्खण पूरब वाय ।
थोड़ी विरखा होय तो, भादू तेज बिकाय ॥

चैत्र शुक्ला पचमी को दक्षिण-पूर्व का वायु हो और इस दिन थोडी वर्षा हो जाय तो भाद्रपद मास मे अन्न का भाव तेज होगा ।

(६)

चैत्र सुदी पाचम दिनां, नखत रोहणी जे आवै ।
तो चौमासे विरखा घणी, ऐसो जोग बतावै ॥
इण दिन जे आदरा मिलै, धान तेज हो जाय ।
सावण मे विरखा हुवै, ऐसो जोग बताय ॥

चैत्र शुक्ला पचमी को रोहणी नक्षत्र हो तो आगामी वर्षा काल के चारो महीनो में वर्षा बहुत होगी । कदाचित इस दिन आर्द्रा नक्षत्र हो तो अन्न महँगा होगा और श्रावण मे वर्षा होगी ।

रोहणी नक्षत्र (तारे) से वर्षा-ज्ञान

(७)

चौथ पाचम चैत सुद, रोहणी लेवो जोय ।
चन्दा सू लकाऊ हुया, सिरे जमाने होय ॥
धूराऊ दुर्भिच्छ रोग, आथूणी भौ बतावै ।
पूरब मे मध्यम हुवै, ऐसो जोग जतावै ॥

चैत्र शुक्ला चतुर्थी, पचमी की रात्रि मे आकाश मे रोहिणी नामक तारा, चन्द्रमा से दक्षिण की ओर हो तो आगामी वर्ष सुभिक्ष होगा । उत्तर की ओर हो तो दुर्भिक्ष एवं रोग फैलेगा । इसका पश्चिम की ओर होना भयोत्पादक एव पूर्व में होने से फसल मध्यम होगी ।

(८)

तीज पाचम दोय दिन, चैत सुदी के मांय ।
ईशाण कूण को वायरो, आछो धान कराय ।।
जे नेऋत हो जाय तो, धान न निपजै कोय ।
हा हा कार परजा करे, दुर्भिख लेवो जोय ।।

चैत्र शुक्ला तृतीया और पचमी इन दो दिनो मे ईशान कोण का वायु हो तो आगामी फसल पर अन्न अच्छा होगा । दुर्भाग्य वश इस दिन नैऋत्य कोण का वायु हो तो किसी प्रकार का अन्न उत्पन्न न होने के कारण दुर्भिक्ष होने से प्रजा हा हा कार करेगी ।

(९)

दूज सहित पाचम तलक, चैत सुदी के माय ।
चारू दिन ए वरस का, वायु धारण केहवाय ।।
दिन गिणीजे मास जिम, चौमासो लौ जोय ।
बादल विरखा दूज वे, (तो) मेह सावण मे होय ।।
तीज वाय उगूण को, आभे बादल ना आय ।
चौथ लकाऊ वायरो, बादल पूरब आय ।।
पाचम वाय धुराऊ हुया, आभे बादल ना होय ।
कार्तिक मे बिरखा हुवै, क्रम सू महिना जोय ।।

चैत्र शुक्ला द्वितीया से पचमी तक इन चार दिनो को चार मास के लिये वायुधारक मान कर क्रमश महीनो को समझे । द्वितीया को बादल एव वर्षा हो तो श्रावण मे वर्षा होगी । तृतीया को वायु पूर्व का हो और आकाश मे बादल नही हो तो भाद्र-पद मे वर्षा होगी । चतुर्थी को वायु दक्षिण का हो और बादल पूर्व से

आवे तो आश्विन मे वर्षा होगी । पचमी को वायु उत्तर का हो साथ ही आकाश मे बादल न हो तो कार्तिक मे वर्षा होगी ।

(१०)

चैत सुदी जे पचमी, घटाटोप छा जाय ।
सग्रह गेहूँ को करो, श्रावण लाभ कराय ।।

चैत्र शुक्ला पचमी को आकाश मे बादलो की घटाएँ छा जाय तो गेहूँ की फसल पर इन्हे सग्रह कर लेना चाहिये । आगामी श्रावण महीने मे ये (गेहूँ) लाभ दिलावेंगे ।

(११)

चैत सुदी पाचम दिने, जे बिरखा हो जाय ।
तौ चौमासे सायबा, बिरखा अलप कराय ।।

चैत्र शुक्ला पचमी को वर्षा हो जाय तो चौमासे मे वर्षा काल मे वर्षा कम होगी ।

(१२)

चैत्र सुदी पाचम दिना, गुरु शनि जे होय ।
जल तगी दुरभिक्ख हुवै, क्रम सू लीजो जोय ।।

चैत्र शुक्ला पचमी के दिन गुरुवार हो तो आगामी वर्षा काल मे जल की कमी, शनिवार हो तो दुर्भिक्ष होगा, ऐसा समझें ।

(१३)

पाचम सातम के दिना, चैत सुदी के माय ।
बिरखा दरशण देय तो, आगे परचण्ड वाय ।।

चैत्र शुक्ला पचमी और सप्तमी के दिन वर्षा (बादल) के दर्शन हो जाय तो आँधियाँ आवेंगी ।

(१४)

चैत सुदी सातम दिनां, जे विरखा आ जाय।
चौमासो सूखो रहै, ऐसी जोग बताय ॥

चैत्र शुक्ला सप्तमी को यदि वर्षा आ जाय तो आगामी वर्षा काल मे चारो महीनो मे वर्षा नहीं होगी।

(१५)

आठम नौमी चैत सुद, मेह बीज जे होय।
काल पड़ेलो बी दिशा, जी दिश ऐडो जोय ॥

चैत्र शुक्ला अष्टमी, नौमी को जिस दिशा मे वर्षा हो, बिजली चमके उस दिशा मे आगे चल कर अकाल पडेगा।

(१६)

नव दिन कहिजे नौरता, सुकल चैत के मास।
जल बूठै बिजली हुवै, जाणो गरभ विणास ॥

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नोमी तक जो नौरता-नवरात्रि कहे जाते हैं, इन दिनो मे जल बरसे, बिजली चमके तो समझ लेना चाहिये कि, प्रकृति के उदर मे पोषण पाता हुआ वर्षा का गर्भ नष्ट हो गया। अर्थात् आगामी वर्षाऋतु मे वर्षा का अभाव रहेगा।

(१७)

चैत्र शुक्ल दस दिवस मे, गरजै बरसै तोय।
कार्तिकादि माघान्त का, गरभ गल्या यू जोय ॥

चैत्र शुक्ल पक्ष के प्रारम्भ के दश दिनो मे आकाश मे बादलों की गर्जना हो, मेह बरसे तो इन लक्षणो से यह समझ लेवें कि, कातिक से प्रारम्भ होकर चार महीनो के जो गर्भ हैं वे नष्ट हो गये हैं।

(१८)

चैत मास उजाले पख। नव दिन बीज लुकोई रख ॥
आठम नम नीरत कर जोय। जा बरसै ता दुरभिख जोय* ॥

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक यदि बिजली की चमक आकाश मे न दीखे—(अष्टमी और नवमी को तो विशेष ध्यान पूर्वक देखना चाहिये) और कदाचित कही वर्षा हो जाय तो जहाँ वर्षा होगी वहाँ दुर्भिक्ष होगा।

(१९)

दस नक्षत्तर चैती तरगा, बादर बीजुरी होय।
भद्रबाहु गुरु यू कहै, गरभ गल्या सब जोय॥

जैन धर्मानुयायी श्री भद्रबाहु गुरु का कथन है कि चैत्र शुक्ल पक्ष के प्रारम्भ के दश नक्षत्रो मे यदि बादल, बिजली हो तो वर्षा के गर्भ नष्ट हो गये।

---

* इस सम्बन्ध मे निम्न उक्तिये भी मिली हैं—

१ चैत मास उजियाले पाख। आठ दिवस वरखता राख॥
नवे दिना जित बिजुरी होय। ता दिशि काल हलाहल होय॥

२ चैत मास उजियाली पाख। आठे दिवस बरसती राख॥
नव बरसे बीजल होय। ता दिशि काल हलाहल होय॥

चैत्र शुक्ला अष्टमी के दिन आँधी आकर आकाश मे से मिट्टी-राख बरसे और नवमी के दिन जिस दिशा मे बिजली की चमक एव वर्षा दिखाई दे तो यह निश्चित है कि उस दिशा मे भयकर दुर्भिक्ष होगा।

नोट—यहाँ कुछ लोग "आठे दिवस बरसता राख" का उपरोक्त आशय मिट्टी या राख का बरसना भी लेते हैं।

(२०)

चैत्रे दस नक्षत्र जो, बादल बिजली होय ।
भडली तो एमज भणे, गरभ गल्या सहु कोय ।।
तिथि वधै तो तृण वधै, नक्षत्रे बहु धान ।
योग वधै तो रोग बहु, पहले दिन ए मान ।।

भडली का कथन है कि, चैत्र शुक्ला प्रतिपदा से दशमी तक यदि आकाश मे बादल बिजली हो तो सब प्रकार के गर्भ नष्ट हो गये। इनमे पहला दिन प्रतिपदा तिथि बढ़े तो तृण की वृद्धि होगी। नक्षत्र बढेगा तो अन्न बहुत होगा और योग के बढने से रोगो की वृद्धि होगी।

(२१)

चैत उजाले पाखडे, मेख थकी नव दीह ।
जल आया बीजल खिवै, हाली मत तू बीह ।।

चैत्र शुक्ल पक्ष मे जिस दिन मेष की सक्रान्ति हो उसके नौवें दिन यदि आकाश मे बादल हो, बिजली चमके और वर्षा हा जाय तो कवि कहता है कि हे हाली ! अर्थात् कृषक तू डर मत। इस लक्षण से इस वर्ष अन्न बहुत उत्पन्न होगा।

(२२)

चैत्र मास दस रिक्षडा, जो कहुँ कोरा जाय ।
तौ चौमासे बादला, भली भाँत बरसाय ।।

चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के प्रथम दश दिन यदि स्वच्छ निकल जाय तो आगामी चातुर्मास (वर्षा काल) मे बादल भली प्रकार से वर्षा करेंगे।

(२३)

चैत्र मास ना बीजली, बादल मेह न गाज।
पवन अँधेरी ना चलै, समो मनो हुई राज ॥

चैत्र मास मे न तो बिजली चमके न बादल, मेह एव गर्जना हो, इस महीने मे जोर से पवन—आँधिये भी नही आवे तो आगामी वर्ष अच्छा होगा।

(२४)

मेह पडग्या चैत, (तौ) खेतिहर ना खेत ॥

चैत्र मे वर्षा का होना कृषक को खेती से रहित कर देता है।

(२५)

चैत मे पाणी, (तौ) सावण मे धूड उडाणी* ॥

चैत्र मे वर्षा का होना, श्रावण मे वर्षा का न होना और आँधियो (जोरदार बायु) का चलना होगा।

(२६)

चैत चिरपडा, तो सावण निरबला* ॥

चैत्र की बूदा बाँदी श्रावण की वर्षा को बलहीन बना देती है।

(२७)

चैत चिरपडो माघजी, फले नही वनराय।
माय बिसारे डीकरा, बच्छ बिसारे गाय ॥

---

* इसके समर्थन मे एक उक्ति यह भी है —
एक बूंद जे चैत मे पडै, सहस बूंद सावण की हरै ॥

चैत्र मास की वर्षा-बूंदाबादी फसल नही होने को सूचित करती है। कवि कहता है कि इस अकाल मे, माताएँ अपने पुत्रो तक को और गौएँ अपने बछडो तक को भूल जाती हैं।

(२८)

चैत सुदी दसमी दिवस, शनीवार आ जाय।
मघा नक्षत्र इण दिन हुया, चोखी बिरखा थाय ॥

चैत्र शुक्ला दशमी को शनिवार और मघा नक्षत्र हो तो आगामी वर्षा काल मे अच्छी वर्षा होगी।

(२९)

चैत सुदी पडवा सू लगा, दसमी तक लो जोय।
सूरज आदरा आविया, स्वाती तक जो होय ॥
जिण दिन विरखा धुन्ध, उण रिछ नहिं है मेह।
जिण दिन आभो निरमलो, उण रिछ होवे मेह ॥

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से दशमी तक के दिनो को देखो। इनमे जिस दिन आकाश मे धुन्ध (कुहरा) वर्षा आदि हो तो सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र पर आने से स्वाति नक्षत्र पर सूर्य होने तक क्रमश वर्षा काल मे उसी नक्षत्र पर वर्षा का अभाव रहेगा। जिस दिन आकाश निर्मल होगा उसी नक्षत्र में (उस दिन वाले नक्षत्र मे) वर्षा काल मे वर्षा होगी। जैसे—प्रतिपदा से आर्द्रा नक्षत्र, द्वितीया मे पुनर्वसु आदि।

(३०]

आदरा सू स्वाती तलक, छाटो छिडको होय।
पण पाणी बेहबे नही, (तो) समयो आछो होय ॥

चैत्र शुक्ल पक्ष मे आर्द्रा से स्वाति तक के दश नक्षत्रो मे यदि साधारण बूंदाबांदी हो और पृथ्वी पर जल बहे नही तो आगामी वर्षा काल मे कृषि उत्तम होगी।

(३१)

पाचम सातम तेरसे, चैत सुदी के मांय ।
बादल तो आछा कह्या, मेह बुरो कहबाय ।।

चैत्र शुक्ला ५चमी, सप्तमी, त्रियोदशी को आकाश मे बादलो का होना तो आगामी वर्षा काल के लिए शुभ है, किन्तु इनमे से किसी दिन या इन दिनों मे वर्षा का होना अच्छा नहीं ।

वर्षा के गर्भ का ज्ञान

(३२)

चैत्र गरभियो माघ जी, फूली सहु बनराय ।
पुत्र खिलावै कामरणी, बच्छ खिलावै गाय ।।

चैत्र मास का वर्षा का गर्भ रहने से समस्त वन की वनस्पतियाँ फलती फूलती हैं । अत सुभिक्ष होगा । माताएँ और गौएँ प्रसन्नता पूर्वक अपने शिशुओ को खिलाती हैं ।

वर्षा के गर्भ-नाश कारक योग

(३३)

पाचम आठम नवमी, पूनम लेवो साथ ।
चैत सुदी महिनो हुवै, होवे विरखा पात ।।
चारमास बरसाद रा, सावरण आद कराय ।
चारू दिन क्रम सू लिया, गर्भ नाश मिलजाय ।।

चैत्र शुक्ला पचमी, अष्टमी, नवमी एव पूर्णिमा इन चार दिनों मे जिस दिन वर्षा हो उस तिथि क्रम से (श्रावण प्रथम तिथि का महीना मान कर) आने वाले महीनो मे गर्भनाश हो जाने के कारण वर्षा नही होगी ।

(३४)

पाचम सातम नवमी, पूनम चैती जोय।
रोहण आदरा पुक्ख, स्वाति क्रम सू जोय॥
चौमासे बिरखा घणी, इण नखता सू आय।
गाज बीज विरखा हुया, गरभ शीत का जाय॥

चैत्र शुक्ला पचमी, सप्तमी, नवमी और पूर्णिमा को क्रमश रोहिणी आर्द्रा, पुष्य, स्वाति नक्षत्र हो तो वर्षा काल मे बहुत वर्षा होगी, किन्तु इन्ही दिनो मे बादलो का गर्जना, बिजली का चमकना, वर्षा हो जाना आदि हो तो इन लक्षणो के कारण शीत काल का मेघ का धारण किया हुआ गर्भ नष्ट हो जाने के कारण, आगामी वर्षा काल मे अनावृष्टि होगी।

(३५)

पाचम सू पूनम तलक, एक दिन आडो होय।
सुदी पक्ष होवे वली, मास चैत लो जोय॥
गाजै बरसै ओला पडे, बिजली बी चमकाय।
तो चौमासा के मायने, बिरखा अलप कराय॥

चैत्र शुक्ला पचमी से पूर्णिमा तक के दिनो मे से एक-एक दिन छोड कर पचमी, सप्तमी, नवमी, एकादशी, त्रयोदशी और पूर्णिमा को बिजली चमके, बादलो का गर्जन हो, वर्षा हो, ओले पडे तो आगामी वर्षा काल के चार महीनो में कम वर्षा होगी।

(३६)

चैत सुदी तेरस दिना, आंधी बादल आय।
आगे बिरखा है नही, ऐसो जोग कराय॥

यदि चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को जोर की हवा (वायु-आंधी) आवे, मिट्टी उडे तो इस वर्ष, वर्षा न होने की सूचना है।

(३७)

चैती पूनम चित्त कर, जोशी रूंडा जोय।
शनी अदीता मगला, करसण करे न कोय ।।

ज्योतिषी भली प्रकार से पचांग आदि देख कर कहता है कि चैत्र शुक्ला पूर्णिमा को यदि शनि, रवि अथवा मङ्गल वार में से कोई सा वार आ जाय तो कोई भी व्यक्ति कृषि करने का प्रयास न करे। अर्थात् बोया हुआ अन्न भी व्यर्थ जावेगा।

(३८)

चैत मास जे बीज बिजोवे।
(तो) भर वैसाखा टेसू धोवे* ।।

चैत्र मास में बिजली चमकती हुई दिखाई दे तो इस लक्षण से यह समझे कि बैसाख मास में इतनी वर्षा हो जायगी कि, टेसू के पुष्प का रग भी घुल जावेगा।

(३९)

चैत मास सुद पक्ष मे, जे आभो गरभाय।
रैयत सुखी राजा सुखी, सुखिया गोधा गाय ।।

---

* यह इस प्रकार भी मिलती है —

चैत मास जो बीज लुकोवै। घुर वैसाखा केसू धोवै।
जेठ मास जो जाय तपन्ता। तो कुण राखेगो जल बरसता ।।

चैत्र मास मे बिजली का न दिखाई देना, वैसाख मास प्रारम्भ होते ही वर्षा का होना और ज्येष्ठ मास में अत्यधिक गर्मी पडना ये सभी लक्षण ऐसे हैं कि वर्षा अवश्य आवेगी। इसे रोकने की सामर्थ्य किसी में नहीं है।

चैत्र शुक्ल पक्ष में, वर्षा का गर्भ रहे तो परिणाम स्वरूप चराचर प्राणी सुख पाते हैं।

(४०)

चैती पूनम होय जो, सोम बुद्ध गुरु वार।
घर-घर होय बधावणा, घर-घर मगलाचार॥

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के दिन सोम, बुद्ध, अथवा गुरुवार में से कोई सा वार हो तो यह वर्ष आनन्द पूर्वक व्यतीत होगा।

(४१)

चैत सुदी पूनम दिने, स्वाति नखत जो होय।
विरखा पण हय जाय तो, अलप वृष्टि समझोय॥

चैत्र शुक्ला पूर्णिमा को स्वाति नक्षत्र हो और इस दिन थोडी सी वर्षा हो जाय तो भविष्य में अल्प वर्षा होगी।

(४२)

चैत कृष्ण मा तिथि वधै, शुक्ल पक्ष घट जाय।
मूघी सारी वस्तुवा, लक्षण काल बताय॥

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष में तिथि बढ जाय और शुक्ल पक्ष में घट जाय तो समस्त वस्तुएँ मँहगी होगी। यह अकाल के लक्षण हैं।

(४३)

चैत सुदी सु मेख सक्राति। नौ दिन एहु जल बरसाति॥
तौ शङ्का कोउ ना करौ। घणो समो होई मूल ना डरौ॥

चैत्र मास की मेख सक्रान्ति से नौवे दिन तक वर्षा हो तो कृषि उत्तम होगी। इस वर्षा के कारण कोई शङ्कित न हों।

(४४)

चैत मास में गाजियो, जो उजिजाले पाख।
गरभ गल्या सहु जाए जो, जोशी बोले साख ॥

ज्योतिष की साक्षी से कवि कहता है कि चैत्र शुक्ल पक्ष में बादलो का गरजना आगामी वर्षा काल में होने वाली वर्षा के गर्भ को नष्ट कर देता है। अर्थात् पर्याप्त वर्षा नहीं होगी।

(४५)

वायु द्वारा वर्षा ज्ञान

आथूणी वायु बहै, 'चैत महीना माय।
भादूडे मेह मोकलो, इण मे शशै नाय ॥

चैत्र मास में पश्चिम का वायु हो तो भाद्रपद में बहुत वर्षा होगी।

(४६)

दक्षिण दिस वायु चलै, चैत मास जो होय।
घण बरसै बिजली खिवै, समयो आछो होय ॥

चैत्र मास में दक्षिण दिशा का वायु हो, आकाश मे बिजली चमकती हो, वर्षा हो तो यह वर्ष अच्छा होगा।

पूर्णिमा की मध्य रात्रि में तारे से वर्षा ज्ञान

(४७)

चित्रा सू व्है दाहिनो, चैती पून्यू चन्द।
सरब धान सचै करो, व्हैगो काल दुखद ॥

चैत्र शुक्ला पूर्णिमा की रात्रि में मध्य रात्रि के समय चन्द्रमा, चित्रा नामक तारे से उत्तर में हो निकले तो जीवन-निर्वाह के लिये सब प्रकार के अन्न संग्रह कर लें। क्योंकि, इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा।

(४८)

नक्षत्रों से वर्षा ज्ञान

असनी सू मघा तलक, चैत सुदी के माय ।
जे बादल हो जाय तो, गरभ जोग बण जाय ।।
सूरज आदरा आविया, स्वाती तक लो जोय ।
चौमासा के मायने, क्रम सू बिरखा होय ।।

चैत्र शुक्ल मे अश्विनी से मघा तक के दश नक्षत्रो में बादल आदि द्वारा गर्भ धारण हो तो सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र पर आने मे जब तक सूर्य स्वाति तक होगा, वर्षा काल मे उस-उस नक्षत्र के क्रम से वर्षा होगी । जैसे—अश्विनी मे गर्भ रहा तो आर्द्रा मे वर्षा होगी । भरणी मे गर्भ रहा तो पुनर्वसु, कृतिका में गर्भ रहने से पुष्य में वर्षा होगी, इस क्रम से समझे ।

(४९)

रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य और चित्रा से वर्षा ज्ञान

चैत सुदी के मायने, रोहण बरसे मेह ।
तो आषाढा के मायने, मेह देवेलो छेह ।।
चैत सुदो के ;मायने, आदरा बरमे मेह ।
तो सावण के मायने, मेह देवलो छेह ।।
चैत सुदो के मायने, पुक्खे बरसे मेह ।
तो भादरवा के :मायने, मेह देवेलो छेह ।।
चैत सुदी के मायने, चित्रा बरसे मेह ।
आसोजा बरसै नही, गरभ गल्यो गिण लेह ।।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में रोहिणी नक्षत्र मे वर्षा हो तो आषाढ़, आर्द्रा मे हो तो श्रावण, पुष्य मे हो तो भाद्रपद और चित्रा मे हो तो आश्विन मे बरसने वाले मेह का गर्भ गल जाने से इन इन महीनों मे वर्षा नहीं होगी।

(५०)

दस तरे रा गरभ है, माने जाणण हार।
चैत सुदी मे बरसिया, बरसै नही लगार॥

शीतकाल के मेघ के जो दस प्रकार के गर्भ माने गये हैं—इनके रह जाने पर भी यदि चैत्र शुक्ल पक्ष मे वर्षा हो जाय तो वर्षाकाल मे उपरोक्त रहे हुए गर्भों का कोई प्रभाव नही होगा। अर्थात् वे इस वर्षा से नष्ट हो गये हैं अत वर्षा काल मे लेश मात्र भी वर्षा नही होगी।

(५१)

मेह बादला सुभ जाण जो, चैत बदी मे होय।
सुदपख मे हो जाय तो, अशुभ गिणीजे सोय॥

चैत्र कृष्ण पक्ष मे बादलो का होना, वर्षा होना शुभ माना गया है। परन्तु ,चैत्र शुक्ल पक्ष मे ऐसा होना अशुभ।

(५२)

ग्रहण से वर्षा ज्ञान

चैती पूनम देख लो, चन्द्र ग्रहण जो होय।
आभो दीसै निरमलो, तारा टूटता जोय॥
धूल उडै बिजली खिवै, केतु उदय हो जाय।
बरतन वासण बेचकर, भेलो धान कराय॥
मास सातमे आय कर, अपणो फल बतावै।
कोइयक वेला भादवै, दूणा दाम करावै॥

देव जोग वैसाख मे, एहवा लक्खण होय।
कपास खरीदो खूब ही, आगे मूघो होय॥
गेहूँ मूग उडद भेला करलो भाई।
भादवडे के माँयने दूणो लाभ कराई॥

चैत्र मास के चन्द्र ग्रहण मे आकाश निर्मल हो, तारे टूटे, भूकम्प हो, रजोवृष्टि, विद्युत्पात, केतु-उदय आदि कोई उत्पात दिखाई दे तो अपने खाने पीने के बर्तन बेच कर भी भविष्य के लिये अन्न सग्रह कर लेना चाहिये। उपरोक्त लक्षण अपना प्रभाव सातवे महीने मे दिखावेंगे। कभी-कभी तो भाद्रपद मे भी वस्तुओ का मूल्य दूना हो जाता है।

कदाचित यही लक्षण बैसाख मे हो तो कपास खरीद कर लेना चाहिये। यह, आगे जाकर मँहगा हो जावेगा। इसी प्रकार से गेहूँ, मूग, उडद का सग्रह किया हुआ होगा तो भाद्रपद मास मे इन्हे बेचने से दूना लाभ हो जावेगा।

(५३)

चैत सुदी रेवतडी जोय। वैसाखा मे भरणी जे होय॥
जेठ मास हिरणी दरसन्त। पुनरवसु आसाढा वरतन्त॥
नछत जे जित्तो वरताय। तेता सेरा नाज बिकाय॥

चैत्र शुक्ल पक्ष मे रेवती, बैसाख मे भरणी, ज्येष्ठ मे मृगशिरा और आषाढ मे पुनर्वसु नक्षत्र जितनी घडी होगे इनके प्रभाव से अन्न उतने ही सेर के भाव से मिलेगा। (यहाँ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिनो मे उपरोक्त नक्षत्रो का होना वर्ष के चार स्तम्भ-दिवस माने गये हैं।)

(५४)

चैत सुदी पडवा व्है जे वार। उणरो करलो यू विचार ॥
रवि शोष मगल विरखा। बुध मूघौ कतसी चरखा ॥
सोम सुक्कर गुरु व्है जो वार। पुहमी पीडित अन्न को भार ॥

चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को जो वार आवे उसके आधार पर वर्ष भर का ज्ञान किया जाता है। इस दिन यदि रविवार होगा तो शोष, मङ्गल होगा तो वर्षा, बुध होगा तो कपास का अभाव होने से चरखे कतने मुश्किल हो जावेंगे। कदाचित इस दिन सोम, शुक्र किम्वा गुरु वार मे से कोई सा वार आ जायगा तो इसके फल स्वरूप अन्न की प्रचुरता होगी।

(५५)

चैत जेठ फागण कृति, सावण माघ कुवार।
सत पूर्ण निर्मल भली, बादल बीज खुहार ॥

चैत्र, जेठ, श्रावण, आश्विन, कार्तिक, माघ और फाल्गुण इन सात महीनों की पूर्णिमा निर्मल होना शुभ माना है।

(५६)

पूनम पौ वैसाख की, भादू अघण असाढ।
वादल बीजल धुधवर, भला पवन मेह टाढ ॥

वैसाख, आषाढ, भाद्रपद, मार्गशीर्ष और 'पौष की पूर्णिमा को आकाश मे बादल, बिजली और धुन्ध होने से इस वर्ष वायु, मेह एव शीत अच्छे होंगे।

चैत्रमास—कृष्ण पक्ष

(१)

चैत वदी पडवा जो वार। ता को पण्डित करै विचार॥
रविवार तो बहुत हो वाई। मंगल विग्रह कटक लडाई॥
सोम शुक्र गुरु होवै वार। घन दूध होवै शुभ कार॥
बुधवारी हुया काल पडन्त। शनि वारी इक फल होवन्त॥
कूप नदी सर पाणी सूखै। मरै लोग चौपद बहु भूखै॥
हा हा कार करै सब कोई। शनि वारी को फल ओ जोई॥*

चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को जो वार आ जाय, भावी वर्ष के लिए इसके शुभाशुभ का विचार करें। इस दिन रविवार होने से वायु बहुत चलेगी। मगल वार हो गया तो देश मे विग्रह, परस्पर युद्ध होंगे। सोमवार, शुक्रवार किम्वा गुरुवार मे से कोई सा वार आ गया तो अन्न, दूध आदि की बहुलता रहने से यह वर्ष शुभ रहेगा। इस दिन बुधवार आ जाय तो अकाल होगा और दुर्भाग्य से शनिवार आ गया तो कूओं मे, नदियो मे, तालाबो मे कहीं भी जल नहीं मिलेगा और मनुष्य एव चतुष्पद जानवर भूख के मारे मर जावेंगे।

(२)

चैत्र मास रे पेहले दिन मे, वार फलावट जोय।
सखरो नखरो करवरो, वार ढुके सो होय॥

---

* इन से मिलती-जुलती उक्तियें निम्न मिली हैं—

चैत सुदी पडवा को जोवे। ता दिन वार जो कोई होवे॥
समयो सारो इण सू जाण। वर्ष आगलो ले पहचाण॥

रवि वायरो वाजसी, मगल विग्रह होय।
शनिवारा दुर्भिच्छ पडे, विरलौ जीवे कोय॥
सोमे शुकरे सुरगुरे, मेघ बहुत बरसाय।
बुद्ध करवरो होवसी, 'भडली' चिन्ता मिटाय॥*

चैत्र मास के प्रथम दिन कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को वर्ष भर के लिये यह देखना चाहिये कि, इस दिन कौन सा वार है। रविवार हो तो वायु जोरो से चलेगा। मगलवार हो तो विग्रह होगा। शनिवार हो तो दुर्भिक्ष पडने के कारण विरले ही जीवित रहेगे। सद्भाग्य से इस दिन सोम, शुक्र, किम्वा गुरुवार मे से कोई सा भी वार आ गया तो पृथ्वी पर बहुत वर्षा होगी। भडली को सम्बोधन करते हुए कवि कहता कि यदि इस दिन कदाचित बुधवार आ गया तो कृषि साधारण होगी। इसकी चिन्ता मत कर।

(३)

चैत वदी पड़वा दिने, गरजे मेघ अपार।
सावण भादू मायने, अनावृष्टि निरधार॥

चैत्र कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादल हो और बहुत जोरो से गर्जना करे तो आगामी श्रावण और भाद्रपद मे वर्षा नही होगी।

रवीवार जो होय तो, हवा चलै बहु देख।
फल फूल कम नीपजै, इण मे मीन न मेख॥
सम्वत आछो होय जद, आवे सोमां वार।
अन्न तृण सारा नीपजै, आ निश्चै लेवो धार॥

आछो नहीं है मगल वार। कम विरखा के मूसलधार॥
बुध करवरो सम्वत् जाणो, गुरु शुक्कर शुभ सवत मानो॥

(४)

चैत अंधेरी दूज दिन, बादल होय अपार।
ईं महिना मे मेह हुया, काती मेह तयार ॥

चैत्र कृष्ण द्वितीया को आकाश मे बादल, अधिक हो, इसी महीने में वर्षा हो जाय तो कार्तिक मास मे अधिक मेह होगा।

(५)

चैत आंधली बीज दिन, आभो निर्मल जोय ॥
समयो होसी सातरो, भादू विरखा होय ॥

चैत्र कृष्णा द्वितीया को आकाश स्वच्छ दिखाई दे तो आगामी भाद्रपद मास मे वर्षा होगी और कृषि अच्छी होगी।

(६)

चैत वदी दुतिया दिने, जे वायू चल जाय।
(तो) भर भादवडे मेहडो, पिरथी जल न समाय ॥

चैत कृष्णा द्वितीया के दिन यदि वायु चलती रहे तो आगामी भाद्रपद मास मे इतनी वर्षा होगी कि, जल पृथ्वी पर नही समावेगा।

(७)

चैती कृष्णा तीज ने, पूरब उत्तर वाय।
जल बरसैं हरखै प्रजा, आणन्द नहीं समाय ॥

चैत्र कृष्णा तृतीया को पूर्व किम्वा उत्तर का वायु चले तो आगामी वर्षा काल मे इतना जल बरसेगा कि, लोग प्रसन्न हो जावेंगे और इनके हृदय आनन्दित होगे।

(८)

चैती कृष्णा चौथ ने, जे विरखा हो जाय।
समयौ आछो व्है नही, दुरभिछ देय बताय॥

चैत कृष्णा चतुर्थी को यदि वर्षा हो जाय तो आगामी फसल अच्छी नही होगी जिसके परिणाम स्वरूप अकाल पडेगा।

(९)

चौथ पचमी चैत वद, बरसै वाजै वाय।
काल पडे उण देश मे, ऐसो जोग बताय॥

चैत कृष्णा चतुर्थी और पचमी को वर्षा हो जाय अथवा जोर का वायु चले तो उस देश मे अकाल पडेगा।

(१०)

चैती पहली पचमी, वरखा किम्वा बीज।
सातमे श्रावण हरै, नौमे भादर लीज॥

चैत कृष्णा पचमी को वर्षा हो, बिजली चमके तो श्रावण कृष्णा सप्तमी को या भाद्रपद कृष्णा नवमी को वर्षा होगी।

(११)

चैत्र वदी पाचम दिने हस्त नखत लो जाण।
विरखा बादल होय तौ, समयो आछो जाण॥
इण दिन जो आ जाय, भौम और बुधवार।
घी गेहूँ मूघा बिकै, ऐसा शकुन विचार॥*

---

* इनके विपरीत—

चैत वदी पाचम दिना, हस्त नखत ने पेख।
बीज गाज बादल तथा, धुन्ध होय तो देख॥

चैत्र कृष्णा पचमी को हस्त नक्षत्र हो और इस दिन यदि वर्षा किम्वा बादल हो तो आगामी वर्ष अच्छा होगा। कदाचित इस दिन मगल या बुध वार आ जाय तो परिणाम स्वरूप घी, गेहूँ मँहगे बिकेंगे।

(१२)

चैत्री पहली पंचमी, हस्त नखत जै होय।
गाज बीज धुध बादला (तो) समयो आछो होय॥*

चैत्र कृष्णा पचमी को हस्त नक्षत्र हो और इस दिन आकाश मे बादल हो, गर्जना हो, बिजली चमके, कुहरा हो तो आगामी वर्ष अच्छा होगा।

(१३)

दुतिया सू पाँचम तलक, चैत वदी के माँय।
जै विरखा हो जाय तो. आगे खेंच कराय॥

चैत्र कृष्णा द्वितीया से पचमी तक यदि वर्षा हो तो आगामी वर्षा-काल मे वर्षा की कमी रहेगी।

(१४)

चैत अधारी सप्तमी, जे मेघ झुके आकाश।
लाल वस्तु सूघी बिकै, फल होवे दो मास॥

---

* ई लक्खरा विरखा नही, समो करवरो जाण।
जै ए नहि हुवै, तो आछौ समयो माण॥

चैत्र कृष्णा पचमी को हस्त नक्षत्र हो और इस दिन आकाश में बिजली चमकती हो, गर्जना होती हो, बादल हो एव धुन्ध दिखाई दे तो, इन लक्षणो से इस वर्ष वर्षा नही होगी और यदि इस दिन ये लक्षण नही होगे तो यह वर्ष उत्तम रहेगा।

चैत्र कृष्णा सप्तमी को आकाश मे बादलो का घटाटोप छा जाय तो दो महीनो के अन्दर ही लाल वस्तुएँ सस्ती हो जावेगी।

(१५)

चैत अंधारे पाख की, दसमी कोरी जाय।
तौ चौमासे बादला, भली भाँति बरसाय ॥*

चैत्र कृष्णा दशमी कोरी ही निकल जाय तो आगामी (चातुर्मास) वर्षाकाल मे वर्षा भली प्रकार से होगी।

(१६)

चैत कृष्णा दशमी कदी, बादल बिजली होय।
तो जाणो चित मायने, गरभ गल्या सब जोय ॥

चैत्र कृष्णा दशमी को आकाश मे बादल दिखाई दे, बिजली चमके तो यह समझ लें कि, वर्षा का गर्भ नष्ट हो गया। अतः आगामी वर्षा-काल मे वर्षा का रग ढग होते हुए भी वर्षा धोखा दे देगी।

(१७)

पाचम नम तेरस दिनां, चैत वदी के माँय।
जे विरखा हो जाय तौ, गरभ गल्या केवाय ॥

चैत्र कृष्णा पचमी, नौमी और त्रयोदशी के दिनो मे यदि वर्षा हो जाय तो वर्षा काल मे बरसने वाले मेह का योग गल गया है अतः वर्षा की हानि होगी।

---

* चैत्र मास दस कृष्ण का, जे कबु कोरा जाय।
तौ चौमासे बादला, भली भाँति बरसाय ॥

(१८)

चैत अधारी पचमी, तेरस तक ले जोय।
फल इणरोयू होवसी, जे आभो निरमल होय ।।
भान आदरा आय कर, चित्रा तक जद जाय।
ई दिना के माँयने, बोली विरखा थाय ।।

चैत्र कृष्णा पचमी से त्रयोदशी तक के इन नौ दिनो मे यदि आकाश निर्मल रहे तो इस लक्षण से यह निश्चित है कि जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र से चित्रा तक जावेगा तब तक वर्षा बहुत होगी।

इसे यो समझे—चैत्र कृष्णा पचमी से आद्रा नक्षत्र मे, षष्ठि से पुनर्वसु नक्षत्र मे, सप्तमी से पुष्य नक्षत्र मे इस क्रम से जिस दिन आकाश निर्मल होगा उस दिन के हिसाब मे उस नक्षत्र पर जब तक सूर्य रहेगा, बहुत वर्षा होगी।

(१९)

तेरस काली चैत दिन, सनीवार जे आय।
भान मीन पण आय तो, मूघो धान बिकाय ।।

चैत्र कृष्णा त्रयोदशी के दिन शनिवार हो और मीन की सक्राति लगे तो यह ऐसा योग बन जाता है कि तत्काल ही अन्न मँहगा हो जाता है।

(२०)

चैत मास ने पख अधियारा। आठम चवदश दो दिन सारा ।।
जिण दिस बादल उण दिश मेह।
जिण दिश निरमल उण दिश खेह ।।
गाज बीज धरणी धरडावै। जोशी समौ बुरौ बतावै ।।

चैत्र कृष्णा अष्टमी, चतुर्दशी इन दो दिनों में समस्त दिन भर जिस किसी दिशा से बादल आते रहेंगे तो वर्षा काल में उस दिशा मे पर्याप्त वर्षा होगी। जिस दिशा में इसके विपरीत लक्षण दिखाई दें अर्थात् आकाश मे बादल आदि न हो तो उधर वर्षा का अभाव ही रहेगा। ज्योतिषी कहता है कि, इन दिनो मे यदि बिजली कडके, आकाश की गर्ज ना हो तो आगामी वर्ष अच्छा नही बीतेगा।

(२१)

आठम चवदश चैत की, कृष्ण पक्ष जो होय।
आभै बादल उत्तर हवा, समयो आछो होय॥

चैत्र कृष्णा अष्टमी और चतुर्दशी को आकाश मे बादल हो और उत्तर दिशा का वायु हो तो कृषि उत्तम होगी।

(२२)

चैत्री मावस जेता घडी, बरती पत्रा माँय।
तेता सेरा चतर नर, कातिग धान बिकाय॥*

चैत्र कृष्णा अमावस्या पचाँग मे जितनी घडी होगी आगामी कार्तिक मास मे अन्न उतने सेर के भाव से मिलेगा।

(२३)

नक्षत्रों से वर्षा ज्ञान

चैत अधारे पाख मे, नौ दिन गिरणजै एह।
पाँचम सू तेरस तलक, जो आवे सो लेह॥

---

* यह उक्ति इस प्रकार भी मिलती है—

अमावस तो जेटली घडी, बरती पत्रा माय।
भडली सेरज तेटला, कार्तिक अन्न बिकाय॥

नोट—वृष्टि प्रबोध में यहाँ सेर के स्थान पर 'पायली' शब्द मिला है।

इरा दिनां में देखलो, आभो निरमल होय ।
सूरज आदरा आविया· चित्रा तक लो जोय ॥
तिथि क्रम मेलवो, आदरा आदी होय ।
चौमासे इरा क्रम थकी, लेवो विरखा जोय ॥

चैत्र कृष्णा पचमी से त्रयोदशी तक नौ दिनो मे जिन-जिन दिनो मे आकाश निर्मल हो तो सूर्य के आर्द्रा पर आने से क्रम पूर्वक तिथि एव नक्षत्रानुसार बहुत वर्षा होगी । जैसे—पचमी से आर्द्रा, षष्ठी से पुनर्वसु, सप्तमी से पुष्य को उन-उन नक्षत्रानुसार वर्षा होगी ।

(२४)

मूल नखत सू भरणी तलक, चैत वदी के माय ।
बादल विरखा होय तो, चौमासे विरखा नाय ॥
निर्मल आभो दीखसी, दिक्खन वायु होय ।
सूरज आदरो आविया, क्रम सू बिरखा जोय ॥

चैत्र कृष्ण पक्ष मे मूल से भरणी तक इन ग्यारह नक्षत्रो मे आकाश मे बादल हो, वर्षा हो तो वर्षा काल मे अनावृष्टि होगी । किन्तु इन दिनो मे आकाश निर्मल हो, दक्षिण दिशा का वायु हो तो जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र पर आवेगा तब क्रमश·—नक्षत्रानुसार—वर्षा होगी । अर्थात् मूल से आर्द्रा, पूर्वाषाढा से पुनर्वसु, इस प्रकार से क्रमश इन नक्षत्रो से वर्षा होगी ।

(२५)

असनी गलियां अन्न विनासै । गली रेवती जल ने नासै ।
भरणी नासै तृण सहूतो । कृतिका बरसै अन्न बहुतो ॥

चैत्र मास मे अश्विनी नक्षत्र मे वर्षा हो तो आगामी चातुर्मास मे अन्न नही उपजेगा । रेवती मे वर्षा हो जाय तो वर्षा काल मे वृष्टि होगी ही नही । भरणी मे मेह हो तो घास का भी नाश हो जावेगा । यदि इस मास मे कृतिका नक्षत्र मे वर्षा हो जाय तो अन्त मे अच्छी वर्षा हो जाती है ।

वैशाख मास शुक्ल पक्ष

(१)

*सुद वैसाखा प्रथम दिन, बादल बीज करै ।
दामा बिना विसायजे, पूरी साख भरै ।।

वैशाख शुक्ला प्रतिपदा को आकाश मे बादल हो, बिजली चमके तो कवि कहता है कि आगामी फसल के लिये बिना दाम दिये अर्थात् उधार लाकर कृषि मे लगा दो क्योंकि पूर्ण वर्षा होने की सम्भावना है। अत पूर्ण कृषि होगी और ऋण चुक जावेगा ।

(२)

पडवा सुद वैसाख की, भरणी रिछ जो होय ।
ढाढा पोषण वासते, घास घणेरो होय ।।

वैशाख शुक्ला प्रतिपदा के दिन भरणी नक्षत्र हो तो वर्षा काल मे इतनी वर्षा होगी कि जिससे पशुओ के लिये घास बहुत होगी ।

(३)

वैसाख सुदी एकमे, घटाटोप हुइ मेह ।
धान घणेरो सग्रहो, समो न होवे तेह ।।

---

* ये उक्ति निम्न रूप से भी मिली है —

१ वैसाखी पडवा दिने, बादल बीज करेह ।
दाणा वेची धनकरो पूरी साख भरेह ।।

२ वैसाखी पडवादिने, बादल बीज करेह ।
दाणा वेची धनकरो भरडी साख भरेह ।।

३ वैसाख सुदी प्रथम दिन, बादर बिज्जु करेह ।
दामा बिना बिसाहिके पूरी साख भरेह ।।

वैशाख शुक्ला प्रतिपदा को आकाश मे बादलो का घटाटोप ही रहे तो निर्वाह के लिये अन्न एकत्रित कर लेना चाहिये क्योकि इस वर्ष फसल नही होगी।

(४)

पडवा दूज वैसाख की, होय उजाले पाख।
बादल थिर रह जाय तो, आछी निपजै साख॥

वैशाख शुक्ला प्रतिपदा और द्वितीया इन दोनो दिन आकाश मे बादल स्थिर रह जाय तो फसल अच्छी होगी।

(५)

‡वैसाख ऊजली बीज ने, उत्तर ऊगे चन्द।
तो जाणीजे भड्डुली, इला अवतरिये अन्द॥

वैशाख शुक्ला द्वितीया को चन्द्रमा उत्तर दिशा की ओर उदय हो तो यह निश्चित रूप से मान ले कि, बहुत वर्षा होगी।

(६)

पडवा दूज वैसाख की, आभै बादल छाय।
चौमासे विरखा घणी,, इन्दर दौड्यो आय॥

---

‡ मास वैसाखा जेठ मे, ध्रु दिस ऊगै चन्द।
अन्न निपजैला मोकलो, विरखा करै अणन्द॥

वैशाख मे अथवा ज्येष्ठ मास मे चन्द्रोदय के दिन आकाश मे देखें। इस दिन चन्द्रमा यदि उत्तर दिशा मे उदय हो तो इस लक्षण से यह निश्चित है कि इस वर्ष, अन्न की उत्पत्ति बहुत होगी और वर्षा भी अच्छी होगी।

वैशाख शुक्ला प्रतिपदा और द्वितीया को आकाश मे बादल छाये हुए रहे तो आगामी वर्षाकाल मे बहुत वर्षा होगी ।

(७)

आखातीज दूज की रात । बैठ अपर्चन सुणाले वात ।।
गोष्ठी दम्पति कोई करै । ताकी सुण सब हिरदै धरै ।।
राडे राड़ दुखी दुख जाणी । सम्पत सम्पत्ति विपत कुछ हाणी ।।
इण विध सुकन वर्ष प्रति लेई । पैज बाध आगम कह देई ।।

सम्पूर्ण वर्ष के भावीफल को जानने के लिये वैशाख शुक्ला द्वितीया की रात्रि मे कही एकान्त मे बैठे·· ···सोते दम्पति की बाते छुपकर सुने । यदि परस्पर लडने-झगडने का ढग हो तो, वर्ष भर लडाइयाँ ही होगी । कदाचित यह युगल परस्पर दुखी हो तो, दुख का वातावरण रहेगा । यदि किसी प्रकार की विपत्ति मे होगा तो इसका प्रभाव हानि कर होगा । सद्भाग्य से इन मे परस्पर प्यार-स्नेह आदि से ये प्रसन्न प्रतीत हो तो देश मे आनन्द ही रहेगा ।

(८)

सुद वैसाखा तीज ने, आभै वादल छाय ।
विरखा अवशै आयली, पण प्रजा रुग्ण होजाय ।।

वैशाख शुक्ला तृतीया को आकाश मे बादल छाये रहे तो आगामी वर्षाकाल मे वर्षा, तो अवश्य आवेगी किन्तु, प्रजा मे रोग फैल जावेगा ।

(९)

आखातीज दूज की रैण । जाय अचानक आचौ सैण ।।
कछुक चीजमाभो नट जाय । तो जाणीजे काल सुभाय ।।
हस कर देय नटे नहिं कोय । माधा सही जमानो होय ।।

शुभ वाणी सूं शुभ हुवे, अशुभ दुःख की खाण ।
मीठी वाणी शुभ करै, कड़वी सू कुछ हांण ।।

अक्षय-तृतीया जैसे शुभ दिन में वर्ष भर का शुभाशुभ शकुन देखने के लिये कवि माघ नामक व्यक्ति को सबोधन करते हुए कहता है— द्वितीया की रात्रि मे अचानक जाकर अपने किसी स्वजन से किसी वस्तु को मागो। इस प्रकार से मागी गई वस्तु के लिये यदि वह इन्कार हो जाय तो समझ लेना चाहिये कि इस वर्ष, अकाल होगा। किन्तु माँगने पर हसते हुए उसने आपकी इच्छित-वस्तु आपको दे दी तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा, ऐसा समझें।

यह निश्चित है कि, इस प्रसग पर यदि आपके प्रति वह व्यक्ति कोई अशुभ वाणी कहे तो यह वर्ष दुःखदायी रहेगा। इसके विपरीत प्रिय एव मीठी वाणी का फल शुभ ही होगा।

(१०)

*अखैतीज के तिथ दिना, गुरु रोहण सजुत्त ।
भद्रबाहु गुरु कहत है, निपजै नाज बहुत्त ।।

वैशाख शुक्ला तृतीया को गुरुवार के साथ रोहिणी नक्षत्र आजाय तो भद्रबाहु गुरु कहते हैं कि, इस वर्ष अन्न बहुत उत्पन्न होगा।

(११)

आखातीजा उत्तर वाजे ।
(तौ) दिन इक्कीसा इंदर गाजे ।।

---

* इस सम्बन्ध मे निम्न उक्तियें भी मिली हैं—

१ अखैतीज तिथि के दिना, गुरु होवे सजूत ।
तौ भाखै यू भड्डली, उपजै नाज बहुत ।।

२. अखैतीज तिथि के दिना गुरु रोहिणी सजूत ।
सहदेव जोषसी यू कहे, निपजै नाज बहुत ।।

पच्छम वायु मुख की खाण ।
दक्खण वायु करै खड हाण ।।
पूरब वायु अखण्डी होय ।
निपजै अन्न न जीमै कोय ।।

अक्षय-तृतीया के दिन उत्तर दिशा का वायु, इक्कीस दिन वर्षा का योग बनाता है। इस दिन वायु पश्चिम का हो तो यह सुख की खान माना जाता है। इस दिन, दक्षिण दिशा का वायु कृषि के लिये हानि-कारक है। यदि यह वायु पूर्व दिशा का हो तो इस वर्ष अन्न बहुत होगा जो खाया नही जावेगा

(१२)

वायु द्वारा वर्षा ज्ञान ।।

आखातीजा के दिना, कर वायु को ज्ञान ।
समयो कैसो नीपजै, निश्चै करने जाण ।।
पूरब उत्तर वायरो, आछो समो बताय ।
दिक्खण अग्नी चालताँ, काल पडेलो आय ।।
वायु पच्छम चालता शुभ सम्वत ले धार ।
बोहली विरखा होवसी, सुख पावै नर नार ।।

अक्षय-तृतिया के दिन जिस दिशा का वायु है, इसके आधार पर वर्ष के शुभाशुभ का निश्चय करे। इस दिन पूर्व एव उत्तर का वायु हो तो फसल के लिये उत्तम है। दक्षिण एव अग्नि कोण का वायु अकाल सूचक है। सद्भाग्य से इस दिन पश्चिम का वायु चले तो यह शुभदायक होगा और पर्याप्त वर्षा होने के कारण लोग सुखी होगे।

(१३)

आखातीजा के दिना, कर वायु को ज्ञान ।
समयो कैसो नीपजै, निश्चै मन ले जाण ।।

ईशाण पूरब उत्तरा, सुवृष्टि अर सुगाल ।
दिक्खण नेरुत अगनी हुया, अलपमेह अर काल ।।
वायव कूण सू अन बघे, पण टीड आय खाजाय ।
पच्छम सू विरखा घणी, पुहुमी सुख न समाय ।।
भूलै चूकै वायरो, जे चारू दिश हो जाय ।
सुख नहिं पावे मानवी, विग्रह अवश कराय ।।

अक्षय-तृतिया के दिन ईशाण कोण, पूर्व एव उत्तर दिशा का वायु इस वर्ष के लिये सु-वृष्टिकारक एव सुभिक्षदायक होगा। वायव्य कोण का हो तो अन्न की उत्पत्ति तो होगी किन्तु टिड्डियो द्वारा अन्न नाश होगा। पश्चिम का वायु, अधिक वर्षाकारक एव सुखदायक होगा। किन्तु नैऋत्य कोण एव दक्षिण का वायु, वर्षा की कमी तथा दुर्भिक्ष सूचक रहेगा। कदाचित इस दिन वायु चारो ही दिशा मे चले तो इस वर्ष विग्रह अवश्य होगा, परिणाम स्वरूप लोग सुख नही पावेंगे।

(१४)

आखातीज तणे दिन जो, पहर चौथ लो विचार ।
घडी बे पूर्व वायसे जी, असाडे मेह नो निरधार ।।
घडी बे उत्तर वायसे जी, श्रावणे मेह नो गाज ।
घडी बे पश्चिम नो होवेजी, तो भादरवे मेह नो वास ।।
घडी बे दक्षिण वायसे जी, तो ए सही निरधार ।
आसोजे विरखा होवेजी, एतो पाछलो पहर विचार ।।

अक्षय-तृतिया के पिछले प्रहर की आठ घडियो में वायु प्रथम की दो घडी पूर्व का हो तो वर्षा आषाढ मे होगी। दूसरी दो घडियो मे उत्तर का वायु होतो वर्षा श्रावण मे होगी। तीसरी दो घडियो मे वायु पश्चिम का हो तो वर्षा भाद्रपद मे होगी और शेष दो (चौथी) घड़ियों में वायु दक्षिण का हो तो वर्षा आश्विन मे होगी।

(१५)

मध्याह्न-सूर्य के वर्ण से वर्षा ज्ञान

आखातीज दुपार की विरियां, भाण्डो जल सू पूर ।
जिण दिश सूरज लाल व्है, उण दिश जुद्ध जरूर ।।
लीली पीली होय तो, रोग भय कराय ।
टीड ऊदरा धूघले, धौलो भलो केवाय ।।

अक्षय-तृतिया के दिन मध्यान्ह को किसी बरतन मे जल भरकर, इस जल मे सूर्य का प्रतिबिम्ब देखो । इस पात्र मे सूर्य का रग जिस दिशा मे लाल दिखाई देगा उस दिशा मे अवश्य ही युद्ध-विग्रह होगा । नीला या पीला दिखाई दे तो रोग का भय होगा । इसके विपरीत श्वेत दिखाई देने से इस वर्ष सुभिक्ष होगा । कदाचित् यह धुन्धला (अस्पष्ट) दिखाई दे तौ कृषि पर टिड्डियो एव चूहो का आक्रमण होगा ।

(१६)

आखातीजा साझ का, करो एकठो धान ।
मन मे निश्चै धारकर, लेवो सातू धान ।।
जा खेता मे ऊभकर, पूरब दिश लो हेर ।
जूदा-जूदा राख कर, करो वृक्ष तल ढेर ।।
पड्यौ रात मे यूं ही राखौ, दिगुण्यां ध्यान लगावो ।
समयो कैसो नीपजै, आगम बात बतावो ।।
बिखरी ढेरी देख कर, समझो मनके माय ।
ओ ही नाज निपजसी, इण मे संशय नाय ।।
साबत ढेरी देख कर, मन ने यूं समझावो ।
ए धान नही नीपजे, 'वर्ष प्रबोध' दिखावो ।।‡

‡ वर्ष प्रबोध पृष्ठ २७१ श्लोक स० २४६

अक्षय-तृतिया की सायकाल के समय पृथक-पृथक सातो अनाज लेकर किसी एकान्त स्थान की ओर पूर्व दिशा मे स्थित किसी पेड के नीचे इनकी अलग-अलग ढेरियें लगा दें। ये ढेरिये वहाँ रात भर पड रहे। दूसरे दिन प्रात काल जाकर इन्हे देखें। जिस अनाज की ढेरी बिखरी हुई होगी, इस वर्ष वह अनाज बहुत उत्पन्न होगा। जो ज्यो की त्यो पडी मिले उन-उन अनाजो का उत्पादन नही होगा, ऐसा 'वर्ष-प्रबोध' नामक सस्कृत ग्रन्थ का उल्लेख है।

(१७)

सियार द्वारा वर्ष ज्ञान

आखातीजा रात ने, जे नहि बोले स्याल।
खड पाणी बिन मानवी, मोटो पडे दुकाल॥
पूरब उत्तर बोलता, समयो भलो कहन्त।
पिच्छम कहिजे करवरो, दिक्खण काल महन्त॥
चहुदिश एक टहूकडो, वरस बडो विकराल।
कोइयक जावे मालवे, कोइयक सिंधा पाल॥

अक्षय-तृतिया की रात्रि में ध्यान पूर्वक सियार (गीदड) की आवाज को सुनना चाहिये। यदि इस रात्रि भर सियार बोले ही नही तो इस वर्ष भयकर अकाल होगा और घास बिना पशु एव जल बिना मनुष्य कष्ट पावेंगे। यदि यह आवाज पूर्व किम्वा उत्तर दिशा की ओर से सुनाई दे तो वर्ष शुभ होगा और फसल अच्छी होगी। पश्चिम दिशा की ओर से इस आवाज का सुनाई देना सूचित करता है कि अन्नोत्पादन साधारण ही होगा। किन्तु दक्षिण दिशा की ओर से इसका सुनाई देना महान अकाल का सूचक है। कदाचित इस रात्रि मे सियार चारो दिशाओ मे बोलते हुए सुनाई दे और एक ही आवाज करे तो निश्चय

समझ लें कि इस वर्ष ऐसा भयकर अकाल पडेगा कि, कइयों को मालवे की ओर और कइयों को सिन्ध से पार जाना पडेगा।

(१८)

पहली पौरा रात ने, जम्बुक नाद करै।
पहले मास जो बरसना, नाडा नीर भरै॥
दूजी पौरा लागता, जम्बुक बोले जोर।
सावण मे विरखा घणी, मगल गावै मोर॥
तीजा पोरा रात ने, रुवाला राग करन्त।
भादवडे सरवर भरे, परजा भोग भरन्त॥
चौथी पोरा रात ने, जम्बुक बोले वन्न।
खड पाणी जह तह हुवै, रग रूली बहु अन्न॥
प्रहर प्रहर मास जु जाणिये, दिश दिश तणा विचार।
जिण दिश जम्बू बोले बहुत, तिण दिश मेह अपार॥
कम बोल्या कम समो, अधिका अधिक समोय।
जिण दिश बोली ना सुणो, काल पड्यो लो जोय॥

वैशाख शुक्ला तृतिया (अक्षय-तृतिया) की रात्रि के चारो प्रहरों मे सियार की आवाज से वर्षा को शुभाशुभ का ज्ञान करें। प्रथम प्रहर मे बोले तो वर्षाकाल के प्रथम मास आषाढ मे वर्षा होगी। द्वितीय प्रहर मे बोले तो श्रावण मे, तीसरे प्रहर मे बोले तो भाद्रपद में और चौथे प्रहर मे बोले तो आश्विन मे वर्षा होगी। किन्तु साथ में यह भी ध्यान रखें कि जिस प्रहर में जिस दिशा में बोले तो उसके क्रम से जो मास होगा और जो दिशा होगी उधर ही उसका फल होगा। जिस दिशा मे अधिक बोलेगा, उस दिशा मे अधिक और कम बोलने पर कम वर्षा होगी। जिस दिशा से आवाज ही नही आवेगी उस दिशा में अकाल होगा।

(१९)

प्रथम पूर्व उत्तर भलो, समयो भलो कहन्त ।
पच्छम कहिजे करवरो, दिक्खण काल करत ॥
चहुँ दिश एक टहूकडो, बरस बड़ो विकराल ।
कइयक जावे मालवे, कइयक गगा पार ॥
आखातीजा रातडे, जे नहि बोले स्याल ।
खड़ अम्बू बिन मानवी, मोटो पडे दुकाल ॥

सर्व प्रथम सियार की आवाज़ पूर्व या उत्तर की ओर से सुनाई दे तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा। पश्चिम से सुनाई दे तो कृषि मध्यम। किन्तु दक्षिण की ओर से हो तो दुर्भिक्ष होगा । समस्त रात्रि मे सियार एक ही बार बोले तो भयकर अकाल होगा जिसके कारण जीवन निर्वाहार्थ मनुष्यो को मालवे की ओर अथवा गगा के पार जाना पडेगा। इसी प्रकार यदि समस्त रात्रि भर सियार बोले ही नहीं तो भयकर अकाल होगा ।

(२०)

सूर्य एवं चन्द्रमा द्वारा वर्षा ज्ञान

आखातीजा सांझका, देख चान्द अर भान ।
समयो कसो होवसी, करले झट अनमान ॥
बायो चन्दो वित्त हणे, दायो करै सुगाल ।
सामा सामा सचरिया, पडे अचिन्तो काल ॥

अक्षय-तृतीया के दिन सायकाल को आकाश मे सूर्य एव चन्द्रमा की ओर देखें। यदि चन्द्रमा, अस्त होते सूर्य से दक्षिण मे होतो वन-पशु आदि की हानि और दुर्भिक्षकारक होगा, और यही उत्तर मे हो तो

सुभिक्षकारक होगा । कदाचित, चन्द्रमा, सूर्य के स्थान पर ही-सम्मुख—हो तो इस वर्ष, अन्न अत्यन्त महँगा हो जावेगा । अर्थात् अचानक ही अकाल के लक्षण प्रतीत हो जावेंगे ।

(२१)

आखातीजा परवा बाजै,
तो असलेखा गहरा गाजै ।
भीजै राजा राणी भूलै,
रोग दोख मे परजा झूलै ॥

अक्षय-तृतिया के दिन पुरवा हवा चले तो जब सूर्य आश्लेषा नक्षत्र पर आवेगा तब बादलो की गर्जना बहुत होगी और खूब मेह बरसेगा । सस्य श्यामला भूमि को देखकर राजा-राणी मनमे मुदित होंगे । किन्तु, अत्यधिक वर्षा के कारण प्रजा रोग-दोष मे झूलेगी अर्थात् ज्वरादि व्याधियो के कारण कष्ट मे होगी ।

(२२)

जल बरसै मुख सर्पणी, अश्लेषा मे जोय ।
ताव तिजारी नारवो, जानू डहरू होय ॥

अश्लेषा नक्षत्र मे वर्षा हो तो शरद-ऋतु की (रबी की) फसल तो उत्तम होगी किन्तु प्रजा मे इकतरा, तिजारी आदि ज्वर, नहरुवा, जानु, डहरू आदि रोग होगे ।

(२३)

कृतिका रोहणी मृगसिर, आखातीजां होय ।
मध्यम चोखो अर बुरो, क्रम सू समयो जोय ॥

अक्षय-तृतिया के दिन कृतिका नक्षत्र हो तो फसल मध्यम, रोहिणी हो तो उत्तम और मृगशिरा हो तो इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा ।

(२४)

आखातीजा के दिना, जे ती रोहण होय ।
ते ती समयो होवसी, जाण लेवो सब कोय ।।

अक्षय-तृतिया के दिन रोहिणी नक्षत्र जितनी घडी होगा उस वर्ष उसी प्रमाण से कृषि होगी । अर्थात् सम्पूर्ण हो तो पूरी होगी । इसके परिणाम स्वरूप रस तथा धान्य सस्ते होगे ।

(२५)

आखातीजा पीठ दे, वावल आवै मोडी ।
*जो वेगी दिन पाँच सात, त साख नीपजै थोडी ।।

अक्षय-तृतिया के बाद आन्धी विलम्ब करके (बहुत दिन बाद) आवे तो वर्षा ऋतु की वर्षा द्वारा अन्न बहुत होगा । कदाचित यह पाँच सात दिन मे ही आजाय तो अन्न का उत्पादन कम होगा ।

(२६)

आखातीजा इक मास दे वावल आवै काली ।
(तो) भर भादवडे गाजसी, मेघ घटा मतवाली ।।

अक्षय-तृतिया के एक मास बाद काली-पीली आन्धियें आवे तो वर्षाकाल मे भाद्रपद-मास मे मेघ उन्मत्त होकर बरसेंगे ।

(२७)

चन्द्र छोडे हिरणी, तो लोग छोडे परणी ।।

---

* चमत्कार मेघमाला नामक पुस्तक मे इस उक्ति की दूसरी पक्ति इस प्रकार से है —

जो वेगी दिन पांच दस, साख नीपजै थोडी ।

अक्षय-तृतिया को चन्द्रमा मृगशिरा नक्षत्र के तीनों तारो को छोड जाय अर्थात् इसके पूर्व ही अस्त हो जाय तो इस वर्ष, ऐसा भयकर अकाल पडेगा कि, लोग अपनी विवाहिता पत्नी तक को छोडकर अपने जीवन निर्वाह की चिन्ता मे पड जावेगे ।

(२८)

चौथ ऊजली वैसाख की, सिझ्या वायु जोय ।
जे उत्तर की हो जाय तो, समयो आछो होय ।।

वैशाख शुक्ला चतुर्थी की शाम को उत्तर दिशा की वायु चले तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा ।

(२९)

पाचू सुद वैसाख की, सिझ्या वायु देख ।
जे दिस पूरब होय तो, भादू मूघो पेख ।।

वैशाख शुक्ला पचमी की सायकाल को पूर्व दिशा का वायु हो तो इस के प्रभाव से भाद्रपद मास मे अन्न का भाव महँगा हो जावेगा ।

(३०)

सुद वैसाखा पचमी, आभो गरजै जोय ।
तृण सगरे कर राखलौ, भादू मूघो होय ।।

वैशाख शुक्ला पचमी को सायकाल के समय आकाश मे बादलो की गर्जना होती रहे तो इस वर्ष के लिये घास का सग्रह कर लेना चाहिये । क्योंकि भाद्रपद मे यह महँगा हो जावेगा ।

(३१)

सुद वैसाखां पचमी, रवी वार जो होय ।
विरखा थोड़ी होवसी, ध्यान देवो सब कोय ।।

सोम समन्दर भर देवे, मगल दगल जाण ।
बुध वावल आवसी, गुरु शुभ है पहचाण ।।
रगडा झगडा शुक्र मे, शनि रोग बरताय ।
आगम बाता देखकर, मन ने लो समझाय ।।

वैशाख शुक्ला पचमी को रविवार हो तो इस वर्ष, वर्षा कम होगी। सोमवार होने पर बहुत वर्षा होगी। मगलवार हो तो युद्ध, लडाई-झगडे होगे। बुधवार होने पर जोर से वायु (आँधियें) चलेगे॥ गुरुवार का आजाना इस वर्ष के लिये शुभ है। शुक्रवार आजाय तो परस्पर रगडे-झगडे (कलह) होगे और शनिवार आने पर प्रजा मे रोग-वृद्धि होगी।

(३२)

वैसाख सुदी पाचम दिना, आभे बादल छाय ।
पूरब रो वायु चलै, गाज मेह हो जाय ।।
सग्रह अन को कर लेवो, मान लेवो सब कोय ।
भादवडे के मायने, निश्चै मूघो होय ।।

वैशाख शुक्ला पचमी के दिन आकाश मे बादल हो, पूर्व का वायु चले, गर्जना हो, वर्षा होजाय तो अन्नका सग्रह कर लेना चाहिये। यह भाद्रपद माम मे महगा होवेगा।

(३३)

वैसाख सुदी सप्तमी, बादल बिजली होय ।
पूरब की वायु चलै, बून्दाबान्दी होय ।।
सग्रह अन को कर लेवो, समझो मन के माय ।
भादू मूघो होवसी, इण मे सशय नाय ।।

वैशाख शुक्ला सप्तमी को आकाश मे बादल हो, बिजली चमके,

पूर्व की वायु हो और बूदाबादी हो जाय तो इन लक्षणो को देखते हुए अभी से अन्न का सग्रह कर लेना चाहिये । क्योंकि निस्सदेह यह, भाद्रपद मे महगा हो जावेगा ।

(३४)

एकम सू सातम तलक, वैसाख सुदी के माय ।
गाज बीज मेह् वादला, समयो आछो थाय ।।

वैशाख शुक्ला प्रतिपदा से सप्तमी (इस एक सप्ताह) तक यदि बादल, बिजली, गर्जना एव वर्षा हो तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा ।

(३५)

सुदी वैसाखा अष्टमी, जे आवै शनिवार ।
काल पडे विरखानही, जुद्ध होय भरमार ।।

वैशाख शुक्ला अष्टमी को शनिवार आजाय तो इस वर्ष, वर्षा के अभाव से अकाल पडेगा और युद्ध भी होगा ।

(३६)

नवमी सुद वैसाख की, जे मेघाडम्बर होय ।
चौमासे विरखा नही, करसण मत कर कोय ।।

वैशाख शुक्ला नवमी को आकाश मे जोरदार बादल हो तो कोई भी कृषक, कृषि न करें । क्योकि वर्षा काल मे वर्षा का अभाव रहेगा ।

(३७)

*एकम सातम अष्टमी, नवमी लीजो जोय ।
वैसाख सुदी बादल 'हुया, विरखा वेगी होय ।।

---

* इसके एव प्रतिपदा के विपरीत निम्न उक्ति भी मिली है —
पडवा दसमी ऊजली, मास वैसाखा जोय ।
चौमासे विरखा नहीं, जे इण दिन बादल होय ।।

वैसाख शुक्ला प्रतिपदा, सप्तमी, अष्टमी और नवमी को आकाश में बादल हो तो वर्षा शीघ्र आवेगी ।

(३८)

सुद दसमी वैसाख की, शुभ वादल हो जाय ।
पूरब वायु भादवे, मूघो धान बिकाय ।।

वैशाख शुक्ला दशमी को बादल होना तो शुभ है किन्तु इस दिन पूर्व दिशा का वायु हो तो, भाद्रपद मास मे अन्न को महगा कर देता है ।

(३९)

वैसाख सुदी एकादसी, बादल बीज करेह ।
दूणा दाम विसाहिया, चित्त न साख धरेह ।।

वैशाख शुक्ला एकादशी को आकाश मे बादल हो, बिजली हो तो भविष्य के लिये दूने मूल्य पर भी खाद्यान्न सग्रह कर लेना चाहिये । क्योकि, चित्त मे यह विश्वास नही होता है कि, वर्षा काल मे अन्न की उपज हो जावेगी ही ।

(४०)

वैसाख सुदी ग्यारस बारस तेरसे,
बादल छांटा होइ बिजली गाज लसै ।
राज उपद्रव होइ तेहुँ आ वरसना,
छत्र भग इहिकालहि सब नर तरसना ।।

वैशाख शुक्ला एकादशी, से त्रयोदशी इन तीन दिनो मे बादलो की गर्जना हो, बिजली चमके, बूदाबादी हो, बादल हो तो इस वर्ष राज्यो मे उपद्रव होगे, राज्य किम्वा राज नष्ट होगे और लोग सुख एव शान्ति के लिये तरसेंगे, लालायित होगे ।

(४१)

वैसाख सुदी ग्यारसै, एहवा दीसै ठार ।
तेरस गाज बीजल खिवै, नहिं जाणीजै सार ।।

वैशाख शुक्ला एकादशी से त्रयोदशी तक बादलो की गर्जना हो, वर्षा हो, बिजली चमके तो समझ लेना चाहिये कि यह वर्ष सारहीन ही व्यतीत होगा । अर्थात् अकाल ही पड़ेगा ।

(४२)

सुद चवदस वैसाख की, जो बिरखा हो जाय ।
समयो आछो होवसी, मेह भलेरो थाय ।।

वैशाख शुक्ला चतुर्दशी को वर्षा हो जाय तो इस वर्ष वर्षा अच्छी होने से कृषि उत्तम होगी । अर्थात् सुभिक्ष होगा ।

(४३)

वैसाख सुदी पूनम दिना, जे विरखा हो जाय ।
भादूडा के मायने, मूघो धान कराय ।।

वैशाख शुक्ला पूर्णिमा के दिन यदि वर्षा हो जाय तो आगामी भाद्रपद मे अन्न महगा होगा ।

(४४)

*वैसाखी पूनम दिने, मेह आरम्भ करेह ।
धान मूघो होवसी, भडली वचन सुणेह ।।

---

* इस उक्ति के पक्ष और विपक्ष मे निम्न उक्तिये उपलब्ध हुई हैं '—

विपक्ष मे—

वैशाखा पूनम दिवस मेहारम्भ करै । धान मूहगो भादवै, भडली वेण धरै।।

पक्ष अर्थात् समर्थन मे—

जै वैसाखी पूनमे मेहारम्भ करै । धान महगो भादवै, भड़ली वचन धरै ।।

वैशाख शुक्ला पूर्णिमा को वर्षा प्रारम्भ हो जाय तो भविष्य मे अनाज महगा हो जावेगा ।

(४५)

वैसाख मास के मायने, पाच होय रविवार ।
काल पडे विरखा बिना, दुख पावै नर नार ॥

वैशाख मास मे पाँच रविवार होने से वह वर्ष अकाल का होगा और प्रजा दु ख पावेगी ।

(४६)

पाचम सातम नवमी, ग्यारस तेरस जोय ।
वैसाख सुदी मे विरखा हुया. आछी विरखा होय ॥

वैशाख शुक्ला पचमी, सप्तमी, नवमी, एकादशी और त्रयोदशी के दिनो मे वर्षा हो तो वर्षा काल मे अच्छी वर्षा होगी ।

(४७)

वैसाख मास के मायने, पाच मगल आजाय ।
अग्नि भय व्यापे बहु, विरखा भी खिच जाय ॥

वैशाख महीने मे पाँच मगलवार आने से उस वर्ष अग्नि का प्रकोप होगा और कही-कही वर्षा भी विलम्ब से आवेगी ।

(४८)

वैसाखा जे घरा करै, पाँच वरण आकास ।
तो जाणीजे भड्डली, पुहमी नीर निवास ॥

वैशाख महीने मे आकाश मे पचरगे बादल दिखाई दे तो भडली को सम्बोधन करते हुए कवि कहता है, पृथवी पर जल का निवास ही होगया है, ऐसा समझ लें ।

(४६)

‡वैसाखे बादर पचरग । अथवा चमकै बिजली सग ।।
तो अनेक घन जग बरसाई । सावरण मे बहु अन्न नसाई ।।

वैशाख महीने में आकाश मे पचरग बादल दिखाई दे साथ मे बिजली चमकती हो तो इन लक्षणो को देखकर कवि कहता है, वर्षाकाल मे बहुत से बादल आ-आकर जल बरसा देंगे यहाँ तक कि, श्रावण का अन्न नष्ट हो जावेगा ।

(५०)

†आखातीज रोहरण ना होई । पौष अमावस मूल न जोई ।।

---

‡ इस उक्ति के विपरीत निम्न भी मिली हैं ,—

१ बादल जो वैसाख मे, दीख पड़ै पचरग ।
अथवा मेघ वर्षंही, चमक बीजु के सग ।।
तौ चौमासे वर्षंही, मेघ मही पर जान ।
सावरण मे उपजै घरणो, नाज अनेक विधान ।।

२ पचरगा बादल हुवै, जे वैसाखा मास ।
गाज बीज व्है मोकली, तो कर फलरी यू आस ।।
भादरवा रे मायने, मेह बरसैलो आय ।
अन्न निपजैला मोकलो, लोग खुशी होजाय ।।

वैशाख मास मे पाँच वर्ण के बादल, बिजली एव गर्जना बहुत हो तो ये शुभ लक्षरण हैं । इन लक्षणो के आधार पर वर्षा-ज्ञान के वेत्ता कहते हैं कि उस वर्ष भाद्रपद मास मे वर्षा होगी और अन्न का उत्पादन बहुत होगा ।

† आखातीजा न रोहरणी, पौसी न दीखै मूल ।
राखी सरवरण नहिं मिल्या, चहूँदिस उडसी धूल ।।

राखी श्रवणो हीनविचारो । कातिक पूनम कृतिका टारो ॥
महि मांहे खल बल ही परकासै । कहत भड्डली धान बिनासै ॥

अक्षय-तृतीया को यदि रोहिणी न हो, पौष की अमावस्या को मूल न हो, रक्षा-बन्धन के दिन श्रवण न हो और कातिक पूर्णिमा को कृतिका न हो तो, इन लक्षणो से भड्डरी कहता है कि उस वर्ष, पृथ्वी पर दुष्टो का बल बढेगा और धान अर्थात् चावल (सम्भव है यहाँ अन्न का भी सकेत हो) की उपज नही होगी ।

(५१)

वइसाक जेटो तपे, टाड पडे जे पोस ।
खूब मरोडे खेड ुता, तो बाकडली मोस ॥

वैशाख और ज्येष्ठ मास की तीक्ष्ण गरमी और पौष मास में अधिक शीत ये लक्षण आगामी चातुर्मास मे अधिक वर्षा एव फसल का अच्छा पकना सूचित करता है । अत कवि कहता है कि इन लक्षणो को देख कर कृषक प्रसन्न होकर आनन्द मे उन्मत्त हो साभिमान अपनी मूँछो पर ताव देता है ।

ए तीन्यू आरख मिल्या, जग मे हुवै जय जयकार ।
तीन्यू जे नहिं मिले, तो समो करवरो धार ॥
सारा आरख मे ए सिरै, सुगणी केव्है सुजाण ।
पैली आरख देखकर, पाछे मेह बखाण ॥

पौष कृष्णा अमावस्या के दिन मूल नक्षत्र, वैशाख शुक्ला तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र और श्रावण शुक्ला पूर्णिमा के दिन श्रवण नक्षत्र न हो तो इस वर्ष चारो ओर धूल ही उडती रहेगी । सद्‌भाग्य से ये तीनो ही जिस वर्ष मिल जाते है तो इस वर्ष प्रजा मे सब प्रकार से आनन्द ही आनन्द होता है । इसलिये भविष्यवेत्ता को चाहिये कि वह सर्व प्रथम इन्हे देख कर ही भविष्यवाणी करे ।

(५२)

वइसाके लइ जेठ हुदि, जो कोरामण जाय ।
पकवाड तो तण मयें, माती वरखा थाय ॥

वैशाख महीने से ज्येष्ठ तक जो वर्षा की हवाएँ आकाश मे जाय तो इस लक्षण से तीन पक्ष अर्थात् डेढ मास के अन्दर-अन्दर अच्छी वर्षा होने की सूचना है ।

(५३)

झरनी आबे जाय, तो वरती पासी थाय ।
दरियो हैलोरे सडे, वगडे रांक उलाय ॥

ये वर्षा की हवाए (समुद्र से मानसून उठने से) छीटे गिराती हुई आकाश मे से जाय तो वे बरसती हुई वापस आती है । परिणाम स्वरूप नदियो मे बहुत पानी आता है और जगल के वृक्ष हरे-भरे हो जाते हैं ।

(५४)

आठम चवदस वैसाख री, दिक्खण वाजे वाय ।
गाज बीज भी होय तो, आछो मेह कराय ॥

वैशाख मास के कृष्ण या शुक्ल किसी भी पक्ष मे दक्षिण का वायु हो और बिजली का चमकना, बादलों का गरजना भी हो तो भविष्य मे अच्छी वर्षा की यह अग्रिम सूचना है, ऐसा समझें ।

(५५)

सिझ्या पड्या की बाद मे आभा कानी देख ।
रोहण पॉचू तारा थकी, ध्यान लगाकर पेख ॥
चन्दो होवे बीचमे, के लकाऊ हुय जाय ।
तो काल पडे परजा मरै, हा हा कार मचाय ॥

धूराऊ चन्दो हुया, निपजै आछी साख ।
सुभिक्ष क्षेम सारा हुवै, आ निश्चै मनमे राख ।।

वैशाख शुक्ल पक्ष मे रोहणी हो उस दिन सूर्यास्त के पश्चात 'पश्चिम दिशा मे चन्द्रमा को देखे । चन्द्रमा रोहिणी, जो पाच तारो द्वारा एक गाडी का आकार बन जाता है, इनके मध्य मे अथवा दक्षिण मे हो तो इस लक्षण से उस वर्ष भयकर अकाल होगा । कदाचित यह, उत्तर मे हो तो यह लक्षण शुभ है । अत उस वर्ष इसके प्रभाव से सुभिक्ष क्षेम एव अन्न की उत्पत्ति बहुत होगी ।

वैसाख मास कृष्ण पक्ष

(१)

पडवा कृष्ण वैसाख की, आभो लेवो जोय ।
भोर सम सूरुज ढक्यो, समयो आछो होय ।।

वैशाख कृष्णा प्रतिपदा को प्रात काल उदय होते हुए सूर्य को देखे । यदि यह बादलो से ढँका हुआ दिखाई दे तो, यह वर्ष अच्छा होगा अर्थात् इस वर्ष फसल उत्तम होगी ।

(२)

वैसाख वदी एकमे, बादल वायु सवार ।
मेह घणो बरसात मे, सुखी होय नर नार ।।

वैशाख कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादल वायु पर सवार

हुए दिखाई दे अर्थात बादल दौडते नजर आवे तो आगामी वर्षाकाल मे वर्षा बहुत होगी, जिसके परिणाम स्वरूप प्रजा आनन्दित होगी ।

(३)

वैसाखे अन्धारिये पडवा ऊनमणाय ।
जे दिस घन ऊनम्यो, बरसे मेह उलाय ।।

वैशाख कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादल उमड-उमड कर आवे, गर्जना करे तो जिस दिशा की ओर बादल उमडे हुए होगे, उधर वर्षाकाल मे इतनी वर्षा होगी कि नदी, तालाब आदि सब भरे ही रहेगे ।

(४)

जिण दिस आजे वादला, उण दिस साची जाँण ।
धन धान रसावली, भड़ली करै वखाण ।।

भडली, विशेष जोर दे कर कहता है कि, इस दिन जिस ओर बादल उमडेंगे उस दिशा मे धन-धान्य एव रसादि पदार्थ बहुतायत से होगे ।

(५)

पडवा कृष्णा वैसाख सू, सात दिना तक देख ।
घरण गरजै विजली खिवै, समयो आछो पेख ।।
उगै भारण दीखै नही, इरणा दिना के माय ।
विरखा आछी होवसी, इरण मे सशय नाय ।।

बैशाख कृष्णा प्रतिपदा से सात दिनो तक देखो । इन दिनो मे आकाश मे बादल गरजे, बिजली चमके तो वर्षा अच्छी होने से कृषि उत्तम होगी । इन दिनो मे उदय होता हुआ सूर्य बादलों के कारण दिखाई न दे तो अच्छी वर्षा होने मे लेश मात्र सशय नही है ।

(६)

पडवा कृष्ण वैसाख की, रिछ सू घडी मिलाव ।
कमती हुया विरखा कमी, इधके इधक बताव ॥

वैशाख कृष्णा प्रतिपदा की घडियों को इस दिन के नक्षत्रो की घडियो से मिलावें। यदि नक्षत्र की घडियो से वे कम हैं तब तो वर्षा कम होगी और कदाचित अधिक हुई तो आगामी वर्षाकाल मे वर्षा अधिक होगी।

(७)

सातम शनिवार की, वैसाख वदी के माय ।
भरणी कृतिका रोहणी, मृगसिर जे आजाय ॥
आवे मगल नक्षत्र पर, समझ लेवो सब कोय ।
कामी ताम्बो पीतल भी, अवशे मूघो होय ॥
श्रीफल सुपारी पीपरी, लाल वस्त्र मिल जाय ।
मगरे कर राखो सबी, मूघा मोल बिकाय ॥

वैशाख कृष्णा सप्तमी के दिन शनिवार हो और भरणी, कृतिका रोहिणी तथा मृगशिरा इनमे से किसी पर भी मगल हो तो काँसी, ताम्बा पीतल, नारियल, सुपारी, पीपर एव लाल वस्त्र इनका सग्रह कर लो। क्योकि आगे चलकर ये महँगे हो जावेंगे।

(८)

वद वैसाखां अष्टमी, गाज बीज बरसाय ।
लकाऊ वायु चल्या, समयो आछो थाय ॥

वैशाख कृष्णा अष्टमी को बादलो की गर्जना हो, बिजली चमके, वर्षा हो, दक्षिण दिशा का पवन हो तो वर्षाकाल मे अच्छी वर्षा होने से कृषि उत्तम होगी।

(९)

वद वैसाखा एकमे, नवमी निरती जोय ।
जे घण दीसे उणमणा, वरसै सगला लोय ॥

वैशाख कृष्णा प्रतिपदा और नवमी के दिनो को ध्यान पूर्वक आकाश की ओर देखे । इन दिनो मे आकाश मे बादल उमडते हुए दिखाई दे (गर्जना करे) तो वर्षाकाल मे सर्वत्र वर्षा होगी ।

(१०)

ग्यारस वद वैसाख की, मेघ प्रबल् होजाय ।
अन बेचो करसण करौ. समयो आछो थाय ॥

वैशाख कृष्णा एकादशी को आकाश मे मेघ प्रबल हो तो सचित अन्न को बेच दो और कृषि मे जुट जाओ । क्योकि, यह उत्तम कृषि होने का योग है ।

(११)

वद वैसाखा तेरसे, रवि मगल जे आवे ।
पान खाण्ड सीधो नमक, मूघो होय बतावे ॥

वैशाख कृष्णा त्रयोदशी को रवि, मगल इन मे से कोई-सा वार हो तो, पान, खाण्ड अर्थात चीनी, सैन्धा नमक महँगे हो जावेंगे ।

(१२)

वद वैसाखा चौदसे, गुरु सुक्कर आ जाय ।
समयो आछो होवसी, पुहुमी अन न समाय ॥

वैशाख कृष्णा चतुर्दशी को गुरु या शुक्र मे से कोई-सा वार आ जाय तो इस वर्ष अन्न का इतना उत्पादन होगा कि रखने को स्थान नही मिलेगा ।

(१३)

मावस मास वैसाख ने, रवि शनि मगलवार ।
छत्र भग के घन सबल, लोग हुवे लाचार ।।

वैशाख कृष्णा अमावस्या को शनि, रवि या मगलवार मे से कोई-सा बार आ जाय तो इस वर्ष किसी राजा का नाश होगा या अति-वृष्टि के कारण जनता कष्ट पावेगी ।

(१४)

वद वैसाखां मावसे, रेवति होय सुगाल ।
मध्यम होवे अश्विनी, भरणी करै दुकाल् ।।

वैशाख कृष्णा अमावास्या को रेवती नक्षत्र का होना उत्तम कृषि होने की सूचना है । यदि अश्विनी हो तो मध्यम और दुर्भाग्य से भरणी हो तो इस वर्ष अकाल होगा ।

(१५)

वैसाख वदी मावस देखो, किरण निखता पर आवे ।
असनी समयो करवरो, ऐसो जोग बतावे ।।
भरणी व्याधि फैलसी, लोग दुखी होजाय ।
कृतका मे कम मेवडो, चोर लूट कर खाय ।।
लड़े परस्पर राजवी, भय पामे ससार ।
जे रेवति आ जाय तो, सुख पावे नर नार ।।
भूलै चके रोहणी, इण दिन जे आजाय ।
चैन न पावे मानवो, दुखी जगत हो जाय ।।

वैशाख कृष्णा अमावास्या को रेवती नक्षत्र हो तो वर्ष अच्छा निकलेगा । किन्तु अश्विनी आ गया तो यह वर्ष साधारण ही रहेगा अर्थात् कही पर अन्न उत्पन्न होगा और कही पर नहीं भी । इस दिन

भरणी नक्षत्र होने से प्रजा मे रोग फैल जाने से लोग दुखी रहेगे। दुर्भाग्य से कृतिका नक्षत्र हुआ तो वर्षा-ऋतु मे वर्षा कम होगी और चोर-डाकू राहगीरो को लूटेंगे तथा राजा लोग परस्पर एक दूसरे पर चढ़ाई करेंगे जिससे प्रजा चिन्तित रहेगी। इस दिन रोहिणी नक्षत्र का होना भी लोगो को अनेक प्रकार के कष्ट उत्पन्न करेगा।

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष

(१)

जेठ सुदी पडवा दिने, वार शनी को जोग।
छत्र भग अर जुद्ध भय, अन्न न पावे लोग॥

ज्येष्ठ शुक्ला प्रतिपदा को शनिवार हो तो इस वर्ष कोई राजा मरेगा, युद्ध भय रहेगा और लोगो को सुखपूर्वक अन्न नही मिलेगा।

(२)

जेठ सुदी पडवा दिने, वार बुद्ध जे होय।
अन बिन तरसे मानवी, काल पड्यो लो जोय॥

ज्येष्ठ शुक्ला प्रतिपदा के दिन बुधवार का आना अच्छा नही माना गया है। यदि ऐसा योग आजाय तो इसके प्रभाव से उस वर्ष दुर्भिक्ष होगा।

(३)

शशि सूरज दूज दिन, जेठ सुदी के माय।
रोहणी पर आजाय तो, दुर्भिक्ष अवश कराय॥

ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीया को सूर्य एव चन्द्र रोहिणी पर आजाय तो

अवश्य दुर्भिक्ष होगा और भय आदि के कारण प्रजा इस वर्ष दु खी रहेगी ।

(४)

जेठ सुदी दुतिया दिवस, रिच्छ रोहणी होय ।
श्रावण रोहणी रिच्छ दिन, विरखा लेवो जोय ।।

ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीया के दिन रोहिणी नक्षत्र हो तो अन्न महँगा होगा । इस दिन वर्षा हो तो जिस दिन श्रावण महीने मे रोहिणी नक्षत्र होगा, उस दिन वर्षा होगी ।

(५)

*जेठ सुदी की दूज मह, अथवा सारो पाख ।
गाज वीज घन वादला, गरभ गल्यो तो दाख ।।

ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीया को या इस पक्ष भर मे आकाश मे बादल हो, बिजली चमके, गर्जन हो तो आगामी वर्षाकाल मे होने वाली वर्षा का गर्भ नष्ट हो गया । अत वर्षाकाल मे वर्षा नही होगी ।

(६)

रोहणी दुतिया जेठ सुद, विरखा बादल होय ।
अति वृष्टि अर अलप मेह, क्रम सू लेवो जोय ।।

ज्येष्ट शुक्ला द्वितीया के दिन रोहिणी नक्षत्र हो और इस दिन

---

* इस सम्बन्ध मे निम्न उक्तिये भी उपलब्ध हुई हैं—

१ जेठ बीजे गरजियो, जे अजवाले पक्ष ।
गरभ गल्या सहु पाछला, कहु तुझने प्रत्यक्ष ।।

२ जेठ मास मे गाजियो, जे उजियाले पाख ।
गरभ गल्या सै पाछला, जोसी बोले साख ।।

मेह बरसे तो वर्षाकाल में बहुत वर्षा होगा। कदाचित इस दिन केवल बादल ही रहे तो (मध्यम अल्प) वर्षा होगी।

(७)

रोहण दुतिया जेठ सुद, आभो निरमल होय।
चन्द्र रोहणी स्वच्छ हुया, अनावृष्टि लो जाय॥

ज्येष्ट शुक्ला द्वितीया को रोहिणी नक्षत्र हो इस दिन, दिन मे आकाश स्वच्छ प्रतीत हो और रात्रि मे चन्द्रमा एव रोहिणी तारा निर्मल दिखाई दे तो इस वर्ष, वर्षा नही होगी।

(८)

दूज तीज सुद जेठनी, जे आदरा आजाय।
इण दिन विरखा होय 'तो, घोर काल होजाय॥

ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीया किम्वा तृतिया को यदि आर्द्रा नक्षत्र हो और वर्षा होजाय तो, इस वर्ष, भयकर दुर्भिक्ष होगा।

(९)

सुद पडवा अर बीज दिन, जेठ चन्द ने जोय।
धुर दिस ऊग्या है भलो, लकाऊ भलो न होय॥

ज्येष्ठ शुक्ला प्रतिपदा अथवा द्वितीया, जिस दिन चन्द्रोदय हो उस स्थान को देखे। यह स्थान सूर्यास्त के स्थान से उतर मे दिखाई दे तब तो शुभ दायक है और कदाचित दक्षिण की ओर दिखाई दे। तो उस वर्ष इस योग का फल अशुभ ही होगा।

(१०)

*जेठ ऊजली तीज दिन, आदरा रिख बरसंत।

---

* इनके सम्बन्ध मे निम्न उक्तियें भी मिली हैं—

१. जेठ ऊजली तीज दिन, आदरा रिख बरसन्त।

भद्रबाहु गुरु यू कहै, दुरभिच्छ अवस करन्त ॥

भद्रबाहु गुरु फरमाते हैं कि, ज्येष्ठ शुक्ला तृतिया को यदि आर्द्रा नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा होजाय तो, इस वर्ष दुर्भिक्ष पडेगा ।

(११)

पाचंम जेठ सुदी की आय,
आभो निरमल दिक्खण वाय ।
तेल तिल रस सहु मूघा होसी,
या लखण सू भाखै जोसी ॥
जे ईं जोगा बादल हुय जावै,
तो जो सारो धान भेलो कर लावै ।
बेचे मास आसोजा आय,
तो ईं जोगा सू नफो कमाय ॥

ज्येष्ठ शुक्ला पचमी के दिन दक्षिण-दिशा का वायु हो, उस समय आकाश निर्मल हो तो इस लक्षण के प्रभाव से उस वर्ष रस, तिल, तैल और इस दिन आकाश बादलो से ढका रहे तो या गर्जना हो तो सम्पूर्ण धान्य जो खरीद कर रखे और आसोज मास मे बेचे तो उसे बहुत लाभ होगा ।

(१२)

वायु द्वारा वर्षा ज्ञान

जेठ सुदी पाचम दिना, पूरब पच्छम वाय ।
समयो आछो होवसी, ईशाण दुरभिच्छ कराय ॥

पिछले पृष्ठ के फुटनोट का शेषांश—

जोसी भाखै भड्डरी, दुरभिच्छ अवसि करन्त ॥

२. जेठ सुदी तृतिया दिने, आद्रा जो वरसन्त ।
भड्डली भाखै जोश थी, नक्की दुरभिक्ष करन्त ॥

धूराऊ सुभिच्छ कर, पण टीड जोर खा जाय ।
वायव वृष्टि व्है नहिं, अग्नि क्लेश कराय ।।
दिक्खण नेरुत भलो नहिं, दुरभिख जोग बताय ।
जे चौबाया चल जाय तो, सरव नाश हो जाय ।।

ज्येष्ठ शुक्ला पचमी को पूर्व, पश्चिम एव उत्तर का वायु सुभिक्ष-कारक, ईशान, दक्षिण एव नैऋत्य कोण का वायु दुर्भिक्षकारक, अग्नि-कोण का वायु क्लेश कारक तथा वायव्य कोण का वायु अनावृष्टिकारक होगा। यद्यपि पूर्व, पश्चिम और उत्तर दिशा के वायु सुभिक्षकारक माने जाने पर भी उत्तर दिशा के वायु के लिये यह बताया गया है कि इस दिशा का वायु सुभिक्षकारक होते हुए भी इस वर्ष यह वायु अपने प्रभाव से साथ-साथ ही टिड्डियो के आक्रमण की सूचना देता है।

(१३)

जेठ सुदी सातम दिना, दिक्खण वाजे वाय ।
गाज वीजथी तिल तेल मे, कातिक लाभ कराय ।।

ज्येष्ठ शुक्ला सप्तमी के दिन दक्षिण दिशा का वायु हो, आकाश मे बादल हो, गरजना होती हो तो इन लक्षणो से यह प्रतीत होता है कि यदि इस मास मे तिल, तेल सग्रह कर लिया जाय तो आगामी कार्तिक मास मे इनको बेचने से लाभ हो जावेगा।

(१४)

जेठ सुदी आठम दिना, वादल विरखा होय ।
चौमासा के मायने, बेगी विरखा जोय ।।

ज्येष्ठ शुक्ला अष्टमी को आकाश मे बादल हो, वर्षा हो जाय तो आगामी चातुर्मास मे वर्षा शीघ्र ही आवेगी।

(१५)

जेठ सुदी दसमी दिना, आकाशा मे जोय ।
चन्द्र न दीसै रात मे, तो मेह धडाधड होय ।।

ज्येष्ठ शुक्ला दशमी की रात्रि को आकाश मे बादलो के कारण चन्द्र नही दीखे तो इस लक्षण से आगामी वर्षाकाल मे बहुत वर्षा होगी ।

(१६)

जेठ सुदी दशमी दिना, शनीवार जे आवै ।
ढाढा मे दुख ऊपजै, विरखा खच करावै ।।

ज्येष्ठ शुक्ला दशमी को यदि शनिवार आजाय तो इस वर्ष पशुओ मे पीडा और वर्षा की तगी रहेगी ।

(१७)

जेठ सुदी की निरजला, जे ती घडिया होय ।
भाग सात को देय कर, ऊबरता फल जोय ।।

बिहु अके वरसे अपार । चिहु वरसे तो अधि घन सार ।।
पचे पच शब्द परिवाय । छट्ठे मेह जु थोडी थाय ।।
एक तीन वा शून्य मिले । भणे भड्डुली वरसे सगले ।।

ज्येष्ठ शुक्ला एकादशी जितनी घडी हो उनमे सात का भाग देकर जो शेष बचे उससे वर्ष का भविष्य निश्चय करे । दो शेष रहने पर अत्यधिक वर्षा होगी । चार शेष रहने पर बादल अधिक होगे और वर्षा भी होगी । पाँच शेष रहने से प्रचण्ड वायु का प्रकोप रहेगा । छह शेष रहने से अल्प-वृष्टि एव एक, तीन तथा शून्य इनमे से कोई भी शेष रहने पर सर्वत्र वर्षा होगी ।

(१८)

आठम स एकादशी, जेठ सुदी के माय ।

एक सरीखो देखलो, उत्तर वाजे वाय ॥
शुभ लक्खरण है ए वरस का, देख लेवो सब कोय ।
चारूं महिना वरससी, धान घणेरो होय ॥

ज्येष्ठ शुक्ला अष्टमी से एकादशी तक इन चार दिनो मे उत्तर दिशा की वायु चलती रहे तो शुभ है । इस लक्षण से इस वर्ष, वर्षाकाल के चारो महीनो मे वर्षा होगी और अन्न का उत्पादन बहुत होगा ।

(१६)

आठम सू ग्यारस तलक, जेठ सुदी के माय ।
पूरब उत्तर ईशान को, कोमल वाजे वाय ॥
आभो स्निग्ध बादल ढक्यो, कुण्डल बिजली गाज ।
या लक्खरणा शुभ नीपजै, सुखी होय समाज ॥
देव जोग सू एकसा, होवे नहिं जे एह ।
तो निश्चै करने जारणजो, चोर अग्नि भय करेह ॥

ज्येष्ठ शुक्ला अष्टमी से एकादशी तक इन चार दिनो तक पूर्व, ईशान या उत्तर दिशा का मृदु वायु हो, आकाश स्निग्ध, बादलो से ढका हुआ, बिजली, कुण्डल एव गर्जना आदि हो तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा। कदाचित इन चार दिनो मे ये लक्षण एकसे न हो तो इस वर्ष चोर, अग्नि-भय आदि रहेगा ।

(२०)

ग्यारस सू चवदस तलक, जेठ सुदी के मांय ।
वायु उत्तर को चल्या, विरखा अवश कराय ॥
दिक्खरण वायु होय तो, अनावृष्टि हो जाय ।
तिथि क्रम सू महिना गिण्या, चार मास बरण जाय ॥

ज्येष्ठ शुक्ला एकादशी से चतुर्दशी तक इन चार दिनो मे उत्तर का वायु चले तो इस वर्ष, वर्षाकाल मे अवश्य वर्षा होगी । यदि यही वायु

दक्षिण दिशा का हुआ तो, अनावृष्टि रहेगी। इसे एकादशी से श्रावण, द्वादशी से भाद्रपद, त्रयोदशी से आश्विन और चतुर्दशी से कार्तिक गिने।

(२१)

पच्छम वायु होय तो, अनावृष्टि दुरभिक्ख।
भय पावे महा राजवी, देख लेवो परतच्छ॥

इन दिनो मे पश्चिम का वायु हो तो इस वर्ष अनावृष्टि के कारण दुर्भिक्ष होगा। महाराजाओ तक को भय रहेगा।

(२२)

परदच्छरण पथ सू चालतो, जे वायु बह जावै।
चारू महिना बरससी, प्रजा आनन्द मनावै॥
इण सू ऊंधो चालिया, अनावृष्टि हो जाय।
पण सीयाला रे मायने, आवै बिरखा धाय॥

यह वायु प्रदक्षिणा करता हुआ (उत्तर से पूर्व, पूर्व से दक्षिण इस क्रम से) इन चारो दिनो मे बहे तो आगामी वर्षाकाल के चारो महीनो मे वर्षा होगी। किन्तु यही वायु यदि इसके विपरीत (उत्तर से पश्चिम, पश्चिम से दक्षिण इस क्रम से) चले तो वर्षाकाल मे अनावृष्टि होगी परन्तु शीतकाल मे वर्षा होगी।

(२३)

वायव पच्छम नेरुता, वायु बहतो आय।
तो सावण काती मेह नही, भादू आसू थाय॥
ईशान पूर्व अग्नि हुया, भादू आसू नाय।
सावण काती मायने, मेह बरसेलो आय॥

इन्ही चार दिनो मे यह वायु, वायव्य, पश्चिम किम्वा नैऋत्य कोण का हो तो आगामी श्रावण और कार्तिक मास मे वर्षा नही होगी

और भाद्रपद तथा आश्विन इन दो महीनो मे होगी । यदि यही वायु ईशान कोण, अग्नि कोण एव पूर्व दिशा का हो तो भाद्रपद आश्विन मे वर्षा न होकर श्रावण एव कार्तिक मास मे वर्षा होगी ।

(२४)

पाच ग्रह इक राशि पर, आवे सूरज साथ ।
जेठ महीनो होय तौ, विरखा खेंचे हाथ ।।

ज्येष्ठ मास मे पाँच ग्रह सूर्य के साथ आजाय तो वर्षाकाल मे वर्षा की तगी रहेगी ।

(२५)

जेठ अन्त तिथि रात मे, रहे मेघ जो छाय ।
कहे घाघ उण वरस मे, जल दे भूमि बहाय ।।

ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा की रात्रि मे आकाश मे बादल छाये हुए रहे तो इस लक्षण के आधार पर घाघ कहता है कि आगामी वर्षाकाल मे बहुत वर्षा होगी ।

(२६)

जेठ मास जे रवि तपै, वाजै ऊनौ वाय ।
तो जाणीजे भड्डली, पुहमी नीर न माय ।।

ज्येष्ठ मास मे अत्यन्त तीक्ष्ण धूप हो गर्म हवा (लू) चले तो भड्डली को सबोधन करते हुए कवि कहता है कि, आगामी वर्षाकाल मे बहुत वर्षा होगी ।

(२७)

जेठ रहे दिन दोय, ता मह जो जलधर पडत ।
नीर निमाणो होय, इन्द्र मुचे आप जल ।।

ज्येष्ठ मास के अन्तिम दो दिनो (चतुर्दशी एव पूर्णिमा) मे यदि

बूदाबांदी हो जाय तो, जल कूओ, तालाबो मे ही मिलेगा। वर्षाकाल में बादलो से नही मिलेगा।

(२८)

*जेठ अन्तना बे दाडला, जे कदि गाजे भड।
नदी काठे रूखडा, अर कूवा काठे खड॥

ज्येष्ठ मास के अन्तिम दो दिनो मे आकाश मे बादलो की गरजना हो तो इस वर्ष नदी के किनारे के वृक्ष अथवा कूए के पास का घास जिस प्रकार इन दोनो नदी-कूप के उपयोग का नही है वैसे ही इन बादलो के गरजते का कोई उपयोग नही होगा।

(२६)

‡जेठ महीना मायने, ये लक्खरा आ जाय।
दिखरणादी वायु हुवे, मेघ गरजना थाय॥
तिल तैल अर धान को, झट सगरेकर भाय।
चार मास के मायने, खूब नफो दे जाय॥

---

* इस पर निम्न उक्तिये भी मिली हैं—

१. जेठा अत बिदहडा, जे बरसे सी भड्ड।
नीर निवाणा पाइजे, कै समुद्रां की खड्ड॥
२ पौनम जुआरी जेठनी, वरखा नौ सजोक।
खेतर हेडे बेयने, करसक मेले पोक॥

यदि ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णमासी के दिन वर्षा का सयोग आ मिले अर्थात् वर्षा होजाय तो फसल अच्छी न पकने के कारण कृषक-लोग खेतो की सीमाओ पर बैठ कर रोते हैं अर्थात् उन्हे अत्यन्त दुख होता है।

‡ याद नही किसी ग्रन्थ मे ज्येष्ठ शुक्ला पचमी को इस योग के होने का वर्णन आया था।

यदि ज्येष्ठ मास मे दक्षिण दिशा का वायु हो, आकाश मे बादलो का गर्जन होता हो तो, तिल, तेल एव अन्न का सग्रह कर लो। चार मास के अन्दर ही अन्दर इनसे बहुत लाभ हो जावेगा।

(३०)

मृगसिर वाय न वाजिया, रोहरण तपी न जेठ।
गोरी वीरणे काकरा, खडी खेजडे हेठ॥

ज्येष्ठ मास मे रोहिणी नक्षत्र मे गरमी न पडे और मृगशिर नक्षत्र मे प्रचण्ड लू न चले तो इस वर्ष अकाल पडेगा। वर्षा न होने के कारण कृषक-पत्नी खेत मे से ककर ही चुनेगी और शमी वृक्ष के नीचे खडी रहकर विश्राम लेगी।

(३१)

‡ जेठ ऊजले पाख मे, आदरादिक दस रिच्छ।
सजल होय निरजल कहो, निरजल सजल प्रतच्छ॥

ज्येष्ठ मास मे आर्द्रा से स्वाति तक के दश नक्षत्रो मे वर्षा हो जाय तो आगामी वर्षा काल मे सूर्य आर्द्रा आदि नक्षत्रो पर आने पर वर्षा नही होगी। अपितु इन दिनो मे वर्षा न होने पर वर्षा काल मे अवश्य वर्षा होगी।

(३२)

† जेठ सुदी पूनम दिना, मूल नखत जे होय।
इरण दिन मेह वरसिया, दुरभिख लेवो जोय॥

इन पर निम्न उक्तियें भी मिलती है —

‡ दश ऋक्षतपै दश दिवस माय। अति होत वृष्टि जल कमि नाय॥

† इस उक्ति के विपरीत —

१ जेठी पूनम मूल नहीं, अथवा नहि घन बिन्दु।
तो सावरण सूखो गिरणो, समो वुगे अति मन्द॥

ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा को मूल नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा आ जाय तो आगामी वर्षा काल मे वर्षा का अभाव रहेगा, अत दुर्भिक्ष होगा।

(३३)

जेठे मूल नखत मह, गाज बीज जलधार।
सावण भादू सूखसी, समो न होय लगार॥

ज्येष्ठ मास के मूल नक्षत्र मे आकाश मे बादल हो, बिजली चमके, वर्षा हो तो आगामी श्रावण-भाद्रपद मास मे वर्षा का सर्वथा अभाव रहने से कृषि नही होगी।

(३४)

* जेठ मूल बिराठ मा, श्रावण लील न होय।
जिमि श्रावण तिमि भादवो, नीर निवाणा जोय॥

ज्येष्ठ मास के मूल नक्षत्र मे बूंदावादी होजाय तो श्रावण-भाद्रपद मास मे पृथ्वी हरी-भरी नही दीखेगी और जल कूओ या तालावो मे ही मिलेगा।

(३५)

च्यारज पाया मूल रा, तपै जेठ के मास।
च्यार पाख मे जाणजे, अत घण पावस आस॥

पृष्ठ ६५ का शेष—

२ जेठ पूनम मूल न होय, अहवा मेह न बुट्ठ।
तो जाणीजै भड्डली, काल निरन्तर दिट्ठ॥

ये उक्तियें निम्न प्रकार से भी मिली है —

* जेठ घडाहड जो कर, सावण सलिल न होय।
ज्यू सावण त्यू भादवो नीर निवाणा जोय॥

ज्येष्ठ मास मे जब चन्द्रमा मूल नक्षत्र पर आवे तब उसके चारो पाये खूब ही तपे अर्थात् जिन दिनो मे चन्द्रमा मूल नक्षत्र पर रहे तब तक पर्याप्त गर्मी पडे तो निश्चित है कि चार पक्ष (दो–मास) के अन्दर ही बहुत वर्षा हो जावेगी।

(३६)

जेठ मास जो तपै निरासा। तो जाणो विरखा की आशा॥

ज्येष्ठ मास मे अत्यधिक गर्मी हो तो वर्षा आने की आशा रखनी चाहिये।

(३७)

जेठ मे आवै पूर, तो छोरा फाकै धूर॥

ज्येष्ठ मास मे वर्षा होकर नदियो मे जल आ जाय तो इस वर्ष अकाल पडेगा और बच्चो को खिलाने के लिये भी अन्न शेष न रहने से वे धूर (मिट्टी) ही फाकेंगे।

(३८)

* जै दिन जेठ बैव्है परवाई, तै दिन सावण धूड उडाई॥

ज्येष्ठ मास मे जितने दिन पूर्व का वायु बहेगा, उतने ही दिन श्रावण मे मिट्टी ही उडेगी और वर्षा नही होगी।

(३६)

जेठ मास तपै नही, माहे शीत न होय।
तो जाणीजे भड्डरी, विरखा शायद होय॥

ज्येष्ठ मास मे गर्मी नही हो और इससे पूर्व विगत माघ मास मे सर्दी नही पडी हो तो इस लक्षण के आधार पर कवि, भड्डली से कहता है कि इस वर्षा काल मे वर्षा शायद ही हो। अर्थात् वर्षा नही होगी।

---

* जेठ चलै पुरवाई, तो सावण सूखो जाई॥

(४०)

जेठ मूघा, तो सदा सूघा ॥

ज्येष्ठ मास मे महगाई का रहना, वर्ष भर के लिये सस्तेपन का द्योनक है।

(४१)

जेठ सुदी पून्यू तथा, पडवा आगली जोय।
ज्येष्ठा मूल नखत हुया, निश्चै दुरभिक्ख होय ॥

ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा तथा आषाढ कृष्णा प्रतिपदा को ज्येष्ठा किम्वा मूल नक्षत्र हो तो इस वर्ष अकाल होगा।

(४२)

‡ पण आगे आषाढ वद, पूर्वाषाढा आय।
गाज बीज इण मे हुया, सगला दोष मिटाय ॥

किन्तु आगे आषाढ कृष्ण पक्ष मे पूर्वाषाढा नक्षत्र पर आकाश गर्जन करे, बिजली चमके तो पूर्वोक्त समस्त दोष (बाधक-योग) नष्ट हो जाते हैं।

(४३)

जेठा मूली पून्यू, दुरभिख जोग कराय।
इण दिन आन्धी बीजली, या असाढ वदी के माय ॥
श्रवण नखत विरखा हुवै, के घन रिछ वरसाय।
इण सुगण रे कारणे, दोष सबी मिटजाय ॥

ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा को ज्येष्ठा या मूल नक्षत्र होने के कारण जो दुर्भिक्ष योग बनता है, वह इस दिन आँधी सहित वायु हो अथवा

‡ यह योग विक्रम सम्वत १९६५ मे आया था।

आषाढ कृष्ण पक्ष में श्रवण किम्वा धनिष्ठा मे वर्षा हो जाय तो उपरोक्त सारे दोष नष्ट हो जाते हैं।

(४४)

ज्येष्ठा मूल विणट्ठिया, तू धण रोवे काय।
श्रवण घनिष्ठा बरससी, तो होसी अन्न सवाय।।

ज्येष्ठा, मूल के नक्षत्रो के प्रभाव से कृषि न होने के भय से रोती हुई कृषक पत्नी को सम्बोधन करते हुए वह पति कहता है कि, चिन्ता मत कर, मत रो। श्रवण, घनिष्ठा मे वर्षा हो गई है अत सदा से सवाया अन्न उत्पन्न होगा।

(४५)

जेठी पून्यू सू लगा, बीज तलक लो जोय।
सुभिक्ष मध्धम दुरभिच्छ ने, मूल थी लेवो जोय।।

ज्येष्ठा शुक्ला पूर्णिमा से आषाढ कृष्णा द्वितीया तक मूल नक्षत्र को देखे। और क्रमश सुभिक्ष, मध्यम एव दुर्भिक्ष का निरधारण करलें, अर्थात् पूर्णिमा को हो तो इस वर्ष सुभिक्ष, प्रतिपदा को हो तो मध्यम तथा द्वितीया को हो तो इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा।

(४६)

† मावस पूनम जेठ की, रात दिना लो जोय।
बादल सू आभो ढक्यो, पवन आथूणो होय।।
भूल चूक विरखा हुवै, तो असाड सावण माय।
नहितो अगला मास भी, कोरा ही रह जाय।।

इसके सम्बन्ध मे निम्न उक्तियें भी मिली हैं—

† जेठी पूनम रातका, मेघ भयानक होय।
कुछ कुछ पछवा सचरिया, महा वृष्टि कर सोय।।

ज्येष्ठ मास की अमावस्या और पूर्णिमा को भली प्रकार से देखें। इस दिन—इन दिनो मे रात दिन आकाश बादलो से ढका रहे, पश्चिम की वायु हो तो इस वर्ष, वर्षा का अभाव रहेगा। यदि भूल चूक से वर्षा हो भी तो कही-कही आषाढ–श्रावण मे कुछ वर्षा हो सकती है, अन्यथा अगले महीने भी सूखे जावेंगे।

(४७)

† चित्रा स्वाति विशाखा तीनो। बादल गाज जेठ में कीनो ॥
तो विरखा वरसै तीनू मास। निहचै जाणौ सुभिक्ष की आश ॥

ज्येष्ठ मास में चित्रा, स्वाति और विशाखा इन तीनो नक्षत्रो मे आकाश मे बादल, बिजली हो तो आषाढ आदि तीनो महीनो मे वर्षा होगी इसके कारण निश्चय ही सुभिक्ष होगा।

पृष्ठ ६९ का शेष—

ज्येष्ठ पूर्णिमा की रात्रि मे बादलो का घटाटोप हो, कभी-कभी पश्चिम का वायु हो तो, यह लक्षण अच्छी वर्षा के हैं।

एक स्थान पर अमावस्या को दिन मे हो तो आषाढ, रात्रि मे हो तो श्रावण, पूर्णिमा को दिन मे हो तो भाद्रपद में और रात्रि में हो तो आश्विन मे वर्षा नहीं होगी, लिखा मिला है।

† इस सम्बन्ध मे निम्न उक्तियें भी मिली हैं —

१ स्वाति विसाखा चित्तरा, जेठ मास वरसाय।
सावण मे विरखा नही, मूगो धान कराय ॥
२ स्वाति विसाखा चित्तरा, आभो निरमल जोय।
आसाडे वरसै नही, सावण बिरखा होय ॥
३ स्वाति विसाखा चित्तरा, जेठ सुकेडवा जाय।
पिछला गरभ गल्या कहो, चती साख मिट जाय ॥
४ स्वाति विसाखा चित्रिका, ज्येष्ठ शु कोरा जाय।
गर्भ गल्या पुठना सहु, वणिक साख मिटाय ॥

(४८)

जेठ उतरता बोले दादर । केव्हे भडुली बरसेला बादर ।।

ज्येष्ठ मास के उतरते ही मेढक बोलने लग जाय तो समझ लें, वर्षा शीघ्र ही होगी ।

(४९)

*दसतपा मे जे बरसे मेह, (तो) विरखा रिछ हलका कह देह ।

ज्येष्ठ मास मे मृगशिर नक्षत्र के अन्त के दश दिनो को दश तपा कहते हैं । यदि इन दश दिनो मे वर्षा होजाय तो, वर्षा-योग के जो भी नक्षत्र होंगे वे सभी कमजोर हो जावेंगे ।

(५०)

जेठा अन्त बिगाडिया, पूनम ने पडवा ।।

ज्येष्ठ की पूर्णिमा और प्रतिपदा को छीटे पड जाय तो यह अच्छा नही है ।

(५१)

जेठी पूनम के दिना, पछी लोटे धूर ।
तो यू जाणो सायबा, विरखा है भरपूर ।।

ज्येष्ठी पूर्णिमा को पक्षियो को (चिडियाँ आदि को) मिट्टी मे लोटने हुए—रज-स्नान करते हुए देखकर पत्नी अपने पति से कहती है, इस लक्षण से इस वर्ष, वर्षा बहुत होगी ।

---

* इसके समर्थन मे—तपा जेठ जो चुइ जाय ।
सभी नखत हलके परिजाय ।।

अर्थात् मृगशिरा के अन्त के दिनो (तपा जेठ) में पानी चू जाय, (वर्षा हो जाय) तो वर्षा के नक्षत्र (आर्द्रा से स्वाति तक) हलके पड जायेंगे ।

(५२)

जेठ तपे ने रोयणो, पो मागे नें टाड ।
थाये तण्णा-कार तो, वेल सडे ने वाड ॥

ज्येष्ठ मास मे रोहिणी नक्षत्र पर सूर्य हो और तेज गर्मी न हो, पौष, माघ मे तेज सरदी न हो तो इन लक्षणो से घोर तृण-काल हो जाता है और बेले भी बाड पर नही चढती हैं ।

(५३)

जेठ दीत भादू शनि, माह जे मगल होय ।
परजा भटके अन्न बिना, विरला जीवे कोय ॥

ज्येष्ठ मास मे पॉच इतवार, भाद्रपद मे पाच शनिवार, माघ मास मे पाच मगलवार का होना बुरा है । इनके प्रभाव से इस वर्ष अकाल पडेगा और प्रजा अन्न के लिये इधर-उधर भटकेगी । विरले व्यक्ति ही जीवित रहेगे ।

(५४)

जेठ मास मे माघ जी, जे कृतिका बरसन्त ।
तीज हिडोरे कामणी, खेले कन्त बसन्त ॥

ज्येष्ठ मास मे जब कृतिका पर सूर्य हो और वर्षा हो जाय तो यह वर्ष अच्छा रहेगा । स्त्रिये प्रसन्नता के मारे झूले झूलेगी और पुरुष-वर्ग वसन्तोत्सव समान आनन्द मनावेगे ।

(५५)

जेठ सुदी के मायने, आदरा सू गिण स्वात ।
बादल विरखा व्है जाय तो, अनावृष्टि कर जात ॥
सूरज आदरा आविया, तपती व्है सो जोय ।
जे बादल विरखा नही, तो आछी विरखा होय ॥

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष मे आर्द्रा से स्वाति नक्षत्र तक देखें। जिस नक्षत्र-काल मे आकाश मे बादल दिखाई दे तो या वर्षा हो तो जब सूर्य आर्द्रादि दश नक्षत्रो पर आवेगा तो उस नक्षत्र की अवधि मे वर्षा नही होगी। यदि ये लक्षण नही होगे और सूर्य की धूप बहुत तपेगी तो उस नक्षत्र मे जबनक सूर्य रहेगा सुवृष्टि होगी, यह निश्चित है।

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष

(१)

वैसाखी पून्यू' लगा, आठम तक लो जोय।
पुरवाई चल जाय तो, विरखा आछी होय॥
जे पच्छम वायु चले, समो गयो परवार।
आगे विरखा व्है नही, निश्चै मन मे धार॥

वैशाख शुक्ला पूर्णिमा मे ज्येष्ठ कृष्णा अष्टमी तक पूर्व का वायु चले तो वर्षाकाल मे अच्छी वर्षा होगी। यदि यही वायु पश्चिम का हो तो यह निश्चित है कि, वर्षा नही होगी।

(२)

आद्रा सूरज आविया, चित्रा तक लो जोय।
नखत गिणो दिन क्रमा, उण विध विरखा होय॥
दिनरी घडिया साठ व्है, पनरे चौघडिया होय।
नक्षत्रा तणा दिन गिणो, पनरे लेवो जोय॥

वैशाख शुक्ला पूर्णिमासे अष्टमी तक पूर्व का वायु इन नौ दिनो मे जिस-जिस दिन बहे अथवा लगातार इन नौ दिनो तक बहे तो इसका फल जब सूर्य आर्द्रा पर आकर चित्रा तक रहेगा, तब तक होगा। एक

दिन की साठ घडियें होती हैं और एक नक्षत्र के दिन भी पन्द्रह होते हैं। अत प्रत्येक दिन के एक-एक चौघडिये से प्रत्येक नक्षत्र के एक-एक दिन की वर्षा का निश्चय करलें।

(३)

आठम तक गिणती करो, वैसाखी लो साथ।
आदरा सू चित्रा तलक, नौनखत हो हाथ॥
उत्तर वायु जद चले, सूरज देखो जोय।
इणा रिछा पर आवता, विरखा ओछी होय॥

वैशाखी पूर्णिमा से अष्टमी तक आर्द्रा से चित्रा तक नौ नक्षत्र आवे और जिस दिन जो नक्षत्र हो उस दिन उत्तर की वायु चले तो वर्षाकाल मे सूर्य के उस नक्षत्र पर आते ही वर्षा होगी।

(४)

जेठ मास अर पख अधारा। पड़वा दिन का करो विचारा।
चैती पडवा ज्यू लक्खण देखो। उणीज भात सू फलने पेखो॥

ज्येष्ठ कृष्णा प्रतिपदा का विचार उसी भाँति से करो जिस भाँति से चैत्र कृष्णा प्रतिपदा का किया जाता है।

(५)

जेठ महीने प्रतिपदा, अम्बर जे घहराय।
आषाढे ना बरससी, सावण कोरो जाय॥

ज्येष्ठ मास की प्रतिपदा को आकाश मे बादलो की गर्जना सुनाई दे तो आगामी आषाढ मास और श्रावण बिना वर्षा के कोरे ही रह जावेंगे।

(६)

जेठ पहल पडवा दिने, बुधवासर जे होय।
मल असाडी जे मिले, तो पिरथी कम्पै जोय॥

ज्येष्ठ मास की प्रतिपदा को बुधवार का होना, और साथ ही आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को मूल नक्षत्र का आजाना, पृथ्वी पर अनेक उपद्रवो के होने को सूचित करते हैं । जिनके प्रभाव से पृथ्वी काँपने लग जावेगी । अर्थात् अकाल पडेगा ।

(७)

जेठ आगली पडवा देखो । कौन वासरा है यू पेखो ॥
रविवासर अति बाढबढाव । मगलवारी व्याधि बताव ॥
बुधा नाज मूघो करसी । शनिवार सू परजा हरसी ॥
चन्द्र शुक्र के व्है गुरुवारा । परसन परजा धान कोठारा ॥

ज्येष्ठ कृष्णा प्रतिपदा को रविवार हो तो वायु तेज हो । मगलवार हो तो प्रजा मे व्याधि फैले । बुधवार हो तो अन्न महँगा होगा । शनिवार हो तो प्रजा का नाश होगा । सद्‌भाग्य से इस दिन सोम, शुक्र किम्वा गुरुवार मे से कोई-सा वार आ जाय तो अन्न के भण्डार भरे रहने से प्रजा प्रसन्न रहेगी ।

(८)

रोहण सारी तपे, आखो तपै जे मूर ।
पडवा तपे जे जेठ की, तो सातू निपजे तूर ॥

रोहिणी और मूल दोनो सारे ही भली प्रकार से तपे एव ज्येष्ठ की प्रतिपदा भी तपे तो इस लक्षण से इस वर्ष समस्त अन्न उत्पन्न होंगे ।

(९)

रोहणी सारी गली, गलियो और जु मूल ।
जेठ वदी पडवा तपी, जल मे चारू चूल ॥

रोहिणी एव मूल नक्षत्र गल जाय तो भी यदि ज्येष्ठ कृष्णा प्रतिपदा को गर्मी अधिक तपे तो आगामी वर्षाकाल मे यथेच्छ वर्षा होगी ।

(१०)

जेठ अंधारी पचमी, वाजै दिक्खण वाय।
तिल तैल घी सगरी, लाभ आसौजा माय।।

ज्येष्ठ कृष्णा पचमी को दक्षिण दिशा का वायु चले तो तिल, तेल एव घी का सग्रह् करलो, आगामी आसौज मास मे इनसे लाभ होगा।

(११)

जेठ वदी दसमी दिना, रिच्छ रेवती होय।
समयौ आछौ होवसी, जाण लेवो सब कोय।।
ग्यारस बारस के दिना, जे रेवती आवे।
खण्ड वृष्टि अर कष्ट सू, प्रजा दुखी हो जावै।।

ज्येष्ठ कृष्णा दशमी को रेवती नक्षत्र हो तो कृषि उत्तम होगी। कदाचित यह एकादशी किम्वा द्वादशी को हो तो क्रमश खण्ड–वृष्टि एवं प्रजा को कष्टदायक यह वर्ष होगा।

(१२)

÷ जेठ वदी दसमी दिवस, शनीवार जे होय।
पाणी होय न धरण मे, विरला जीवै कोय।।

ज्येष्ठ कृष्णा दशमी के दिन शनिवार होने से पृथ्वी पर वर्षा का अभाव रहेगा, परिणामस्वरूप विरले व्यक्ति ही जीवित रह सकेंगे।

पाठान्तर —

— जेठे जे अंदारिये, थावर दशमी थाय।
पड़े हरडतौ कार तो, मनक मनक ने खाय।।

ज्येष्ठ कृष्णादशमी शनिवार का होना भयकर काल की सूचना है।

(१३)

‡ दसमी जेठा मास नी, आवै जे रविवार।
पाणी न पडे जन मरे, दुकाल भडुली धार ॥

ज्येष्ठ कृष्णा दशमी को रविवार का होना इस वर्ष, वर्षा का अभाव, जन-हानि एव अकाल को सूचित करता है ।

(१४)

| आठम चवदम दो दिना, जेठ वदी के माय।
लकाऊ वायु चल्या, विरखा जोग बताय ॥

ज्येष्ठ कृष्णा अष्टमी, चतुर्दशी इन दो दिनो मे दक्षिण दिशा का वायु चले तो आगामी वर्षाकाल मे वर्षा होगी ।

---

‡ दाडो जे दितवारनो, आवे दशमी जेट।
कार पडे ने मानवी, मरे कुटी ने पेट ॥

ज्येष्ठ मास की दशमी के दिन रविवार का होना अकाल को सूचित करता है। भूख के कारण मनुष्य, अपना पेट कूट-कूट (पीट-पीट) कर मर जाते है अर्थात् प्रजा भूखो के मारे मर जाती है।

ये उक्तिये निम्न रूप मे भी उपलब्ध हुई हैं —

‡१ जेठ वदी पडवा दिने, जे होवे रविवार।
वायु घणी तो चलत है, मगल रोगजु कार ॥
गुरु शशि शुक्करवार होइ घणो मेघ अरु धान।
वुधवारी दुर्भिक्ष हो कैही उच्च एवान ॥
जे होवे शनिवार तो छत्र भग करेह।
मेह बरसत भूमि पर परजा सब्ब मरेह ॥

२ जेठ आगली पडवा देख। कौन वासरा है, यू पख ॥
रविवार अति वाजै वाय। मगलवारा व्याधि बताय ॥
बुधा नाज मूघो करई। शनीवार परजा थरहरही ॥
चन्द्र शुक्र सुरगुरु वारा। होय तो अन्न भरो ससारा ॥

| आठम चवदम जेठ वद, दिक्खण वाजै वाय।
जे विरखा हुय जाय तो, भादू मेह कराय ॥

(१५)

ग्यारस बारस जेठ की, कृष्णपक्ष के माय।
घण गरजै बिजली खिवै, समयौ आछौ थाय ।।

ज्येष्ठ कृष्णा एकादशी एव द्वादशी को आकाश मे बादलो का गर्जन हो, बिजली चमके तो इस वर्ष, कृषि उत्तम होगी।

(१६)

जेठ वदी अमावसै, घटाटोप हो जाय।
अनावृष्टि दुर्भिक्ष हो, इणमे सशय नाय ।।

ज्येष्ठ कृष्णा अमावस्या को आकाश मे बादल हो, वर्षा हो तो अनावृष्टि किम्वा अल्प वर्षा होगा।

(१७)

जेठ वदी अमावसा, बादल जे होजाय।
सुद तेरस अरु पूनमा, तो वायु जोर कराय ।।

ज्येष्ठ कृष्णा अमावस्या, ज्येष्ठ शुक्ला त्रयोदशी और पूर्णिमा को बादल हो तो इस वर्ष, वायु का जोर रहेगा।

(१८)

जेठ मासनी अमावस, जे शनिवार नी होय।
मेह न वरसै धन मरै, तो छत्र भग लौ जोय ।।

ज्येष्ठ कृष्णा अमावस्या को शनिवार हो तो इस वर्ष, वर्षा का अभाव रहेगा, पशु-धन का नाश होगा और किसी पृथ्वीपति की-राजा की मृत्यु होगी।

ज्येष्ठ कृष्णा अष्टमी और चतुर्दशी के दिनो मे दक्षिण दिशा का वायु चले तो यह शुभ लक्षण है। इसके प्रभाव से वर्षा काल मे सुवृष्टि होगी यदि इन दिनो मे वर्षा हो जाय तो भाद्रपद मास मे बहुत वर्षा होगी।

(१९)

* रवि शनि मगलवारनी, मावस जेठी जान।
चोर अग्निभय काल दु ख, उपजत नहि जग धान ।।

ज्येष्ठ कृष्णा अमावस्या को रवि, शनि किम्वा मगलवार मे से कोई-सा वार हो तो उस बर्ष, देश मे चोरो का भय, अग्निकाण्ड एव दुर्भिक्ष-भय रहेगा। इस वर्ष अन्न उत्पन्न नही होगा।

(२०)

| जेठ पक्ष पहले विषय, गाज बीज लसकार।
थोडा होवे चौपदा, घरणा मरे पदचार।

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष मे बादलो की गर्जना हो, बिजली चमके तो इस वर्ष चतुष्पद-प्राणी (गाय-बैल आदि) उत्पन्न तो कम होगे और मरेंगे अधिक।

(२१)

मावस आदरा मेह नहि, पडवा बखत नहि धान।
दूज पुक्ख होजाय तो, घास नही है मान ।।

ज्येष्ठ कृष्णा अमावस्या को आर्द्रा नक्षत्र होने से इस वर्ष, वर्षा का अभाव रहेगा। ज्येष्ठ शुक्ला प्रतिपदा को पुनर्वसु का होना, अन्न का अभाव सूचित करता है। इसी प्रकार से ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीया को पुष्य नक्षत्र होगा तो घास का अभाव रहेगा।

ये उक्तिये निम्न प्रकार की भी मिलती है —

* जेठ पहले पाखडे, जे गार्जे गमरणेह।
छोड्या गवाल बाछडा, कहियो डक एह ।।

| जेठह मास जे रवि, सनीसर होय।
देव न बरसे घरण मरे, छत्र भग करेह ।।

(२२)

— जेठ वदी अमावसे, रवि आथमतो जोय ।
बीज ऊगसी चन्द सो, साख भरे सो होय ।।
उत्तर उत्तम चारियो मझे पच्छम काल ।
सूरज थी शशि दाहणो, तो थासे देस दुकाल ।।

ज्येष्ठ कृष्णा अमावस्या का सूर्यास्त और ज्येष्ठ शुक्ला का चन्द्रोदय-स्थान, वर्ष भर का शुभाशुभ जानने के लिये देखना चाहिये। जिस स्थान पर अमावस्या को सूर्य अस्त हुआ है, शुक्ला द्वितीया का चन्द्र, उस स्थान से उत्तर की ओर उदय हुआ है तब तो उत्तम आचार वाला अर्थात सुभिक्षदायक होगा। सूर्यास्त के स्थान पर ही उदय हुआ है तो यह वर्ष मध्यम अर्थात साधारण होगा। परन्तु दक्षिण की ओर चन्द्र का उदय होना दुर्भिक्ष-सूचक है।

(२३)

सूर्य अस्त की सीध पर, कील एक रुपवाय लो ।
चन्द्र अस्त सू दूरको, माप ज्ञान बणाय लो ।।
चन्द्र दीख तिथि जेठ की, अस्त सूर्य को जोय ।
दूज चन्द्र रवि पर गया, वरस करवरो होय ।।
हाथ बेत दस आगल्या, अस्त चन्द्र को जोय ।
सूरज थकि उत्तर दिशि, काल कदे नहिं होय ।।

यह उक्ति इस प्रकार भी उपलब्ध हुई है —

— आधे जेठ अमावस्या रवि आथम तो जोय ।
बीजनो चन्दो ऊगसी सौ साख भरेला सोय ।।
उत्तर होय तो अति भलो दक्खण होत दुकाल ।
रवि साथे शशि आथमे, तो आवो होय सुगाल ।।

यही चार हाथ दूर हुआ तो इतनी वर्षा होगी कि, सरोवरो के बाध टूट जावेगे। दक्षिण की ओर हो तो दुर्भिक्ष, किन्तु इस ओर चार हाथ दूर हुआ तो भयानक दुर्भिक्ष होगा।

(२४)

जेठ वदी के मायने, श्रवण धनिष्ठा जोय।
गाज बीज बादल हुवै, घडी देखलो सोय॥
उण घडिया ए होय तो, उण दिन विरखा देख।
गरग वचन साचो खरो, इण मे मीन न मेख॥

ज्येष्ठ कृष्ण मे श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र की घडियो को देखो। इन दिनो मे जिस घडी मे बिजली-बादल या गर्जना हो तो वर्षाकाल मे उसी दिन या उन दिनो मे वर्षा होगी।

इसे इस प्रकार समझले —

अगर श्रवण, धनिष्ठा दोनो साठ-साठ घडी (दोनो मिलाकर एक सौ बीस घडी) हो तो इन एक सौ बीस घडियों को वर्षाकाल के चातुर्मास के एक सौ बीस दिन समझें और जिस घडी मे उपरोक्त लक्षण दिखाई दे क्रमश उसी दिन वर्षा होगी। जैसे—प्रथम घडी मे उक्त लक्षण दृष्टिगोचर हो तो वर्षाकाल के प्रथम दिन, द्वितीय से द्वितीय दिन, तृतिय से तृतिय दिन वर्षा होगी।

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष

(१)

पडवा सुद असाड ने, पुनर्वसु जे आवै ।
बित्तीज विरखा होवसी, जित्ती घड़ी बतावै ॥

आषाढ शुक्ला प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र जितनी घडी होगा इस वर्ष, चातुर्मास (वर्षा काल) मे उतनी ही वर्षा होगी । तात्पर्य यह है कि, यह नक्षत्र पूर्ण अर्थात् ६० घडी का हो तो चार महीनो तक, पैतालीस घडी हो तो तीन मास तक, तीस घडी हो तो दो मास तक और केवल पद्रह घडी हो तो एक मास तक ही वर्षा होगी ।

(२)

सुदी असाडा दूज दिन आभे बादल छाय ।
पण विरखा होवे नही, तो सावण मे बरसाय ॥

आषाढ शुक्ला द्वितीया को आकाश मे बादल छाये हुए हो किन्तु इस दिन वर्षा न हो तो श्रावण मे वर्षा होगी ।

(३)

सुद असाडा दूज दिन, नखत पुक्ख ने देख ।
जित्ती घडिया होवसी, समयो उत्तो पेख ॥

आषाढ शुक्ला द्वितीया को पुष्य नक्षत्र जितनी घडी होगा उस हिसाब से ही उस वर्ष का अनुमान लगाले । यदि यह, साठ घडी होगा तो वर्ष बीस विश्वा होगा, तीस घडी होगा तो वर्ष दश विश्वा होगा । कदाचित यह पन्द्रह घडी ही हो तो उस वर्ष समय अर्थात् फसल पाच विश्वा ही होगी ।

(४)

*असाड सुदी दुतिया दिवस, जे विरखा आ जाय।
तो सावण बरसै मोकलो, पुहुमी नीर न माय॥

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया के दिन यदि वर्षा हो जाय तो इस योग के परिणामस्वरूप श्रावण मास में बहुत वर्षा होगी।

(५)

पड़वा सू दिन तीन तक, सुदी असाडा मांय।
इंणा दिनाके मायने, जी दिन विरखा थाय॥
एक बारा अर सोलआ, द्रोण मान तू लेह।
चौमासा मे बरससी, क्रम सू ध्यान धरेह॥

आषाढ शुक्ला प्रतिपदा के दिन वर्षा हो तो वर्षाकाल मे मेह एक द्रोण, द्वितीया को हो तो बारह द्रोण एव तृतीया को हो तो सोलह द्रोण वर्षा होगी।

(६)

दूज तीज चौथ अर, पाचम ने ले साथ।
बादल विरखा वायरो, जे ईसाणखूट रो थात॥
तो मेह मोकलो होवसी, समयो आछो थाय।
खाली वाजै वायरो, तो काल पडेलो आय॥

आषाढ शुक्ला द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी और पचमी इन तीन दिनो मे आकाश मे बादल, वर्षा और ईशाण कोण का वायु हो तो इन लक्षणो से उस वर्ष सुवृष्टि, तथा सुभिक्ष होगा। कदाचित इन दिनो मे

---

* सुदी असाडां बीज ने, जे बरसेलो मेह।
तो सावण महिना मायने, इन्दर जोर करेह॥

बादल तथा वर्षा तो न हो और केवल ईशाण कोण का वायु ही हो तो इसके परिणामस्वरूप दुर्भिक्ष होगा।

(७)

सुद असाडा चौथ दिन, गाज बीज मेह होय।
समयो होसी सातरो, सोच करो मत कोय॥

आषाढ शुक्ला चतुर्थी के दिन आकाश मे बादल, बीजली गरजना हो तथा उस दिन मेह हो जाय तो उस वर्ष सुभिक्षकारक उत्तम वर्षा होगी।

(८)

सौमा सुकरा सुरगुरा, जे चन्दो ऊगत।
डक्क कहै है भड्डुली, जल थल एक करन्त॥

डक्क, भड्डली से कहते हैं कि आषाढ मास का चन्द्रोदय सोमवार, गुरुवार किम्वा शुक्रवार इनमे से किसी एक वार के दिन हुआ है तो पृथ्वी पर इतनी वर्षा होगी कि, जल एव स्थल सब एक-से हो जावेंगे। अर्थात् बहुत वर्षा होगी।

(९)

सावण मे तो सूतो भलो, ऊभो भलो असाढ़॥

श्रावण मास का चन्द्रोदय देखने पर चन्द्र सोया हुआ-सा दिखाई देना अच्छा होता है। इसी प्रकार से आषाढ़-मास का चन्द्रोदय – चन्द्रमा का उदय — खडा हुआ-सा दिखाई दे तो इस वर्ष, वर्षा अच्छी होगी।

(१०)

सुदी असाढ़ा तीज दिन, पुरवाई जे आय।
पूरब आवै बादला, तो भादूं खूब अपाय॥

आषाढ शुक्ला तृतिया को पूर्व की वायु चले और पूर्व दिशा में बादल दिखाई दे तो भाद्रपद मास में बहुत वर्षा होगी।

(११)

सुदी आसाडा चौथ दिन, गाज बीज नही आय।
के जल दोखै समुन्दरा, के पोथी के माय ॥

आषाढ शुक्ला चतुर्थी के दिन आकाश मे बादलो की गर्जना न हो, बिजली नही चमके तो इस वर्ष, वर्षा का अभाव ही रहेगा।

(१२)

सुदी असाडा चौथ ने, दिक्खरण वाजै वाय।
वादल पूरब जाय तो, मेह असोजा आय ॥

आषाढ शुक्ला चतुर्थी को दक्षिण दिशा का वायु हो बादल पूर्व की ओर जाते हो तो आगामी आश्विन मास मे वर्षा होगी।

(१३)

घोरी असाडी पचमी, वादल होय ना बीज।
वेचो हल अर बलदिया, निपजै काई न चीज ॥

आषाढ शुक्ला पचमी को आकाश मे न बादल हो और न बिजली ही हो तो कवि कृषक को कहता है कि, इस वर्ष कुछ भी उत्पन्न नही होगा। अत हल और बैलो को बेच कर अपना जीवन निर्वाह करलो।

(१४)

*सुद असाडा पचमी, गाज धमाधम जोय।
तौ यू जाणो भड्डली, मध्यम मेहा होय ॥

---

* सुदी असाडी पचमी, गाजत घन घनघोर।
भड्डली कहे ते जाणजे, मधुरो मेघा सोर ॥ अर्थात् अच्छी वर्षा होगी।

आषाढ शुक्ला पंचमी को आकाश में बादलो की गडगडाहट बहुत हो तो कवि भड्डली को सम्बोधन करते हुए कहता है कि, इस वर्ष वर्षा साधारण ही होगी।

(१५)

*सुद असाडां पचमी, जे झबूके बीज ।
दाणा सर्वे वेचिने, राखी बलद ने बीज ।।

आषाढ शुक्ला पचमी को आकाश मे बिजली चमके तो सग्रहित अन्न को बेच दो। इसमे से केवल बोने योग्य अन्न और बैलो को तैयार रखो। क्योंकि इस वर्ष बहुत वर्षा होगी।

(१६)

सुद असाडा की पचमी, जो खेवसी बीज ।
मूडाबोली बेच करण, हल ना राखै बीज ।।

पिछले पृष्ठ के फुटनोट १४ का शेषाश—

गाज बीजने वायरो, पाँमम सुद आहाड ।
ढरवी दे जे थायतो मेह वगी ने पाड ।।

आषाढ शुक्ला पचमी के दिन गरजना, बिजली चमकना और वायु चले तो जोर से वर्षा होगी जो पहाडो को भी ढहा दे सकती है।

---

* असाड सुदी पचमी, जो झबूके बीज ।
दाणा वेची घरकरो राखो वदलने बीज ।।

इसके समर्थन मे —

* १ धोरी असाडी पचमी थाय गाज ने बीज ।
बाद्या मूडा बेचदो, राखो बरदाँ बीज ।।

* २ असाड सुद पचमी, जौर खिवेली बीज ।
कोठा छोडो बेच करण, वावरण राखो बीज ।।

आषाढ शुक्ला पचमी को आकाश मे बिजली चमकती हुई देख कर कवि कहता है कि प्रकृति स्वय अपने मुह से कह रही है कि, सचित अन्न को बेच दो। हलों के द्वारा बोया हुआ अन्न व्यर्थ नही जावेगा।

(१७)

चौथ पचमी असाड सुद, जे झबूके बीज।
सारा अन्न उपजावसी, काल जावसी खीज॥

आषाढ़ शुक्ला चतुर्थी और पचमी को आकाश मे बिजली चमके तो इस वर्ष समस्त अन्न उत्पन्न होगे और इस बिजली की चमक को देख कर दुष्काल अपने मन ही मन मे खीजने लग जावेगा।

(१८)

असाड सुदी की पचमी, बादल जो हो जाय।
छाटो छिडको होय तो, सावण मेह बुलाय॥

आषाढ शुक्ला पचमी को बादल हो कर बूदाबादी हो जाय तो श्रावण मे वर्षा होगी।

(१९)

सुदी असाडा पचमी, छाटा जे आ जाय।
ई जोगा इक मास तक, मेह दौडतौ आय॥
जो छाटा नव पड़ै, तो पख अन्धारा माय।
कौइयक कोइयक ठौड पर, थोडो मेह कराय॥

आषाढ शुक्ला पचमी के दिन बूदाबादी हो जाय तो इस तिथि से एक मास तक के अन्दर वर्षा होगी। यदि इस दिन बूदाबादी न हो तो केवल श्रावण कृष्ण पक्ष मे कही-कही किंचित वर्षा होगी।

(२०)

पाचम सुद असाड की, उत्तर वायु होय।
ऊचा ऊचा बादला, काती मेह लो जोय ॥
वायु व्है जे जोर को, अतिवृष्टि हो जाय।
इण जोगा रे कारणे, दुरभिख लेवे बुलाय ॥
तीज पचमी दो दिना, भलो इशाणी वाय।
जे नेऋत हो जाय तो, लेवे काल बुलाय ॥

आषाढ शुक्ला पचमी को उत्तर दिशा का वायु हो, ऊचे ऊचे बडे-बडे बादल हो तो, आगामी कार्तिक मास मे वर्षा होगी। यदि इस दिन जोर का वायु हो तो अति-वृष्टि होकर दुर्भिक्ष हो जावेगा।

आषाढ शुक्ला तृतिया और पचमी इन दो दिनो मे ईशाण कोण का वायु हो तो अन्न बहुत उत्पन्न होगा। किन्तु यही वायु यदि नैऋत्य का हो तो दुर्भिक्ष हो जावेगा।

(२१)

असाड सुदी पाचम दिना, वाजै पच्छम वाय।
गाज बीज विरखा सहित, इन्द्र धनुष होजाय ॥
ज्ञानवान यू चेतवे, भेलो करलो अन्न।
कार्तिक महीने बेचिया, खूब कमासो धन्न ॥

आषाढ शुक्ला पचमी को पश्चिम दिशा का वायु हो, बादलो की गर्जना हो, बिजली चमके, वर्षा हो, इन्द्र-धनुष हो तो समझदार व्यक्ति कहते हैं कि अन्न-सग्रह कर लेना चाहिये। इमसे आगे चल कर कार्तिक मे बेचने पर अच्छा लाभ होगा।

(२२)

चौथ पाचम असाड सुद, बिजली वायु जोय।
पूरब दिश सुभिक्षकर, अग्नि मेह लुकोय ॥

दक्खरण सू मध्यम समो, नेरुत संवत नेष्ट।
पच्छम हुया मध्यम समौ, उत्तर गिणलो श्रेष्ट ॥
वायव टिड्डी आदि भय, ईशाणकोण सुगाल्।
अ-समान चोवाया हुवे, ओ समया को हाल ॥
जिण दिस खीवे बीजली, वायु ऊधी होय।
भात भात को ईति भय, इसो जमानो जोय ॥
शुभ दिस पेली खिवै, पाछे अशुभ चमकाय।
धान घणेरो नीपजे, उपदरो बोत कराय ॥
अशुभ दिसा पेली खिवै, पीछे शुभ मे जोय।
विरखा आछी होवसी, पण धान न निपजै कोय ॥

आषाढ शुक्ला चतुर्थी और पचमी इन दोनो दिनो मे बिजली एव वायु पूर्व दिशा के हो तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा। उत्तर के हो तो बहुत श्रेष्ठ, पश्चिम के हो तो मध्यम, अग्नि कोण के हो तो अनावृष्टि, नेऋत्य कोण हो तो नेष्ठ, वायव्य के हो तो टिड्डी आदि का उपद्रव और ईशान कोण के हो तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा। यदि ये चारो ओर के हो तो विषम वर्षा होगी।

बिजली जिस दिशा मे चमकती हैं और पवन उसकी विपरीत दिशा का हो तो भिन्न-भिन्न प्रकार की ईति (चूहे टिड्डी आदि) भय होगा। बिजली पहले शुभ दिशा मे चमक कर बाद मे अशुभ दिशा मे चमके तो इस वर्ष अन्न तो अधिक ही उत्पन्न होगा किन्तु साथ ही साथ अन्य उपद्रव भी अधिक ही होगे। इसके विपरीत अशुभ दिशा मे चमक कर बाद मे शुभ दिशा मे चमके तो वर्षा अच्छी होगी परन्तु अन्न उत्पन्न नही होगा।

(२३)

‡सुदी असाडां पचमी, जो आ जावै वार।
समयो कैसो होवसी, इणरो करो विचार॥
रविवार जे आय तो, मेह सरासर होय।
सोमवार रे कारणे, चोखी विरखा होय॥
मगल अतिवृष्टि करै, बुध वाजैलो वाय।
गुरुवार आधी आसी, शुक्र जोर कर जाय॥
भूले चूके इण दिनां, शनीवार जो आवै।
दुखी प्रजा सारी हुवै, हा हा कार मचावै॥

आषाढ शुक्ला पचमी को रविवार हो तो वर्षा साधारण होगी। सोमवार हो तो सुवृष्टि (अच्छी वर्षा) होगी, मगल हो तो अतिवृष्टि, बुध हो तो वायु चले, गुरु हो तो आँधी (तूफान) आवे, शुक्रवार हो तो भयकर (तूफान) आवे, कदाचित इस दिन शनिवार आ जाय तो नाशकारक स्थिति होजाने से प्रजा हा-हाकार करेगी।

---

‡ इसके विपरीत —

सुदी असाडा पचमी, कौण वार है देख।
मगल तो दगल करै, सोमे मेह विसेख॥
सुभदायक बुधशुक्कर है, गरू खेम करजाय।
अलपमेह सूरज तणी, सनी हा-हाकार कराय॥

तात्पर्य है कि रविवार को अल्प वर्षा, सोम हो तो अति वर्षा, मगल हो तो युद्ध, बुध एव शुक्र हो तो शुभ एव सुख-दायक, गुरुवार हो तो क्षेपकारक, शनिवार हो तो विनाश कारक योग बनता है।

(२४)

‡असाड़ सुदी छठ ने भाल। लपकै बीज क बादल नाल॥
सुगन समया का जाणो भला। होत सुपूरण षोडश कला॥
गरजै घोर मेघ हुइ, जे बादल शिखर करेह।
(तो) नीची ठोडा भू पड़ा, ऊ ची ठौड़ बन्धेह॥

आषाढ शुक्ला षष्ठी को आकाश मे देखें। बादल एव बिजली की चमक लगातार रहे तो इस वर्ष सम्पूर्णरूप से कृषि उत्पादन होगा। इस दिन बादलो की गर्जना हो, बहुत बादल हो एक के बाद एक शिखरवत् चढते हुए दिखाई दे तो इस वर्ष, वर्षा के कारण नीचे स्थान मे बने हुए झोपड़े अवश्य ही वहाँ से हटकर ऊ ची जगह पर बधेगे। अर्थात् अत्यधिक वर्षा होगी।

(२५)

सातम सुद व्है निरमली, आठम वादल होय।
तो सावण माहे जाणलो, विरखा घणी सलोय॥

आषाढ शुक्ला सप्तमी को आकाश निर्मल रह कर अष्टमी को बादल हो तो श्रावण मास मे बहुत वर्षा होगी।

---

‡ छठ ऊजली असाडरी, धन बरसै जो आय।
तो सावण मे विरखा घणी, समयो आछो थाय॥
ई दिन जे वरसै नही, तो सावण कोरो जाय।
आसोजा के मायने रस कस मूघा थाय॥

आषाढ शुक्ला षष्ठि के दिन यदि वर्षा होजाय तो श्रावण मे वर्षा होगी। कदाचित इस दिन वर्षा न हो तो श्रावण-मास मे अनावृष्टि होगी और आश्विन मे रस-कस महगे बिकेंगे।

(२६)

सातम सुद असाड री, जे वरसैलो मेह ।
तो भादरवाके मायने, बोलो मेह करेह ॥
ईं दिन जे बरसै नही, तो भादू कोरो जाय ।
पोसफागरण के मायने, हीरा कपड़ा मूघा थाय ॥

आषाढ शुक्ला सप्तमी के दिन वर्षा हो जाय तो इसके फलस्वरूप भाद्रपद मास मे बहुत वर्षा होगी । किन्तु इस दिन वर्षा न हो तो उस वर्ष अनावृष्टि योग होगा और हीरा, कपास एव सूत पौष अथवा फाल्गुन मास मे महगे हो जावेंगे ।

(२७)

पाचम सू आठम तलक, आसाड सुदी के माय ।
चारू दिन विरखा हुया, मास चार वरसाय ॥

आषाढ शुक्ला पचमी से अष्टमी तक इन चार दिनो तक लगानार या किसी दिन वर्षा हो तो, वर्षा काल मे चारो महीनो मे या उस तिथि के क्रम से जो मास आता होगा उसमे वर्षा होगी ।

(२८)

आसाडी सुद पूनसे, घरण बादल घरण बीज ।
नाला कोठा खोल दो, राखो हल ने बीज ॥

आषाढ शुक्ला नवमी को आकाश मे बादलो की घटाए हो और बिजली चमकती हो तो सग्रहित अन्न को बेच दो । केवल बोने योग्य अन्न (बीज) एव हलो को तैयार रखो । इस वर्ष बहुत अन्न होगा ।

(२९)

सातम आठम नवमी, असाड सुदी के माय ।
शशि सूरज मलीन रह्या, चार मास बरसाय ॥

आषाढ शुक्ला सप्तमी, अष्टमी, और नवमी को दिन में सूर्य और रात मे चन्द्र बादल, वर्षा, कुहरा आदि के कारण मलीन दिखाई दे तो वर्षा काल मे अधिक वर्षा होगी।

(३०)

न गिनव चैत न गिनव बैसाख। न गिनव बार तीन सौ साठ॥
गिनव एक मास असाड। नवमी शुक्ला वार बखान॥
मगल परे तो हर परे, बुद्ध परे दुख काल।
देव बिछोहा होय तो परे शनीचर वार॥
सोमे सुक्रे रवि गुरु, भूमे अन्न कराय।
छत्तर टूटै महि डिगै, जो फिर शनि परिजाय॥

चैत्र-वैशाख या वर्ष के तीनसौ साठ दिन और वार पर विचार करने की आवश्यकता नही है। केवल आषाढ शुक्ला नवमी का ही विचार करना चाहिये। यदि इस दिन मगलवार हो तो इस वर्ष हल पडे रहेंगे। बुधवार होगा तो प्रजा मे दुख बढेगा, अकाल पडेगा। कदाचित ईश्वर नितान्त ही विपरीत हो तो इस दिन शनिवार आता है। शनिवार के पडने पर भारी सकट आता है। प्रभु-कृपा से इस दिन सोमवार, गुरु-वार, शुक्रवार और रविवार मे से कोई-सा वार होता है तो इस वर्ष अन्न उत्पन्न होता है। यदि लगातार दो वर्षों तक इस दिन शनिवार आता रहे तो इसके प्रभाव से राज-भग एव भूकम्पादि उपद्रव होगे। नोट—पीछे सख्या १७ पर भी ऐसा ही वर्णन आया है। इस सबंध मे उपलब्ध पाठान्तर यहां नीचे फुट नोट में बता दिया गया है।‡

---

‡ पाठान्तर—

मगल व्है तो जुद्ध घणो, बुध शुभ हो जाय।
गुरु क्षेम उपजाय दे, शुक्कर सुख बताय॥

(३१)

‡असाडे सुद नवमी दिने, घरण बादल घरण बीज ।
कोठा खेर खखेर दो, राखो बलद ने बीज ॥

आषाढ शुक्ला नवमी को आकाश मे अधिक बादल और जोर से बिजली चमकती दिखाई दे तो इस वर्ष कृषि-उत्पादन बहुत होगा । अत सचित अन्न निकाल दो केवल बीज के लिए अन्न और बैलो को तैयार रखो ।

(३२)

*सुदी असाडा नम्म ने, शशि जो निरमल देख ।
जा पीव तू मालवै, भीख मागरणी पेख ॥

आषाढ शुक्ला नवमी की रात को आकाश मे चन्द्रमा को निर्मल देखकर कृषक-पत्नी अपने पति से कहती है कि इस वर्ष वर्षा नही होगी अत आप मालवे की ओर पधार जावे जिससे भीख माग कर भी आप अपना निर्वाह करके जीवन टिकाये रख सकें ।

(३३)

†असाड सुद नवमी दिने, नहि बादल नहि बीज ।
हल चीरो ईंधन करौ, ऊबा फाको बीज ॥

---

‡ असाड सुदी नवमी दिने, घरण बादल घरण बीज ।
नेडा राखो बलदिया, खोला राखो बीज ॥

* इससे मिलती हुई —

सुदी असाडी सप्तमी, ससि जो निम्मल देख ।
जा पिय तू तो मालवे, भीख मागवी पेख ।

† १ आसाडा री सुद नम, ना बादल ना बीज ।
हल फाडो ईन्धरण करौ, बैठा चाबो बीज ॥

२ आसाडे सुद नवमी, नइ बादल ना बीज ।
हल फाडो इन्धरण करौ, बैठा चाबो बीज ॥

आषाढ़ शुक्ला नवमी को आकाश में बादल नहीं हो, बिजली नही चमके तो इस वर्ष, वर्षा नही होगी। अत. कवि कहता है कि हलों को चीर कर ईंधन करलो और बीजो को भून-भून कर खड़े होकर ही फाकते रहो।

(३४)

असाड सुदी नवमी निरमल देखिये।
साझ समै व्है बादल तामे फल पेखिये॥
भादव होवै घनो नही अन्त ही।
सरकी फूटै पाल जु नीर चलन्त ही॥

आषाढ शुक्ला नवमी को दिन भर निर्मल देखकर सायकाल के समय आकाश मे बादल हो जाय तो भाद्रपद मास मे इतनी वर्षा होगी कि, सरोवरो के बांध टूट कर जल बहेगा।

(३५)

नवमी असाडा ऊजली, बादल करै वियाल।
भाद्रवडे भर पावसी, सरवर फूटे पाल॥

आषाढ शुक्ला नवमी को वायु चल कर बादल हो जाय तो भाद्रपद मास मे इतना मेह होगा कि, सरोवरो के बांध टूट जावेगे।

(३६)

‡सुद असाड नवमी दिवस, वादल भीनो चन्द।
तो यूं जाणो भड्डली, भूमी घणो अणद॥

---

‡ इसके विपरीत —

१ आसाडी पूनम दिने, बादल भीनो चद।
तो भड्डली जोशे कहू, सयला नर आनद॥

आषाढ शुक्ला नवमी की रात्रि मे चन्द्रमा बादलो से घिरा हुआ ही रहे तो कवि कहता है कि, वर्षा पर्याप्त होगी और पृथ्वी पर लोग अत्यन्त आनन्द मनावेंगे।

नोट —एक स्थान पर चन्द्रमा पर हलका बादल हो, लिखा मिला है।

(३७)

असाड सुद नौमिये, सारो दिन वा जोई।
जे बादल गाजे किते, समौ सबै अति होई॥

आषाढ शुक्ला नवमी को दिन भर वायु चलकर बादलो की इस दिन कभी भी गर्जना हो जाय तो यह वर्ष उत्तम रहेगा। इस वर्ष, वर्षा अच्छी होगी।

(३८)

सुदी असाडा नवमी, मेह बरसण को जोग।
बरसै मूसलधार तो, गयो समुद्रा भोग॥

पिछले पृष्ट के फुटनोट का शेषांश—

२ आसाडी पूनम दिना, बादल झीणो चद।
जोशी कहै भड्डुली सगला नरा आनद॥

३ आसाडी पून्यो दिना, बादल भीनो चद।
भद्रबाहु गुरु यू कहै, सगला नरां आनद॥

नोट —ये सभी नवमी के स्थान पर पूनम के दिन का समर्थन करने वाली उक्तियां हैं। इसीलिये विपरीत मान कर यहाँ सकेत के अन्तर्गत दी गई है।

इन सभी के विपरीत :—

आसाडी पून्यो दिना, बादल भीनो चद।
बंजावो पिव मालवै, इठे छै दुःख दद॥

जे बरसै फूहा फूही, मत्स्य-वृद्धि व्है डक कही ।
मन्द मन्द जे विरखा करै, अन्न-वृद्धि सू पुहुमी भरै ।।

आषाढ शुक्ला नवमी को मेह बरसने का योग मिल जाय तो उस वर्षा का परिणाम इस प्रकार होगा । यदि मूसलाधार हुई तो बोया हुआ सब बहकर समुद्र मे चला जावेगा । यदि वर्षा बराबर रही तो इस वर्ष डङ्क के मतानुसार मछलियो की वृद्धि अधिक होगी । यही वर्षा कदाचित मन्द-मन्द होगी तो इसके परिणाम स्वरूप पृथ्वी अन्न से परिपूर्ण भरी रहेगी ।

(३९)

ढक्यो चन्द बादल सू रहै, सुद नवमी की रात ।
शीत काल विरखा घणी, परजा सुखी होजात ।।

आषाढ शुक्ला नवमी की रात्रि मे चन्द्रमा बादलो से ढका हुआ ही रहे तो इस लक्षण से आगामी शीतकाल मे बहुत वर्षा होगी ।

(४०)

° असाढ सुदी नवमी दिने, निरमल ऊगै सूर ।
भरे वहु आभा करै, मेह होय भरपूर ।।
जाण खरू भडली कहै, मास चार वरसेय ।
सोच न हवे को करो, जोशी शूज करेय ।।

आषाढ शुक्ला नवमी को प्रात. काल सूर्य निर्मल उदय हो तो आकाश काली घटाओ से भरपूर रहेगा और अत्यधिक वर्षा होगी ।

भड्डली को सम्बोधन कर कवि कहता है कि, इसे सत्य समझो कि इस लक्षण से वर्षा चार महीनो तक होगी । चिन्ता क्यो करते हो ? इसमे ज्योतिषी का कोई वश नही है, वह क्या करेगा ।

° नोट:—कोई-कोई यहाँ सूर्य न मान कर रात्रि मे चन्द्रमा का निर्मल होना मानते हैं ।

(४१)

नवमी दशमी दोय दिन, सुद असाड की होय।
जे विरखा होजाय तो, समयो आछो होय ।।
विरखा जे होवे नही, इरणा दिना के माय।
खाली बाजै वायरो, दुरभिच्छ देवो बताय ।।

आसाढ शुक्ला नवमी, दशमी को आकाश मे बादल, वर्षा हो तो इस वर्ष कृषि उत्पादन उत्तम होगा। कदाचित इस दिन वर्षा न हो और केवल वायु ही चले तो इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा।

(४२)

नवमी दशमी असाड का, बादल गाज करे।
चोमासे विरखा घरणी, नदिया नीर भरै ।।
इरणा दिना बादल नही, नदिया जावे सूख ।
अनावृष्टि के काररणे, परजा मचावे कूक ।।

आषाढ शुक्ला नवमी, दशमी को आकाश मे बादल हो, तो वर्षा काल मे चारो महीने अच्छी वर्षा होगी। इसके परिरणामस्वरूप नदियो मे पूर्ण जल होगा। कदाचित इन दिनो मे बादल नही हो तो नदियो का रहा सहा जल भी सूख जावेगा-अनावृष्टि होगी, जिसके काररण प्रजा मे जल के लिए हा हाकार होगा।

(४३)

* शनि अदीता मगला, जे पौडे सुरराय।
अन्नज मूघो होवसी, धोरा चालसी वाय ।।†

---

* इसके समर्थन म —

थावारे के मगरे दीते पौडे देव। पडवा काररण कार, ने थूली नें घेव ।।

इसमे थूली और घेव से तात्पर्य दलिया-घाट और छाछ से है। अकाल पड जाने से ये भी नसीब नही हो सकेगी।

† कोई-कोई 'धोरा चालसी वाव' के स्थान पर 'जोरा चालसी वाव' भी कहते हैं।

सुर-राय अर्थात् देवताओं के राजा विष्णु के शयन के दिन देव-शयनी एकादशी को शनि, रवि किम्वा मगलवार मे से कोई-सा वार हो तो इस वर्ष, अन्न महगा होगा और प्रचण्ड वायु चलेगा।

(४४)

रवि टींण्ड बुध कातरा, मगल मूसा जोय।
जे हर पौढ़ै शनीचरा, तो विरला जीवे कोय॥

यदि देव-शयनी एकादशी को रविवार हो तो इस वर्ष टिड्डियो के आक्रमण होगे बुधवार हो तो कातरा (एक प्रकार का वर्षा काल मे उत्पन्न होने वाला कीडा) बहुत पैदा होगा। इस दिन मगलवार हो तो इस वर्ष चूहे अधिक होगे और कदाचित शनिवार इस दिन आ जाय तो ऐसा सकट आवेगा कि, विरले व्यक्ति ही जीवित रहेगे।

(४५)

सौमा सुक्करा सुरगुरा, जे पौडे सुरराय।
अन्न बहोलो नीपजे, पुहुँमी सुख सरसाय॥

देव-शयनी एकादशी को सोम, शुक्र किम्वा गुरुवार मे से कोई-सा वार आ जाय तो इस वर्ष, अन्न का उत्पादन अधिक होगा अत प्रजा सुख मे मस्त रहेगी।

(४६)

असाड़ महीने दो दिन सारा,
आठम पूनम घोर अन्धारा।
भडली केव्है मे जाण्यो भेद,
जित्ता बादल बित्तो मेघ॥

आषाढ़ शुक्ला अष्टमी और पूर्णिमा इन दो दिनो को भली

प्रकार से देखें । भड्डली कहते हैं कि इन्हे देखकर मैंने रहस्य समझ लिया है । वह यह है कि बादलो के कारण इन दिनो में दिन मे अन्धेरा हो जाय तो जैसे बादल (कम या अधिक) होगे, वर्षा काल मे वैसी ही वर्षा (कम या अधिक) होगी ।

(४७)

असाड सुदी चवदस दिना, रिछ जेठा रविवार ।
धानज मूघो होवसी, सशे नही लगार ॥

आषाढ़ शुक्ला चतुर्दशी को ज्येष्ठा नक्षत्र और रविवार हो तो इस वर्ष अन्न महगा होना निश्चित है ।

(४८)

असाड़ सुदी चवदश दिना जे बिरखा हो जाय ।
तो पजूसणां के मायने, मेह बरसेलो आय ॥

आषाढ शुक्ला चतुर्दशी के दिन वर्षा हो जाने से जैन धर्मानुयायियो के पर्यूषण पर्व के दिनो मे वर्षा होगी । पर्यूषण पर्व भाद्रपद कृष्णा १४ से भाद्रपद शुक्ला ४ तक होता है ।

(४९)

आषाडी पून्यूं दिना, पूर्वाषाडा होय ।
अन निपजै सगली जगा, शान्ति सुख लो जोय ॥
मूल उत्तराषाड सूं, साख थोडी निपजावै ।
तारो टूटे ग्रहण हुवे, तो अवसै दुरभिक्ख लावै ॥

आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा को पूर्वाषाढा नक्षत्र हो तो इस वर्ष शान्ति एव सुख रहेगा और समस्त जगह अन्न उत्पन्न होगे । इस दिन मूल किम्वा उत्तराषाढा मे से कोई एक नक्षत्र आ जाय तो यह वर्ष मध्यम बीतेगा अर्थात् कृषि कम होगी । किन्तु इस दिन, रात्रि में तारे टूटे किम्वा ग्रहण हो जाय तो इस वर्ष अवश्य दुर्भिक्ष होगा ।

(५०)

जे पूनम वाजे नही, फुरके नही लगार।
गर्भ्यो श्रावण भादवो, बरसे एकहि धार ॥

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को सूर्यास्त के समय (जब सूर्य आधा दिखाई दे और आधा लुप जाय तब) वायु बिलकुल बन्द हो तो, इस लक्षण से श्रावण-भाद्रपद में अच्छी वर्षा होगी।

(५१)

पडवा पूनस द्वादसी, वाजे पवन प्रचण्ड।
तो घण थोडा बरससी, मेह गया नव खण्ड ॥

यदि आषाढ शुक्ला प्रतिपदा, द्वादशी और पूर्णिमा इन तीन दिनो मे तीनो दिन या इनमे से किसी भी दिन प्रचण्ड वायु चले तो इस वर्ष, वर्षा साधारण ही होगी।

(५२)

पूनम नवमो साढ सुद, निरमल निसा मयक।
दुरभिख नहचे जाणिजे, रुले राव अरु रक ॥

आषाढ शुक्ला नवमी एव पूर्णिमा के दिन रात्रि मे चन्द्रमा निर्मल प्रतीत हो तो—बादल आदि न हो तो—इस वर्ष ऐसा दुर्भिक्ष होगा कि धनिक एव दीन (अमीर एव गरीब) सभी छटपटा जावेंगे।

(५३)

निरमल पूनम साढ की चान्द निरमलो जोय।
दूणा तीणा चौगुणा, कण का फोड़ा होय ॥

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा की रात्रि में चन्द्रमा निर्मल दिखाई दे तो इस लक्षण से इस वर्ष अकाल ही होगा और अन्न अत्यन्त कठिनाई से प्राप्त हो सकेगा।

(५४)

सुदी असाडा चवदसा, पूनम देखौ जोय।
जे कमती आ जाय तो, अन्नज मूँघो होय॥
घणी हुया सस्तो हुवे, सम समभाव समान।
जे पूनम टोटे हुवे, तो अन्न न निपजे जान॥

आषाढ शुक्ला चतुर्दशी को और पूर्णिमा को इन दोनो तिथियो की घडियें देखें। यदि चतुर्दशी से पूर्णिमा की घडियें कम हो तो इस वर्ष अन्न का भाव महगा होगा। समान (बराबर-बराबर) होने से सम भाव, तथा अधिक होने से इस वर्ष अन्न सस्ता होगा। कदाचित पूर्णिमा तिथि टूट गई तो इस वर्ष अन्न उत्पन्न ही नही होगा।

(५५)

असाडी पून्यू बध्या, तीन मास सुभिक्ष।
टूट्या अन्न ना नीपजे, ऐसो पडे दुरभिक्ष॥

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा की तिथि बढने से तीन महीनो तक अन्न सस्ता रहेगा। कदाचित यह तिथि टूट जाय तो इस वर्ष अन्न का उत्पादन ही न हो, ऐसा दुर्भिक्ष होगा।

(५६)

आसाडी पून्यूं दिना, बादल बीजल गाज।
चान्द सूरज के सेवरो, निपजे सातूं नाज॥

आषाढशुक्ला पूर्णिमा को आकाश मे बादल हो, बिजली चमके, गर्जना हो और चन्द्र एव सूर्य के ऊपर बादलो का सेवरा रहे तो इन लक्षणो से इस वर्ष इतनी वर्षा होगी कि सातो अनाज (समस्त अनाज) उत्पन्न होगे।

(५७)

असाड सुदी पून्यो दिना, आभै बादल छाय।
पूरब उत्तर ईशान हवा, मेह घणेरो आय॥

खाली होवे वायरो, बादल जे नहि होय ।
मेह न आवे बून्द भर, दुरभिख लेवो जोय ॥
पच्छम वायव वायरो, अलप बादला होय ।
थोडी विरखा होवसी, समयो मध्यम होय ॥

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को आकाश मे बहुत से बादल हो, पूर्व किम्वा उत्तर की वायु हो तो सुभिक्ष, सुवृष्टि एव आरोग्यकर यह वर्ष होगा । परन्तु इस दिन केवल वायु ही चले और बादल न हो तो दुर्भिक्ष होगा । कदाचित इस दिन वायु पश्चिम किम्वा वायव्य का हो और आकाश मे थोडे से बादल हो तो इस वर्ष, वर्षा कम होगी और इसके परिणाम-स्वरूप कृषि मध्यम होगी ।

(५८)

आसाडा की पूनमे दिक्खण नेरुत वाय ।
छाण न छावो माघजी रहस्या बडले जाय ॥

आषाढ की पूर्णिमा को दक्षिण अथवा नैऋत्य का वायु हो तो अनावृष्टि योग होने के कारण कवि माघजी को सम्बोधन कर कहता है कि इस वर्ष, वर्षा से रक्षा करने हेतु छप्पर छाने की आवश्यकता नही है । बरगद के पेड के नीचे रह कर ही समय गुजार लेना ।

(५९)

आसाडा की पूर्णिमा, अग्नि कोण की वाहाल ।
औरा देसा करवरो, मारू देसा काल ॥

आषाढ की पूर्णिमा को अग्निकोण का वायु हो तो मरुस्थल (मारवाड) के अलावा अन्य देश (प्रान्तो) मे सामान्य वर्ष होगा किन्तु इस मारवाड मे तो अकाल ही होगा ।

(६०)

आसाडा की पूनमे, पूरब वाजे वाय ।
मारू देसा करवरो, काल पड़े गुजरात ॥

आषाढ मास की पूर्णिमा को यदि पूर्व दिशा का वायु हो तो इस लक्षण से मारवाड मे तो सामान्य वर्षा एव कृषि होगी किन्तु गुर्जर-प्रदेश (गुजरात) मे अकाल पडेगा ।

(६१)

आसाडा की पूनमे, उत्तर वाजे वाय ।
छत्र भंग दुरभिख दुसह, परजा भोगे ताव ।।

आषाढ मास की पूर्णिमा को उत्तर दिशा का वायु होने से किसी राजा की मृत्यु या राज्य-भग, भयकर दुर्भिक्ष और प्रजा मे ज्वरादि व्याधियो की वृद्धि होगी ।

(६२)

आसाडी चौबाया वाजे । कठेक तरसे कठेक गाजे ।।
टूटे ध्वजा चढे आकाश । तो वरसे मेह न निपजे घास ।।

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को चारो ओर से जोर का वायु हो तो इस लक्षण से कही वर्षा होगी और कही लोग वर्षा के लिये तरसते ही रहेगे । यदि यह वायु इतना प्रचण्ड हो कि ध्वजा टूट कर आकाश मे चढ जाय, नीचे नही पडे तो इस वर्ष मेह सर्वथा नही होगा—यहाँ तक कि घास भी उत्पन्न नही होगा ।

(६३)

आसाडी पून्यूँ तणी, पनरा घडी तक रात ।
सावण सूँ आसू तलक, पाँच-पाँच मे आत ।।
उत्तर पूरब वायरो, जिण घडियाँ मे होय ।
उण महिने विरखा हुवे, न्यूनाधिक लो जोय ।।
आभो निरमल जे हुवे, जी पाँच घड़ी के माँय ।
वी महिना के माँयने, बिरखा जाय लुकाय ।।

आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा की रात्रि की पन्द्रह घड़ियो तक वायु एव बादलो को देखे। इस समय उत्तर किम्वा पूर्व का वायु हो तो पाँच-पाँच घडी के हिसाब से श्रावण प्रथम गिन कर जिस भाग मे उपरोक्त लक्षण हो तो क्रमश उसी महीने मे वर्षा होगी। वायु किम्वा बादलों की न्यूनाधिकता के प्रभाव मे वर्षा भी उसी प्रकार की होगी।

इसी प्रकार से उपरोक्त पाँच-पाँच घड़ियो के समूह में से जिस समूह (पाँच घड़ियो) मे आकाश निर्मल दिखाई दे तो क्रमश आने वाले उस महीने मे वर्षा नही होगी।

(६४)

असाडी पून्यूँ की साँझ। वरस भलेरो ले इण भाँत ॥
पूरव उत्तर अर ईशाण। जोर बहै तो समयो जाण ॥
अगनी नेरुत दागज कोण। समयो जासे चले जुपौन ॥
दक्खण पच्छम आधौ समयो। सहदेव जोयसी एसो भणयो ॥

आषाढी पूर्णिमा को पूर्व, उत्तर किम्वा ईशानकोण का वायु जोर का हो तो यह वर्ष अच्छा होगा। अग्नि, नैऋत्य आदि कौन का वायु हो तो कृषि-उत्पादन नही होगा। किन्तु, इस दिन दक्षिण किम्वा पश्चिम दिशा का वायु होगा तो आधी ही फसल होगी।

(६५)

‡ असाड मास पुन गौना। धुजा बाँधने देखो पौना ॥
जो पवन पूरब सू आवै। निपजै अन्न मेघा झड लावै ॥
अगन कूण जे बहै समीरा। पडे काल दुख सेवै सरीरा ॥
लकाऊ व्हैता हुवे सुकाल। लडै सूरमा दे दे ताल ॥

इसके विपरीत —

‡ आषाढी पून्यो की साँझ। वायु देखो नभ के माँझ ॥
नेऋत भई बूद ना परै। राजा परजा भूखन मरै ॥

नेरुत कूण बूंद नही पडसी । राजा परजा भूखाँ मरसी ॥
आथूणो व्हैता भलेरो जाणो । पालो पडसी साँची मानो ॥
वायव व्हैता विरखा भारी । होसी मूमा दुख पासी नारी ॥
धूराऊ व्हैता धान घणेरो । करसी मौजा करसो भलेरो ॥
कूण ईशाणा नौपत गाजै । घरा घरा मे तोरण छाजै ॥

आषाढ की पूर्णिमा को ध्वजा बान्ध (झण्डा गाड) कर वायु का रुख देखें । इस दिन पूर्व की वायु हो तो फसल अच्छी होगी और वर्षा यथेष्ट होगी । अग्निकोण की वायु हो तो इस वर्ष अकाल होगा

अगिन कोण जो बहै समीरा । परै काल दुख सहै सरीरा ।
उत्तर से जल फूहा परै । मूस साँप दोनो अवतरै ॥
पश्चिम समय नीक करि जानो । आगे बहे तुसार प्रमाण्यो ॥
जो कहुँ बहै ईसाना कोना । नापो विस्वा दो-दो दौना ॥
जो कहुँ हवा अकासे जाय । परै न बूंद काल परि जाय ॥
दक्खिन पच्छिम आधा समै । भड्डर जोसी ऐसे भनै ॥

आषाढी पूर्णिमा को सन्ध्या समय की वायु को देखे । नैऋत्य कोण का वायु चलने पर एक बूंद भी पानी नही बरसेगा और राजा-प्रजा को भूखो मरना पडेगा । अग्निकोण का वायु चले तो अकाल पडेगा और लोगो को शारीरिक कष्ट होगा । उत्तर का वायु चलने पर फूहाफाही वर्षा होगी तथा चूहे और साँप अधिक पैदा होगे । पश्चिम का वायु होने पर समय अच्छा समझो, पर पाला पडेगा । ईशान कोन की वायु चलने पर विश्वा मे दो दौने से अधिक उत्पादन नही होगा अर्थात् अनाज की कमी ही रहेगी । दक्षिण और पश्चिम का वायु चलने पर भड्डली ज्योतिषी का कहना है कि उत्पादन आधा होगा । यदि यह वायु आकाश की ओर जाय तो इस लक्षण से इस वर्ष, वर्षा नही होगी और अकाल पडेगा ।

और लोगो को शारीरिक कष्ट मिलेगा। दक्षिण दिशा की वायु हो तो बहुत वर्षा होगी, किन्तु बडे-बडे योद्धा परस्पर लडेंगे। नैऋत्य कोण का वायु हो तो वर्षा की एक बूंद भी नही गिरेगी और राजा-प्रजा भूखो मरेगे। पश्चिम दिशा की वायु को अच्छा बताया गया है, किन्तु शीत काल मे पाला अधिक पडने की सूचना देता है। वायव्य कोण का वायु हो तो वर्षा बहुत होगी, किन्तु चूहे भी अधिक पैदा होगे, जो हानि पहुँचावेंगे और स्त्रियों को दुख होगा। उत्तर दिशा की वायु धन-धान्य की बहुत उपज होने के कारण किसानो को आनन्दित करेगी। ईशान कोण की वायु से भी उत्पादन अच्छा होने की सूचना है। इस वर्ष प्रजा में विवाहोत्सव बहुत होगे।

(६६)

पून्यूं मास असाड़ की, वायू पूरब होय।
जे दिन भर चलतो रहै, बिरखा आछी होय॥
अग्निकूण को वायरो, खण्ड वृष्टि कर-जाय।
राजा की मृत्यु हुवै, अग्नि भय कराय॥
लकाऊ वायु हुया, अनावृष्टि हुय जाय।
नेरुत कूण को वायरो, घोर काल ले आय॥
पच्छम दिस वायु हुया, समयो आछो होय।
धूराऊ को ह्वै जायतो, धान घणेरो होय॥
वायव कूण को वायरो, फसल सरासर होय।
नौल्या मूसा टीड अर, मकडी नेत्रो जोय॥
ईसाण कूण को वायरो, आछो मेह करावै।
करसण होवै मोकलो, चोर नाश हो जावै॥
च्यारूं दिस वायु बहै, आछौ नही है जोग।
अन्न मूघो अगन भय, परजा भोगमी भोग॥

आमो सामो वायरो, आवै अर जाव।
धान नाश दुरभिच्छ करै, रोम जुद्ध करावै॥
सव्य भलैरौ जाणजो, अपसव भलौ न होय।
आठूँ दिस वायु हुया, तृण भी मूंधो होय॥

आषाढी पूर्णिमा के दिन वायु पूर्व का हो तो इस वर्ष, वर्षा अच्छी होगी, जिससे अन्न सस्ता होगा। इस दिन वायु अग्नि कोण का हो तो खण्ड-वृष्टि (कही वर्षा होना और कही नही होना) किसी राजा की मृत्यु और अग्नि-काण्ड होगे। दक्षिण दिशा का वायु हो तो अनावृष्टि, दुर्भिक्ष एव परस्पर युद्ध होगे। अत ऐसी स्थिति मे जीवन निर्वाहार्थ बहुमूल्य वस्तुओ को बेच कर अन्न सग्रह कर लेना चाहिये। पश्चिम दिशा का वायु हो तो समय-समय पर इतनी वर्षा होगी कि समस्त अन्न उत्पन्न हो जावेगे। इसी प्रकार उत्तर दिशा का वायु भी वर्षा एव अधिक अन्न की उत्पत्तिकारक, सुभिक्ष, क्षेम, आरोग्यादि का दाता होगा। वायव्य कोण का वायु, वर्षा एव अन्न के लिये साधारण ही रहेगा और नेवलो, चूहो, टिड्डियो, मकडियो आदि की वृद्धि होगी। ईशाण कोण का वायु उत्तम वर्षा, कृषि मे वृद्धि एव सुभिक्षकारक तथा चोरो का नाश करने वाला होगा। कदाचित इस दिन वायु चारो दिशा का हो तो खण्ड-वृष्टि, अन्न महँगा एव अग्नि-काण्ड के उपद्रवो का भय रहेगा। इस दिन यह वायु आमने-सामने (पूर्व से पश्चिम, पश्चिम से पूर्व तथा उत्तर से दक्षिण, दक्षिण से उत्तर) का हो तो इस वर्ष अन्न का नाश, दुर्भिक्ष, रोग एव परस्पर युद्ध होगे। यहाँ, यह अवश्य ध्यान मे रखे कि यह वायु सव्य (पूर्व से उत्तर, उत्तर से पश्चिम, पश्चिम से दक्षिण) इस प्रकार हो और साथ ही शीतल, सुखदायक हो तो यह वर्ष सुभिक्ष, क्षेम, आरोग्यादि का देने वाला होगा। किन्तु इससे

विपरीत अपसव्य (पूर्व से दक्षिण, दक्षिण से पश्चिम) हो तो अल्प वर्षा, अन्न-नाश, रोग आदि होंगे। यदि यह वायु आठों ही दिशाओं का हो और वेग सहित हो तो अनावृष्टि के कारण घास तक महँगा होगा।*

(६७)

जे ध्वज हिलै नही, निश्चल रैव्है वाय।
तौ नवखण्ड सारा डोलसी, भय घणेरी थाय॥

आषाढी पूर्णिमा को वायु की गति देखने के लिये ध्वजा रोपकर देखे। यदि ध्वजा फरके नही और इस दिन वायु निश्चल रहे तो समस्त भू-मण्डल पर कोई भयङ्कर आपत्ति आवेगी।

(६८)

आसाडी पून्यूँ दिना, बाजै नही सुवाव।
मेह न बरसै माघजी, अन को बरतै भाव॥

आषाढी पूर्णिमा के दिन वायु का नही चलना इस वर्ष, वर्षा का अभाव सूचित करता है। इसलिये इस वर्ष अन्न उत्पादन होना कठिन ही है।

(६९)

चित्रा स्वाति बिसाखडे, जे बरसै आसाड।
चालो नरा विदेशडे, पडसी काल सुगाढ॥

---

* इस दिन निम्न सम्वतो मे निम्न दिशाओ के वायु रहे थे—

दक्षिण दिशा–वि० स० १९२५, १९३४, १९४८ और १९५६.

उत्तर दिशा का वायु—विक्रम सम्वत १९५७.

वायव्य कोण का वायु – वि० स० १९५०

ईशाण कोण का वायु:—वि० सं० १९४९.

इन वर्षो मे उपरोक्त फल दृष्टिगोचर आये थे।

आषाढ मास मे चित्रा, स्वाति, विशाखा इन तीन नक्षत्रों मे वर्षा हो तो इस वर्ष भयङ्कर अकाल होगा।

(७०)

पूर्वाषाढा सू तीन दिन, जे होवे शुभ वार।
घर-घर होवे बधामणा, घर-घर मँगलाचार ।।

आषाढ मास मे पूर्वाषाढा नक्षत्र के तीन दिन बाद शुभ वार आ जाय तो इस वर्ष लोग आनन्दपूर्वक अपना जीवन व्यतीत करेंगे।

(७१)

सुद पूनम असाड री, साठ घडी जे होय।
समयो आछो होवसी, सोच करो मत कोय ।।
तीस घडी जे होय तो, छः महीना सुख पाय।
इण सू आधी होय तो, चौमासे सुख थाय ।।
पनरा सू आधी हुया, दुख ही दीखे आय।
वायु बादल सजोग सूँ, फरक पडे लो आय ।।

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा यदि साठ घडी हो तो इस वर्ष, वर्ष भर सुभिक्ष रहेगा। तीस घडी होने पर छ महीने सुख और छ महीने कष्ट होगा। यदि यह तिथि केवल पन्द्रह घडी ही की है तो चातुर्मास पर्यन्त ही सुभिक्ष रहेगा। कदाचित पूर्णिमा इससे कम हो तो दुख ही की सम्भावना होगी। किन्तु इस दिन वायु, बादल आदि के कुछ शुभ लक्षण हो जाँय तो उपरोक्त फलो मे भी न्यूनाधिकता हो जावेगी।

(७२)

आसाडी पून्यों दिना, घडियाँ लेवो जोय।
पाँच-पाँच का भाग सू, श्रावण आदि होय ।।
जिण भागाँ बीजल खिवे, बादल सहितै गाज।
पूरब उत्तर वायरो, उण महीने इन्द्र समाज ।।

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा जितनी घडी हो, उनमे पाँच का भाग द और श्रावण को आदि मानकर यह देखें कि, इस दिन के किस भाग मे बिजली चमकती है, बादल होते हैं और गर्जना भी होती है। इस दिन उत्तर का वायु हो तो क्रम से उसी महीने मे वर्षा होगी।

(७३)

आसाडाँ बादल करै, जे चाले उत्तर बाय।
तो जॉणो कातिक थकी, सावण महँ बरसाय ॥

आषाढी पूर्णिमा को उत्तर दिशा का वायु हो तो इस लक्षण से श्रावण कार्तिक मे वर्षा होगी। कातीसरा—वर्षा द्वारा होने वाला अन्न बहुत होगा।

(७४)

आसाडी पूनम दिनै, चन्द्र दरसण न थाय।
तो अतिवृष्टि मेघनी, जन समाज अकुलाय ॥

आषाढी पूर्णिमा को आकाश मे चन्द्रमा नही दिखाई दे तो इस लक्षण से यह सिद्ध होता है कि इस वर्ष, वर्षा अधिक होगी जिससे लोग तङ्ग आ जावेंगे।

(७५)

असाड मास पूनूँ दिवस, बादल घेरे चन्द।
तो भड्डली इम भणे, होवै परम अणन्द ॥

आषाढ मास की पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा बादलो से घिरा ही रहे तो भड्डली कहते हैं कि इस लक्षण से वर्षा अच्छी होगी और लोगो मे परम आनन्द रहेगा।

(७६)

आसाडी पून्यूँ दिनाँ, निरमल ऊगे चन्द।
तुम पिव जाबो मालवे, मट्टुँ छै दुख द्वन्द ॥

आषाढी पूर्णिमा को चन्द्रमा स्वच्छ उदय होता देख पत्नी अपने पति से प्रार्थना करती है कि आप मालवा प्रदेश की ओर चले जावें। यहाँ तो कठिन दुःख भोगना पड़ेगा।

(७७)

*आसाडी पूनम दिनाँ, गाज बीज वरसन्त।
विणस्या लक्खण कालरा, आणन्द माणे सन्त॥

आषाढी पूर्णिमा को आकाश मे बादलो की गर्जना हो, बिजली चमके, वर्षा हो तो अकाल के लक्षण नष्ट हो गये। इस वर्ष, पर्याप्त वर्षा होगी।

(७८)

असाड सुद पूनम दिनै, गाज बीज खेवेह।
नीचा परिहर झूपडा, डूंगर सिखर करेह॥

आषाढी पूर्णिमा को आकाश मे गर्जना हो, बिजली चमके तो इन लक्षणो को देख कर कवि कहता है कि अपने झोपडे नीचे की ओर बनाना मत। इसे किसी ऊँची जगह डूगर की चोटी पर बनाना, क्योंकि वर्षा बहुत होगी।

---

* इससे मिलती हुई निम्न उक्तियें भी मिली हैं —

१—आसाडी पूनम दिने, गाज बीज वरसन्त।
होय न लक्खण काल को, आणन्दी हो सन्त॥

२—आसाडी पूनम दिनो, गाज बीज वरसन्त।
नासै लक्खण काल का, सुख माणे सब सन्त॥

३—आसाडी पूनों दिना, गाज बीजु बरसन्त।
नासै लच्छन काल का, आनन्द मानो सन्त॥

(७९)

आसाडे उजवालिये, पूनम निरमली जोय ।
रवि रोग बुध शीतला, विरलो जीवै कोय ॥

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को आकाश निर्मल हो और इस दिन रविवार हो तो इस वर्ष, अनेक रोगो का उपद्रव रहेगा । कदाचित इस दिन बुधवार आ जाय तो शीतला (चेचक) का प्रकोप बढेगा ।

(८०)

आसाढी पूनम दिने ससि ऊगतो कमेह ।
तो जाणीजे भडुली, साव देश वरसेह ॥

आषाढी पूर्णिमा को चन्द्र बादलो से ढका हुआ ही रहे तो इस लक्षण से यह पता चलता है कि इस वर्ष, वर्षा बहुत होगी ।

(८१)

धुर असाडी पूनमे, आभे बिजली जोय ।
सोमा सुक्रा गुरु दिना, तो मेह घणेरो होय ॥

आषाढी पूर्णिमा के दिन सोमवार, गुरुवार या शुक्रवार मे से कोई-सा वार हो और इस दिन आकाश मे निरन्तर बिजली चमकती रहे तो इसके प्रभाव से बहुत वर्षा होगी ।

(८२)

पूनम पडवा बेउ जे, वीज असाडा माय ।
दिन बेओत्तर लेवसी, विरखा खूब कराय ॥

आषाढ मास की दोनो प्रतिपदाए और पूर्णिमा के दिन आकाश मे बिजली चमकती दिखाई दे तो इस लक्षण से वर्षा बहत्तर दिन तक बरसेगी ।

(८३)

असाड सुद पूनम जोई । रविवारी गोरी दुख होई ।।
बुधवारी बालक बहु मरै । दोष शीतला घर घर करै ।।
मगलवारी का हो मेह । शनि दुर्भिक्ष न जीवै केह ।।
गुरु शुक्र शशिवारी भाल । समौ घणौ दु ख सगले टाल ।।

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को रविवार हो तो स्त्रियो को कष्ट होगा । बुधवार हो तो शीतला प्रकोप से बालक बहुत मरेंगे । मगलवार होगा तो इस वर्ष, वर्षा अच्छी होगी । गुरु, शुक्र एव सोमवार मे से कोई-सा बार होगा तो कृषि उत्पादन बहुत होकर समस्त दु खो का निवारण होगा । किन्तु दुर्भाग्यवश इस दिन शनिवार होगया तो भयकर अकाल पडेगा ।

(८४)

उजियाली आसाड री, पूनम निरखी जोय ।
वार शनीचर जे मिले , तो विरला जीवे कोय ।।

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा के दिन शनिवार हो तो इस वर्ष ऐसा सकट आवेगा कि विरले व्यक्ति ही जीवित रह सकेंगे ।

(८५)

आसाडे सुद पूनम बादल गाजही ।
होत समो अति घनो सकल जल राजही ।।
जे निरमल हुई 'रात तो समो नहि जाणिये ।
काल पडे सहु ठौर यही सु बखानिये ।।

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को आकाश मे बादलो की गर्जना हो तो इस वर्ष, वर्षा बहुत होने से कृषि उत्पादन उत्तम होगा । किन्तु, यदि यही रात्रि निर्मल दिखाई दे तो इस वर्ष अकाल ही पडेगा ।

(८६)

आसाडी सित पूनमे, पूरब न उत्तर वाय ।
काक घणो नर शीशमह, देसी मस्तक पाय ॥

आषाढ शुक्ला पूर्णिमा को पूर्व या उत्तर की वायु न हो तो इस वर्ष कौवे अधिक होगे और मनुष्यो के शिर पर बैठेंगे । यह वर्ष अच्छा नही बीतेगा ।

(८७)

घर घर भीख ही माग सी, कोई करै ना दान ।
भूख दोष नर पशु मरै, निश्चै मन कर आन ॥

अतः लोग उदर निर्वाहार्थ घर-घर भीख माँगते फिरने लगेंगे किन्तु कोई अन्न-दान नही कर सकेगा । भूख के मारे मनुष्य एवं पशुओ की मृत्यु होगी ।

(८८)

एकम चौथ पाचम छट लीजे ।
सातम अमावस पूनम पण गिणीजे ॥
मास असाडाँ बादल आया ।
मेह घणेरो बरसै भाया ॥

आषाढ मास की प्रतिपदा, चतुर्थी, पचमी, षष्ठी, सप्तमी, अमावस्या और पूर्णिमा इन दिनो मे यदि आकाश मे बादल हो तो प्रायः वर्षा हो जाया करती है ।

(८९)

चौथ पाचम छठ सप्तमी, पूनम लेवो जोय ।
असाडी मावस वादला, अवशै विरखा होय ॥

आषाढ शुक्ला चतुर्थी, पचमी, षष्ठी, सप्तमी, पूर्णिमा एव अमावास्या को आकाश मे बादल हो तो वर्षा के दिनो मे अवश्य वर्षा होगी ।

(९०)

‡ सुद असाड मे बुद्ध कौ, उदै हुवो जो देख ।
शुक्र अस्त सावण लखौ, महा काल अवरेख ।।

आषाढ शुक्ल पक्ष मे बुध का उदय और श्रावण मे शुक्र का अस्त हो तो इस वर्ष भयकर अकाल पडेगा ।

(९१)

मास असाड अर पख उजियाले । बुध जो ऊगे किसही काले ।।
मेह न बरसै मण्डल सारै । कण कौडी न मिले तिसवारे ।।

आषाढ शुक्ल पक्ष मे किसी भी समय बुध का उदय हो तो इस वर्ष वर्षा का अभाव रहेगा और जनता अन्न के लिये इधर-उधर भटकती रहेगी ।

(९२)

बुध शुक्र असाड मे, एक साथ आ जाय ।
सूरज साथे नहि हुया, मेह घणेरो थाय ।।

आषाढ मास मे बुध-शुक्र का एक साथ हो जाना बहुत वर्षाकारक होता है । किन्तु इनके साथ यदि सूर्य आ जाय तो इस वर्ष अनावृष्टि योग बन जाता है ।

---

‡ इस सम्बन्ध मे निम्न उक्तिये उपलब्ध हुई हैं—

१. आसाडे बुध ऊगमे, शुक्र सावण मास ।
भड्डली हूँ तुफने कहूँ, कणबी पीवैं छास ।।
२. सुदी असाडा बुद्ध ने उदय शुक्र जे होय ।
होय अस्त सावण मही, महाकाल अवरेख ।।

(६३)

*मगलरथ आगै चलै, पीछे चलै जो सूर ।
मद वृष्टि तब जाणिये, पड़सी सगलै भूर ।।

आषाढ मास मे मगल आगे और पीछे सूर्य हो तो इस योग के कारण इस वर्ष वर्षा कम होगी ।

(६४)

आगे मगल पीछे रवि, जो असाड के मास ।
चौपद नाशै चहुँ दिशा, विरले जीवन की आस ।।

आषाढ मास मे मगल आगे हो और सूर्य इसके पीछे हो तो यह वर्ष ऐसा भयानक होगा कि चतुष्पद प्राणियो का नाश होगा और विरले ही जीवित रह सकेंगे ।

(६५)

†रवि आगे पीछे चले, मगल जो असाड ।
तो वरसै अन मोकलो, पृथ्वी आणंद गाढ ।।

---

*मगल आगल पछि रवि, जे आसाडे मास ।
चौपद नाशै चार दिशै, विरला जीव्यां आस ।।
आगे मगल होय जद, पीछे होवे भान ।
जे विरखा होजाय तो, बरसै ओस समान ।।
मगल रथ आगे हुवै, लारे हुवै जो भान ।
आरमिया यूही रेवे, ठाली रेव्है निवाण ।।
आगै मगल पीछे भान । तो विरखा होसी ओस समान ।।

†पीछे मगल सूर्य के, आषाढा मे जाय ।
बरसै मूसलधार ही, पृथ्वी अन्न न समाय ।।
आगे रवि पीछै चन्नै, मगल जो आसाड ।
तो बरसै अनमोल ही, पृथ्वी अनन्दै बाढ !

आषाढ मास मे मगल पीछे और इससे आगे सूर्य हो तो इस वर्ष, वर्षा बहुत होगी, अन्न भी बहुत होगा और लोग आनन्द मनावेंगे।

(९६)

कीडी कण असाड मे, बारे न्हाखे आण।
वरस भलो विरखा घणी, भीलणी करै बखाण॥

चिउटिये अपने दर मे से अन्न के कण आषाढ मास मे बाहर लाकर पृथ्वी पर डालती हुई दिखाई दे तो इस वर्ष, वर्षा बहुत होगी, अन्न का उत्पादन भी अधिक होगा।

(९७)

कीडी कण असाड मे, माय ले जाती देख।
तो अन्न तृण को काल व्है, भीलण कहे विसेख॥

आषाढ मास मे चिउटियो को अपने दर मे अन्न को ले जा कर सग्रह करती हुई देख कर भीलणी कहती हैं कि, इस वर्ष तो अन्न एव तृण अर्थात् घास का विशेष अभाव रहेगा। तात्पर्य यह है कि इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा।

(९८)

नवमी सुद असाडरी, सनि अनुराधा आय।
कठेक निपजै कठेक खोवै, कठेक काल बताय॥

आषाढ शुक्ला नवमी के दिन शनिवार और अनुराधा नक्षत्र हो तो इस योग के प्रभाव से उस वर्ष कही-कही तो अन्न का उत्पादन होगा और कही-कही बोया हुआ भी नही उगेगा। किसी किसी स्थान पर अकाल की स्थिति भी आ जावेगी।

(९९)

आसाडी नम ऊजली, सूरज निरमल प्रात।
दोपारा सिझ्या समै, बादल् सू ढक जात॥

ई' जोगा रे कारणे, समयो आछो होय।
महिना च्यारू बरससी, सोच करो मत कोय ॥
ईसू ऊधा लक्खण हुया, फल होवै इण भाँत।
जल दीखै मोटी नदी, नही बरसै बरसात ॥

आषाढ शुक्ला नवमी के दिन प्रात काल सूर्य उदय होते समय तो निर्मल दिखाई दे और मध्याह्न मे एव सूर्यास्त के समय वह बादलों से ढका रहे तो इस लक्षण से यह निश्चित है कि वर्षा काल के चारो महीनो मे अवश्य ही वर्षा होगी। कदाचित इस दिन सूर्य उदय होते समय तो बादलो से ढका रहे और मध्याह्न एव सूर्यास्त के समय वह निर्मल दिखाई दे तो यह लक्षण उत्तम नही है। इसके प्रभाव से उस वर्ष अनावृष्टि होगी और जल के दर्शन बडी बडी नदियो अर्थात् गङ्गा, यमुना आदि मे ही होगे।

(१००)

पून्यू मास असाड री, बिन बादल ह्वै जे रैन ॥
धराऊ ऊगूणरो, वायु देवै चैन ॥
चार पोर आधा किया, भाग आठ हो जाय।
ई लक्खण बिरखा हुवै, सावण आद कराय ॥

आषाढी पूर्णिमा की रात्रि के समय आकाश निर्मल अर्थात् बिना बादलो के हो और पूर्व अथवा उत्तर दिशा का आनन्द दायक वायु चल रहा हो तो रात्रि के चार प्रहर के आठ भाग कर जिस भाग मे ये लक्षण प्रतीत हो उस क्रम से श्रावण मास को आदि मे रख कर आठ मास मे होने वाली वर्षा का निश्चय करले।

(१०१)

आषाडी पून्यू दिना, जे बरसेलो मेह।
मास एक मूघोकरी, पछि सस्तो धान करेह ॥

आषाढी पूर्णिमा को वर्षा हो जाय तो इसके प्रभाव से एक मास तक तो समस्त अन्न मँहगे बिकेंगे और इस अवधि के पश्चात् वे सस्ते हो जावेंगे।

आषाढ़ मास कृष्ण-पक्ष

(१)

धुर असाड की पडवा जोय, जह बरसै तह दुरभिक होय।
गाज सुणे तहा कुररा जाण, दीखै बीज तह कछु हाण॥

आषाढ कृष्णा प्रतिपदा को देखे। इस दिन वर्षा हो तो इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा। यदि इस दिन 'आकाश मे बादलो की गर्जना सुनाई दे तो वर्ष कुररा होगा और इस दिन बिजली दिखाई दे तो कुछ हानि होगी।

(२)

असाड वदि एकमे, गाज वीज पुनि वाइ।
सावण भादू सूखसी, खेती मती कराय॥

आषाढ कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादलो की गर्जना हो, बिजली चमके और जोर का वायु हो तो श्रावण, भाद्रपद मास मे वर्षा का अभाव रहेगा अत कृषि न करे।

(३)

धुर असाड पडवा दिवस, जे अम्बर गरजन्त।
छत्री छत्री जूझवै, निहचै काल पडन्त॥

आषाढ कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादलों का गर्जना हो तो इस वर्ष राजाओ मे परस्पर युद्ध होगा, निश्चित अकाल पडेगा।

(४)

असाड बदी पडवा दिनों, घन चमकै तत्काल।
अनावृष्टि दो मास ह्वै, ऐसो समझो हाल ।।

आषाढ कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादल हो बिजली चमके तो आगामी दो मास तक वर्षा न होगी।

(५)

*पेली पडवा गाजै । तो दिन बहत्तर बाजै ।।

आषाढ मास की प्रथम प्रतिपदा को आकाश मे बादलो की गर्जना हो तो केवल इस लक्षण के आधार पर ही यह निश्चित समझें कि इस दिन से बहत्तर दिन तक हवा ही चलेगी और वर्षा न होगी।

(६)

कृष्ण असाडी प्रतिपदा, जे उत्तर गरजन्त।
घाघ केह्वे सुण भड्डुली, निश्चै काल पड़न्त ।।

आषाढ मास की कृष्ण प्रतिपदा को उत्तर दिशा में बादल गर्जे तो इस लक्षण को देख कर घाघ कवि भड्डुली को सम्बोधित कर कहता है कि इस वर्ष निश्चय ही अकाल पडेगा।

(७)

जेठ बीती पेल पडवा, वार शनी जे होय।
नीर न बरसै धरण पर, विरला जीवे कोय ।।

---

* इससे सम्बन्धित निम्न है —

पून्यूं पडवा गाजै, तो दिन बहत्तर नाजै ।।

आषाढी पूर्णिमा एव प्रतिपदा को आकाश मे गर्जना हो तो ७२ दिन तक वर्षा नही होगी।

आषाढ कृष्णा प्रतिपदा को शनिवार हो तो पृथ्वी पर वर्षा नही होगी। लोगो का जीवन संकट मे पड जावेगा।

(८)

*जेठ बीती पेल पडवा, जे अम्बर थरहरे।
असाड सावण काड कोरो, भादरवै विरखा करे॥

ज्येष्ठ मास की समाप्ति के बाद प्रथम दिन (आषाढ कृष्ण प्रतिपदा को) यदि आकाश मे बादलों की गर्जना हो तो समस्त आषाढ एव श्रावण ये दोनो महीने वर्षा न होकर भाद्रपद मे होगी।

(९)

गाज सुने तहँ करवरी जाण। दीखै बीज तहँ कुछ हाण॥

आषाढ कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादलो का गर्जन हो तो यह वर्ष साधारण होगा और इस दिन बिजली चमकती हुई दिखाई दे तो कृषि को कुछ हानि होगी।

(१०)

धुर असाड दुतिया दिवस, चमक निरन्तर जोय।
सोमा-सुक्करा सुरगुरा, तो मेह घणेरो होय॥

आषाढ कृष्ण द्वितीया के दिन सोम, शुक्र, बृहस्पतिवार मे से कोई सा वार हो और इस दिन आकाश मे निरन्तर बिजली चमकती ही दिखाई दे तो इस वर्ष वर्षा अधिक होगी।

---

* इसका पाठान्तर :—

जेठ बीती पैल पडवा, जे अम्बर घरहरे।
असाड सावण जाय कोरो, भादरवै विरखा करे॥

(११)

‡धुर असाड दुतिया दिवस, निरमल चन्द उगन्त ।
सोमा सुकरा सुरगुरा, जल थल एक करन्त ॥

आषाढ कृष्णा द्वितीया की रात्रि को आकाश मे चन्द्रमा उदय हो और वह निर्मल दिखाई दे, साथ ही इस दिन सोम, शुक्र या गुरुवार मे से कोई सा वार हो तो वर्षा इतनी होगी कि जल-स्थल एक होगे ।

(१२)

असाड बदी दुतिया दिवस, मूल नखत जे होय ।
अति वृष्टि या अनवृष्टि सू, नाश धान को होय ॥

आषाढ कृष्णा द्वितीया को मूल नक्षत्र हो तो इस वर्ष अति-वृष्टि किम्वा अनावृष्टि द्वारा बोये हुए अनाज का नाश हो जावेगा ।

(१३)

पडवा बद असाड सू, तीज तलक लो जाण ।
श्रवण धनिष्ठा होय तो, भेलो करलो धान ॥

आषाढ कृष्ण प्रतिपदा से तृतीया तक इन तीनो दिनो मे श्रवण, धनिष्ठा मे से कोई सा नक्षत्र आ जाय तो, इस वर्ष अन्न का सग्रह कर लेना लाभदायक होगा ।

(१४)

कृष्ण असाडी चौथ ने, जे आथमतो सूर ।
बिन वरस्या ओ जाय तो, जल रो तोडो पूर ॥

---

‡ इससे मिलती-जुलती निम्न है —

सोम सुकर गुरु साड मे, जो चन्दो उगन्त ।
डवक कहै हे भड्डली, जल थल एक करन्त ॥

आषाढ कृष्णा चतुर्थी को आकाश मे सूर्य उदय होकर अस्त हो जाय और इस समस्त दिन में वर्षा नही हो तो, इस वर्ष प्रजा को जल का कष्ट पूर्णरूप से रहेगा।

(१५)

कृष्ण असाडी चौथ ने, मेघाडम्बर जे होय।
तीन मास को बीच दे, विरखा आछी होय॥

आषाढ कृष्णा चतुर्थी को आकाश मे बादलो का घटाटोप छा जाय तो तीन मास तक वर्षा न हो कर बाद मे मेह बरसेगा।

(१६)

कृष्ण असाडी चौथ ने, धूहर छाँटा करै।
तो चौमासे विरखा घणी, समयो होय सिरै॥

आषाढ कृष्णा चतुर्थी को धूहर (कोहरा-सा) हो अथवा बूदा-बाँदी हो तो इस चातुर्मास मे अच्छी वर्षा होगी।

(१७)

आसाड़ा वद पञ्चमी, नहिं बादल नहिं बीज।
करसा करसण मत करो, धरण न नाखो बीज॥

कृषको को सम्बोधन करते हुए कवि कहता है कि यदि आषाढ कृष्णा पञ्चमी को आकाश मे न बादल हो और न बिजली की चमक ही दिखाई दे, तो तुम्हे कृषि नही करनी चाहिये। उत्पादन की इच्छा से पृथ्वी पर बीज मत डालो।

(१८)

धुर असाड़ा पञ्चमी, बादल होय न बीज।
बेचो गाड़ी बलदिया, निपजै काई न चीज॥

आषाढ कृष्णा पञ्चमी को आकाश मे बादल न हो, बिजली की चमक न हो तो कवि कृषक से कहता है कि इस वर्ष कुछ भी उत्पन्न

नहीं होगा, अतः अपने जीवन निर्वाहार्थ बैलो को बेच कर उदर-पूर्ति हेतु खाद्यान्न प्राप्त कर लो।

(१९)

असाड वदी छट के दिनां, शनिवार जे आवै।
गहूँ सू कोठो भर लेवो, दूणो लाभ दिरावै॥

आषाढ कृष्णा षष्ठि को शनिवार हो तो गेहूँ सग्रह कर लेना चाहिए। इससे आगे चल कर दूना लाभ होगा।

(२०)

*धुर असाड को सत्तमी, जे शशि निरमल दीख।
पीव पधारो मालवे, मागत डोला भीख॥

कृषक पत्नी अपने पति से कहती है, आषाढ कृष्णा सप्तमी को आज चन्द्रमा निर्मल दिखाई दे रहा है अत हमे मालवे की ओर चले जाना चाहिए, जहाँ भीख माँग कर भी अपना जीवन टिका रख सकेंगे।

(२१)

‡धुर आसाडा अष्टमी, चन्द्र सेवरा छाय।
चार मास चवतो रेवै, जिउ भाडेरो राय॥

आषाढ कृष्णा अष्टमी की रात्रि मे चन्द्रमा बादलो मे ही रहे तो

इनके सम्बन्ध मे निम्न अन्य उक्तियें भी मिली हैं —

*धुर असाडरी अस्टमी, शशि जो निरमल दीख।
पीव चालस्या मालवै, माँगत फिरस्या भीख॥१॥
धुर आसाडरी सत्तमी, ससि निरमलियो दीख।
परजा सिंध सिधावसी, मागत फिरसी भीख॥२॥

दोहा २१ की टिप्पणी अगले पेज पर।

इस वर्षा काल मे (चारो महीनों मे) पानी इस प्रकार बरसता रहेगा, जिस प्रकार से किसी मिट्टी के बर्तन मे से टपकता रहता है।

(२२)

धुर असाडा अष्टमी, उत्तर बेह्वै समीर।
इन्द्र महोत्सव माघजी, सावरण बरसै नीर॥
जै पूरब तो करवरो, जे दक्खिन तो काल।
समौज सखरौ नीपजै, बाजै पच्छिम वाल॥

माघजी को सबोधन करते हुए कवि कहता है कि, आषाढ कृष्णा अष्टमी को उत्तर का वायु बहे तो श्रावण महीने मे पानी बरसेगा। कदाचित यह वायु पूर्व की ओर का हुआ तो इस वर्ष जमाना (फसल-कृषि) साधारण ही होगा और दुर्भाग्य से दक्षिण दिशा का वायु बहा तो इस वर्ष अकाल ही पडेगा। किन्तु यही वायु पश्चिम दिशा का बहेगा तो इस वर्ष कृषि अच्छी होगी।

(२३)

धुर असाडे अस्टमी, चन्द्र बादला छाय।
चार मास वरसादना, जाणे मोटो राय॥

आषाढ कृष्णा अष्टमी की रात्रि मे चन्द्र बादलो मे छुपा ही रह जाय तो इस चातुर्मास की वर्षा का भविष्य प्रभु ही जानता है।

---

[१]आसाडे धुर अष्टमी, शशि सेहरे छायो।
चार मास नीझर झरै, जाणे भाडो रायो॥१॥
असाड माम आठम अँधियारी। जे निकलै चन्दो जलधारी॥
चन्दो निकले बादल फोड। तीन मास दिन पनरा है विरखा रो जोर॥२

नोट —एक स्थान पर "साढ़े तीन मास बिरखारो जोर" आया है।

(२४)

*असाड धुर अष्टमी, चान्द ऊगतो जोय।
काला बादल करवरो, धौले होय सुगाल।
जे चन्दो निरमल हुवै, तो पडे अचिन्त्यो काल ।।

आषाढ कृष्णा अष्टमी की रात्रि को चन्द्रमा उदय हो उस समय उसकी ओर काले रङ्ग के बादल हो तो यह वर्ष साधारण सा ही व्यतीत होगा। यदि श्वेत वर्ण के हो तो वर्ष उत्तम रहेगा। कदाचित आकाश निर्मल ही प्रतीत हो तो उस वर्ष अचानक अकाल हो जावेगा।

(२५)

असाड अँधारी अष्टमी, सनी रेवती जोग।
बिरखारो अवरोध ह्वै, दुख पावै सहु लोग ।।

आषाढ कृष्णा अष्टमी के दिन शनिवार और रेवती नक्षत्र आ जाय तो इस योग के प्रभाव से उस वर्ष वर्षा का अवरोध हो जाने के कारण जनता को बहुत सकट का सामना करना पडेगा।

(२६)

कृष्ण असाडा अष्टमी, मेह गाज हो जाय।
तो चौमासे विरखा घणी, ऐसो जोग बणाय ।।

आसाढ कृष्णा अष्टमी को बादल गर्जना करे, वर्षा हो तो वर्षा काल में इन चार महीनो मे बहुत वर्षा होगी।

(२७)

वदी असाडा मायने, मूल नखत जद आवै।
ई दिन विरखा होयतो, फल इण भाँत बतावै ।।

---

*यह इस प्रकार से भी मिली है —

काला बादल करवरो, धोला करै सुगाल।
चन्दो ऊगो निरमलो, पडै अचिन्त्यो काल ।।

चार पाया ले मान तू, घडी साठ परमांण ।
पेले पाये असाड वद, बीजै सुद पख जांण ॥
तीजो वद सावण करै, चौथो सुद ओही बतावै ।
पूरो दिन बरसिया, दो महीना खंच करावै ॥

आषाढ कृष्ण पक्ष मे जब मूल नक्षत्र आवे इस दिन की साठ घडी मान कर इसके चार भाग कर लें और इन चार भाग मे के प्रत्येक भाग को एक पक्ष मान कर वर्षा का ज्ञान कर लें। प्रथम भाग मे इस दिन वर्षा हो जाय तो उसके परिणाम स्वरूप आषाढ कृष्ण पक्ष, दूसरे भाग मे वर्षा हो जाय तो आषाढ शुक्ल पक्ष तीसरे भाग मे हो तो श्रावण का कृष्ण पक्ष और चौथे भाग मे वर्षा हो जाय तो श्रावण शुक्ल पक्ष मे अनावृष्टि ही रहेगी। कदाचित् इस दिन समस्त दिन भर ही वर्षा होती रहे तो यह निश्चित है कि दो महीनो तक वर्षा का अभाव ही रहेगा।

(२८)

कृष्णा नवमी साड की, बादल बिजली होय ।
सञ्चित अन ने बेच दो, करसण सारो होय ॥

आषाढ कृष्णा नवमी को आकाश मे बादल हो, बिजली चमके तो सग्रह किये हुए समस्त अन्न को बेच दो। क्योकि इस वर्ष कृषि उत्तम होगी।

(२९)

धुर असाडा बीजली, नौमे निरखी होय ।
सोमे सुक्करे सुरगुरे, तो जल बन्धारण होय ॥

आषाढ कृष्णा नवमी को सोम, गुरु या शुक्र वार मे से कोई-सा वार हो, इस दिन आकाश मे बिजली चमकती हुई दिखाई दे तो वर्षा होने के चिह्न हैं।

(३०)

* असाड लागते मास मे, दसमी रोयण थाय।
तो तट हूती भड्डुली, दूर करै घर जाय॥
अथवा ग्यारस होय तो, पडसी आधो काल।
जे कोई आवै बारसै, तो देस। पडै दुकाल॥
लोग खपै चौपद मरै, रस कस मूघा होय।
डक्क ऋषीश्वर इमि भणे, विरलो जीवै कोय॥
जँ तेरस ने आ जाय तो, आछी वाजै वाय।
भूले चूकै चौदसा, राज युद्ध करवाय॥

आषाढ कृष्णा दशमी को रोहिणी नक्षत्र हो तो इस वर्ष इतनी वर्षा होगी कि जिसकी कल्पना कर कवि, भड्डुली को सम्बोधन करते हुए कहता है कि नदी, सरोवर आदि के तट से दूर ही अपनी झोपडी बांधना। अन्यथा, बह जावोगे। यही रोहिणी एकादशी को आवै तो आधा अकाल होगा। यदि यह द्वादशी को आ जाय तो दूर-दूर तक भयकर अकाल पडेगा। डक्क ऋषि कहते हैं कि इस वर्ष मनुष्य एव पशु आदि मर मिटेंगे और रस-कस आदि मँहगे हो जाने से विरले ही जीवित रहेगे। कदाचित यह रोहिणी नक्षत्र त्रयोदशी को आ जाय तो वर्षा के स्थान पर बहुत प्रचण्ड वायु चलता रहेगा। दुर्भाग्यवश यह चतुर्दशी को आ जाय तो राजाओ मे परस्पर युद्ध होने से नर-सहार होगा।

(३१)

तेरस दिन जे रोयणी, एक घडी जो होय।
घणी आन्धिया चालसी, विरखा बून्द न होय॥

इसके सम्बन्ध मे निम्न उक्ति भी उपलब्ध हुई है।—

* धुर असाड दशमी दिवस, रोहण नखतर होय।
सस्तो धान बिकावसी, हाथ न घाले कोय॥

आषाढ कृष्णा त्रयोदशी को रोहिणी नक्षत्र का होना, इस वर्ष बहुत आधियो का आना और वर्षा का बिलकुल नही होना सूचित करता है।

(३२)

जे आवै चौदसे, समौ करवरो जाण।
छत्र भग हुइ राज को, निश्चै कर मन आण।।

यदि यह रोहिणी नक्षत्र चतुर्दशी को आ जाय तो वर्ष साधारण होगा। किसी राजा की मृत्यु होगी ऐसा निश्चित है।

(३३)

असाड वदी एकादशी, गाज वीज वलि वाय।
म कर करसण सायबा, सावण भादू सुकाय।।

आषाढ कृष्णा एकादशी को आकाश मे बादल, बिजली एव गर्जना हो, वायु चलता हो तो आगामी श्रावण, भाद्रपद मे वर्षा नही होगी। इसलिये खेती मत करो।

(३४)

शनि रेवती अष्टमी, कृष्ण असाडी होय।
अनावृष्टि का योग सू, कष्ट घणेरौ होय।।

आषाढ कृष्णा अष्टमी को शनिवार के साथ-साथ रेवती नक्षत्र हो तो इस वर्ष अनावृष्टि होगी और इसके कारण प्रजा को बहुत कष्ट होगा।

(३५)

दसमी कृष्ण असाड की, मगल रोहण होय।
सस्तो धान विकावसी, हाथ न घाले कोय।।

आषाढ़ कृष्णा दशमी को मगलवार और रोहिणी नक्षत्र हो तो इस वर्ष अन्न इतना सस्ता होगा कि कोई छूएगा ही नही।

(३६)

† नवें असाडी बादली, जे गरजै घनघोर।
भड़ली भाखै जोश थी, काल तणू घण जोर॥

आषाढ कृष्णा नवमी को बादलो की गर्जना जोरो से हो तो जोशी (ज्योतिषी) से भड्डुली कहता है कि इस वर्ष तो दुर्भिक्ष ही होगा।

(३७)

न गिन तीन सौ साठ दिन, ना कर लगन विचार।
गिण नवमी असाड वद, होय कोणसे वार॥
रवि अकाल,मगल जग डिगै,बुध समयो सम भाव स लगै॥
सोम सुक्र सुरगुरु जो होय। पुहुमी फूल फलन्ति जोय॥
दैव जोग जो शनि मिलै, निहचै रोरव होय॥

वर्ष के तीन सौ साठ दिन एव लग्नो की गिनती तथा इन पर विचार न कर, वर्ष के शुभाशुभ के लिये केवल यही देख लो कि, आषाढ कृष्णा नवमी को कौनसा वार है। इस दिन रविवार होने से अकाल होगा, मगलवार होने से ससार चल-विचल (डगमगा जायगा) होगा। इस दिन यदि सोमवार, शुक्र किम्वा गुरुवार मे से कोई सा वार आ

---

† इसके सम्बन्ध मे निम्न उक्तियें इस प्रकार से भी मिली है —

१ नवें असाडी बादली, जो गरजे घनघोर।
कहहिं भड्डुली जोयसी, काल पडे चहु ओर॥

२ नवै असाडी बादलो, जो गरजै घनघोर।
भद्रबाहु गुरु यू कहै, काल पडै चिहु ओर॥

जायगा तो पृथ्वी फलती-फूलती दीखेगी। इस दिन बुधवार होने से कृषि (उत्पादन) साधारण होगा। किन्तु, दुर्भाग्यवश इस दिन शनिवार हो गया तो रौरव नरक-सा कष्ट भोगना पडेगा।

(३८)

नक्षत्र और वायु से वर्षा-ज्ञान

कृष्ण असाडा रोहणी, वायु शुभ है सव्य।
अशुभ वायरो बो हुवै, जे होवे अपसव्य॥
आठ पो'र दिन रात रा, ए पख चौमासा माय।
पौरा पक्खा मान लो, अधघडी दिवस मनाय॥
जिण पो'रा शुभ वायरो, व्है उण पक्खा मेह।
वायु वल बलवान व्है, अशुभा मेह रो छेह॥

आषाढ कृष्ण पक्ष मे जिस दिन रोहिणी नक्षत्र हो उस दिन के वायु से वर्ष भर के शुभाशुभ फल देखें। इस दिन वायु सव्य (ईशान से पूर्व इस क्रम से) हो तो शुभ और अपसव्य (उत्तर से वायव्य, वायव्य से पश्चिम इस क्रम से) हो तो यह अशुभ होगा। एक अहोरात्रि (दिन-रात) मे आठ प्रहर होते हैं और वर्षा काल के चातुर्मास (चार महीनो) के भी आठ ही पक्ष होते हैं। अत जिस प्रहर मे जो वायु चले उसी क्रम से उस पक्ष पर उस वायु का प्रभाव समझें। इसे अत्यन्त सूक्ष्म-रूप से देखना हो तो आधी-आधी घडी से एक दिन का अनुमान लगाकर निश्चय कर लें। जिस प्रहर या जिस घडी में वायु बलवान हो उसी के अनुसार उसी पक्ष अथवा दिन पर भी इसका प्रभाव पडेगा। शुभ वायु, शुभ फल-दाता (उस पक्ष अथवा उस दिन मे वर्षा होना) और अशुभ वायु, अशुभ फल-दाता अर्थात अनावृष्टिकारक योग होगा।

(३९)

नक्षत्र एवं बादलों के रंगादि द्वारा वर्षा-ज्ञान

दही सरीखाऊजला, बुगला रजत समान।
काजल के भवरा जिसा, होवे रग समान॥
ताम्बो मजीठ सिन्दूर ज्यू, वा तोते पन्ने रग।
सोना जिसा पीवला, रेशम केरा ढग।
मोर पप्पैया डेडका, भाखर रूख समान।
बोहत बडा चिकरणा थका, कट्या न नीचे जारण।
इरण वरणा आभो हुवै, धनुषबीज अरु गाज।
दो तीन वा एक दिन, फैले अभ्र समाज॥
इरण लखरणा विरखा घरणी, सुभिक्ष जोग लो जोय।
परजा आनन्दित हो रेव्है घर घर मगल होय॥
प्रेत निसाचर वायसे, मरकट ऊट मजार।
रूक्ष अल्प ऊतावला, होवै बुरा आकार॥
गाज हीन प्रात घरणा, दिन मे टपके तोय।
अनावृष्टि दुर्भिक्ष अरु, अकल्यारणकारी होय॥
पूरब वायु वादला, धान घरणेरो होय।
अग्नि कूरण अग्नि भय, दिक्खरण नाज न होय॥
नेऋत आधो अन्न व्है, पच्छम उत्तम मेह।
खण्ड वृष्टि हो वायवे, उत्तर आछौ मेह॥
ईशारण कूरण को वायरो, करसरण खूब कराय।
धान घरणेरो नीपजै, ऐसो जोग बताय॥

आषाढ कृष्ण पक्ष मे रोहिरणी नक्षत्र के दिन बादल दही, बगुला, किम्वा चान्दी के समान उज्वल, स्वेत, काजल के समान किम्वा भौंरे के समान कृष्ण-वर्ण के हो, ताम्बा, मजीठ तथा सिन्दूर के समान लाल,

तोते किम्वा पन्ने के समान अत्यन्त हरे, सुवर्ण के समान पीले एव रेशम के समान चमकीले, मोर, पपैया, मेडक, पहाड, वृक्ष आदि के आकार के बडे-बडे, नीचे से कटे हुए न हो ऐसे बादल आकाश में फैले हो, इन्द्र-धनुष, बिजली, मेघ-गर्जना, आदि एक, दो अथवा तीन दिन रहे तो इस वर्ष अत्यन्त वर्षा तथा सुभिक्ष होने के कारण, प्रजा आनन्दित होगी। इसके विपरीत प्रेत राक्षस, कौवे, बन्दर, ऊट, बिल्ली आदि बुरे आकार के, रूक्ष, अल्प शीघ्र चलने वाले, गर्जना रहित, प्रात काल तो अधिक किन्तु रात्रि मे नही, मध्याह्न मे इन बादलो से बूदाबादी हो तो यह वर्ष, अनावृष्टि, दुर्भिक्ष एव अकल्याणकारी फल दायक होगा। बादल पूर्व के हो तो अन्न बहुत, अग्निकोण के हो तो इस वर्ष अग्नि भय, दक्षिण के हो तो अन्न-नाश, नैऋत्य के हो तो आधा अन्न-नाशकारक, पश्चिम के हो तो उत्तम वर्षा, वायव्य के हो तो कही-कही वायु के साथ वर्षा कारक, उत्तर के हो तो सुवृष्टि कारक एव ईशान कोण के बादल हो तो अन्न बहुत होगा, ऐसे योग बन जाते हैं।

रोहिणी, वायु द्वारा वर्षा ज्ञान

(४१)

पूर्व ईशान उत्तर, वायु रोहिणी ना होय।
छाटा छिडको तक नही, दुरभिक्ख लैसो जोय॥

आषाढ मे रोहिणी नक्षत्र के दिन पूर्व-ईशान, उत्तर मे से इस क्रम से इनमे से किसी भी दिशा का वायु न हो और इस दिन लेश मात्र भी वर्षा न हो तो इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा।

(४२)

सूरज तपै जे मोकलो, दिन मे आभो स्वच्छ।
तारा झलेरा टिमटिमे, निरमल रात सुभिच्छ॥

आषाढ मे रोहिणी नक्षत्र को दिन मे सूर्य खूब तपे, आकाश

बिना बादलो के स्वच्छ हो तथा रात्रि निर्मल हो और तारे स्वच्छ टिम-टिमाते हुए दिखाई देते रहे तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा।

(४३)

आसाडी मावस दिन जोई। आदरा पुनर्वसु रिछ जे होई।।
काल सुकाल हि समता भाऊ। ना लेवो ना बेचो राऊ।।

आषाढ कृष्णा अमावस्या को आर्द्रा, पुनर्वसु इन नक्षत्रो मे से कोई सा भी नक्षत्र हो तो इस वर्ष किसी भी वस्तु को न तो खरीदना ही चाहिये और न बेचना ही। क्योकि, यह वर्ष साधारण सा ही रहेगा।

(४४)

आसाडी मावस दिना, चन्द्रवार जे होय।
मिरगा मू गिण सात तक, समयो आछो होय।।

आषाढी अमावस्या को सोमवार हो और इस दिन मृगशिरा नक्षत्र से पूर्वाफाल्गुणी तक के इन सात नक्षत्रो मे से कोई एक आ जाय तो इस वर्ष, कृषि उत्पादन अच्छा होगा।

(४५)

जे सुद जेठ बरसतो आवै। धुर आसाडा झडी लगावै।।
तदपि पडवा को जोय। जह वर्षे तह तृण नहि होय।।

यद्यपि ज्येष्ठ शुक्ला से मेह बरसता आ रहा है तो वह आषाढ कृष्ण पक्ष में भी वर्षा की झडी लगा देता है। फिर भी यदि आषाढ कृष्ण प्रतिपदा के दोषो को (जो इस मास के प्रारम्भ मे लिखे हैं) देखो। यदि वे हैं, तो इनके प्रभाव से जहाँ-जहाँ वर्षा है वहाँ वहाँ घास भी नहीं होगी।

(४६)

जे असाड के मायने, जी दिन बरसै मेह।
सावण भादू ब्या दिना, अवसै मेह करेह।।

ज्येष्ठ मास तथा आषाढ मास के जिन जिन दिनो मे वर्षा होगी आगे चलकर प्राय: उन्ही उन्ही दिनो मे श्रावण तथा भाद्रपद मास मे वर्षा हो जाया करती ही है।

प्रथम वृष्टि के वार से वर्षा योग का ज्ञान

(४७)

जेठ असाड जी मास मे, पहली विरखा आय।
रवीवार जे होय तो, काल पडेलो आय ॥
सोम सुभिक्ष बुध रोग ह्वै, मङ्गल वाजै वाय।
अगन भय पण होवसी, ऐसो जोग बणाय ॥
गरूवार है भलो, पण बालक पीडा :बतावै।
वार सुक्र जे होय तो, मेह घणेरो आवै ॥
भूले चूकै ई दिना, वार सनी जे आय।
अनावृष्टि दुरभिक्ख ह्वै, ऐसो जोग बणाय ॥

जब प्रथम ही प्रथम वर्षा ज्येष्ठ-आषाढ मे हो उस दिन जो वार हो उस पर ध्यान करो। उस दिन रविवार होगा तो उस वर्ष दुर्भिक्ष होगा। सोमवार होने पर वायु का जोर रहेगा साथ ही अग्नि-भय भी रहेगा। बुधवार रोग, गुरुवार होने पर सुभिक्ष तो होगा ही किन्तु शिशुओ मे रोग-पीडा कारक होगा, शुक्रवार उत्तम है, इसके होने से उस वर्ष वर्षा बहुत होगी। यदि दुर्भाग्य से इस दिन शनिवार आगया तो इसके फलस्वरूप अनावृष्टि, एव दुर्भिक्ष होने के कारण प्रजा सकटग्रस्त ही रहेगी।

श्रावण-मास शुक्ल पक्ष

(१)

सावण तो सूतो भलो, ऊभो भलो असाढ ॥

चन्द्रोदय (शुक्ल पक्ष की द्वितिया को उदय होता हुआ चन्द्र) श्रावण मे सोया हुआ सा, और आषाढ़ मे खड़ा चन्द्रमा, वर्ष भर के लिये शुभ होता है।

(२)

सावण सुद की चौथ दिन, पूर्वा फाल्गुणी जो आय।
विरखा इण दिन होय तो, धान घणेरो थाय ॥

श्रावण शुक्ला चतुर्थी को पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा आ जाय तो, अन्न का उत्पादन बहुत होगा।

(३)

सावण सुदी पञ्चमी, जोरा चालै वाय।
भडली कहै देशे घण, गौ पक्षी नसवाय ॥

श्रावण शुक्ला पञ्चमी को जोर से वायु चले तो इस वर्ष, गौ-धन एव पक्षियो का नाश होगा।

(४)

पाचम छठ सावण सुदी, दिक्खण पच्छम वाय।
जे विरखा हो जाय तो, धान नाश कर जाय ॥

श्रावण शुक्ला पञ्चमी, षष्ठि को दक्षिण पश्चिम का वायु हो तो इस वर्ष अन्न का नाश होगा। परिणाम स्वरूप दुर्भिक्ष होगा।

(५)

सावण शुक्ला सप्तमी, जे गरजै अधरात।
बरसै तो सूखो पडै, नहिं तो समो सुकाल ॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को मध्य-रात्रि में बादलों की गर्जना हो तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा। किन्तु, इस समय वर्षा हो गई तो अकाल पड़ेगा।

(६)

‡ सावरण शुक्ला सप्तमी, जे बरसै अधरात।
हम पिव जइहैं मायके, तुम जावो गुजरात॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को मध्य रात्रि मे वर्षा हो तो अपने पति को सम्बोधन करते हुए कृषक पत्नी कहती है कि, मैं तो अपने माय के (माता-पिता के यहाँ) चली जाऊँगी और आप जीवन निर्वाहार्थ गुजरात की ओर पधार जावे।

(७)

❀ सावरण सुद री सत्तमी, स्वाती ऊगे सूर।
रिखीवरा डूगर चढो, नदी बहै भरपूर॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को स्वाति नक्षत्र में सूर्य उदय हो तो इतनी वर्षा होगी कि, नदी-नाले भरपूर बहेगे।

---

‡ इसकी दूसरी लाइन का पाठान्तर इस भाँति मिले हैं—

तुम जावो पिय मालवै, हूँ जाऊ गुजरात॥
थे जावो पिव मालवा, म्हैं जावा गुजरात॥
तुम पिय जावो मालवा, हम जावें गुजरात॥

❀ इससे मिलती हुई निम्न उक्तियें भी मिली हैं—

सावरण सुद री सत्तमी, स्वाती ऊगे सूर।
डूगर करजो भू पडा, नहिं तो घरवहशी पूर॥
सावरण सुदरी सत्तमी, स्वाती ऊगे सूर।
डूगर बान्धो घर भू पडा, पादर आवै पूर॥

(८)

* सावण शुक्ला सत्तमी, जे ऊगत दीखै भान।
(तो) पाणी मिलसी कूप मे, क गङ्गा असथान।।

श्रावण शुक्ला सप्तमी को उदय होता हुआ सूर्य दिखाई दे (इस समय आकाश में बादलो के कारण सूर्य छुपा हुआ न रहे) तो इस वर्ष जल का अभाव रहेगा। यह या तो कुओ मे मिलेगा या गङ्गा-स्थान (गगा नदी) में मिलेगा।

(९)

❀ सावण शुक्ला सप्तमी, छुप कर ऊगै भाण।
तब तक मेघा बरससी, जब आवे देव उठाण।।

श्रावण शुक्ला सप्तमी को उदय होता हुआ सूर्य बादलो में छुपा रह कर निकले तो इस वर्ष देवउठनी एकादशी न आ जावे तब तक वर्षा होगी।

---

* इससे मिलती हुई—

सावण शुक्ला सप्तमी, उभरै निकले भान।
मैं जाऊ पिय मायके, थे जावो गुजरात।।
सावण शुक्ला सप्तमी, ठह ठह रैनि करन्त।
की जल भैंटिये गङ्ग तट, की तिय कूप भरन्त।।
सावण शुक्ला सप्तमी, लकुदय ऊगे सूर।
हल बलदिया दूरा राखो, विरखा गई है दूर।।
सावण शुक्ला सप्तमी, उभरे निकले भान।
हम जायें पिय माइके, तुम करलो गुजरात।।

❀ इससे मिलती हुई—

सावण शुक्ला सप्तमी, ऊगत न दीखै भान।
तब तक मेघा बरमसी, जब लग देवउठान।।

(१०)

सावण शुक्ला सत्तमी, गगन स्वच्छ जे होय।
कहे 'घाघ' सुन 'भड्डरो', पुहमी खेती होय॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को आकाश बादल रहित (स्वच्छ) दिखाई दे तो इस लक्षण को देख कर घाघ नामक पण्डित, भड्डरी से कहते हैं कि इस वर्ष खेती नही होगी अर्थात् अकाल पडेगा।

(११)

सावण शुक्ला सत्तमी, रैण होय मसियारी।
कहै 'डक्क' सुण 'भाण्डरी', परबत उपजै सारी॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को चन्द्रमा दिखाई नही दे तो डक्क, भाण्डरी (भड्डरी) से कहते हैं कि इस लक्षण से यह प्रतीत होता है कि यदि पर्वत पर भी बो दिया जावे तो भी इस वर्ष उत्पन्न हो जावेगा। अर्थात् फसल अच्छी होगी।

(१२)

सावण शुक्ला सप्तमी, बीज बादला होय।
करसण होसी मोकलो, सोच करो मत कोय॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को बादल हो, आकाश में बिजली चमके तो इस लक्षण से कृषि अच्छी होने की सूचना है।

(१३)

सावण शुक्ला सप्तमी, रिमझिम बरसै मेह।
तो यू जाणो सायबा, आछी साख करेह॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन रिमझिम करता हुआ मेह हो तो कृषक पत्नी अपने पति से कहती है कि, इस लक्षण से इस वर्ष अच्छी वर्षा होगी।

(१४)

सावण शुक्ला सप्तमी, निरमल चाद उगन्त।
कै जल मिलसी समन्दरा में, कै कामणि कूप भरन्त॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को आकाश में चन्द्रमा स्वच्छ दिखाई दे तो समझ ले कि वर्षा गई। जल के दर्शन या तो समुद्र में होंगे या स्त्रियो कूओ पर से लावेगी तब होंगे।

(१५)

सावण शुक्ला सप्तमी, जे बरसै घरराय।
तो यू जाणो सायबा, आछी साख कराय॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को आकाश में जोरदार गर्जना के साथ वर्षा हो तो इस लक्षण से कृषि अच्छी होगी।

(१६)

सावण शुक्ला सप्तमी, सूर्य अस्त के बाद।
आभे बादल ना वायरो, मेह करो मत याद॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को सूर्यास्त के बाद आकाश मे बादल न हो और वायु चले तो इस वर्ष, वर्षा को याद करना व्यर्थ है। अर्थात् वर्षा नही आवेगी।

(१७)

सावण शुक्ला सप्तमी, चन्दा छिटक करै।
कै जल दीखे कूप मे, कै कामणि शीश धरै॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को आकाश स्वच्छ हो, चाँदनी अच्छी तरह हो तो इस वर्ष जल नही बरसेगा, यह या तो कूओ मे दीखेगा या वहाँ से घडे भर कर घर को लाती हुई महिलाओ के शिर पर ही दीखेगा।

(१८)

सावण सुद सातम दिना, हस्त नखत लो जोय।
सोमवार जे आय तो, दुरभिख निहचै हो॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को हस्त नक्षत्र और सोमवार हो तो इस वर्ष, निश्चित ही दुर्भिक्ष होगा।

(१९)

* सावण शुक्ला सप्तमी, ह्वै स्वाती नौ सजोग।
बौहलौ नीर ने अन्न घणौ, भड पाया सजोग॥

श्रावण शुक्ला सप्तमी को स्वाति नक्षत्र हो तो इस वर्ष, वर्षा बहुत होगी। अन्न अत्यधिक उत्पन्न होगा। ऐसा योग भाग्य से ही आता है।

(२०)

‡ चित्रा स्वादि विशाखडी, श्रावण नव वरसन्त।
धान तुरन्त सग्रह करौ, बमणौ मौल करन्त॥

श्रावण महीने मे चित्रा, स्वाति, विशाखा इन नक्षत्रो मे वर्षा न हो तो इस वर्ष अन्न का उत्पादन कम होगा या होगा ही नही।

इस सम्बन्ध मे निम्न —

* श्रावण शुक्ला सप्तमी, स्वाती नो जो योग।
हुवै नीर अरु अन्न बहु, भल पायो सजोग॥

इस सम्बन्ध मे निम्न —

‡ चित्रा स्वाती विशाखडी, श्रावण नव वरसन्त।
अन्न तुरन्त सहु सग्रहो, बमणु मूल करन्त॥

अत अन्न संग्रह कर लेना चाहिये। अन्यथा यह, दूने मूल्य पर प्राप्त होगा।

(२१)

श्रावण रोहिणी कोरी जावै। आगे होकर काल बुलावै।

श्रावण मास मे रोहिणी नक्षत्र के दिन वर्षा न होना, इस वर्ष दुर्भिक्ष को आमन्त्रित करना है।

(२२)

सावण महीने रोहिणी, जे विरखा हो जाय।
तो काती सुद ग्यारसं, चोखी विरखा आय॥

श्रावण मास मे रोहिणी नक्षत्र मे वर्षा हो जाय तो कार्तिक शुक्ला एकादशी को अच्छी वर्षा होगी।

(२३)

सावण सुद की अष्टमी, प्रात काल के माय।
सूरज बादल मे ढक्यो, मेह घणेरो लाय॥

श्रावण शुक्ला अष्टमी को प्रात कालीन सूर्य बादलो में ही ढंका रहे तो इस वर्ष बहुत वर्षा होगी।

(२४)

❀ जीवोदय भृगु अस्त जो, होय श्रावणे मास।
अनावृष्टि दुरभिच्छ सू, करे प्रजा ने त्रास॥

इससे सम्बन्धित निम्न है —

❀ बुध शुक्र जे वेऊ गमण, जे हुवै सावण मास।
तो जाणीजे भड्डली, मिले न तिण में छास॥

श्रावण महीने में शुक्र का अस्त होना और बुध का उदय होना इस वर्ष अनावृष्टि एवं दुर्भिक्ष का द्योतक है। अत इस वर्ष प्रजा को कष्ट उठाना होगा।

(२५)

शुक्कर तारो आब मे, सावण में नहिं दरसाय।
तो जाणीजो साथबा, काल पडेलो आय॥

श्रावण मास मे आकाश मे शुक्र का तारा नही दिखाई दे तो इस लक्षण मे इस वर्ष अकाल पडने की सूचना मिलती है।

(२६)

सावण सूनो पूनम विधान।
रिच्छ श्रवण ह्वै उण दिन निधान॥
कमती छाटा करै सुगाल।
बेसी छाटां वरसिया मध्यम के दुकाल॥

श्रावण शुक्ला पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र हो इस दिन कम बूंदाबादी हो तो सुभिक्ष, अधिक से वर्ष मध्यम एव वर्षा से दुर्भिक्ष होगा।

(२७)

सावण सुद पून्यूं की संझ्या, उदय होवतो चन्द।
वादल सू ढकियो मिलिया, पुहुँमी होय आनन्द॥

श्रावण शुक्ला पूर्णिमा के सायकाल को उदय होता हुआ चन्द्रमा बादलो से ढका रहे तो इस वर्ष प्रजा आनन्दित रहेगी। अर्थात् पर्याप्त वर्षा होने से कृषि उत्पादन बहुत होगा।

(२८)

राखी पून्यूं के दिनां श्रवण रिच्छ जे होय।
विरखा आछी होवसी, धान घणेरो होय ॥

श्रावण शुक्ला पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र के होने से इस वर्ष, वर्षा एव अन्न बहुत होंगे।

(२९)

सावण की सिक्रांत ने ह्वै विरखा को जोग।
तो धान घणेरो होवसी, प्रजा भोगसी भोग ॥

श्रावण मास की सक्रान्ति को वर्षा हो जाने से इस वर्ष अन्न तो बहुत होगा किंतु प्रजा मे रोग फैलने से अन्न की हानि होगी।

(३०)

पाच शनि दुर्भिक्ष हो, सावण महीने जाण।
गुरु पाच हो जाय तो, होवे विरखा ताण ॥

श्रावण महीने मे पाच शनिवार दुर्भिक्ष कारक एव पाच गुरुवार वर्षा की कमी कारक माने गये हैं।

(३१)

सावण सुद के मायने, शुक्र सिंह को होय।
कं तो विरखा ह्वै नही, ह्वै तो घणेरी होय ॥

श्रावण शुक्ल पक्ष मे सिंह का शुक्र हो तो या तो वर्षा होगी ही नही और यदि हो गई तो बहुत ही होगी। साथ ही कार्तिक मास मे रोग फैल जावेगा।

(३२)

सावण कृष्ण पक्ष में देखो। तुल को मगल होय विशेखो।
कर्क राशि मे गुरु आवै। सिंह राशि पर शुक्र सुहावै ॥

(३२)

सावण कृष्ण पक्ष मे देखो । तुल को मगल होय विशेखो ॥
कर्क राशि मे गुरु आवैं । सिह राशि पर शुक्र सुहावै ॥
ताल जो सोखे बरसै धूर । कठेई न उपजै सातू तूर ॥
सावण ऊजल पक्ष मे, जे ए सब दरसाय ।
दण्ड होय छत्री लडै, भिडै पृथ्वीपति राय ॥

श्रावण कृष्ण पक्ष मे मगल तुला राशि पर, गुरु कर्क राशि पर, शुक्र सिह राशि पर आ जाय तो इस वर्ष भरे हुए तालाव—सरोवर सूख जावेंगे, आँधिये आवेगी (मिट्टी बरसेगी), और कही भी किसी प्रकार का अन्न उत्पन्न नही होगा ।

कदाचित ये योग श्रावण शुक्ल पक्ष मे आ जाय तो राजाओ मे परस्पर युद्ध होगे ।

(३३)

‡ कर्कज भीजै काकरो, सिह अभीनौ जाय ।
तो तुम जाणौ चतुर नर, कीडी फिरफिर खाय ॥

सूर्य कर्क राशि पर हो उस समय इतनी कम वर्षा हो कि केवल ककर ही भीगे और सिह राशि पर सूर्य आवे तब वर्षा हो ही नही तो कृषि उत्पादन असम्भव है । इस वर्ष चिउटिये भी मिट्टी खा कर निर्वाह करेगी ।

---

‡ इससे सम्बन्धित निम्न भी है —

कर्कज भीजै काकरी, सिह अभीनो जाय ।
तो भाखै यू भड्डरी, टीडी फिर फिर खाय ॥
कर्कज भीजै काकरी, सिह अभीनौ जाय ।
भडली तो एमज भणै, कीडी परिफरि खाय ॥
कर्कज भीजै काकरी, सिह अभीनौ जाय ।
ऐसो बोलै भड्डली, कीडी फिर फिर खाय ॥

(३४)

सावण सुद दसमी दिना, वार शनीचर होय।
सिंह सक्राति लागिया, मेह घणेरो होय ।।

श्रावण शुक्ला दशमी को शनिवार हो और इस दिन सिंह की सक्रान्ति लगे तो इस वर्ष वर्षा बहुत होगी।

(३५)

नाडा टाकण बलद बिकावण, मत बाजे तू आघे सावण ।।

कृषक, वायु से कहता है कि हे दक्षिण-पूर्वी वायु ! तू आघे श्रावण मे मत बहना, यदि तुम्हारे द्वारा ऐसा हो गया (वायु चलने लग गया) तो इस वर्ष अकाल हो जावेगा और मुझे अपने बैल बेच देने पडे गे ।

(३६)

\+ सावण मास व्हैवै परवाई
(तो) बेचौ बलद अर मोलावो गाई ।

श्रावण मास मे पूर्व दिशा का वायु हो तो वर्षा नही होगी। अत बैलो को बेच कर जीवन निर्वाहार्थ गाय खरीद लेना हितकर होता है।

(३७)

सावण पूरब आन्धी आवै । कूरा मडवा ने उपजावै ।।
बीजो नाज मिलै नहिं जोय । फल इण रो इण विध होय ।।

श्रावण मास मे पूर्व दिशा मे जोरदार वायु हो तो कूरा मडवा आदि ही उत्पन्न होगे । अन्न मिलना कठिन है। इस लक्षण का यही फल होगा ।

\+ सावण मास चालै परवाई । बलद देयने ले ले गाई ।।

(३८)

कुरज उड़ी कुरलाय, मकडी जालो मेलियो।
माघा मेह न थाय, दस दिन पवन झकोयले ॥

कुरज नामक पक्षी अपने निवास स्थान (ताल-तलैया) को छोडते समय विलाप (दु खपूर्ण वाणी द्वारा क्रन्दन) करते हुए अन्यत्र जाते हुए दिखाई दे, मकडिये अपने जाल बनाना प्रारम्भ करदे तो इन लक्षणो को देखकर कवि कहता है, हे माघ ! अब वर्षा नहीं होगी और दस दिन तक वायु ही चलेगा।

(३९)

× सावण महीना मांयने, गरमी जी अकुलाय।
भादवडे ठण्डक हुया, लावे मेह बुलाय ॥

श्रावण महीने मे गरमी बहुत होने के कारण चित्त व्याकुल होता हो, भाद्रपद मे, ठण्डक मालूम हो तो वर्षा शीघ्र आवेगी।

(४०)

— सावण री पछिवा दिन दो चार।
तो विरखा व्है अपरम्पार ॥

× इसके विपरीत —

सावण भादरवै पडे, जे वो तडकोह।
औ सो कै वदतो वरे तौ एवो दडकोह ॥

श्रावण एव भाद्रपद मास मे हलकी या तेज जैसी धूप पडती है वैसी ही मेह की झडी लगती है।

सावन उष्मे भादो जाड। बरखा मारे ठाढ कछाड ॥

— इससे सम्बन्धित —

आथूणी दिस रो वायरो, सावण महिना मांय।
दोय च्यार दिन व्हैजाय तो, धान घणोरो थाय ॥

श्रावण महीने मे दो चार दिन भी पश्चिम का वायु बहे तो अत्यन्त वर्षा होगी और अन्न बहुत उत्पन्न होगा।

(४१)

— सावण पछिवा भादू पुरवा, आसौजा ईसान।
कातिक कन्था सीक न डोलै, राजी सभी किसान॥

श्रावण मास मे पश्चिम दिशा की, भाद्रपद मे पूर्व दिशा की, आसौज मे ईशान की वायु बहे तो पत्नि अपने पति से कहती है कि कार्तिक मे एक सीक भी नहीं हिलेगी। अर्थात् वायु नही चलेगी और किसान-वर्ग प्रसन्न होगा।

(४२)

सावण ऊखमे, भादू ठण्ड (तौ) बिरखा व्है परचण्ड॥

श्रावण मास मे गरमी प्रतीत हो और भाद्रपद मे सरदी, तो इस लक्षण को वर्षा अधिक होने की सूचना समझो।

(४३)

सावण बाजै पूरबी, भादू पच्छम वाय।
बलदिया सारा बेच कर, टाबर लेवौ जिवाय॥

श्रावण मास मे पूर्व दिशा का वायु हो, भाद्रपद मे पश्चिम दिशा का वायु हो तो पत्नि इस लक्षण पर से अपने पति से कहती है कि इस वर्ष, वर्षा कम होगी। अत बच्चो की जीवन रक्षार्थ बैलो को बेच कर अन्न सग्रह कर लो।

— इस सम्बन्ध मे निम्न —

कातिक कन्ता सिकिओ न डोलय, कहाँ के रख बहु धान॥
कार्तिक कन्ता सीक न डोले, गाजै सबै किसान॥

(४४)

सावरण पछवा वेसे दिन चार। तौ चूल्हा लारै परण निपजै सार।
बरसै रिमझिम निशदिन वारी। कहगया पण्डत वचन उचारी॥

श्रावरण महीने मे चार दिन भी यदि पश्चिम का वायु बह जावे तो रात-दिन वर्षा बरसने का योग है। इसके प्रभाव से भोजन बनाते समय अन्न के करण यदि चूल्हे के पीछे गिर गये होगे तो वे, वहा पर भी उग आवेंगे।

(४५)

सावरण पूरब भादू पच्छम, आसौजा नेऋत।
काती मे जो सीक न डोले, नहि उपजे निश्चित॥

श्रावरण मास मे पूर्व का, भाद्रपद मे पश्चिम का, आश्विन मे नैऋत्य का वायु हो और कार्तिक मे वायु नही चले अर्थात् एक भी सीक नही हिले तो इन लक्षणो से निश्चित है कि, इस वर्ष अन्न उत्पादन नही होगा।

(४६)

सावरण भादरवे वरो, मे ने भरे नवारण।
तो भर औनारा मये, हूका हूका पारण॥

श्रावरण भाद्रपद मे वर्षा होकर यदि निर्वारण (जलाशय) न भरे गये तो यह निश्चित है कि, ग्रीष्म-काल मे उनमे जल के स्थान पर केवल सूखे पत्थर ही दृष्टिगत होगे।

(४७)

सुद सावरण की चौथ ने देख उगन्तो भान।
नहि दीखिया भडुली, पुक्ख न बरसता जारण॥

श्रावण शुक्ला चतुर्थी के उदय होते हुए सूर्य को देखे। इस दिन यह बादलो मे ढका हुआ रहे और उस समय नहीं दिखाई दे तो इस लक्षण से यह निश्चित है कि सूर्य जब पुष्य नक्षत्र पर आवेगा तब उन दिनों मे वर्षा नहीं होगी।

(४८)

सावण महिना मायने, गाज बीज ने देख।
जे ए इधका हुवै तौ, बिरखा होय विसेख।

श्रावण मास मे यदि आकाश मे बादलो का गरजना, बिजली चमकना अधिक मात्रा मे होता हुआ दिखाई दे तो यह शुभ लक्षण है। इस लक्षण से उस वर्ष सुभिक्ष एव सुवृष्टि होगी।

श्रावण-मास कृष्णपक्ष

(१)

सावण लगता प्रथम दिन, ऊगत न दीखे भाण।
चार महीना बरसे पाणी, इण रौ है परमाण॥

श्रावण कृष्णा प्रतिपदा को सूर्योदय के समय, बादलो के कारण सूर्य के दर्शन न हो तो यह निश्चित है कि चार महीनो तक वर्षा होती रहेगी।

(२)

सावण वदी चौथ ने, वादल दिन रा हुये।
जे विरखा हो जाय तौ, आछो समयौ हुवे॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी को दिन रात आकाश मे बादल छाये रहे और वर्षा हो जाय तो इस वर्ष, कृषि उत्पादन (फसल) उत्तम होगा।

(३)

सावण वदी चौथ ने रात्यू बरसे मेह।
तो मास दोय तक जल बरसासी मेह॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी को रात्रि मे वर्षा हो तो दो मास तक वर्षा होगी।

(४)

÷ सावण पैली चौथ दिन, जे मेहा बरसाय।
तो भाखै यूं भड्डरी, साख सवाई थाय॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी को वर्षा हो जाय तो भड्डरी कहते हैं कि इस वर्ष, कृषि उत्पादन सवाया होगा।

(५)

+ धुर सावण दिन चौथ ने, बादल घणा करेह।
पौर अठारे मझ घण, जल थल एक करेह॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी को आकाश मे बादल हो तो अठारह प्रहर मे ऐसी वर्षा होगी कि जल-स्थल एक हो जावेंगे।

(६)

* श्रावण वदी चौथ ने, पूर्वा भाद्रपद होय।
मेह हुया मेह बरससी, नहिं तौ ऊभा जोय॥

× इसके विपरीत —

सावण बदी चौथ दिन, निरमल होय अकाश।
तऊ अठारे याम मे, जलधर करै विकाश॥

— इसके समर्थन मे —

श्रावण पैली चौथ ने, जै मेघा वरसाय।
श्री सद्‌गुरु के वचन सू, साख सवाई थाय॥

* इसके समर्थन मे —

पूर्वाभाद्रपद रिक्खडो, सावण वद मा आय।
जै आवै दिन चौथ ने, बरस्या विरखा थाय॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी को पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा हो तो वर्षाकाल मे वर्षा होगी। यदि इस दिन वर्षा नही हुई तो खडे-खडे प्रतीक्षा ही करते रहेगे।

(७)

\+ सावण धुर दिन चौथ के, अर पाचम लीजै जोय।
गाजै बरसै घमघमै, सही जमानौ होय॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी एव पचमी को दिन मे बादलो की गर्जना हो, घमासान मेह बरसै तौ कृषि उत्पादन अच्छा होगा।

(८)

— सावण वदी चौथ दिन, उगत भाण ना दीस।
भडली इम बोलै सुणौ, बरसै दिन चालीस॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी को सूर्योदय के समय बादलो के कारण सूर्य दिखाई न दे तो भड्डरी कहते है कि चालीस दिनो तक वर्षा होगी।

× इससे मिलती हुई निम्न है —

श्रावण कृष्णा चतुर्थी, और पचमी जोय।
गाजै बरसै दमदमे, तौ सही जमानौ होय॥
श्रावण कृष्णा चतुरथी, माघ पचमी जोय।
गाजै बरसै दमदमै, तौ सही जमानौ होय॥

— इससे मिलती हुई —

सावण वद चौथ सम्भार। चढै जु रवि बादल मझार॥
तौ पैतालीस दिन लौ मेह। बरसै नित न आवै छेह॥
इससे मिलती हुई पर पृष्ठाङ्कित हैं—

(६)

सावरण चौथ'र पचमी, बीज गाज नहिं मेह।
निहचै दुरभिख होवसी, पावस उडसी खेह ॥

श्रावण कृष्णा चतुर्थी एव पचमी को आकाश मे बादल, बिजली गर्जना एव मेह न हो तो यह निश्चित है कि इस वर्ष दुर्भिक्ष होगा और पावम (वर्षा-ऋतु) मे आँधिया आवेंगी (मिट्टी उडेगी ।)

(१०)

सावरण पेली पचमी, जे धडूकै मेव।
च्यार मास बरसै सही, सत भाखै सहदेव ॥

सहदेव नामक कवि कहते है कि यह सही समझो कि श्रावण कृष्णा पचमी को आकाश मे बादलो की गर्जना हो तो वर्षा काल मे चारो महीने मेह बरसता रहेगा।

(११)

मावरण वद की पचमी, अरघ निशा लौ भाल।
जे बादल गरजै नही, तौ पडसी जग मे काल ॥

श्रावण कृष्णा पचमी की मध्य-रात्रि मे यदि बादलो की गरजना न हो तो इस वर्ष अकाल ही होगा।

(१२)

— मावरण पेली पचमी, मेह न माडे आल।
पीव पधारौ मालवे, म्है जासा मौसाल ॥

इससे मिलती हुई निम्न उक्तियाँ हैं—

— सावरण पेली पचमी जौ न धडूके व्याल।
तू पिव जावौ मालवे हू जाऊ मौसल ॥
सावरण पहला चार दी, मेघ न माडे राह।
पीयु पधारो मालुवे अमै जशु मोशाल ॥

धुर सावरण की पचमी, बीज गाज नहिं मेह।
क्यू हल जौतै बावला, निहचै उडसी खेह ॥

इमसे मिलती हुई —

सावरण पहली पचमी जै दडूके मेह।
चार मास बरसै सही, भाखै सद्‌गुरुदेव ॥

श्रावण कृष्णा पचमी तक वर्षा प्रारम्भ न हो तो कृषक पत्नी अपने पति से कहती है कि, इस वर्ष कृषि-उत्पादन कैसे होगा। इसलिए जीवन निर्वाहार्थ आप तो मालवे की ओर पधार जावें और मैं अपने मायके चली जाऊंगी।

(१३)

\+ सावण पेली पचमी, जोरा चलै बयार।
थे जावौ पिव मालवे, म्है जाऊ मौसाल॥

श्रावण कृष्णा पचमी को जोर की वायु देख कर कृषक-पत्नी अपने पति से कहती है कि, वर्षा का कोई ठिकाना नही। अत जीवन-निर्वाहार्थ आप मालवे की ओर पधार जावे और मैं अपने पिता के यहाँ चली जाऊ।

(१४)

सावण पेला पचमी, झीणी छाट पडै।
डक कहे हे भड्डली, सफला रूख फलै॥

श्रावण कृष्णा पचमी को छोटी-छोटी बूदें गिरे तो डक, भड्डली से कहते हैं कि, इस वर्ष फल वाले समस्त वृक्ष-फूलेंगे और फलेंगे।

(१५)

× सावण पेली पचमी, श्रामौ निरमल होय।
पौर अठारा मायने, विरखा आई जोय॥

\+ इसमे पाठान्तर —थें जावो पिव मालवे, म्है जाऊ पितुसार॥

सावण पहली पचमी, जे चालै या पौन।
मा रहसियौ देशडा, पछी करै ज्यू गौन॥
सावण पहली पचमी, जे वाजै बहु वाय।
काल पडे सहु देश मे मिनख मिनख ने खाय॥

× इससे मिलती हुई ही पीछे स० ५ पर भी है, वहाँ पचमी के स्थान पर चतुर्थी है।

श्रावण कृष्णा पचमी को आकाश निर्मल दिखाई दे तो अठारह प्रहर में अर्थात् सवा दो दिन मे वर्षा आ जायेगी।

(१६)

सावरण पेली पचमो, गरभै ऊदै भान।
बिरखा होसी अति घरणी, ऊचो जावै धान ।।

श्रावण कृष्णा पचमी को प्रात काल सूर्य बादलो मे ही उदय हो (दिखाई न दे बादलो के गर्भ में ही छुपा रहे) तो इस वर्ष, बहुत वर्षा होगी और अन्न प्रचुर मात्रा मे उत्पन्न होगा।

नोट —यहा धान से तात्पर्य चावल से हो सकता है।

(१७)

— सावरण पेली 'पचमो, ना बादल ना बीज।
हल फाडो ई घरण करो, ऊबा चाबो बीज ।।

श्रावण कृष्णापचमी को आकाश मे न बादल हो और न बिजली की चमक दिखाई दे तो कवि कृषक को सम्बोधन करते हुए कहता है कि, हलों को फाड कर ईंधन के स्थान पर उपयोग मे ले लो और जो अन्न, बोने के लिये बीज सग्रह कर रखा है उसे खाकर अपना जीवन निर्वाह कर लो। क्यो कि, इस वर्ष वर्षा नही होगी।

(१८)

सावरण वद सातम दिना, वार शनीचर होय।
तो मेह बरसबा की समै, अधिकै बिरखा होय ।।

श्रावण कृष्णा सप्तमी को शनिवार हो तो वर्षाकाल मे अधिक वर्षा होगी।

‐ इस सम्बन्ध मे आषाढ़-मास में आषाढ़ शुक्ला ५ का भी लेख है।

(१९)

सावण पेली सप्तमी, असिनी रेल प्रकार।
नित प्रति जग आनन्द हुवै, घर घर मंगलाचार ।।

श्रावण कृष्णा सप्तमी को अश्विनी नक्षत्र हो तो इस वर्ष प्रजा आनन्द से रहेगी और घर-घर मगलाचार होंगे।

(२०)

× सावण पेले पाख मे. दशमी रोहण होय।
मू घो नाज अर अलप जल, विरला जीवै कोय ।।

श्रावण कृष्णा दशमी को रोहिणी नक्षत्र हो तो अन्न महगा होगा, वर्षा कम होने के कारण बिरले व्यक्ति ही जीवित रहेंगे।

(२१)

— सावण वद एकादशी. जेटली रोहण होय।
सामौ निपजै तैटलौ, चिन्ता करौ न कोय ।।

× इससे सबधित निम्न हैं

सावण पहले पक्ष मे दसमी रौहण होय।
महगो धान अर अलप जल, बिरखा विलसै कोय ।।
विशेष रूप से —
निथि बध्या धान नसावे। रिछ बध्यां अन्न उपजावैं ।।
तिथि रिछ होवैं समतूल। पुहुमी उपजै तूलमतूल ।।

— इस'से सम्बन्धित निम्न हैं —

सावण वद एकादशी जैती रौहण होय।
ते तौ समौज नीपजैं, चिन्ता करो न कोय ।।
सावण वद एकादशी, जितनी घडीक होय।
तितनौ सम्वत नीपजे, चिन्ता करै न कोय ।।

श्रावण कृष्णा एकादशी को रोहिणी नक्षत्र जितनी घडी होगा, उसी के अनुसार इस वर्ष कृषि-उत्पादन होगा । अर्थात् पूर्ण होने से पूरी कम होने से उसके अनुसार कम फसल होगी ।

(२२)

सावण वद एकादशी, रौहण बरसै मेह ।
नृप नदै, विलसै प्रजा, इम भाखे सहदेव ।।

श्रावण कृष्णा एकादशी को रोहणी नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा हो जाय तो सहदेव कवि कहते हैं कि इस वर्ष राजाओ मे आनन्द और प्रजा, सुख का भोग भोगेगी ।

(२३)

†धुर सावण एकादशी, मेह गरजै अधरात ।
तूं पिव जावो मालवे, हूं जाऊ गुजरात ।।

श्रावण कृष्णा एकादशी को आधी रात मे मेह की गर्जना हो तो इस वर्ष कृषि उत्पादन नही होगा । अतः कृषक-पत्नी अपने पति से कहती है कि आप तो मालवे की ओर पधार जावे और मैं गुजरात की ओर चली जाऊ ।

---

† इस सम्बन्ध मे निम्न उक्तिये भी है —

श्रावण कृष्ण एकादसी, गरजै मेघ अधरात ।
तुम मालवे दिस जावजो, कै जाज्यो गुजरात ।।

श्रावण कृष्णा एकादमी, गरजै मेघ अधरात ।
जाओ झट पिउ मालवे, हूँ जाशू गुजरात ।।

श्रावण कृष्ण एकादशी, गरजि मेह घहरात ।
तुम जाओ पिय मालवा, हो जइहो गुजरात ।।

(२४)

सावरण वद एकादशी, इरण दिन बरसै मेह ।
समयो आछो होवसी, इरण मे नहिं सन्देह ॥

श्रावण कृष्णा एकादशी को वर्षा हो जाय तो इस वर्ष, कृषि-उत्पादन अच्छा होगा ।

(२५)

*सावरण वद एकादशी, बादल ऊगै सूर ।
तो यू भाखै 'भड्डरी', घर-घर बाजै तूर ॥

श्रावण कृष्णा एकादशी को सूर्य बादलो मे ही उदय हो (दिखाई न दे) तो भड्डरी कहते हैं कि, यह वर्ष आनन्द से व्यतीत होगा ।

(२६)

सावरण वद एकादशी, जे वाजै उत्तर वाय ।
घर-घर होवै वधामरणा, घर-घर मगल थाय ॥

श्रावण कृष्णा एकादशी को उत्तर दिशा का वायु बहे तो यह वर्ष आनन्द से व्यतीत होगा ।

(२७)

सावरण वद एकादशी, गरभा भारण उगन्त ।
लोग सुखी विरखा सुभिक्ष, चारमास बरसन्त ॥

श्रावण कृष्णा एकादशी को सूर्य बादलो मे ही उदय हो तो, इस वर्ष चार मास (वर्षा काल) मे पर्याप्त वर्षा होने के कारण सुभिक्ष होगा और प्रजा सुखी रहेगी ।

---

* इस सम्बन्ध मे :—

सावरण वद एकादशी, बादल ऊगै सूर ।
सुखै बसौ सब लोक तुम, घर-घर बाजै तूर ॥

(२८)

*सावण वद एकादशी, तीन नखत्तर जोय ।
कृतिका होवे करवरो, रोहण होय सुगाल ॥
टुक इकध्यावे मिरगलो, पडै अचित्त्यो काल ।

श्रावण कृष्णा एकादशी से वर्ष भर का शुभाशुभ इस प्रकार से देखना चाहिये । इस दिन कृतिका नक्षत्र हो तो कृषि साधारण होगी । रोहिणी हो तो सुकाल (सुभिक्ष) होगा और कदाचित इस दिन मृगशिर नक्षत्र आ जाय तो बिना कल्पना किये ही......अचानक......वर्षा का अभाव होकर दुर्भिक्ष हो जावेगा ।

(२९)

बारस सावण कृष्ण की, मघा रात मे होय ।
बादल जल वृष्टि करे, तो मेह सवायो होय ॥

श्रावण कृष्णा द्वादशी की रात्रि मे मघा नक्षत्र हो और उस समय आकाश से वर्षा हो तो भविष्य मे अत्यन्त जल बरसेगा ।

(३०)

सावण वद एकादशी, कृतिका मध्यम जाण ।
रोहणी शुभ सम्वत कह्यो, मृगशिर काल पिछाण ॥

श्रावण कृष्णा एकादशी को कृतिका नक्षत्र हो तो उत्पादन उत्तम होगा, किन्तु इस दिन यदि मृगशिर नक्षत्र आ जाय तो दुर्भिक्ष ही होगा ।

---

* इस सम्बन्ध मे निम्न उक्तियें भी मिली हैं —

जो कृतिका तो करवरौ, जो रोहण होय सुकाल ।
जो मृगशिर आवै तहाँ, पडे अचिन्त्या काल ॥
जो किरतका तो किरवरौ, रोहण होय सुगाल ।
जे मिगसर रिछ हो जाय तो, निहचै पडे दुकाल् ॥

(३१)

जे होवे बारस शशि तांय । मध्यम समौ बखाणो जोय ॥
तेरस दिन रोहिणी नक्षत्र । काल पडे जाणो सर्वत्र ॥

श्रावण कृष्णा द्वादशी को रोहिणी नक्षत्र हो तो उत्पादन मध्यम होगा । किन्तु यही रोहिणी त्रयोदशी को हो तो सर्वत्र दुर्भिक्ष होगा ।

(३२)

विरखा बादल मावसै, जे सावण मे हो जाय ।
चराचर ने सुख ऊपजै, आनन्द बोत मनाय ॥

श्रावणी अमावस्या को आकाश मे गहरे बादल हो, वर्षा हो जाय तो इस वर्ष अच्छा उत्पादन होने से चराचर सुखी होकर बहुत आनन्द मनावेंगे ।

(३३)

सावण काली मावसे, पुख असलेखा आवै ।
मघा नखत भी होय तो, थोडो मेह करावै ॥

श्रावणी एकादशी को पुष्य, अश्लेषा एव मघा इन नक्षत्रों मे से कोई सा भी नक्षत्र हो तो इस वर्ष, वर्षा कम होगी ।

(३४)

*सावण मावस मगल वार । अल्प अन्न अर पीडाकार ।
भूख दोष जग बहुतै मरै । कही मेघ कही सूखा पडै ॥

---

* इसी सम्बन्ध मे —

सावण मावस के दिना, सोमवार जे आय ।
अन्न थोडो नीपजै, हा हाकार कराय ॥
कठेक बरसै कठेक सूखै, मरै बोत नर नार ।
काल पडे इण जोग सूं, जोतिस थी समझाय ॥

श्रावणी अमावस्या को मंगलवार हो तो इस वर्ष कहीं वर्षा होगी, कहीं न होगी। इसके परिणाम स्वरूप अन्न कम होने के कारण भूख से पीड़ित कई व्यक्ति मर जावेंगे और कई कष्ट उठावेंगे।

(३५)

सावण वद के मायने, कृतिका मेह बुलाय।
च्यारू महिना वरससी, धान घणो निपजाय।।

श्रावण मास मे जिस दिन कृतिका नक्षत्र हो उस दिन मेह आ जाय तो वर्षा काल मे (चारो महीनो मे) वर्षा होगी। इसके परिणाम-स्वरूप बहुत-सा अन्न उत्पन्न होगा।

(३६)

सावण कृष्णा पाख मे, जद अस्वनी आवै।
जे विरखा आ जाय तो, समयो भलो बतावै।।

श्रावण मास मे जिस दिन अश्विनी नक्षत्र हो उस दिन मेह आ जाय तो इस वर्ष कृषि उत्पादन अच्छा होगा।

(३७)

सावण पहला पाख मे, हयरिछ प्यासो जाय।
दुनिया मरै दुरभिक्ख सू, टावर बेचे माय।।

श्रावण कृष्ण पक्ष मे आश्विनी नक्षत्र के दिन वर्षा न हो तो संसार मे दुर्भिक्ष के कारण माताएँ अपने बच्चों को बेच देंगी और लोग भूख के कारण मरेंगे।

(३८)

चित्रा स्वाति विसाखिया, सावण कोरा जाय।
कनक बेच कण लेवजो, ज्ञानी कहै समझाय।।

श्रावण मास में चित्रा, स्वाति, विशाखा नक्षत्रों मे वर्षा न हो तो इस वर्ष सुवर्ण बेच कर अन्न सग्रह कर लेना चाहिये, ऐसा बुद्धिमान-व्यक्तियों का मत है।

(३९)

चित्रा स्वाति विसाखड़ी, जद सावण वरसन्त।
अन धन निपजै मोकलो, परजा करै आणन्द॥

श्रावण मास में चित्रा, स्वाति, विशाखा नक्षत्रों मे वर्षा हो जाय तो इस वर्ष धन-धान्य की उत्पत्ति एव वृद्धि बहुत होने से प्रजा आनन्दित रहेगी।

(४०)

‡ मूल गल्या पुनि भड्डली, बोले विश्वा वीस।
सावण की पंचक झडी, आस समै की दीस॥
भड्डली तू क्यूं दूमणी, दिन पिछला ने झूर।
सावण का पंचक सज्यां, नदी बहेली पूर॥

श्रावण के धनिष्ठा आदि पांच नक्षत्रों में वर्षा हो जाय तो, ज्येष्ठ शुक्ला किम्वा आषाढ कृष्णा में मूल नक्षत्र मे वर्षा होने से जो दोष हो गये हैं, वे नष्ट हो जावेंगे और सुभिक्ष योग्य वर्षा हो जावेगी।

कवि भड्डली को सम्बोधन करते हुए कहता है कि, तू पिछले दिन ज्येष्ठ आषाढ की अवर्षण-योग की घटना से उदास क्यों है? श्रावण के इस (पचक में वर्षा होना) योग से इतनी वर्षा होगी कि, नदियों में जल नहीं समावेगा।

---

‡ इससे सम्बन्धित—

जेठे मूल विणासियो, ताको डर नहीं कोय।
बरसै पचक सावणै, समो घणो ही होय॥

(४१)

ब्है नक्षत्र रोहणी, सुबे शाम ब्है मेह।
दोपारा वायु चल्या, सावण भादू मेह॥

श्रावण महीने मे रोहिणी नक्षत्र के दिन प्रात साय वर्षा हो और मध्यान्ह मे वायु चले तो श्रावण एव भाद्रपद मे वर्षा निश्चित होगी।

(४२)

दिन भर वायु बहै, रिच्छ रोहणी होय।
विरखा जोग बणावसी, शुभ फलदायी होय॥

श्रावण मास मे रोहिणी नक्षत्र के दिन, दिनभर वायु चलती रहे तो वर्षा योग बन जाता है।

(४३)

सावण पहले पाख मे, जे तिथि ऊणी जाय,
कइयक कइयक देश मे टाबर बेचे मांय॥

श्रावण कृष्ण पक्ष मे किसी तिथि के टूट जाने से इस वर्ष ऐसा अकाल होगा कि, कही-कही अपने प्राणों की रक्षार्थ माताए अपनी सतानों तक को बेच देगी।

(४४)

सावण पहले पाख मे, जे असनी रेलेह।
पडियो काल समेट दे, भावी काह कग्हे॥

श्रावण कृष्ण पक्ष मे जिस दिन अश्विनी नक्षत्र हो उस दिन वर्षा आ जाय तो इस वर्ष इतनी वर्षा होगी कि, अकाल की सम्भावना होगी तो वह नष्ट हो जावेगी।

भाद्रपद-मास शुक्लपक्ष

(१)

‡ भादू सुद की दूज ने, जे नहिं दीखै चन्द।
अन्न बहोली होवसी, लोग करै आनन्द ॥

भाद्रपद शुक्ला द्वितीया को उदय होता हुआ चन्द्र दिखाई नहीं दे तो इस वर्ष, अन्न का उत्पादन बहुत होने से लोग आनन्दित होंगे।

(२)

मगल वारी तीज जे, भादवडे सुद आवै।
उतरा फाल्गुणी मिलजाय तो आयो मेह गुमावै॥

भाद्रपद शुक्ला तृतीया को मगलवार और उत्तराफाल्गुणी नक्षत्र हो तो, आई हुई वर्षा भी नहीं बरसती है अर्थात् बादल उमडे हुए होने पर भी मेह नही होगा।

(३)

भादू सुद चौथ दिन, सोम शुक्र गुरुवार।
उतरा हस्त चित्रा हुया, सुभिक्ष जोग विचार॥

भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी को सोमवार, गुरुवार किम्वा शुक्रवार मे से कोई वार हो और उत्तरा फाल्गुणी, हस्त एव चित्रा नक्षत्रों में से कोई-सा नक्षत्र हो तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा।

(४)

भादू ऊजली पचमी जे नहिं होवै मेह।
तो जाणीजे भड्डली, मेहा आयो छेह॥

भाद्रपद शुक्ला पचमी को वर्षा न हो तो भड्डली का कथन है कि, अब वर्षा का अन्त ही आ गया, ऐसा समझलें।

---

‡ एक स्थान पर शुक्ल द्वितीया के स्थान मे कृष्णा द्वितीया का उल्लेख भी मिला है।

(५)

* भादव छट छूट्यो नहीं बिजली रो झणकार।
तू पिव जावो मालवे, मू जाऊं मोसाल॥

भाद्रपद की षष्ठी को बिजली की चमक दिखाई नहीं दे तो इस वर्ष, वर्षा का अभाव रहेगा। अत कृषक पत्नी अपने पति से कहती है कि, जीवन-निर्वाहार्थ आप तो मालवे की ओर पधार जावें और मैं अपने माता-पिता के यहाँ चली जाऊंगी।

(६)

भादरवो जग रेलसै, छठ अनुराधा होय।
गर्भ उर्भ ना करै, विरखा भड्डली जोय॥

भड्डली यह देखकर कि, भाद्रपद की षष्ठी को अनुराधा नक्षत्र है, अपने विचार व्यक्त किये हैं कि, गर्भ आदि का कोई विचार ही मत करो पर्याप्त वर्षा होगी।

(७)

† भादव सुद की पंचमी, स्वात संजोगी होय।
दोन्यू शुभ जोगज मिल्या, मंगल वरतै लोय॥

भाद्रपद शुक्ला पचमी को स्वाति नक्षत्र का होना प्रजा के लिये मंगलदाता है।

(८)

सावण स्वाति न बूठियो, कांई चिन्ता नांह।
भादरवै जुग रेलसी, छठांअनुराधाह॥

---

* यहाँ कृष्ण-पक्ष या शुक्ल-पक्ष का कोई स्पष्ट वर्णन नहीं है।

† भादरवा सुद पचमी, जोग स्वाति नो होय।
शुभ जोगे ए बे मिले, मगल वरतै लोय॥

कृषक पत्नी अपने पति से कहती है कि, श्रावण मास में स्वाति नक्षत्र पर वर्षा न होने की चिन्ता मत करो। क्योंकि, भाद्रपद की षष्ठी को अनुराधा नक्षत्र है। अतः पर्याप्त वर्षा होगी।

(६)

‡ भादू में जुग रेलसी, छठ अनुराधा गोय।
पिछला गरभ खड़ा करै, चोखी विरखा होय॥

भाद्रपद की षष्ठी को अनुराधा नक्षत्र होने से पिछले गर्भ खड़े होकर, अच्छी वर्षा करते हैं।

---

‡भादडवे जुग रेलसी, छठ अनुराधा होय।
पिछला गरभ खण्डन करी, चोखी विरखा होय॥
भादवडे जग रेलसी, जे छठ अनुराधा होय।
डक कहै सुण भडुली, चिन्ता करो न कोय॥
भादू सुद अनुराधा में, गाज बीज अर मेह।
बादल भी हुय जाय तो, पिछला दोष मिटेह॥
मेह हुवै अन्न मोकलो, परजा सुखी हुय जाय।
जे ए च्यारू हुवै नहिं, तो काल पडेलो आय॥

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष मे जब अनुराधा नक्षत्र हो तब आकाश मे बादल, बिजली, गरजना और मेह हो जाय तो शुभ लक्षण हैं। इनके प्रभाव से यदि किसी कारण से किसी प्रकार का कोई दोष हो गया हो तो वह स्वयमेव नष्ट होकर उस वर्ष सुभिक्ष होगा। कदाचित ये चारों नही हो तो उस से दुर्भिक्ष ही होगा।

अनुराधा और छठ तिथ, भादू उजले पाख।
बीज बादला मेह हुआ, तो आछी नेपे साख॥

यदि भाद्रपद शुक्ला षष्ठि के दिन अनुराधा नक्षत्र हो तो अन्य नक्षत्रो के दोषों को मिटा कर यह योग सुभिक्षकारक हो जाता है।

(१०)

भादो छठ की चान्दणी, जे अनुराधा होय।
ऊबड़ खावड बोय दे, अन्न घणेरो होय॥

भाद्रपद शुक्ला षष्ठी को अनुराधा नक्षत्र हो तो इस वर्ष कही भी (ऊबड खाबड जमीन मे भी) अन्न बो दो, खूब ही उत्पन्न होगा।

(११)

जेठ गयी असाड गयी, सावणिया तू जाह।
भादरवै जुग रेलसी, छठ अनुराधाह॥

जेठ गया, आषाढ भी गया और सावण तू भी चला जा—हमे कोई चिन्ता नही। भाद्रपद की षष्ठी के दिन अनुराधा नक्षत्र है, यह इतनी वर्षा करेगा कि ससार प्रसन्न हो जायगा।

(१२)

*भूलै चूकै सप्तमी, जे अनुराधा लावै।
विरखा थोडी होवसी, ऐसो जोग बतावै॥

कदाचित यह अनुराधा नक्षत्र भाद्रपद की सप्तमी को आ जाय तो इस वर्ष—अनावृष्टि, अल्प वर्षा का योग है।

(१३)

नवमी भादू मास की, जे विरखा लै आय।
आगे विरखा अलप है, ऐसो जोग बणाय॥

---

*सुद भादू सातम दिना, रिख अनुराधा होय।
छाटोछिडको भी ना हुया, काल पड्यो लो जोय॥

भाद्रपद शुक्ला सप्तमी के दिन अनुराधा नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा यदि एक बूद भी न गिरे तो यह अनावृष्टि योग है। इसके फल-स्वरूप उस वर्ष, वर्षा नही होगी।

भाद्रपद की नवमी को यदि वर्षा हो जाय तो भविष्य में वर्षा कम होगी, ऐसा योग बन जाता है।

(१४)

स्वाति नखत साथ लै, भादू नवमी आवै।
घी अन्न बहु होवसी, परजा सुखी हो जावै॥

भाद्रपद की नवमी को स्वाति नक्षत्र हो तो इस वर्ष, घी एवं अन्न बहुत होंगे। अत प्रजा आनन्दित रहेगी।

(१५)

सुद ग्यारस भादवै, जे बिरखा हो जाय।
धान घणेरो होवसी, सस्ते भाव विकाय॥

भाद्रपद शुक्ला एकादशी को वर्षा हो तो इस वर्ष अन्न अधिक उत्पन्न होने के कारण सस्ते मूल्य पर बिकेगा।

(१६)

सुद ग्यारस भादू मास की, रात समै गरजाय।
टीड उपदरो लावसी, ऐसो जोग बणाय॥

भाद्रपद शुक्ला एकादशी की रात को बादलो की गर्जना हो तो इस वर्ष कृषि पर टिड्डियो के आक्रमण होगे।

(१७)

पूनम भादू मास की, बादल बीज अर गाज।
संचित अन्न ने बेच दे निरमल लेव अनाज॥

भाद्रपद शुक्ला पूर्णिमा को आकाश मे बादल, बिजली एव गर्जना हो तो सञ्चित अन्न को बेच दो। कदाचित इस दिन आकाश निर्मल (स्वच्छ) हो तो अन्न खरीद कर संग्रह कर लेना चाहिये।

(१८)

चौथ पांचम सप्तमी, आठम पूनम होय।
गाज बीज बादल हुया, बेगो मेह् लो जोय॥

भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी, पञ्चमी, सप्तमी, अष्टमी और पूर्णिमा इन दिनों मे आकाश में बादल हों, बिजली चमके, गर्जना आदि गर्भ धारण के लक्षण हों तो वर्षा शीघ्र होगी।

(१६)

भादूं मे भरणी रिछ जोई। बादल छांट अमोघा होई॥
सर्व देश मे विरखा जाण। लोग सुखी जग मे बहु मान॥

भाद्रपद मास मे जब भरणी नक्षत्र हो तब आकाश मे बादल, बूंदाबांदी आदि हो तो सर्वत्र वर्षा होने के कारण लोग आनन्दित होंगे।

(२०)

चित्रा स्वाति विसाखडी, भादू सुद में आय।
जे विरखा नही होय तो, मेह् गयो विलाय॥

भाद्रपद शुक्ल पक्ष में चित्रा, स्वाति, विशाखा इन नक्षत्रों में वर्षा न हो तो समझ लेना चाहिये कि अब वर्षा विलीन होगई।

(२१)

* भादू जे दिन पछवा व्यारी। तै दिन माघ पडे तुषारी॥

---

* इस सम्बन्ध में :—

१ जै दिन भादो बहै पछार। तै दिन पूस मे पडे तुसार॥

२ आथूणो हूं बायरो, भादू महीना मांय।
उतरा दिन लो पोस रा, जल ने देय जमाय॥

भाद्रपद मास में जितने दिन पश्चिम का वायु बहे, उतने ही दिन आगामी माघ में तुषार पड़ेगा।

(२२)

भादू महिना मांयने, चालै आथूणी वाय।
के तो विरखा ह्व नहिं, जे ह्वै तो झड़ी लगाय॥

भाद्रपद मास में पश्चिम दिशा का वायु बहे तो वर्षा होगी ही नहीं और कदाचित वर्षा हो भी गई तो झड़ी ही लगा देगी।

(२३)

भादू महीना मायने चालै चहू दिस वाय।
आयौ मेह उड़ाय दे, परजा दुखी हो जाय॥

भाद्रपद मास मे चारो दिशा का वायु चले तो इस लक्षण से वर्षा के बादल आये हुए हो तो उड जाते हैं। इसके कारण (आई हुई वर्षा न बरसने से) प्रजा दुःखी हो जाती है।

(२४)

अगस्त ऊग्या मेह न मंडे। जे मंडे तो धार न खडे॥

भाद्रपद मास मे जब अगस्त उदय होता है तब वर्षा बन्द हो जाती है। किन्तु इस अवसर पर यदि वर्षा प्रारम्भ हो जाय तो फिर अत्यधिक वर्षा होगी।

(२५)

‡ भादू मासे ऊजली, लखो मूल रवि वार।
तो यू भाखै भड्डरी, साख भली निरधार॥

---

‡ इस सम्बन्ध मे :—

भादौ मासे ऊजली, लखौ मूल रविवार।
'भद्रबाहु' गुरु यू कहै, साख भली निरधार॥

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष मे रविवार के दिन मूल नक्षत्र हो तो भड्डरी का कथन है कि इस वर्ष खेती अच्छी निपजेगी। अन्न बहुत होगा।

(२६)

डेलो भादरवाह नो, वरेय जे णे ठाम।
त्या तो हेलो पण बिजै, कोरो काढे गाम॥

डेलो, अर्थात् भाद्रपद मास का बडा बादल-खण्ड जिस स्थान पर बरसने लगता है उसी स्थान पर अधिक मात्रा मे बरस जाता है और अन्य स्थानो को सूखा ही छोड देता है।

(२७)

भादरवा आहो मयें, ठार पडे अदरात।
निश्चै करी ने जाणवो, तो नें वरे वरात॥

भाद्रपद एव आश्विन में मध्य-रात्रि मे ओस गिरने लग जाय तो इस लक्षण से यह निश्चित है, कि अब वर्षा नही होगी।

(२८)

भादवडे पूरब पवन, अग्निकोण की धार।
काणा काचर काकडी, पोटै जाय जवार॥

भाद्रपद महीने मे वायु पूर्व दिशा का या अग्निकोण का हो तो इसके परिणाम स्वरूप ककडी, काचरे आदि मे जीव पड जावेंगे अर्थात् ये काणे होगे तथा जवार की भी यही दशा होगी।

नोट :—कोई-कोई जवार के लिये ऐसा भी कहते हैं कि बहुत होगी।

(२९)

भादू सुद सातम दिने, आभा कानी जोय।
गाज बीच बादल हुया, समयो आछो होय॥

जे ए तीन्यूं हुवै नहीं, तौ ऐसो जोग बणावै।
अनबिन तरसै मानवी, लोग दुखी हो जावै ।।

भाद्रपद शुक्ला सप्तमी को आकाश की ओर देखें। इस दिन बादल हो, गर्जना हो, बिजली चमके तो इन लक्षणों के आधार पर यह निश्चित है कि उस वर्ष वर्षा अच्छी होगी और सुभिक्ष होगा। कदाचित ये लक्षण न हों तो उस वर्ष दुर्भिक्ष ही होगा।

भाद्रपद् मास कृष्णपक्ष

(१)

पड़वा भादू मास की, होय अन्धारे पाख।
श्रवण गुरु साथे हुयां, आछी निपजै साख ।।

भाद्रपद कृष्णा प्रतिपदा को गुरुवार और श्रवण नक्षत्र हो तो अच्छी वर्षा होने के कारण कृषि उत्पादन उत्तम होगा।

(२)

दूज अन्धेरे भादवे, सोमवार नी आवे।
धन धान बहु नीपजे, लोग सुखी हो जावै ।।

भाद्रपद कृष्णा द्वितीया को सोमवार हो तो इस वर्ष धन (पशुधन), धान्य बहुत होंगे और इस कारण से प्रजा आनन्दित रहेगी।

(३)

वद भादू की तीज ने, पहर तीसरो जोय।
उत्तर दिश बादल हुयाँ, सुखी जगत लो जोय ।।

भाद्रपद कृष्णा चतुर्थी को शनिवार हो तो राज्य-भङ्ग एव दुर्भिक्ष के कारण कोई सुखी नहीं रहेगा।

(४)

चौथ अन्धेरे भादवें, वार शनी जे होय।
देश भग दुरभिच्छ ह्वै, सुख नहिं पावै कोय॥

भाद्रपद कृष्णा तृतीया के तीसरे पहर में [उत्तर दिशा की ओर बादल दिखाई दे तो इस लक्षण से यह वर्ष प्रजा के लिये सुखदायी होगा।

(५)

भादू वद आठम दिना रिच्छ रोयणी जे होय।
ई जोगा सू समो, शुभदायी तो जोय॥

भाद्रपद कृष्णा अष्टमी को यदि रोहिणी नक्षत्र आजाय तो इस योग के कारण यह वर्ष जन-साधारण के लिए शुभदायी होगा।

(६)

भादू वद एकादशी, जे ना छिटकै मेघ।
चार मास बरसै नही कहै भड्डरी देख॥

भाद्रपद कृष्णा एकादशी को वर्षा नही हुई तो चारमास तक वर्षा नही है।

(७)

— रवि उगन्ता भादवै, अमावस रविवार।
धनस उगन्ता पच्छिमा, होसी हा - हा कार॥

भाद्रपद की अमावस्या को रविवार हो और पश्चिम दिशा मे इन्द्र धनुष दिखाई दे तो प्रजा मे अकालादि के कारण हा-हाकार मच जावेगा।

— दिन उगन्ते भादरवो, अम्मावम रविवार।
उगे धनस पच्छम में होयज हा हा कार॥

(८)

मुदगर जोगज भादवै, अम्मावस रविवार।
उज्जणी की अथमणी, हो सी हा हा कार॥

भाद्रपद की अमावास्या, रविवार मुदगर-योग हो तो उज्जैन के पश्चिम की ओर हा-हाकार मच जावेगा अर्थात् अकाल होगा।

(९)

मावस भादू मास की, चन्द्रवार जे आय।
क्षेम आरोग्य विरखा घणी, प्रजा सुखी हो जाय॥

भाद्रपद की अमावास्या सोमवार की हो तो इस वर्ष बहुत वर्षा होगी, प्रजा मे आरोग्य-क्षेम होने के कारण सुख होगा।

(१०)

मावस भादू मास की, भोमवार जे आवै।
अलपवृष्टि विग्रह बधै, धन की हाण करावै॥

भाद्रपद मास की अमावस्या मगलवार की हो तो, इस वर्ष, वर्षा कम होगी, विग्रह बढ़ेगा और धन (पशु-धन) की क्षति होगी।

(११)

मावस भादू मास की, बुधवारी जे होय।
हुवै दुरभिक्ख परजा दुखी, अन्नज थोड़ो होय॥

भाद्रपद की अमावास्या बुधवार की हो तो इस वर्ष दुर्भिक्ष होने के कारण प्रजा दुखी रहेगी, अन्न का उत्पादन कम होगा।

(१२)

मावस भादू मास की, गुरुवारी जो आय।
प्रजा सुखी अन धन घणा, एसो जोग बताय॥

भाद्रपद की अमावास्या को गुरुवार हो तो इस वर्ष अन्न-धन बहुत होने के कारण प्रजा सुखी रहेगी।

(१३)

मावस भादू मास की, दैत्य गुरू जो होय।
घर खेती उपद्रव घणा, निहचै रेवे न कोय॥

भाद्रपदी अमावास्या को शुक्रवार हो तो इस वर्ष अनेक उपद्रवों के कारण लोग घरों मे खेतो मे—कहीं भी निश्चिन्त नहीं रह सकेंगे।

(१४)

शनिवारी मावसै, भादूडे जे आवै।
पिता पुत्र मे सप नही, समयो ऐसो आवें॥

भाद्रपद की अमावास्या को शनिवार हो तो यह इतना बुरा है कि, पिता एव पुत्र में भी अनबन रहेगी।

आश्विन-मास शुक्ल पक्ष

(१)

पडवा सुद आसौज की, जे आवे शनिवार।
सगरे अन को कर लेवो, मतना करो विचार॥

आश्विन शुक्ला प्रतिपदा को शनिवार आ जाय तो बिना किसी विचार के भविष्य के वास्ते अन्न सग्रह कर लेना हितकर होगा।

(२)

मगल शनि की तीज हो, सुद आसोजा माय।
लाय लगण को जोग है, मू गी धान कराय॥

आश्विन शुक्ला तृतिया को मगल किम्बा शनिवार हो तो इस वर्ष अग्निकांड होंगे और अन्न महगा बिकेगा।

(३)

सुद आसोजा चौथने, रवी वार हो जाय।
घी बेचों अन मेलवो, चोखा दाम दिराय ॥

आश्विन शुक्ला चौथ को रविवार हो तो घी बेच दो और अन्न सग्रह कर लो। इससे अच्छा लाभ होगा।

(४)

सातम सुद आसौज की, सोमवार ने आवै।
हस्त नखत हो जाय तो, नेहचै काल बतावै ॥
धरण पिव ने यू कहै, मत ना सोच करावौ।
म्हें म्हारी भोग सू, आप मालवे जावौ ॥

आश्विन शुक्ला सप्तमी को सोमवार और हस्त नक्षत्र हो तो यह निश्चित है कि वर्षा का अभाव रहेगा और अकाल पड जावेगा। अत. कृषक-पत्नी अपने से कहती है कि, मै मायके चली जाऊगी, आप मेरी चिन्ता न करे और स्व-जीवन रक्षार्थ आप स्वय मालवे पधार जावें।

(५)

सुद आसोजा की सत्तमी, शनीवार ने आवे।
श्रवण धनिष्ठा जे होय तो, हा हा कार मचावै ॥

आश्विन शुक्ला सप्तमी शनिवार की हो और इस दिन श्रावण धनिष्ठा मे से कोई-सा भी नक्षत्र हो तो यह ससार के नाश का योग है।

(६)

आठम सुद आसोज की, बुधवारी जे आय।
सग्रह घी को कर लेवो, कातो लाभ दिराय ॥

आश्विन शुक्ला अष्टमी बुधवार की हो तो घी सग्रह कर रखें। आगामी कार्तिक में ही इससे अच्छा लाभ हो जावेगा।

(७)

सातम आठम दो दिना, सुद आसोजां मांय ।
जे बिरखा हो जाय तो, पृहुमी आनन्द थाय ॥

आश्विन शुक्ला सप्तमी एव अष्टमी, इन दो दिनो में वर्षा हो जाय तो सुभिक्षदायक एव राज्यपक्ष के विग्रह को शान्ति करनेवाला तथा पृथ्वी पर आनन्ददायक वर्ष होगा ।

(८)

मगल वारी नवमी, सुद आसोजा माय ।
उडद रुई झट सग्रहो, चोखो लाभ दिराय ॥
चैत महीना मायने, बेच देवो जो होय ।
दूणा दाम उठायलो, ससै करो न कोय ॥

आश्विन शुक्ला नवमी मगल वार की हो तो उडद, रुई का संग्रह कर लेना चाहिये । आगामी चैत्र मास मे इन्हें बेचने से दूना लाभ होगा ।

(९)

दसमी सुद आसोज की, मगल वारी जे होय ।
परजा दुखी चिन्ता घणी, रोग घणेरो होय ॥

आश्विन शुक्ला दशमी मगलवार की हो तो इस वर्ष प्रजा में रोगों की वृद्धि, चिन्ता की अधिकता एव दुःख व्याप्त होगा ।

(१०)

दसमी सुद आसोज की, बीज बादला आय ।
तिल उड़द मूंघा करै, जे बिरखा आ जाय ॥

आश्विन शुक्ला दशमी को आकाश में बादल हो, बिजली चमके तथा वर्षा हो जाय तो तिल और उडद महगे बिकेंगे ।

(११)

एकम आठम दसमी दिनां, सुद आसोजां के मांय।
जे बादल हो जाय तो, वेगो विरखा आय॥

आश्विन शुक्ला प्रतिपदा, अष्ठमी, दशमी इन दिनों में आकाश में बादल दिखाई दे तो वर्षा जल्दी आवेगी।

(१२)

शनिवारी एकादशी, सुद आसोजा आवै।
छत्र भग परजा दुखी, चोरी बोत करावं॥

आश्विन शुक्ला एकादशी को शनिवार हो तो छत्र-भंग (राजा की मृत्यु) तथा नगर ग्रामादि का भग हो, दुर्भिक्ष हो, शत्रुओं एवं चोरियों के कारण प्रजा दुखी रहेगी।

(१३)

* आस वाणी, भाग वाणी॥

आश्विन की वर्षा भाग्य से ही होती है।

(१४)

मइनो आहो आवते, उडवा लागे खेह।
भायग मोटो होय तो, कैंयक वरसे मेह॥

आश्विन मास के आते ही सूखी धूल उडना यह सूचित करता है कि भाग्य से ही इस मास मे कहीं कहीं ही वर्षा होती है।

---

* इससे मिलती जुलती—

आ हो अवाणी, ने भायग पाणी॥

(१५)

आसोजा रा मेड़वा, दोय बात विणास।
बोरटिया में बोर नही, विणिया नही कपास ॥

आश्विनी मास की वर्षा से दो बात की हानि होती है। एक तो बेर के वृक्षो मे बेर नही होते हैं और दूसरा कपास के पौधों से कपास नहीं मिलेगा।

(१६)

मेह की अवस्था

मेहो बारक आहडे, सावणे मोटियार।
भादरवे गरडो थई, आहो जाय पदार ॥

आषाढ मे मेह की बाल्यावस्था, श्रावण मे युवावस्था और भाद्र पद मे प्रौढावस्था (वृद्ध मनुष्य के समान) तथा आश्विन मे सर्वथा वृद्ध होकर अन्त्यावस्था को प्राप्त हो जाने के कारण प्रस्थान कर देता है।

(१७)

वरे हरादे मेउलो, के बरसे नवरात।
तो पाके माली घणी, ए नारू नी हात ॥

यदि श्राद्ध पक्ष अथवा नवरात्रि मे मेह बरसता है तो इस लक्षण से उन्हालू की माख (फसल) अच्छी पकती है।

(१८)

दो आसोज दो भादवा, दो आसाड जे आय।
सोनो चाँदी बेच कर, धान बसावो लाय ॥

जिस वर्ष दो आषाढ, दो भाद्रपद या दो आश्विन मास (इनमे से कोई भी) आ जाय तो उस वर्ष अन्न महगा होगा इसलिये कवि कहता है कि सोना, चादी, बेचकर भी जीवन-निर्वाहार्थ अनाज खरीद कर लेना चाहिये।

———

आश्विन मास कृष्ण पक्ष

(१)

सासू जितरे सासरो, अर आसू जितरे मेह ॥

जिस प्रकार ससुराल मे जब तक सास विद्यमान रहती है तब तक बहू को गृहस्थ भार की चिन्ता नही रहती है और सास के इस ससार से चले जाने पर चिन्ताएँ आ घेरती है (सास की उपस्थिति मे वह आनन्द-मगल से रहती है) उसी प्रकार जब आसोज मास आता है, तब तक वर्षा हो जाने से कृषक-वर्ग आनन्दित हो जाता है और आसोज के समाप्त हो जाने से, वर्षा न होने से सारे आनन्द-मङ्गल नष्ट होकर चिन्ता होने लग जाती है ।

(२)

होय शुक्र अस्त आसोज मास । सब लोग सुखी आनन्द तास ॥

आसोज मास मे शुक्र अस्त हो तो यह वर्ष सबके लिये सुखप्रद है ।

(३)

सूरज ऊगण की बखत, चौथ आसोजी देख ।
आभे बादल होय तो, समयो आछो पेख ॥

आश्विन की चौथ को सूर्योदय से पूर्व आकाश बादलों से छाया हुआ दिखाई दे तो, यह शुभ लक्षण है । इस लक्षण से उत्तम वर्षा एव वर्ष कल्याणकारक होगा ।

नोट—"वर्ष-प्रबोध" कार ने उत्तर भाग के द्वितीय स्थल मे अथ वृष्टि विचार माह शीर्षक के अन्तर्गत यह वर्णन दिया है वहाँ कृष्ण अथवा शुक्ल पक्ष का कोई उल्लेख नहीं किया है । इसी मत को "वृष्टि-प्रबोध" कार ने भी ज्यों का त्यों ही लिया है ।

(४)

†आसोज वदी मांवसां, जे आवे शनिवार।
समोज होसी करवरो, पण्डित केव्है विचार॥

आसोज की अमावस्या को शनिवार आ जाय तो कृषि साधारण ही उत्पन्न होगी।

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष

(१)

कार्तिक सुदी पड़वा दिने, होये जो बुधवार।
वरस होय ते करवरू, न करीश वली विचार॥

कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा को बुधवार होने से इस वर्ष को साधारण ही समझें। इसमें किसी प्रकार का विचार (सन्देह) न करें।

---

† इस सम्बन्ध में निम्न उक्तियें भी मिलती हैं :—

धुर आसोज अमावसां, जे आवें शनिवार।
समयो होसी करवरो, पण्डित कहै विचार॥

आसोज वद अमासडी, जे आवै शनिवार।
समय आवसी आकरो, जोशी जोश विचार॥

आसो वदी अमावसी, जे आवे शनिवार।
समय आवसी आकरो, केहिक खण्ड दुकाल॥

(२)

* कातिक सुदी दुतिया दिने, चढ़त चन्द्र जो लाल ।
पच्छम दिस जे बादल रकत, तो मेटत जग को काल ॥
गरभ रह्यो ता समै को, विघन न होवे कोय ।
तो बरसै जलधर दूणो, कोई दुखी ना होय ॥

कार्तिक शुक्ला द्वितीया के सायकाल को उदय होता हुआ चन्द्र लाल रग का दिखाई दे, पश्चिम दिशा के बादल लाल रग के दिखाई दें तो इस समय का वर्षा के लिये रहा हुआ गर्भ, यदि किसी प्रकार उत्पात न हो तो वर्षा काल मे बहुत वर्षा करके प्रजा को आनन्दित करेगा ।

(३)

काती सुद पाचम दिना, सोमवार जे होय ।
सौभाग पाचम नाम है, समयो आछो होय ॥

कार्तिक शुक्ला पचमी को सोमवार का आजाना इसके सौभाग्य-पंचमी नाम को सार्थक करता है । इस दिन यह योग बन जाने से इस वर्ष राजा एव प्रजा सभी सुख पावेंगे ।

(४)

†काती सुद पाचम दिना, जे आवे भौमवार ।
धन-कण राखो सग्रहो, जग मां सहु नरनार ॥

---

* काती मास गयणलो, रगत वरण ऊगेह ।
तो जाणी जे भड्डली, जल धारा वरसेह ॥

† दीवा वीती पचमी, जे आवे आदित वार ।
धन-कण राखो सग्रहो, जग ना सहु नरनार ॥
मालवड़े मरकी थशैं, दिक्खण मा उत्पात ।
पूरब विग्रै जागशैं, खलभलशै गुजरात ॥

जग भर मा मरकी थशे, दिक्खण में उत्पात।
पूरब कलहै सौराष्ट्र ने, खलभलशै गुजरात॥

कार्तिक शुक्ला पचमी को मगलवार हो तो लोगो को चाहिये कि, धन एव धान्य (अन्न) का सग्रह कर रखे। इस वर्ष प्लेग आदि सक्रामक व्याधि, दक्षिण में उत्पात, पूर्व मे कलह और सौराष्ट्र मे तथा गुजरात मे खलभलाहट मच जावेगी।

(५)

दीवा बीती पञ्चमी, मूल नखत्तर होय।
खप्पर हाथा जग भमै, भीख न घाले कोय॥

कार्तिक शुक्ला पचमी को मूल नक्षत्र आ जाय तो ससार हाथ मे खप्पर लिये घूमेगा किन्तु भीख डालने योग्य कोई नही होगा, अर्थात् इस वर्ष दुर्भिक्ष का योग है।

(६)

दीवा बीती पञ्चमी, जे शनी मूल पडन्त।
त्रिवणा तिवणा चौगणा, मूगा अन्नकरन्त॥

कार्तिक शुक्ला पचमी को शनिवार और मूल नक्षत्र हो तो, अन्न इतना महगा हो जावेगा कि दूने, तीन गुने और चौगुने दाम तक खर्चने प`गे।

(७)

दीवा बीती पञ्चमी, सोम शुक्र गुरु सूर।
'डक्क' कहै हे 'भड्डली', निपजै सातू तूर॥

कार्तिक शुक्ला पचमी को सोमवार, गुरुवार एव शुक्रवार मे से कोई–सा भी वार आ जाय तो डक्क, भड्डली से कहते हैं कि इस वर्ष बहुत वर्षा होगी और समस्त अन्न उत्पन्न होगे।

(८)

†दीवा बीती पचमी, गुणता एह बार।
वर बिरखा के जोतसी, एता अक्षर सार॥
दस सूरज बीस सोमज, मगल अष्टम जाण।
बुध बारै, गुरू अठारै, सुक्कुर सोलै परमाण॥
देव जोग जे शनि पडै, तो निश्चै दुरभिख जाण॥

कातिक शुक्ला पचमी को रविवार हो तो आगे वर्षा काल मे सम्वत (पसल-कृषि उत्पादन) दश विश्वा, सोमवार हो तो बीस विश्वा, मगलवार हो तो आठ विश्वा, बुधवार हो तो बारह विश्वा, गुरुवार हो तो अठारह विश्वा और शुक्रवार हो तो सोलह विश्वा होगा। दुर्भाग्यवश इस दिन शनिवार हो तो दुर्भिक्ष होगा।

---

† कातिक सुदीजु पञ्चमी रवि जे वारिया।
होई समो विश्वे दस देख विचारिया॥
दस पसे ी अन्न बिकै तो जाणिये।
पूछी 'भडली बात डक' इमि भाणिये॥
शशिजु वार हुई गार तो विश्वे बीस है।
बीस पसेरी अन्न बिकातो दीस है॥
मङ्गलवारी होई तो विश्वे आठ है।
अठ पसेरी अन्न बिकै नही घाट है॥
विश्वे बाराज ना बुध जे वार है।
तितिन पसेरी अन्न बिकतु विचार है॥
होइ बृहस्पतिवार जु विश्वे अठदसा।
तितनी ही है अन्न पसेरी सब दिसा॥

(शेष अगले पृष्ठ के अधो भाग मे)

(६)

‡ कातिक सुद एकादशी, बादल बिजली होय।
तो असाढ मे 'भड्डली', विरखा चोखी होय ॥

भड्डली को सम्बोधन करते हुए कवि कहते हैं कि, कातिक शुक्ला एकादशी के दिन आकाश मे बादल, बिजली हो तो आगामी आषाढ़ में अच्छी वर्षा होगी।

---

‡ इस सम्बन्ध में निम्न उक्तियाँ भी मिली हैं—

१—काती सुदी एकादसी, बादल बीजली होय।
आसाडे 'भडली' केव्है, बिरखा साचै जोय ॥
२—काती सुद एकादसी, बिरखा बादल होय।
चारमास बिरखा घणी, सर्स करो ना कोय ॥
३—कातिक सुद एकादसी, बादल बीजल होय।
तो असाड मे चतुर नर, बिरखा होसी जोय ॥
४—काती सुद एकादसी, बादल बीजल होय।
आसाडे 'भडली' कह्यू, बिरखा आछी होय ॥

पिछले पृष्ठ के अधो भाग का शेषांश —

भृगु विश्वे है सात पसेरी सात है।
जे होवैं शनिवार तो काल विख्यात है ॥
होवै हा-हाकार! चौपद बहु मरै।
सूखै खेती पञ्चमी शनिज अनुसरै ॥

रवि मगल हुइ चार मण, सोम पञ्च बुध तीन।
जीव शुक्र दिन दोह मण, शनि दुर्भिक्ष सुकीन ॥
तोल कह्यो ए तीस को, सेरी मण अनाज।
पिछला चालीस सेर को, मण पञ्चाव पिछांण ॥

(१०)

कातिक सुद बारस दिने, बादल छाया होय।
तो असाढ़ मे बरससी, उपजै अनुभव कोय ॥

कार्तिक शुक्ला द्वादशी को आकाश में बादल छाये रहे तो आगामी आषाढ में वर्षा होगी।

(११)

सुद बारस काती मास की, रात निरमली होय।
गरभतणो ऋतु बीजबल, बन्द हुयोड़ो जोय ॥
भूले चूके बादला, पच रगा जे आवै।
ऋतु खुलो है जाणजो, जे गाज बीज बरसावै ॥

कार्तिक शुक्ला द्वादशी की रात्रि निर्मल प्रतीत हो तो मेघ धारण करने वाली विद्युत-शक्ति का ऋतु-धर्म बन्द है, समझें। कदाचित इस दिन आकाश मे भिन्न-भिन्न पाँच रगो के बादल, बिजली की चमक, गर्जन एव वर्षा हो तो समझलें कि वर्षाकाल की वर्षा के लिये, ऋतु-धर्म खुला हुआ है।

(१२)

काती मास उजालिये, पांचम सातम जोय।
नवमी ने एकादसी, जे घन बादल होय ॥
इहा दिवसाह घन जे, घण चिहुं न होय।
तो जाणीजै 'भड्डली', विरलो जीवै कोय ॥

आगामी वर्ष की वर्षा का भविष्य देखने के लिये, कार्तिक मास की शुक्ला पन्चमी, सप्तमी, नवमी, एकादशी इन तिथियो को देखें। यदि इन दिनो में आकाश मे बादल, बिजली हो तो वर्षा काल मे बहुत वर्षा होगी, जिसके कारण प्रजा आनन्द मनावेगी। किन्तु, इन दिनों में बादल (जल) चिरमी जितना भी न हो तो यह वर्ष इतना बुरा होगा कि, पृथ्वी पर विरला व्यक्ति ही जीवित रहेगा।

(१३)

पाचम सातम नवमो, तथा ग्यारस बारस होय ।
काती सुद मे बरसिया, जेठ बदी लो जोय ।।

कार्तिक शुक्ला पञ्चमी, सप्तमी, नवमी, एकादशी एव द्वादशी इन दिनो मे वर्षा हो तो आगामी ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष मे वर्षा होगी ।

(१४)

काती रो मेह, कटक बराबर है ।

कार्तिक मास की वर्षा कृषि के लिये उतनी ही हानिकारक है, जितनी युद्ध के लिये सेना ।

(१५)

भूल्या फिरै गँवार, कातिक भालै मेवडा ।

वे लोग, जो कार्तिक मास मे मेह की ओर देखते हैं, भूल मे हैं । एस व्यक्ति गँवार कहे जाते हैं । कारण, इन दिनो मे वर्षा होना असम्भव है ।

(१६)

काती महिना मायने, जे दिन दरसै मेह ।
उत्ता दिन असाड मा, बिरखा अवश करेह ।।

कार्तिक मास मे जितने दिन आकाश में बादल दिखाई दें, तो इस लक्षण से यह निश्चिन समझले कि उतने ही दिन आषाढ मास मे वर्षा होगी ।

(१७)

दीपमालका नीकै जोय । निश्चै रात निवाई होय ।
काती पूनम निरमल् चन्द । धान खरीदे वो मतिमन्द ।।

दीपमालिका के दिन वायु आदि का उपद्रव न हो और इस दिन जलाये गये दीपक भली प्रकार से जलें, रात्रि मे गरमी प्रतीत हो एव

कार्तिक-पूर्णिमा की रात्रि मे चन्द्रमा निर्मल दिखाई दे तो इन लक्षणों के होते हुए भी जो अन्न खरीद कर रखेगा वह मतिमन्द ही माना जावेगा ।

(१८)

काती सुद पूनम दिना, रिच्छ होय सो जोय ।
समयो कैमो होवसी, ध्यान करौ सब कोय ॥
असनी हुया मध्यम समौ, रोहण बतावै काल ।
भरणी तो भली नही, करदे हाल बेहाल ॥
अन्न नीपजै मोकलो, जो रिछ किरतका आवै ।
शान्ती बधै राजा थकी, समयो सिरै जतावै ॥
तिथि नखत बेऊकदी, तीन वीसी जे होय ।
फल पूरो देखाडसी, जैनो जेतो होय ॥

कार्तिकी पूर्णिमा को जो नक्षत्र होगा, वर्ष का भविष्य भी उसी के अनुसार ही होगा । इस दिन अश्विनी नक्षत्र हो तो आगामी वर्षा-काल मे वर्षा एव अनाज की उत्पत्ति मध्यम होगी । भरणी हो तो कही वृष्टि, कही अनावृष्टि तथा वात-रोग पीडा आदि के कारण प्रजा इधर-उधर भटकती फिरेगी । इस दिन कृत्तिका हो तो सम्पूर्ण कृषि उत्तम (समस्त अन्नो का उत्पादन श्रेष्ठ) एव राजाओ मे शान्ति रहेगी । किन्तु इस दिन रोहिणी नक्षत्र हो तो दुर्भिक्ष होगा ।

(१९)

पूनम भरणी रिच्छ हो, कातिक महिना माय ।
काल पडेला आकरो, आधि व्याधि हो जाय ॥

कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा को भरणी नक्षत्र होने पर घोर दुर्भिक्ष एव आधि-व्याधियो से पूर्ण यह वर्ष व्यतीत होगा ।

(२०)

काती सुद पूनौ दिवस, जे किरतका रुख हुन्त ।
जे बादल बीजू खिवै, मास चार बरसन्त ॥

कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र हो, इस दिन आकाश में बादल हो और बिजली चमके तो इस लक्षण के आधार पर कवि कहते हैं कि चार महीनो तक वर्षा होगी ।

(२१)

काती सुद पूनम दिना जे किरतका रुख होई ।
तामे बादल बीजली, जे सजोगे होई ।।
चार मास तो बिरखा होसी । भली भात यू भाखै जोसी ।

कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र हो, इस दिन आकाश में बादल-बीजली आदि दिखाई दे तो इन लक्षणो के आधार पर ज्योतिषी कहता है कि, वर्षा-काल के चारो महीनो में भली प्रकार से वर्षा होगी ।

(२२)

कार्तिक पूनम किरतिका, अदकी होवै जेम ।
पलो बधै जे वरस मा, भारै विरखा तेम ।।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन कृतिका नक्षत्र जितने अधिक पल होगा, उसी के अनुसार उस वर्ष मे वर्षा होगी ।

(२३)

काती पूनम कृति, चन्द मध्यानै जोय ।
आगे पाछे दाहणै, जिण सूँ निश्चै होय ।।
आगे व्है तो अन्न नही, पासे व्है तो ईत ।
पीठ हुया बरजा सुखी, निस दिन रेवो नचीत ।।

कार्तिक पूर्णिमा की रात्रि को कृतिका तारे को देखें । यदि यह चन्द्रमा के सम्मुख है तो इस वर्ष अन्न उत्पन्न नहीं होगा । पास ही में दाहिनी ओर हो तो इस वर्ष ईति-भय रहेगा । पीछे की ओर है तो प्रजा सर्व प्रकार से सुखी रहेगी ।

(२४)

कार्तिक सुद पूनम आधी रात । बुध लखै कृतका चन्द्र साथ ॥
दिखणादे किरती दुरभिख थाय । उत्तरादे किरती सुभिक्ष कराय ॥
बेंत हाथ कुल्हाडी डण्डा । तो खेती निपजै चारूं खण्डा ॥
कृतिका आगे गाडो की धुरी । तो मूगो अनाज ने सस्तो तुरी ॥
घिलमिल समाय ससि कृत आय । कर वरा सम्वत केव्हो सुभाय ॥

कार्तिकी पूर्णिमा की मध्य रात्रि में आकाश मे चन्द्रमा और कृतिका तारे को देखे । यह तारा, चन्द्रमा से उत्तर या एक बालिश्त किम्वा एक अथवा डेढ़ हाथ अनुमान पूर्व में हो तो इस वर्ष सुभिक्ष होगा। किन्तु, दक्षिण अथवा साढ़े तीन हाथ आगे पश्चिम मे हो तो दुर्भिक्ष के कारण अनाज महँगा होगा और घोड़े आदि पशु सस्ते बिकेंगे । कदाचित् दोनो अत्यन्त समीप हो तो सम्वत (फसल) मध्यम होगा ।

(२५)

काती महिना मायने, अम्बर गरजत होय ।
मूगो धान बिकावसी, घास घणेरो होय ॥

कार्तिक मास में आकाश मे बादलो की गर्जना सुनाई दे तो, इस लक्षण से इस वर्ष अन्न महँगा होगा और घास बहुत उत्पन्न होगा ।

(२६)

कातिग डम्बर नाम जल, गैली देख न भूल ।
रूपाला गुण आयरा, ए राहीडेरा फूल ॥

कृषक अपनी पत्नी से कहता है कि, पगली ! कार्तिक में इन आडम्बरयुक्त बादलो को देखकर धोखे में मत आ, इनसे वर्षा नहीं होगी । ये तो सुन्दर रूप वाले किन्तु सुगन्ध-रहित रोहीडे के पुष्प के समान केवल शोभा के लिये हैं ।

(२७)

पक्षी द्वारा वर्षा ज्ञान

कोड्या कातिक मास मे, दरसै देख सुजान ।
घर मगरी पर देखिया, मगल बरस बखाण ॥
अन धन सुख सम्पती, माख दोय निपजन्त ।
नदियाँ नवी नवेलियाँ, जय-जयकार करन्त ॥
वा पङ्कज पर देखियाँ, नागफणी पर सोय ।
वा हाथी घोडा ऊपरे, समयो सरस यू होय ॥
फल विरछा का विरछ पर, अथवा हरी सुडाल ।
अन धन सुख सम्पती, कोड्या करत सुगाल ॥
हाड राख पर देखिया, सूखा लकड सुजाण ।
पत्थर सूखा घास पर, केश चरम कु बखाण ॥
पडे काल भयभीत सब, रोग शोक अति होय ।
रुण्ड मुण्ड युत मेदनी, विरला बचै जो कोय ॥

दीपावली को खजन-पक्षी मकान की छत, छप्पर पर बैठा हुआ दिखाई दे तो आगामी वर्ष मे वर्षा अच्छी होगी, दोनो फसले अच्छी होगी और अन्न-धन, सुख-सम्पत्ति आदि की वृद्धि होगी । कमल, सर्प के फरा, घोडे किम्वा हाथी पर बैठा हुआ दिखाई दे तो वर्ष अच्छा होगा । फल-फूल वाले वृक्ष किम्वा हरी टहनी पर बैठा हुआ दिखाई दे तो सब प्रकार के आनन्द मगल होगे । कदाचित यह पक्षी हड्डियो पर, राख के ढेर पर, सूखी लकडी किम्वा घास पर, पत्थर पर, केश पर, चमडे किम्वा बुरे स्थान पर बैठा हुआ दीखे तो इस लक्षण के फलस्वरूप अत्यन्त भयकर दुर्भिक्ष, रोग-शोक होगे और बहुत से मनुष्यो की मृत्यु होगी ।

(२८)

डोबी तो पाडो जिर्णं, भउ रे जन्मे धीय ।
तीनू खोटा जाणजौ, जे काती बरसै मीय ।।

भैंस के पाडा (नर पुत्र) जन्म ले, बहू के लडकी उत्पन्न हो और कार्तिक महीने मे वर्षा हो तो ये तीनो अशुभ माने गये हैं ।

(२९)

मेह करे जे कादवी, दीवारी दसराव ।
धान भले होवन हरी, होगे होगे भाव ।।

दशहरे या दीवाली के दिन वर्षा इतनी हो कि पृथ्वी पर कीचड हो जाय तो इस लक्षण से यह सूचित होता है कि इस वर्ष विभिन्न अन्न सस्ते भाव मे प्राप्त होगे ।

(३०)

कातिक सुद एकादसी, मगसर बद आटेम ।
दसम अदारी पौहनी, मा सुकला हातेम ।।
मा वद नी हातेम ने, पासम सावण मास ।
एणी तेथे बीजरी, थाय गाज अगास ।।
(तो) आहड सावण भादवो, आहो माँ निरधार ।
गाजी गरुडी मेउलो, बरसै मइना स्यार ।।

कार्तिक शुक्ला एकादशी, मार्गशीर्ष कृष्णा अष्टमी, पौष कृष्णा दशमी, माघ कृष्णा एव शुक्ला सप्तमी तथा श्रावण कृष्णा पचमी इन तिथियो मे आकाश मे बिजली हो, मेघ गर्जना हो तो इनके प्रभाव से क्रमश आषाढ, श्रावण, भाद्रपद और आश्विन मे इन चारों महीनो मे बहुत जोर से गर्जना करता हुआ मेह बरसता है ।

कार्तिक–मास कृष्णपक्ष

(१)

काली पडवा कातकी, जे बुधवारी आय।
कठेक बिरखा होवसी, बाकी काल बताय।।

कार्तिक कृष्णा प्रतिपदा को बुधवार आ जाय तो इस वर्ष किसी-किसी ही स्थान पर वर्षा होगी, शेष अकाल पडेगा।

(२)

दूज तीज काती बदी, जे बिरखा हो जाय।
तो आगे बिरखा बौत है, ऐसौ जोग बताय।।

कार्तिक कृष्णा द्वितीया या तृतिया को वर्षा का रग हो जाय तो आगामी वर्ष, अधिक वर्षा होगी।

(३)

कातिक बद पाँचम दिना, रिच्छ आदरा जे होय।
अलपवृष्टि व्हैला सही, तृण सग्रहो जोय।।

कार्तिक कृष्णा पचमी को आर्द्रा नक्षत्र हो तो वर्षा कम होगी यह निश्चित है अत आगामी वर्ष के लिये घास सग्रह कर रखे। अन्यथा घास बिना पशुओ को कष्ट होगा।

(४)

+ काती बद बारस बादल री छाया।
(तो) आसाडे धुर बरसै लो भाया।।

कार्तिक कृष्णा द्वादशी को आकाश मे बादलो के कारण छाया रहे तो आगामी आषाढ (कृष्ण-पक्ष) मास मे वर्षा अवश्य होगी।

+ कार्तिक बारस मेघा दरसै। तो मेघा आसाडे बरसै।।

(५)

कातिक मावस जे मेघा दरसै । सो मेघा आसाड ही बरसै ॥

कार्तिक की अमावाश्या को आकाश में बादल दिखाई दे तो आगामी आषाढ मे वर्षा अवश्य होगी ।

(६)

+ कातिक मावस देखै जोसी,
रवि, शनि, सोमवार जो होसी ।
स्वात नक्षत्रो आयुष योगे,
काल पडे अरु नासै लोगे ॥

कार्तिक मास की अमावाश्या को स्वाति नक्षत्र हो, आयुष्य योग हो और रवि, शनि किम्वा मङ्गलवार मे से कोई-सा वार हो तो इस वर्ष अकाल होगा तथा युद्ध आदि भय के कारण प्रजा इधर-उधर भागती फिरेगी ।

(७)

स्वाती दीवा ना बलै, विसाखा न खेले गाय ।
कै तो धरणीपति मरै, कै समयो निरफल जाय ॥

+१ मावस काती मास की, शनि मगल जे आवै ।
अन्नज मू घो होवसी, अग्नि घोर लगावै ॥

२ रविवार ने आ जाय तो, लडे राजवी लोग ।
परजा दुखी हर भात सू, भोगे दुख का भोग ॥

३ जुओ जोसी कातिक मास । रवि शनि भोमे जे हो मास ।
स्वात योग आयुष तो पास । काल करावै नासानास ॥

यदि दीपावली स्वाति नक्षत्र मे न हो, गौ क्रीडा के समय विशाखा नक्षत्र नही हो तो किसी राजा की मृत्यु होगी अथवा इस वर्ष उत्पादन के लिये किया गया श्रम व्यर्थ ही जावेगा ।

(८)

* स्वाती दीवा जे बलै, विसाखा खेले गाय ।
भडली तो साचूं भणै, वरस सवायो थाय ।।

दीपावली के दिन स्वाति नक्षत्र हो और कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा को विशाखा नक्षत्र मे चन्द्रोदय हो तो भडली सत्य ही कहता है कि, इस वर्ष अन्नोत्पादन सवाया होगा ।

(९)

रवि शनि मगलवार मह, स्वात आयुष ह्वै जोग ।
दीपमालका होय तो, बधै बोत नर रोग ।।
छत्र भग परबत गिरै, जड पद महगो होय ।
गरभ पडत तिय कटक को, जुद्ध उपद्रव जोय ।।

---

* इसके समर्थन मे —

स्वाती दीवा जो बलै, विसाखा खेले गाय ।
पृथवी मे सुख ऊपजै, अन्न तृण बोहला थाय ।।

इसके विपरीत —

१ स्वाती दीपक जो बरै, खेल विसाखा गाय ।
वरण गयन्दा रण चडे, उपजी साख नसाय ।।

२ स्वाते दीपक प्रज्जलै, विसाखा पूजे गाय ।
लाख गयन्दा धड पडे या साल निरफल जाय ।।

दीपमालिका के दिन स्वाति नक्षत्र, आयुष्य योग और रवि, शनि मङ्गलवार मे से कोई-सा वार आ जाय तो भविष्य मे मनुष्यो में रोग फैलेंगे, राजा का नाश होगा, पहाड कट कर गिर पडेंगे, मनुष्य के उपयोग मे आने वाले पदार्थ महगे हों, युद्ध आदि उपद्रवो के भय से व्याकुल महिला-वर्ग के गर्भ गिर जावेंगे।

(१०)

‡ सोम सुक्कर आवे दिवाली। जीवै रक मरै भण्डसाली ॥
शनि मगल आवै दीवाली। मरै रक जीवै भण्डसाली ॥
बुध वा गुरु आवै दीवाली। जीतै रक हारै भण्डसाली ॥
रविवारी जे आवै दीवाली। हारै रक जीतै भण्डसाली ॥

दीपमालिका के दिन सोम, बुध, गुरु या शुक्रवार हो तो अनाज सस्ता होगा और रवि, शनि एव मगल होने से अन्न मंहगा एव प्रजा को कष्ट होगा।

(११)

दीपमालिका के वार पर वर्षा ज्ञान

(वर्षा काल में वर्षा-दिन परिमाण)

दिन पचास रविवार रा, सौ दिन सोम सुजान।
दो बीसी दिन मगल तणा, बुध साठ परमाण ॥
गुरु अस्सी भृगु दस बधै, शनि बीस ही होय।
होसी विरखा इत्ता दिना, चौमासे लो जोय ॥

---

‡ इसके विपरीत —

मगलवार की आवै दीवारी।
हँसे करसो रोवे बेपारी ॥

दिवाली के दिन रविवार होने से पचास दिन, सोमवार होने से सौ दिन, मगलवार होने से चालीस दिन, बुधवार होने से साठ दिन, गुरु-वार होने से अस्सी, शुक्र होने से नब्बे दिन और शनिवार होने से आगामी वर्षाकाल मे केवल बीस दिन ही वर्षा होगी ।

(१२)

वायु एवं दिशाओं द्वारा वर्षा ज्ञान

दीपमालका पवन विचार । अमावस चवदस तत्सार ।
सन्धि मिले तब दीपक जोय । दीप बुझै तह दुरभिख होय ॥

पूरब केरा वायरा, दीवाली आथण ते होय ।
समयो कहीजै करवरौ, ऊन्हाली सरसी जोय ॥

अग्निकोण का वायरा, आथण वाजै वाय ।
साखा पोची नीपजै, भिड जावै गढ राय ॥

दक्खिण दिस वाज्या बुरौ, समौ विकारी जाण ।
खड अन्न मूंघा करै, मिनखा लावै माण ॥

नैरित पवन भल वाजिया, समयो भलो सुकाल ।
घीणा धान होवै घणा, लडै मरै भूपाल ॥

पिच्छम वाजै वायरो, असाडे वरसै मेह ।
भादरवौ कोरो कह्यो, अन पहले सगरेह ॥

वायु कोण को वायरो, जे वाजै सब ही देश ।
साखा पोटे सूखवै, नर नारी कुशले वेश ॥

उत्तर पवन भल वाजिया, इन्द्र पधारै आप ।
घर घर मगलचार ह्वै, पण रोग घणेरो ताप ॥

ईशाण पवन घर ऊपरै, मेह बरसै झड लाय।
मूंग जवार अर बोत गहू, कोठे धान भराय॥

दीवाली के दिन जोर का वायु चलने से जलाये हुए दीपक यदि बुझ जाय तो उस देश मे दुर्भिक्ष होगा। इस दिन सायकाल के समय पूर्व का वायु हो तो खरीफ की साख (फसल) कही श्रेष्ठ और कही नेष्ठ होगी किन्तु रबी की फसल अच्छी होगी। यह वायु, अग्नि कोण का हो तो राजाओ मे युद्ध एव खेती कम होगी। दक्षिण का वायु हो तो दुर्भिक्ष, घास एव अन्न महगा होगा तथा व्याधि फैलेगी। नैऋत्य कोण का हो तो सुभिक्ष, घृतादि पदार्थ, धान्य, घास की उत्पत्ति अधिक होगी, किन्तु इस वर्ष राजा लोग आपस मे लडेगे। पश्चिम का वायु हो तो आषाढ मे वर्षा होगी, किन्तु भाद्रपद मे मेह नहीं बरसेगा, जिसके कारण अन्न महगा हो जावेगा। वायव्य कोण का वायु हो तो अनाज के सिट्टे निकलने पर फसल सूख जावेगी, किन्तु मनुष्यो मे आरोग्यता रहेगी। उत्तर की वायु हो तो वर्षा अधिक होगी साथ ही विवाहादि मागलिक-कार्य भी इस वर्ष अधिक होगे, किंतु ज्वरादि उपद्रव भी रहेगे। ईशान कोण का वायु हो तो वर्षा की झडियें लगेगी जिसके परिणामस्वरूप दोनो साखे (खरीफ और रबी की फसल) अच्छी होगी।

(१३)

कार्तिक चौदस मावस्या, चौदस पूनम सग।
जिण वेला चालै पवन, काल पडे दुख द्वद॥

कार्तिक कृष्णा और शुक्ला चतुर्दिशाये, अमावास्या एव पूर्णिमा इन चार दिनो मे से किसी भी दिन वायु तेज चले तो इस लक्षण से अकाल पडने की सूचना मिलती है।

इनमे से एक-दो-तीन या चारो दिन ही ऐसा हो तो इसके प्रभावानुसार वैसा ही अकाल पडेगा।

(१४)

दीवाली रा दीया दीठा। काचर बोर मतीरा मीठा ।।

काचर-ककडी, बेर एव मतीरे (तरबूज के समान एक फल) दिवाली तक पक कर मीठे हो जाते हैं।

(१५)

चित्रा दीपक चेनवै, स्वाती गोवरधन्न।
डङ्क कहै हे भड्डली, अथक नीपजै अन्न ।।

दीपावली को चित्रा नक्षत्र हो और दूसरे दिन (गोवर्द्धन पूजा के दिन) स्वाति नक्षत्र हो तो डक्क, भड्डली से कहता है कि, इस वर्ष अन्न बहुत उत्पन्न होगा।

(१६)

जे चित्रा मे खेले गाय। (तो) निश्चै खाली साख न जाय ।।

कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा गोवर्द्धन पूजा, अन्नकूट गौ-क्रीडा के दिन चित्रा नक्षत्र मे चन्द्रमा हो तो, कृषि द्वारा उपज अच्छी होगी।

(१७)

दीपमालिका दिया बुझावै। होली झल उत्तर दिश जावै ।।
साडी पूनम दिक्खण वाव। (तो,अन्न बिकैलो आने पाव।।

दिवाली के दिन दीपक वायु के कारण बुझ जावे, होली जलते समय उसकी ज्वाला उत्तर दिशा की ओर हो और आषाढी पूर्णिमा को दक्षिण दिशा का वायु हो तो इन सभी लक्षणो से उस वर्ष फसल अच्छी होने के कारण यह अन्न सस्ता बिकने को सूचित करता है।

मार्गशीर्ष—मास शुक्लपक्ष

(१)

मिगसर सुद दसमो लखो, रजनी उत्तर वाय।
मेघ गरभ धारण करण, बीज ऋतु असनान कराय।।

मार्गशीर्ष शुक्ला अष्टमी की दशमी की रात्रि मे उत्तर दिशा का वायु चलता हो तो आगामी वर्ष, वर्षा काल के लिये मेघ रूपी गर्भ धारण करने वाली स्त्री का बिजली ऋतु-स्नान करा रही है अर्थात् वर्षा उत्तम होगी।

(२)

* मगसर सुद दस्सम तिथि, बारस काती रात।
पौणी पाचम फेर सुण, माघी तिथ ले सात।।
आभो बादल जो दिखावै। (तो)चार तास विरखा लाव।।

मार्गशीप शुक्ला दशमी, कातिक शुक्ला द्वादशी, पौष शुक्ला पञ्चमी और माघ शुक्ला सप्तमी को आकाश मे बादल हो तो आगामी वर्षा काल मे चारो मास वर्षा होगी।

(३)

‡ मिगसर सुद एकादशी रवीवार ने आवै।
कपास सूत वैसाख मे, मूगो होय बतावै।।
भूले चूके इण दिना, शनीवार जे आय।
परजा नाश विरखा नही ऐसो जोग बताय।।

मार्ग शीर्ष शुक्ला एकादशी को रविवार हो तो कपास,सूत वैशाख मास मे महगे होगे। कदाचित इस दिन शनिवार आ जाय तो वर्षा का अभाव रहने के कारण प्रजा का नाश होगा।

---

* एक स्थान पर मार्गशीर्ष शुक्ला एकादशी मिला है।
‡ वृष्टि-प्रबोध नामक ग्रन्थ मे मार्गशीर्ष शुक्ला एकादशी के स्थान पर शुक्ल पक्ष किंवा कृष्ण पक्ष इस प्रकार का उल्लेख है।

(४)

❀ अगहन द्वादसी मेघ असार। तो असाड बरसै अछनाधार।।

मार्गशीर्ष शुक्ला द्वादशी को आकाश मे बादल छाये हुए हो तो आगामी आषाढ मास मे वर्षा बहुत होगी।

(५)

‡ मिगमर मास बीजल खिवै, आयो जलधर मुद्ध।
होवे गरभ जे मेघ तो, देख जमानौ सुद्ध।।

मार्गशीर्ष मास मे आकाश मे बादल हो, बिजली चमके तो इस लक्षण मे यह समझ लें कि आगामी वर्षा काल का गर्भ रह गया है। अत भावी वर्ष उत्तम रहेगा।

(६)

† मिगसर महिना मायने, तपै न जेठा मूल।
बोले भडुली एम जो, निपजै अन्न अतूल।।

❀ एक स्थान पर कम वर्षा होना ऐसा उल्लेख मिला है—
मार्ग वदी आसाडै दिन दरसै। सो मेघा भर सावण बरसै।।

‡ मगसर जो बिजली खिवै, आयो जलह शुद्ध।
हुयो गरभ मत चिन्त कर, म्हें भाख्यो छे शुद्ध।।

† जेठा मारग सीस मा, बली तपै जो मूल।
बोले भडली एम जे, निपजै अन्न अतूल।।

इसके विपरीत —

माह महीना मांह, ज्येष्ठा तपै न मूल।
भद्रबाहु गुरु यूं कहै निपजै अन्न अमूल।।

मार्गशीर्ष मास में ज्येष्ठा एव मूल नक्षत्र नही तपै तो भड्डली कहते है कि आगामी वर्ष अन्न बहुत होगा ।

(७)

मिगसिर की सक्रान्ति ने, जे विरखा हो जाय ।
थान घणेरो नीपजै, सस्ता मोल बिकाय ।।

मार्गशीर्ष मास की सक्रान्ति के दिन वर्षा हो जाय तो इस लक्षण से आगामी वर्ष, अन्न का उत्पादन अधिक होने से वह सस्ता बिकेगा ।

(८)

सुदी पक्ष की तिथि घटै, मिगसर महीना माय ।
राज ध्वश अरु रुज बधै, भूख मरी फैलाय ।।

मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की किसी तिथि का घट जाना राज्य-विध्वश, रोगोत्पादक एव उदर-पूर्ति के साधनो मे कठिनाई का द्योतक है।

(९)

❀ मिगसर वद के सुद मही, आधे पोह उरै ।
धु वरन भीजै धूर तो, समयो होय सिरै ।।

मार्गशीर्ष मास के कृष्ण किंवा शुक्ल पक्ष अथवा पौष के प्रथम पक्ष मे प्रात काल के समय कुहरा हो तो कृषि उत्तम होगी ।

❀ इस सम्बन्ध में .—

यहां एक स्थान पर धु वरन शब्द मिला है और इसके विपरीत—

मिगसर वद वा सुद मही, आधे पोह उरै ।
धु वर न भीजैं धूल तो करसण काहे करै ।।

मार्गशीर्ष के प्रथम या द्वितीय पक्ष अथवा पौष के प्रथम पक्ष में मिट्टी ओस से गीली न हो तो कृषि करना व्यर्थ है ।

(१०)

जातो मगसर जे मेह बरसावै । धन-धन वो मुल्क केह्लावै ॥
पूस बरसिया दूणो होय । माघ सवायो लीजो जोय ॥
फागण बरसियो नहि मन भावै । घर मे पडियो धान गुमावै॥

मार्गशीर्ष माम के समाप्त होते होते यदि वर्षा हो जाय तो वह सर्वोत्तम मानी गई है। पौष मे हुई वर्षा से उत्पादन दूना होता है। माघ की वर्षा उत्पादन को सवाया कर देती है और फाल्गुन की वर्षा तो कृषि का सर्वथा नाश ही कर देती है जिसके परिणामस्वरूप जो कुछ अन्न घर मे रखा है उसे भी खा-पी कर खतम कर देना पडता है।

मार्गशीर्ष मास—कृष्ण पक्ष

(१)

पडवा मिगसर मास नी, कृष्ण पक्ष मे आय ।
गाज वीज विरखा नही, गरभ रह्यो छै भाय ॥

मार्गशीर्ष कृष्णा प्रतिपदा को आकाश मे बादल, गजना, बिजली चमकना, वर्षा होना आदि हो तो इन लक्षणो से भावी वर्ष के लिये वर्षा का गर्भ स्थिर है। अर्थात् आगामी वर्षाकाल मे अच्छी वर्षा होगी।

(२)

चौथ पचमी कृष्ण को, मिगसर महिना माय ।
जे वादल हो जाय तो, जल थल एक कराय ॥

मार्ग शीर्ष कृष्ण चतुर्थी किम्वा पचमी को आकाश मे बादल हो तो आगामी वर्षाकाल मे बहुत वर्षा होगी।

(३)

मिगसर वद पाचम दिना, घटा होय चहुँ ओर।
बरसत बिरखा काल मे, चार मास जल जोर ॥

मार्गशीर्ष कृष्णा पचमी को आकाश मे चारो ओर बादलो की घटाएँ छाई हुई हो तो आगामी वर्षाकाल के चारो महीनो मे बहुत जल बरसेगा।

(४)

* मिगसर पाचम मेघाडम्बर। तो वरसे सगलो सम्वत्सर ॥

मार्गशीर्ष कृष्णा पंचमी को आकाश मे घटाटोप बादलों का छा जाना आगामी वर्ष वर्षा अच्छी होने की शुभ सूचना है।

(५)

‡ मगसर वद आठम घटा, बीज समेती जोय।
तो सावरण बरसै भलो, साख सवाई होय ॥

मार्गशीर्ष कृष्णा अष्टमी को आकाश मे बिजली सहित बादलो की घटाएँ दिखाई दे तो आगामी श्रावण मास मे इतनी वर्षा होगी कि, वर्षा द्वारा उत्पादित अन्न सवाया उत्पन्न होगा।

(६)

चौथ अन्धेरी असलेखा होय। पाचम लेवो मघा ने जोय ॥
पूर्वाफाल्गुणी जे छठ ने आवै। मिगसर महिना माय बतावै ॥
तो असाड मे विरखा होसी। पतडो अब क्यू देखे जोशी ॥

---

* अगहन पचमी मेघ घटा। भरि सावन कौन मेटा ॥

‡ एक स्थान पर मार्गशीर्ष कृष्णा के स्थान पर इसकी हिन्दी टीका करते हुए शुक्ल पक्ष का उल्लेख किया हुआ भी मिला है।

पाठान्तर—मगसर तणी जे अस्टमी, बीज बादला होय।
सावण बरसै भडुली, साख सवाई ओय ॥

मार्गशीर्ष कृष्णा चतुर्थी को अश्लेषा नक्षत्र हो या पचमी को मघा नक्षत्र हो किम्वा षष्टि को पूर्वा फाल्गुणी नक्षत्र हो तो इन तीनो मे से किसी भी दिन मे यह योग मिल जाय तो बिना पचाग देखे ही कहा जा सकता है कि आगामी आषाढ मे वर्षा होगी ।

(७)

मिगसर वद आठम दिना, स्वाती चित्रा जे होय ।
इणदिन बादल ह्वै रेह्वै, तो समयो लीजो जोय ।।
असाड महीना मायने, जद स्वाती चित्रा आवै ।
उण दिना विरखा होवसी, परजा आनन्द मनावै।।

मार्गशीर्ष कृष्णा अष्टमी को स्वाति किम्वा चित्रा इन नक्षत्रो मे मे कोई-सा नक्षत्र हो और इस दिन आकाश मे बादल हो जाय तो आगामी आषाढ मास मे जिस दिन यह नक्षत्र होगे उस दिन वर्षा होगी ।

(८)

*मिगसर वद आठम जे घन दरसे, सो मेघा भर सावण बरसै।।

मार्गशीर्ष कृष्णा अष्टमी को आकाश मे ब दल, बिजली आदि दिखाई दे तो आगामी श्रावण मे वर्षा होगी ।

(९)

मगसर मावस क्रूर हो वार । अलप मेह अर देश विडार ।
महि मे होवै तनिक अनाज । करसण को बिगडे सहु काज ।।

मार्गशीर्ष की अमावास्या को कोई क्रूर वार आ जाय तो आगामी वर्षा काल मे वर्षा कम होने के कारण अन्न का उत्पादन कम होगा, कृषि करने के कार्यों मे बाधा आवेगी, क्योकि इस वर्ष देश मे कोई विघ्न होगा ।

---

* मार्ग बदी आठें घन दरसै । तो मग्घा भरि सावण बरसै ।।

(१०)

कृष्ण पक्ष की तिथि बढ़ै, मिगसर महिना माय ।
तो जुद्ध निमन्त्रण होवसी, परजा दुखी हो जाय ।।

मार्गशीर्ष के कृष्ण पक्ष की तिथि बढने से भविष्य मे युद्धादि के कारण प्रजा को कष्ट होगा ।

पौष मास–शुक्ल पक्ष

(१)

पोस सुदी चौथ दिन, रात दिना लो जोय ।
आठ पोर का ध्यान सू , समयो कैसो होय ।।

आभै बादल बीजली, गाज छाट जे होय ।
मत्स्य धनुष कु डल हुया, रह्यो गरभ लो जोय ।।

छ महीना पनरे दिना, चौथ सावरण जो आत ।
विरखा आछी होवसी, भर चौमासे बरसात ।।

पौष शुक्ला चतुर्थी को दिन-रात पहरा लगाकर आकाश को भली भाँति से देखे । इस दिन, आकाश मे दिन या रात्रि मे किसी भी समय इन्द्र-धनुष, मत्स्य, कुण्डल, बादल, बिजली, गर्जना एव बू दाबादी दिखाई दे तो ये गर्भ धारण के लक्षण है । केवल इस एक ही दिन ध्यान पूर्वक देखने से आगामी वर्ष की वर्षा का पता लग जाता है । यदि इस दिन वर्षा के लिये गर्भ धारण हो जाय तो आगामी श्रावण कृष्णा चतुर्थी जो इस दिन से ठीक साढे छ महीने बाद आती है, उस दिन वर्षा होगी । इतना ही नही, सम्पूर्ण वर्षा काल के चारो महीनो मे वर्षा होगी ।

(२)

पोस मास की पचमी, पख उजाले होय।
वायु बादल बीजली, रिछ शतभिखा के होय ।।
गरभ रह्यौ विरखा तणौ, वायू सास्त्र जतावै।
कृष्णा असाडो चौथ सू, सात रात बरसावै ।।

पौष शुक्ला पञ्चमी को शतभिषा नक्षत्र हो और इस दिन वायु, बादल एव बिजली की चमक दिखाई दे तो इस लक्षण से वर्षा का गर्भ रहना है। इसके परिणाम स्वरूप आगामी आषाढ़ कृष्णा चतुर्थी से वर्षा प्रारम्भ होकर सात दिन-रात तक जम जाती है।

(३)

पौस ऊजली पचमी, शीतल् वायु होय।
घण गरजै बिजली खिवै, उदै गरभ लो जोय ।।

पौष शुक्ला पचमी के दिन शीतल वायु बहै, आकाश मे बादलो की गजना हो, बिजली चमके तो इन लक्षणो से निश्चय ही गर्भ का उदय हो गया है, ऐसा समझ ले।

(४)

पोस मास की पचमी, होय उजाले पाख।
बर्फीलो वायु चल्या, आछो नेपे साख ।।

पौष शुक्ला पचमी को बर्फ से युक्त (शीतल) वायु हो तो आगामी वर्ष के हित मे गर्भ पीडा करता है। अर्थात् वर्षा अच्छी हगी और इसके परिणामस्वरूप फसल अच्छी होगी।

(५)

पोस उजाले पाख की, पांचम लीजो जोय।
बादल ह्वै अर हिम पडे, भलो चौमासो होय।।

पौष शुक्ला पंचमी के दिन आकाश में बादल हो, बर्फ गिरे तो आगामी वर्षा-काल में अच्छी वर्षा होगी।

(६)

छठ उजाली पौस की, जे बिरखा हो जाय।
(तो) सावण महिना मायने, अवसै विरखा थाय॥

पौष शुक्ला षष्ठी के दिन वर्षा हो जाय तो आगामी श्रावण में अवश्य वर्षा होगी।

(७)

पौस सुदी छठ ग्यारस, जल रस जाणिय,
घडी सम्पूरण होय तो यू पेहचाणिये।
मावस घडी सु थोडी जाणो पण्डिता,
मास असाडहि बरसै जलजु अखण्डिता॥

पौष शुक्ला षष्ठी, एकादशी, सम्पूर्ण घडी हो और अमावास्या थोडी घडी हो तो आषाढ मे अखण्डित वर्षा होगी।

(८)

पौस सुदी सातम दिना, जे विरखा आ जाय।
(तो) सुद सावण की सातमे, विरखा अवस कराय॥

पौष शुक्ला सप्तमी के दिन यदि वर्षा हो तो श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन अवश्य वर्षा होगी।

(९)

पौस सुदी सातमे, रिच्छ रेवती होय।
आठम होवै अस्वनी, नवमी भरणी जोय॥
तीनू दिन के एक दिन, मेघ बीज चमकावै।
महिना च्यारू बरससी, कन्ता क्यू घबरावै॥

पौष शुक्ला सप्तमी को रेवती, अष्टमी को अश्विनी एव नवमी को भरणी नक्षत्र हो तो ज्योतिष-शास्त्र मे पारगत महिला अपने कृषक पति से कहती है कि, इनमें से किसी एक दिन या तीनों दिनों मे बादल बरसना, बिजली चमकना आदि लक्षण हो तो आगामी चातुर्मास मे वर्षा होने की सूचना मिलती है, अत आप क्यो घबराते हो।

(१०)

पौस सुदी सातम आठम । अथवा देखो आगे नव्वम ।।
गाज बीज बादल होवै । उपजै अन्न घणो सुख जोवै ।।

पौष शुक्ला सप्तमी, अष्टमी एव नवमी इन दिनों मे आकाश में बादल हो, बिजली गर्जना करे तो यह निश्चित है कि आगामी वर्ष यथा समय वर्षा हो जाने से प्रजा के सारे कार्य भली प्रकार से सम्पन्न होगे।

(११)

†पौस ऊजली सत्तमी, आठ्यू नौमी गाज।
निस्चै बिरखा होवसी, सारा सरसी काज ।।

पौष शुक्ला सप्तमी, अष्टमी एव नवमी इन दिनो मे आकाश मे बादल हो, बिजली गरजना करे तो इन लक्षणो से यह निश्चित है कि आगामी वर्ष यथा समय वर्षा हो जाने से प्रजा के सारे कार्य भली प्रकार से सम्पन्न हो जायेगे।

(१२)

नवमी अर एकादशी, पौस सुदी के माय।
बादल गरजै उगूण मे, तो घास नष्ट होजाय ।।

---

† पूस उजेली सप्तमी, अष्टमी नौमी गाज।
मेघ होय तो जाण लो, अब सुभ होसी काज ।।

पौष शुक्ला नवमी और एकादशी के दिन बादलों का गर्जना पूर्व दिशा में हो तो इसके परिणाम स्वरूप तृणादि नष्ट हो जावेंगे।

(१३)

पौस सुदी एकादशी, रोहण आवै ले' र।
जे बिरखा हुय जाय तो, आगे बिरखा ढेर॥

पौष शुक्ला एकादशी के दिन रोहिणी नक्षत्र हो और इस दिन वर्षा हो जाय तो आगामी वर्षा काल मे अच्छी वर्षा होगी।

(१४)

‡सुद चवदस ह्वै पोस की, बिजली चमकै जोर।
तो असाड अन्धारा पाख मे, बादल बरसै घोर॥

पौष शुक्ला चतुर्दशी को आकाश में जोरो के साथ बिजली चमकती हुई दिखाई दे तो आगामो आषाढ मास के कृष्ण पक्ष मे बहुत वर्षा होगी।

(१५)

पूनम महिना पौस को, मेह परगट हुय जाय।
चन्दा सू दिक्खण उत्तरे, बिजली चमकै आय॥
इण दिन जे नखत्त ह्वै, वणी नखत के माय॥
विरखा रुत के मायने, निस्चै विरखा थाय॥

पौष मास की पूर्णिमा के दिन आकाश मे बादल प्रकट हो और चन्द्रमा से दक्षिण-उत्तर बिजली चमके तो इस दिन जो नक्षत्र होगा उसी नक्षत्र मे वर्षा ऋतु मे वर्षा होगी।

---

‡ लौकिक मे यहाँ श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की भी किम्वदन्ती है। —जयशङ्कर देवशङ्कर शर्मा

(१६)

पूनम महिना पोस की, शशि दस्टो नहिं आय।
बिजली दीखै खीवती, उत्तर दिक्खण मांय॥
घटाटोप आभो हुवै, ऐ लक्खन जे होय।
तो सावण मासे मावसे, मेह घणेरो होय॥

पौष मास की पूर्णिमा के दिन आकाश मे बादलो के घटाटोप के कारण चन्द्रमा दिखाई न दे, उत्तर-दक्षिण की वायु हो, बिजली चमकती हो तो आगामी श्रावण मास की अमावाश्या के दिन जोरदार वर्षा होगी।

(१७)

पूनम दुतिया पोस की, आभै बिजली जोय।
घटाटोप बादल हुया, धान घणेरो होय॥

पौष मास की पूर्णिमा और द्वितिया के दिन आकाश मे बादलों का घटाटोप छाया हो, बिजली चमकती दिखाई दे तो इन लक्षणों से यह पता लग जाता है कि, अन्न-धन की वृद्धि होगी।

(१८)

पोस मास बिजली गिरि जाई। बादल डौले पुरवाई॥
गरभजु लच्छण आछो जाण।
बरसै सावण मे घन आन॥

पौष मास मे बादल हो, बिजली कडकती हो और पूर्व दिशा का वायु हो तो ये वर्षा के गर्भ के लिए शुभ लक्षण हैं। परिणाम स्वरूप श्रावण मे अच्छी वर्षा होगी।

(१९)

पोस मास बिजली खिवै, बाजै पूरब वाय।
तो जाणी जे भड्डली, जल हर बान्ध्यो आय॥

पौष मास में पूर्व दिशा का वायु हो, आकाश में बिजली चमकती हो तो भड्डली को सम्बोधन करते हुए कवि कहते हैं कि, अब अभी से महादेवजी द्वारा बान्ध दिये जाने के कारण, वर्षा काल में यहां से आगे न जाकर यहीं आकर बरसेगा।

(२०)

पौस माघ के मायने, चाले दिखणादी बाय।
(तो) सावण महिना मांयने, आछो जोग बणाय॥

पौष और माघ महीने मे यदि दक्षिण दिशा का पवन चले तो इसके प्रभाव से श्रावण मास के दिन अच्छे रहेंगे, अर्थात् यह वर्षा एव कृषि के लिये अच्छा योग है।

(२१)

दिखणादी कुलक्खणी, (पण) पो माह मे सुलक्खणी॥

दक्षिण दिशा का वायु अन्य दिनों में तो अच्छा नहीं माना जाता किन्तु यदि यह पौष माघ के महीनो मे हो तो उत्तम माना जाता है।

(२२)

पोस महीना मायने, गाज बीज बादल हुवै।
(तो) चौमासे असाड मे, अघकी बिरखा हुवै॥

पौष महीने में बादल होना, बिजली चमकना एव गर्जना होना इन लक्षणो से आगामी आषाढ़ मास में अधिक वर्षा होगी।

(२३)

ठण्ड पडै पालो जमै, पोस माघ के माय।
रात्यू टहुकै लूकड़ी, तो सही जमानो थाय॥

पौष माघ के महीनों में इतनी सर्दी पड़े कि पानी जम जाय।

रात के समय जंगल में से लोमड़ियों की आवाज सुनाई दे तो इन लक्षणों से यह निश्चित है कि इस वर्ष फसल अच्छी होगी।

(२४)

धुर बरसाले, लू कडी, ऊंचो बिल्ल खिणन्त।
भेली होयर खेल करै, तौ जलधर अति बरसन्त॥

वर्षा काल मे वर्षा का आगमन जान कर लोमड़ियें अपना बिल ऊचाई पर ही खोदती हैं। ऐसा विदित हो जाय अथवा इनका समूह एक स्थान पर एकत्रित हो परस्पर विनोद (खेल) करे तो ये लक्षण भी अच्छी वर्षा होने को सूचित करते हैं।

(२५)

पोही पूनम देख लो, बादल बीजल गाज।
धूहर ठण्ड अर पालौ पडै, निपजै सातू नाज॥

पौष मास की पूर्णिमा को आकाश मे बादलो का होना, बिजली चमकना, गर्जन होना, धूंहर पडना, सर्दी (ठण्ड) होना और पाला पडना (बर्फ जम जाना) ये लक्षण हो तो यह भविष्य मे अच्छी वर्षा होने की सूचना है। इस वर्ष समस्त अन्न भली भाँति उत्पन्न होगे।

(२६)

पोस महीने सक्रान्ति देखो। वार कोण से आयो पेखो।
इण दिन वार रवि जे आवै। दूणा दामा धान बिकावै॥
शनिवार हो तो तिगणो मोल। मगलवार चौगणो खोल॥
वार सोम गुरु जे आवै। तो आधा दामा धान बिकावै॥

पौष मास की सक्रान्ति के दिन रविवार हो तो अन्न का मूल्य दूना, शनिवार हो तो तिगुना, मगल हो तो चौगुना और सोमवार हो तो या इस दिन गुरुवार हो तो इन दो वारो के कारण अन्न का मूल्य आधा ही रह जावेगा।

(२७)

पोस सक्रान्ति जे हो रवि वारिया,
धानहि तिगणो लाभ मास षट कारिया।
शनिवार ते लाभ चौगणो धान ते,
छटे मास मह जान कहूं मैं मान ते ॥

पौस मास की सक्रान्ति के दिन रविवार हो तो छः महीने में अन्न का मूल्य तिगुना होगा और यदि इस दिन शनिवार हो तो इसी अवधि मे अन्न का मूल्य चौगुना हो जावेगा।

(२८)

भृगुवारी ह्वं सकरत, सस्तो धान बिकाय।
जे आवै सुरगुरु दिना, दाम सू आधो थाय ॥

पौस माम की सक्रान्ति के दिन यदि शुक्रवार हो तो अन्न सस्ता बिकेगा। कदाचित इस दिन गुरुवार आ जाय तो अन्न आधे दामो पर बिकेगा।

पौष मास कृष्ण पक्ष

(१)

पोष वदी पडवा दिना, जे होवै बुधवार।
नफो धान सू चौगुणो, बरसै ना जलधार ॥

पौष कृष्ण प्रतिपदा के दिन यदि बुधवार आ जाय तो वर्षा-ऋतु मे वर्षा का अभाव रहने से अन्न का मूल्य चौगुना हो जावेगा।

(२)

पोष पैले पाखडे, जे पड़वा बुध होय।
बिमणो तिगणो चौगणो, कईक अवसर जोय ॥

पौष कृष्णा प्रतिपदा के दिन बुधवार आ जाय तो कभी-कभी ऐसा अवसर आ जाता है कि अन्न-सग्रह करने से दूना, तीन गुना ही नहीं यहा तक कि चोगुना लाभ भी हो जाता है।

(३)

पोष वदी पडवा दिने, जो रोहण आ जाय।
अन्न मूंघो राजा लडै, सात महीना मांय ॥

पौष कृष्णा प्रतिपदा के दिन रोहिणी नक्षत्र हो तो सात महीनों के अन्दर अन्दर ही लडाई छिड जावेगी। इस अवसर पर सग्रह किया हुआ अन्न लाभदायक सिद्ध होगा।

(४)

कृष्णा पचमी पोस की, मगल वारी होय।
अन्न घणेरो नीपजै, बिरखा आछी होय ॥

पौष कृष्णा पचमी के दिन मगलवार आ जाय तो वर्षाऋतु में अच्छी वर्षा होने के परिणाम स्वरूप बहुत अन्न उत्पन्न होगा।

(५)

कृष्णा पंचमी पोस की, भोमवार जे आय।
जलधर बिरखा कर दिया, पुहुमी अन्न न समाय ॥

पौष कृष्णा पचमी को मगलवार हो और इस दिन वर्षा हो जाय तो इतना अन्न उत्पन्न होगा कि अन्न-भडार भर जावेगे।

(६)

पोस अन्धारी छट्ठ दिन, आभै बरसै मेह।
भादू बद के मायने, अवसै मेह करेह ॥

पौष कृष्णा षष्ठि के दिन यदि वर्षा हो तो आगामी भाद्रपद के कृष्ण पक्ष मे अवश्य वर्षा होगी।

(७)

पोष अन्धारी सत्तमी, बिन जल बादल जोय।
तो सावण सुद पूनम दिनां, अवसै विरखा होय ॥

पौष कृष्णा सप्तमी के दिन बादल हो किन्तु मेह नही बरसे तो इस लक्षण से यह निश्चित है कि श्रावण शुक्ला पूर्णिमा के दिन अवश्य वर्षा होगी।

(८)

* पोष वदी जो सातमे, जलधर ना बरसेह।
तो आदरा में बरस कर, जल-थल एक करेह ॥

पौष कृष्णा सप्तमी के दिन यदि मेह नही बरसे तो सूर्य जब आर्द्रा नक्षत्र पर आवेगा तब इतनी वर्षा होगी कि जल एव स्थल एक हो जावेंगे।

---

* इससे मिलती-जुलती कुछ अन्य उक्तियाँ निम्न हैं :—

पोस अन्धारी सप्तमी, जे घण मह बरसेह।
तो आदरा मे भड्डली जल थल एक करेह ॥१॥

पोस मास नी सातमे, नभै पाणी नव जोय।
तो बरसै आदरा सही, जल-थल एकज होय ॥२॥

पोस अन्धारी सत्तमी, जे नहिं बरसे मेह।
तो आदरा बरसे सही, जल-थल एक करेह ॥३॥

पोस अन्धारी सत्तमी, जे घण नी बरसेह।
तो आदरा माहे आदरै, जल-थल एक करेह ॥४॥

पूस अन्धारी सत्तमी, जो पानी नहिं देइ।
तो आदरा बरसे सही, जल-थल एक करेइ ॥५॥

(९)

पोष अन्धारी सत्तमी, बिन जल आभा छाहि ।
सावण सुद सातम दिने, जलधर दीना वाहि ॥

पौष कृष्णा सप्तमी के दिन बादल केवल गर्जना ही करे और बरसे नहीं तो श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन अत्यन्त वर्षा होगी ।

(१०)

पोष वदी सातम दिना, बिन जल वादल छाय ।
सावण सुद सातम दिना, बरसत मेह उछाह ॥

पौष कृष्णा सप्तमी के दिन यदि बादल हो और बरसे नही तो आगामी श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन वर्षा जोरो से होगी ।

(११)

पोष वदी जे सातमे, आभ बीजली छाय ।
तो सावण सुद पूनमे, निहचै विरखा थाय ॥

पौष कृष्णा सप्तमी के दिन यदि आकाश मे बिजली चमकती हुई दिखाई दे तो यह निश्चित है कि आगामी श्रावण की पूर्णिमा को अवश्य वर्षा होगी ।

(१२)

पोस अन्धारी सत्तमी, स्वाती रिच्छ जो होय ।
सुभिच्छ छेम आरोग्य ह्वै, संसै करो न कोय ॥

पौष कृष्णा सप्तमी के दिन यदि स्वाति नक्षत्र हो तो वर्षा काल मे इतनी वर्षा होगी कि, जिसके कारण सुभिक्ष होगा और प्रजा में क्षेम एव आरोग्य रहेगा ।

(१३)

अन्धारी सातम जदी, पोस महीने आय।
घण गरजै बिरखा हुवै, आधी रात बिताय॥
बिनदेख्या पत्रे केह्वो, बण्ग्यो आछो जोग।
चौमासे बिरखा घणी, आणन्द माणै लोग॥

पौष कृष्णा सप्तमी की आधी रात को बादलो की गर्जना हो, वर्षा हो तो बिना पचाग देखे ही कह दो कि, यह उत्तम योग बन गया है। इसके परिणाम स्वरूप आगामी वर्षाऋतु में इतनी वर्षा होगी कि, लोग प्रसन्न हो जावेंगे।

(१४)

पोषवदी आठम दिना, जे नहि बरसे मेह।
सूरज आदरा आवियां, इन्दर जोर करेह॥
रात पड्या गाजै कदास, इणादिना के माय।
तो इन्दर परसन हुवै, च्यार मास बरसाय॥

पौष कृष्णा अष्टमी के दिन यदि वर्षा न हो तो सूर्य आर्द्रा नक्षत्र पर आने पर वर्षा होगी। यदि इस दिन रात के समय मे बादल गर्जना करे तो वर्षा काल के चारों मास मे वर्षा होगी।

(१५)

पोस वदी दसमी दिने, बादल चमकै बीज।
पूनम मावस सावणै, जल बरसै धरि खीज॥

पौष कृष्णा दशमी के दिन आकाश में बादल हो, बिजली चमकती हो तो आगामी श्रावण मास की अमावास्या एवं पूर्णिमा को इतनी वर्षा होगी, मानो इन्द्रदेव क्रुद्ध हो गये हों।

(१६)

पोस मास दसमी अँधियारो । होय सघन घन भर अधिकारी ।
श्रावण बदि दसमी के दिवसै । भरकै मेघजु अधिको बरसै ।।

पौष मास के कृष्ण पक्ष की दशमी के दिन आकाश में अत्यन्त काली-काली घटाएँ छाई हुई हों तो आगामी श्रावण कृष्णा दशमी के दिन अत्यन्त वर्षा होगी ।

(१७)

पौस मास दसमी अँधियारी । बदली घोर होय अँधिकारी ।।
सावण वद दसमो के दिवसै । भरै मेघ च्यारू' दिश बरसै ।।

पौष कृष्णा दशमी के दिन आकाश मे बादलों की काली-काली घनघोर घटाएँ छाई हुई रहे तो श्रावण मास की कृष्णा दशमी को चारों दिशाओ मे अत्यन्त वर्षा होगी ।

(१८)

पोस वदो दसमो दिना, बादल् बिजली जोय ।
भादवडे री बारसै, बोहली विरखा होय ।।

पौष कृष्णा दशमी के दिन आकाश मे बादल हो और बिजली चमके तो आगामी भाद्रपद कृष्णा द्वादशी को बहुत वर्षा होगी ।

(१९)

पोस वदी दसमी दिने, बादल् चमकै बीज ।
तो बरसै भर भादवै, होय अनोखी तीज ।।

पौष कृष्णा दसमी के दिन आकाश मे बादल हो, बिजली चमके तो भाद्रपद मास भर वर्षा होती रहने के कारण इस महीने में होने वाले तीज के त्यौहार का अपूर्व आनन्द आवेगा ।

(२०)

† पोह् दसम जे मेह् सम्भारे। (तो) बरसै भादरवै अंधियारे ॥

यदि पौष मोम की दशमी को आकाश मे घनघोर बादल हो तो आगामी भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष में वर्षा होगी।

(२१)

कृष्णा दशमी पोस की, जे बरसै मझरात।
भादरवं जल् रेल्सी, साची मानो बात ॥

पौष कृष्णा दशमी को आधी रात के समय वर्षा हो तो आगामी भाद्रपद महीने मे बहुत वर्षा होगी।

(२२)

कृष्णा दसमी पोस को, रिच्छ बिसाखा जोय।
रात दिन कोई समै, विरखा आछी होय ॥

पौष कृष्णा दशमी के दिन, दिन मे या रात में किसी समय विशाखा नक्षत्र आ जाय तो आगामी वर्षा काल में अच्छी वर्षा होगी।

(२३)

* पोस अंधारी तेरसै, चहुँ दिस बादल् होय।
तो बरसै भर भादवै, साख सवाई होय ॥

पौष कृष्णा त्रयोदशी को चारो दिशाओ मे बादल हो तो भाद्रपद मे इतनी वर्षा होगी कि, जिसके फलस्वरूप खेती सदा से मवाई होगी।

---

† इसमे कृष्ण पक्ष अथवा शुक्ल पक्ष का स्पष्टीकरण नही हुआ है।

* इसके विपरीत —

पोस अंधारी तेरसै, चहुँ दिस बादल होय।
मावस पून्यू सावणूं, मेह घणेरो होय ॥

(२४)

पोस वदी तेरस चवदस । बिनजल बादल होवै चहुँ दिस ॥
तो सावरण सुद पूरणमासी । इन दिन मेह घणेरो आसी ॥

पौष कृष्णा त्रयोदशी किम्वा चतुर्दशी को वर्षा तो न हो किन्तु आकाश बादलो से ढका हुआ हो तो श्रावण शुक्ला पूर्णिमा को बहुत वर्षा होगी ।

(२५)

तेरस चवदस मावसै, पोस महीनो होय ।
जे विरखा हो जाय तो, सिरै जमानो होय ॥
ए लक्खण बण जाय तो, सुख तीनू मिल जाय ।
राखी पून्यू के दिना, निश्चै बिरखा थाय ॥

पौष कृष्णा त्रयोदशी, चतुर्दशी एवं अमावाश्या के दिन यदि वर्षा हो जाय तो प्रजा मे तीनो सुख-शान्ति समृद्धि और स्वास्थ्य-की वृद्धि होती है तथा रक्षा-बन्धन (श्रावणी पूर्णिमा) के दिन निश्चय ही वर्षा होगी ।

(२६)

सोम गुरु बुध सुक्कर वारे । पोसी मावस करो विचारै ॥
अन्न घणो व्है लेवे ना कोई । जे लेवे तो घाटो होई ॥

पौष कृष्णा अमावाश्या के दिन सोमवार, बुधवार, गुरुवार अथवा शुक्रवार मे से कोई सा एक वार आ जाय तो अन्न इतना उत्पन्न होगा कि सस्तेपन के कारण कोई खरीद कर संग्रह नही करेगा । कदाचित किसी ने खरीद कर संग्रह कर ही लिया तो उसे हानि होगी ।

(२७)

‡ सोम सुक्र ने सुर गुरु, पौष अमासे होय।
घर-घर होय बधामणा, बुरा न दीसै कोय॥

पौषी अमावाश्या के दिन सोम, गुरु और शुक्रवार में से कोई सा वार हो तो मेघ बरस कर चारो दिशाओ मे आनन्द मङ्गल कर देता है।

(२८)

रवि शनि मंगल तीनू वारे। पुख पुनर्वसु पूरवाखारे॥
जे पोसी मावस्या थाय। सेरी तोले, धान बिकाय॥

पौष मास की अमावाश्या के दिन रवि, शनि, एव मगलवार मे से कोई सा वार आ जाय और उस दिन पुष्य, पुनर्वसु तथा पूर्वाषाढ़ा मे से कोई भी नक्षत्र हो तो अन्न अत्यधिक मँहगा हो जावेगा।

(२९)

पौष वदी मावस दिना, रवि शनि मगलवार।
परजा मे भौ ऊपजै, धान तेज निरधार॥

पौष कृष्णा अमावाश्या के दिन रवि, शनि किम्वा मङ्गल मे से कोई वार आ जाय तो प्रजा मे भय की वृद्धि होगी और अन्न मँहगा हो जावेगा।

(३०)

दीत शनि अर मगलै, पोपी मावस होय।
बिवणो तिमणो चौगणो, धानज मूंघो होय॥

---

‡ पाठान्तर :—

सोम शुक्र सुरगुरु दिवस, पौस अमावस होय।
घर-घर बजै बधावनो, दुखी न दीखै कोय॥

पौष कृष्णा अमावास्या को शनिवार, रविवार किंवा मंगलवार इनमें से कोई एक वार आ जाय तो अन्न इतना मँहगा हो जावेगा कि दूने तीन गुने तो क्या चौगुने तक दाम हो जावेंगे।

(३१)

सोमां सुक्रा सुरगुरा, पोसी मावस †होय।
घर घर होय बधामणा, बुरो न स्वप्ने होय॥

पौष कृष्णा अमावाश्या के दिन सोमवार, गुरुवार किम्वा शुक्रवार में से कोई एक आ जाय तो यह शुभ शकुन है। इसके कारण घर-घर में बधाइयें-आनन्दोत्सव मनाये जावेंगे और जन साधारण प्रसन्नता पूर्वक रहेगा।

(३२)

पूरवाखाडा जेठ नखत, पोसी मावस होय।
वार क्रूर आ जाय तो, निश्चै दुरभिख होय॥

पौष मास की अमावाश्या के दिन पूर्वाषाढा या ज्येष्ठा नक्षत्र हो और इस दिन कोई क्रूर वार आ जाय तो यह निश्चित है कि आगामी वर्ष निश्चय ही दुर्भिक्ष होगा।

(३३)

पोसी मावस के दिनां, नखत जेठा जे होय।
परजा रोग दुख भोगवै, अन्न जु मूघो होय॥

---

† सोम शुक्र र सुरगुरु, पोष अमावस होय।
घर-घर होय बधामणा, लोग सुखी सहु होय॥१॥
घर-घर बजै बधावणा, दुखी न दीखै कोय॥२॥

पौष कृष्णा अमावास्या के दिन ज्येष्ठा नक्षत्र होने के कारण प्रजा में रोगों की वृद्धि होगी, कष्ट बढ़ेगा और अन्न मँहगा हो जावेगा।

(३४)

पोसी मावस के दिना, उतराखाडा होय।
घास अर धान मूंघो हुवै, निजरा लेवो जोय॥

पौष कृष्णा अमावास्या के दिन उत्तराषाढ़ा नक्षत्र हो तो इसके फलस्वरूप घास एवं अन्न महँगा होगा।

(३५)

पोसी मावस के दिना, मूल नखत जो होय।
बादल जे गरजन करै, समयो आछो होय॥

पौष मास की अमावास्या के दिन मूल नक्षत्र हो और इस दिन बादलों की गर्जना हो तो समय पर उत्तम वर्षा होने के कारण फसल अच्छी होगी।

(३६)

पूसी मावस मूल व्है, च्यारूं दिस मैं व्है वाय।
निहचै बान्धो झूपडा, विरखा हुवे सवाय।

पौष मास की अमावास्या के दिन मूल नक्षत्र हो और वायु चारों दिशाओं मे बहता हो तो कवि कृषक को अग्रिम सूचना देता है कि तुम निश्चिन्त होकर अपने झोंपडों का निर्माण करो। इस लक्षण से वर्षा-ऋतु मे अच्छी वर्षा होगी।

(३७)

†काहे पण्डित पढि पढि मरौ। पूसी मावस की सुधि करौ॥
मूल बिसाखा पूरवाषाढ। झूरा जानौ बहिरे ठाड॥

---

† यह उपरोक्त सख्या ३५ और ३६ की उक्तियों के विपरीत है।

हे पण्डितो ! शास्त्र की पुस्तकों को पढ़ कर क्यों मगज मारी करते हो। आप तो पौष मास की अमावस्या की ओर लक्ष्य करो। इस दिन यदि मूल, विशाखा अथवा पूर्वाषाढा में से कोई भी नक्षत्र होगा तो निश्चय समझ लो कि आगामी वर्ष, वर्षा का अभाव रहेगा और सूखा अर्थात् अकाल पड़ेगा।

(३८)

मूल नखत सूं भरणी तलक, जे बादल हो जाय।
सूरज आदरा आवियाँ, विसाखा तक बरसाय॥
जेता नखत बादल हुवै, ते तो मेहलो होय।
घड़ी पलक हिसाब सू, विरखा लेवो जोय॥

पौष मास में मूल नक्षत्र से लगाकर भरणी तक इन ग्यारह नक्षत्रो में लगातार बादल हों तो जिन दिनों मे सूर्य आर्द्रा नक्षत्र पर आवेगा उन दिनों में आर्द्रा से लगा कर विशाखा तक मेह बरसेगा। नक्षत्रो के दिन से इस प्रकार समझें कि मूल से आर्द्रा, पूर्वाषाड से पुनर्वसु उत्तराषाढा से पुष्य, इस क्रम से वर्षा होगी। नक्षत्र जितने घडी रहा होगा उतनी ही घडी उस वर्षा वाले नक्षत्र के दिन वर्षा होगी।

(३९)

स्वात रिच्छ जे पोस मे, ज्यू बरसै त्यूं बरसैगो।
पोस स्वात मे जल नहि, तो जगत बिना जल तरसैगो॥
च्यार पाद नखत का, महिना च्यार चौमास है।
जी चरणां छाटा पड़ै, बी महिनो बिरखा हुवै॥

पौष मास मे जिस दिन स्वाति नक्षत्र हो उस दिन, दिन भर या नक्षत्र के प्रथम चरण अथवा द्वितीय चरण आदि जिस चरण मे वर्षा हो तो वर्षा काल के समस्त चारो महीने या जिस चरण में वर्षा हुई है उस हिसाब से उसी महीने में (प्रथम चरण से आषाढ़, दूसरे से श्रावण,

तीसरे से भाद्रपद और चौथे से आश्विन इस प्रकार से) वर्षा होगी । कदाचित स्वाति नक्षत्र में बादलों में जल ही न हो तो प्रजा वर्षा काल में जल के लिये तरसती ही रहेगी ।

(४०)

पूर्वा भादरपद नखत हूँ, पोस मास के मांय ।
घन गरजै बिजली खिवै, सूर्य मण्डल हूँ जाय ।।
(तो) रुत बिरखा के मांयने, आछो बिरखा होय ।
जे लक्खण ए ना हुवै, तो सूखी पुहमी जोय ।।

पौष मास के पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में आकाश मे बादलों की गर्जना हो, बिजली चमके और सूर्य के चारो ओर मण्डलाकार आकृति हो तो वर्षा ऋतु में अच्छी वर्षा होगी । कदाचित ये सब अथवा इनमें से एक भी लक्षण उस दिन नही दीखे तो आगामी वर्षा ऋतु में पृथिवी सूखी ही रहेगी ।

(४१)

आधे पोसां बरसै पांणी । तो गहूं खाखलो बराबर जाणी ।।

पौष मास आधा व्यतीत हो जाय और इस समय वर्षा हो जाय तो इसका यह प्रभाव होगा कि, गेहूं और भूसा बराबर बराबर होगा ।

(४२)

पोही मावस मूल बिन, रोहण बिन आखा तीज ।
सावण बिना सलूणियो, क्यूं बावै तूं बीज ।।

पौष की अमावास्या को मूल नक्षत्र, अक्षय-तृतीया को रोहिणी, रक्षा-बन्धन के दिन श्रवण नक्षत्र न हो तो कवि कृषक को सम्बोधन कर कहते हैं कि इन लक्षणों से इस वर्ष अकाल पड़ेगा । अतः बीज बोना व्यर्थ है ।

माघ मास शुक्ल पक्ष

(१)

● माहज पड़वा ऊजली, बादल् बावज होय।
तेल घीव अर दूध सब, दिन दिन मूंघा होय ।।

माघ शुक्ला प्रतिपदा के दिन आकाश में बादल हो, पवन चले तो इसके परिणाम स्वरूप तेल, घी और दूध दिनो दिन महंगा ही होगा।

(२)

माघ सुदी पड़वा दिनां, सोम गुरु भृगु होय ।
समयो आछो होवसी, समझ लेवो सब कोय ।।
भूले चूके इण दिना, रवि मङ्गल् जे आवै ।
(तो) जुद्ध घणेरो होवसी, ईति भय सतावै ।।

माघ शुक्ला प्रतिपदा को सोम, गुरु, एवं शुक्रवार इन में से कोई सा वार हो तो आगामी वर्ष की फसल अच्छी होगी। कदाचित इस दिन रविवार या मंगलवार में से कोई एक आ जाय तो इसके फल-स्वरूप युद्ध होगा और ईति का भय रहेगा।

(३)

माघ सुदी पडवा दिनां, वार बुद्ध जो होय ।
धान धन मूंघो हुवै, आगे भी भय होय ।।

● इससे विरोधाभास करनेवाली उक्ति —

माघ सुदी की एकमे, जो बादल अथवाई।
तेल घीउ सस्तो हुवै, अन्न घणो उपजाई ।।

माघ शुक्ला प्रतिपदा को बुधवार आ जाय तो अन्नादि पदार्थ मँहगे हो जावेंगे और आगे के लिये भी भय रहेगा।

(४)

※ माघ उजाली दूज दिन, बादल बीज समोय।
(तो) भाखै यूं भड्डरी, अन्नजु महगो होय॥

माघ शुक्ला द्वितीया के दिन आकाश में बादल—बीजली हो तो भड्डली को सम्बोधन करते हुए कवि कहते हैं कि, अन्न मँहगा ही बिकेगा।

(५)

माघ उजाली दूज दिन, बादल बिजली संग।
'भद्रबाहु गुरु यूं कहै, अन्न मिलै बहु तंग॥

माघ शुक्ला द्वितीया को आकाश में बादल हो, बीजली चमके तो इस लक्षण को देख कर भद्रबाहु गुरु कहते हैं कि, अन्न की तंगी ही रहेगी।

(६)

भला भाग सूं दूज दिन, गुरुवार आ जाय।
ढाढा में सुख ऊपजै, राज प्रजा सुख पाय॥

※ यह उक्ति इस प्रकार भी मिली है —

माह अजवाली बीज दिन, बादल बीजली होय।
तो भाखै भड्डली खरू, अनाज मूंघो होय॥१॥
माघ उजारी दूज दिन, बादर बिज्जु समाय।
तो भाखै यों भड्डरी, अन्नजु मँहगो जाय॥२॥

माघ सुदी दूज के दिन बदली में बिजली का समा जाना देख, कवि कहता है कि इस लक्षण से अन्न अवश्य मँहगा होगा।

माघ शुक्ला द्वितीया के दिन सदुभाग्य से गुरुवार आ जाय तो इसके फलस्वरूप पशुओं का भोजन मनोवाञ्छित उत्पन्न होगा और राजा प्रजा भी सुखी रहेंगे अर्थात् वे आनन्दोत्सव मनावेंगे।

(७)

दूज तीज सुद माघ की, शुक्र शनी जे होय।
धरणी ऊपर मानवी, रगत रञ्जित लो जोय॥

माघ शुक्ला द्वितीया और तृतीया में से किसी दिन शुक्रवार या शनिवार आ जाय तो पृथिवी मनुष्यों के रक्त से रंग जावेगी।

(८)

† माह उजाली तीज ने, बादल बिजली देख।
गहुँ जव संचै करो, मूंघा होसी मेख॥

माघ शुक्ला तृतीया के दिन आकाश में बादल हों, बिजली चमके तो गेहूँ और यव का संग्रह कर लेना चाहिये। क्योंकि ये निश्चय ही मँहगे हो जावेंगे।

---

† यह उक्ति इस प्रकार भी मिलती है :—

माह उजारी तीज को, बादल बिजरी देख।
गेहूँ जव सचय करो, महंगो होसी पेख॥१॥

माह तीज कहै ऊजली, बादल गाज सुणाय।
गेहूँ जव सञ्चय करो, महँगे मोल बिकाय॥२॥

किसी-किसी विद्वान का मत है कि, जब सूर्य मेख की संक्रान्ति पर आवेगा तब महँगा होगा।

(९)

* माह उजाली चौथ ने, मेह बादली जाए ।
पान अर नारेल बेउ, मूंघा अवस बखाए ॥

माघ शुक्ला चतुर्थी के दिन आकाश मे बादल हो तो पान और नारियल ये दोनों अवश्य मँहगे होंगे ।

(१०)

माह ऊजली पञ्चमी, वाजै उत्तर वाय ।
(तो) जाणीजै भादवो, निरजल कोरो जाय ॥

माघ शुक्ला पञ्चमी के दिन उत्तर दिशा का वायु चले तो यह निश्चित है कि आगामी भाद्रपद मास मे बिलकुल वर्षा नहीं होगी ।

(११)

माह पञ्चमी ऊजली, उत्तर वायु मेह ।
अन्नजु मूघो होवसी, भादूं मे नहिं मेह ॥

माघ शुक्ला पञ्चमी के दिन उत्तर दिशा का वायु चले, वर्षा हो तो आगामी भाद्रपद मास में वर्षा नही होगी और अन्न महँगा होगा ।

---

* यहाँ विरोधाभास व्यक्त करनेवाली यह उक्ति इस प्रकार मिली है—

माही चौयज ऊजली, बादल गाज जब होय ।
पानड ने नारेलड़ा, सुहगा बिकता जोय ॥

इसके समर्थन में :—

माह उजेली चौथ को, मेह बदल्ला जाए ।
पान और नारेल को, मँहगा अवस बखाए ॥

(१२)

बसन्त पञ्चमी अर शिवरात,
　　　　शील सप्तमी रखियो ख्यात ।
धुन्ध धुहर अर उत्तर वाय,
　　　　दियो अन्न कोई नहीं खाय ॥

बसन्त-पञ्चमी, शिव-रात्रि, शीतला-सप्तमी अर्थात् माघ शुक्ला पञ्चमी, फाल्गुन कृष्णा त्रयोदशी और चैत्र कृष्णा सप्तमी इन दिनो मे आकाश मे धुन्ध, कुहरा, एव उत्तर दिशा का वायु हो तो इन लक्षणो से वर्षा एव फसल अच्छी होगी ।

(१३)

* माह उजाली छट्ठ ने, वादल होय जे चन्द ।
तेल घीव तो जाण जो, मूघो होय दुचन्द ॥

माघ शुक्ला षष्ठी के दिन आकाश मे बादल दिखाई दे तो तैल और घी के दाम दूने हो जावेंगे ।

(१४)

अजवाली छठ माह तणी, वार होय जे चन्द ।
तेल घीव सू घा नही, भाख्यो साचो छन्द ॥

माघ शुक्ला षष्ठी के दिन यदि सोमवार हो तो तेल और घी महँगे हो जावेंगे ।

---

* माह उजाली छट्ठ को, वार होय जो चन्द ।
तेल घीव महँगा हुवै, रोकड होय दुचन्द ॥

(१५)

* माही छठ गाजै नहीं, मूंघो होय कपास।
सातम देखो निरमली, तो मत राखीजो आस॥

माघ शुक्ला षष्ठी के दिन आकाश में बादलो की गर्जना नही हो तो कपास महँगा होगा। कदाचित सप्तमी के दिन आकाश निर्मल दिखाई दे (इसीप्रकार से ही व्यतीत होजाय)तो किसी भी प्रकार की आशा न रखें।

(१६)

माघी छठ ना गाजियो, (तो) मूगा घिरत कपास।
सातम जावै निरमली, (तो) मानव केहा आस॥

माघ शुक्ला षष्ठी के दिन आकाश मे बादलों की गर्जना न हो तो घी और और कपास महँगा हो जावेंगे। साथ ही सप्तमी भी इसी प्रकार से निर्मल ही रह जाय तो मनुष्यो के जीवन सङ्कट मे पड जावेंगे। इनके जीवन की आशा ही कैसी।

(१७)

‡ माही सातम गरभै बीस। आसू बरसै दिन बत्तीस।

---

* गाजै नहिं मही छट्ठ दिने, मूघो होय कपास।
सातम पेखो निरमली, तो नव सारी आश॥

‡ माघ मास री सातम बीखै। तो सोलै सराध बरसता दीखै॥
माघ मास की सत्तमी, ऊगत भाण न दीख।
तीन पक्ष सही हुजे, वरसाले बरसन्त॥

माघ शुक्ला सप्तमी को उदय होता हुआ सूर्य बादलों से ढका रहने के कारण नहीं दीखे तो आगामी वर्षा काल में तीन पक्ष सहित सात दिन (१५ × ३ = ४५ + ७ = ५२) अर्थात् बावन दिनो तक वर्षा होगी।

माघ मास की सप्तमी के दिन वर्षा का गर्भ रहे तो आसोज में वर्षा प्रारम्भ हो कर बत्तीस दिन तक मेह बरसेगा।

(१८)

माघ सुदी सातम हि, बीजु बादरा देख।
तो आसोजां में मेवलो, दिन बत्तीसां पेख॥

माघ शुक्ला सप्तमी को आकाश में बादल हो, बिजली चमके तो आसोज (आश्विन) में वर्षा प्रारम्भ होकर बत्तीस दिन तक होती रहेगी।

(१९)

माघ सुदी सातम चढ़त। सूरज बादल मांय अडत।
तो सावरण महं बरसत रहै। तीन पक्ष अरु दस दिन लहै॥

माघ शुक्ला सप्तमी को उदय होता हुआ सूर्य बादलो से ही ढँका रह जाय तो आगामी श्रावण मास में वर्षा प्रारम्भ होकर पचपन दिनों तक होती रहेगी।

(२०)

‡ माघ सुदी जे सत्तमी, सूरज निरमल होय।
डक्क कहै सुरग भड्डली, जल बिरग पिरथी होय॥

माघ शुक्ला सप्तमी के दिन आकाश मे सूर्य निर्मल दिखाई दे तो आगामी वर्षा काल में वर्षा नहीं होगी, ऐसा भड्डली को सम्बोधन कर डक्क नामक कवि कहते हैं।

---

‡ माघ सुदी सातम दिने, सूरज निरमल होय।
भड्डली भाखै एम जे, जल बिन पिथ्वी जोय॥१॥
माह सुदी जो सत्तमी, सूरज निरमल होय।
भद्रबाहु गुरु यूं कहै, जल बिन पृथ्वी जोय॥२॥

(२१)

† माघ सुदी जो सतमी, बीज मेघ हिम होय ।
च्यार महीना बरससी, सोच करो मत कोय ॥

माघ शुक्ला सप्तमी के दिन आकाश में बादल हो, बिजली चमके, बर्फ गिरे तो आगामी वर्षाकाल के चारों महीनों मे वर्षा होगी ।

(२२)

माघी सातम ऊजली, बादल मेह करन्त ।
तौ आसाडा मे भडुली, मेह घणो बरसन्त ॥

माघ शुक्ला सप्तमी के दिन आकाश मे बादल हो और वर्षा आ जाय तो आगामी आषाड में बहुत वर्षा होगी ।

(२३)

माह सतमी ऊजली, बादल मेघ करन्त ।
तौ असाड में चतुर नर, बोहलो मेघ बरसन्त ॥

माघ सुदी सप्तमी के दिन आकाश मे मेघ की घटाएँ छाई हो तो आगामी आषाड मास मे अत्यन्त वर्षा होगी ।

---

† महा सुदी जो सप्तमी, हेम बीजली होय ।
बरसै चारौ मास मां, सोच करो नव कोय ॥

माघ शुक्ला सप्तमी के दिन आकाश में बिजली चमकती हो, बर्फ गिरता हो (यहाँ ऐसा भी अभिप्राय लिया जाता है कि—आकाश में चमकने वाली बिजली का रंग हेम (सुवर्ण) सा हो) तो आगामी वर्षाकाल के चारों मास वर्षा होगी ।

(२४)

ॐ माघ सुदी सातम दिना, आभौ निरमल होय।
अनावृष्टि दुर्दिन हुवै, जे मेह घणेरो होय ।।

माघ शुक्ला सप्तमी के दिन आकाश बिल्कुल निर्मल (स्वच्छ) दिखाई दे तो आगामी वर्ष अनावृष्टि-योग और कदाचित इस दिन अत्यधिक वर्षा हो जाय तो दुर्दिन—योग बन जाता है। अर्थात् प्रजा सङ्कट मे रहेगी।

(२५)

पाचम छठ सातम दिना, माघ सुदी के माय।
शुक्र शनि अर सोम हुया, करसौ आनन्द मनाय।।

माघ शुक्ला पञ्चमी, षष्ठी और सप्तमी के दिनो में किसी दिन शुक्र, शनि अथवा सोमवार मे से कोई-सा वार आ जाय तो इसके प्रभाव से कृषक के आनन्दित होने का अवसर आवेगा अर्थात् यथेच्छ फसल होगी।

(२६)

माघ सुदी सातम दिना, रवीवार जे आवै।
महाघोर दुर्भिक्ख हुवै, विगरै भी जतावै ।।

माघ शुक्ला सप्तमी के दिन रविवार हो तो इसके प्रभाव से भयंकर दुर्भिक्ष होगा और प्रजा मे विग्रह आदि से भय व्याप्त रहेगा।

ॐ सप्तमी महानी ऊजली, बादल मेघ करन्त।
असाढ़ मां भडुली कहै, घणो मेघ वरसन्त ।।१।।

माहुज सातम ऊजली, आठम बादल जोय।
तो असाढ गहमह करै, वरखै बरसा सोय ।।२।।

(२७)

* माघ सुदी सातम दिनां, सोमवार जे होय।
लडै राजवी परस्पर, काल पड्यो लो जोय ॥

माघ सुदी सप्तमी के दिन सोमवार हो तो परस्पर राजाओं में युद्ध होगा और देश में अकाल पड़ेगा।

(२८)

† माघ सुदी जे सत्तमी, भोमवार जे होय।
तो भड्डर जोशी कहै, नाज किराणो लोय ॥

माघ शुक्ला सप्तमी के दिन मंगलवार हो तो ज्योतिषी कहते हैं कि हे भड्डरी ! जनता को अनाज और किराणा खरीद कर रख लेना चाहिये।

(२९)

माघ सुदी सातम दिनां, सोम रोहणी होय।
कै तो राजा लड़ पड़ै, कै वर्ष सवायो होय ॥

---

* इसी सम्बन्ध मे इस प्रकार भी मिलती है :—

माह सुदी जो सत्तमी, सोमवार दीसन्त।
काल पडै राजा लड़ै, सबला मिनख भमन्त ॥१॥
माघ सुदी जो सत्तमी, सोमवार दीसन्त।
काल पडै राजा लड़ै, समरै नरा भमन्त ॥२॥
माघ सुदी जो सातमे, होवै सोमजु वार।
काल पडै बहु जुद्ध हुवै, बरसै जगत मे खार ॥३॥

† एक स्थान मे इसकी टीका करते हुए कहीं ऐसा पढने में आया था कि इस प्रकार के लक्षण होने पर उस वर्ष अनाज मे कीड़े पड जावेंगे। —जयशङ्कर शर्मा

माघ शुक्ला सप्तमी को सोमवार और रोहिणी नक्षत्र हो तो या तो राजाओं में परस्पर युद्ध, प्रजा मे रोग हो या यह वर्ष उत्तम फल-प्रद ही हो।

(३०)

भला भाग सूं आज दिन, भरणी जे आ जाय।
करसण होवै मोकलो, रोग शोक मिट जाय॥

सद्भाग्य से इस (माघ शुक्ला सप्तमी को) दिन भरणी नक्षत्र आ जाय तो फसल बहुत अच्छी होगी और प्रजा के रोग, शोक आदि नष्ट हो जावेंगे।

(३१)

माघ सुदी सातम दिनां, निस्चै मन ठहराय।
आभा कानी देखजो, आठ पौ'र चित्त लाय॥
आभो ढक्यो बादल रेहूं, उत्तर पूरब वाय।
आथूणी बिजली खिव्यां, देवे सुभिक्ष कराय॥
चौमासा का मास सबी, इण मे गिण लेव।
आखा दिन अर रात रा, भाग च्यार कर लेव॥
जी भागा ए लक्खण हुवै, बी महीना के मांय।
गरभ गलण नहिं जोग हुयां, बोली विरखा थाय॥

माघ शुक्ला सप्तमी को रात-दिन (आठो प्रहर) ध्यान पूर्वक आकाश को देखो। इस दिन आकाश बादलो से ढंका हो, पूर्व का या उत्तर का वायु हो, पश्चिम मे बिजली चमकती हो तो किसी प्रकार का उपद्रव इस वर्ष मे न होकर, सुभिक्ष होगा।

दिन और रात के चार भाग (दिन के दो भाग और रात्रि के दो भाग) करें और प्रत्येक भाग को वर्षा काल के चार महीनों में बांट लें

(जैसे—प्रथम भाग आषाढ़, दूसरा श्रावण आदि ।) इस दिन के जिस भाग में उपरोक्त चिह्न दृष्टिगत होंगे, वर्षा काल के उसी महीने में वर्षा होगी । किन्तु साथ में यह भी ध्यान रखें कि, यदि इस दिन वर्षा होजाय और वह एक द्रोण का आठवा भाग (आंग्ल मतानुसार १० सेण्ट) मेह हो जाय तो दिन के जिस भाग में ऐसा हुआ होगा तो उसी महीने में अनावृष्टि होगी ।

(३२)

माघ उजेली अस्टमी, वार होय जे चन्द्र ।
तेल घीव तो जाणजे, मूंघा होय दुचन्द ॥

माघ शुक्ला अष्टमी को सोमवार आ जाय तो भविष्य मे तेल और घी के दूने दाम हो जावेंगे ।

(३३)

माघ सुदी आठम की रात । चान्द चरत बादर नहिं भात ॥
छत्र भङ्ग होवै फल सही । अथवा काल पडे इमि कही ॥

माघ शुक्ला अष्टमी की रात्रि मे आकश मे चन्द्रमा की गति अत्यधिक बादलो के कारण दिखाई न दे तो या तो किसी राजा की मृत्यु होगी या देश में अकाल पडेगा ।

(३४)

आठम बादल सूरज गोय । आभो सहचन्दे निरमल होय ॥
राजावो का जावै राज । यूं भाखै श्री सद्गुरु राज ॥

माघ शुक्ला अष्टमी को दिन मे सूर्य बादलो मे छुपा रहे और रात्रि मे आकाश एव चन्द्रमा निर्मल (स्वच्छ) दिखाई दे तो इस लक्षण से ऐसा प्रतीत होता है कि राजाओं के राज्य समाप्त हो जावेंगे । इस

दिन जिस दिशा में वर्षा के गर्भ के लक्षण दिखाई दें, उसी ओर वर्षा होगी। ऐसा जैन-शास्त्र के ज्ञाता कोई सद्‌गुरु जी फरमा गये हैं।

(३५)

माघ सुदी ;की आठमे, बादर में डूबें चन्द्र।
समो होय तिहुँ खण्ड मे, बोहलो बरसै इन्द्र॥

माघ शुक्ला अष्टमी की रात्रि मे चन्द्रमा बादलों में ही छुपा रहे तो इस लक्षण से यह निश्चित है कि वर्षाकाल में अत्यधिक वर्षा होगी इसके परिणाम स्वरूप सर्वत्र फसल अच्छी होगी।

(३६)

माघ उजाली अस्टमी, बादल ढकियो सूर।
समयो ·होवेलो खरो, काल् गयो अब दूर॥
जे आभो निरमल हुवै, सूरज आदरा आय।
के सावरण महिना मांयनै, मेह आगडो जाय॥

माघ शुक्ला अष्टमी के दिन सूर्य बादलो से ढँका हुआ ही रहे तो यह निश्चित है कि, अकाल नही होगा और आगामी वर्ष, फसल अच्छी होगी। यदि इस दिन आकाश निर्मल ही रहे तो आद्रा नक्षत्र पर सूर्य आवेगा तब अथवा श्रावण मे, वर्षा अवश्य ही हो जावेगी।

(३७)

‡ माघ उजेली अस्टमी, नहीजे किरतका होय।
फागण रोली लागसी, सावण मेह ना होय॥

---

‡ माघ सुदी आठें दिवस, जे रिच्छ किरतका होय।
की फागण रोली पड़ै, की सावण मूंघो होय॥

माघ शुक्ला अष्टमी के दिन कृत्तिका नक्षत्र नहीं होगा तो फाल्गुन मास मे गेहूँ आदि अन्न में रोली (एक प्रकार का अन्न-नाशक कीडा) लग जावेगा और आगामी श्रावण मे वर्षा नही होगी।

(३८)

* अथवा नौमी निरमली, बादल रेख न होय।
तो सरवर भी सूखसी, महि मे जल नहिं होय।।

अथवा माघ शुक्ला नवमी निर्मल प्रतीत हो (इस दिन आकाश मे बादलो की एक रेखा मात्र भी न दिखाई दे) तो आगामी वर्षा काल मे वर्षा नही होगी और सरोवर आदि जो भरे होगे गर्मी मे सूख जावेंगे।

(३९)

† माह नवमी ऊजली, बादल करै वियाल।
भादरवै बरसै घणो, सरवर फूटै पाल।।

माघ शुक्ला नवमी के दिन आकाश मे बादल उमडते हुए दिखाई दे तो आगामी भाद्रपद मास मे इतनी वर्षा होगी कि तालाब आदि के बांध टूट जावेंगे।

---

* अथवा नवमी निरमली, बादल रेख न होय।
तो सावण सूवो जशे, मेह बूंद नव जोय।।१।।

महा नवमी निरमली, तो सूखो जाण असाड।
कण बेची पोतु करी, भडली कहै दुख काढ।।२।।

† अथवा नवमी निरमली, बादल करै विशाल।
भादरवै जल आवशै, सरवर फोडे पाल।।१।।

अथवा नौमी ऊजली, बादल बाजै वाय।
भादो में बरसै घणो, सरवर जल न समाय।।२।।

(४०)

† माहज नौमी चन्द्रमा, मण्डल् सहितो खास ।
तो असाड मे बरससी, यू मत कर विस्वास ।।

माघ शुक्ला नवमी की रात्रि मे चन्द्रमा के चारो ओर मण्डल दिखाई दे तो इससे यह न समझ लेवें कि, आगामी आषाढ मे वर्षा होगी ।

(४१)

माघ सुदी नवमी निशा निहारये ।
शशि के हुइ परिवार तो यह विचारिये ।
आसाडे तो मेह न मूले बरसता ।
अन्न पण मूंघो होय सहु नर तरसता ।।

माघ शुक्ला नवमी की रात्रि मे चन्द्रमा को देखें । यदि इसके चारो ओर मण्डल हो तो आषाढ मे लेश मात्र भी वर्षा न होगी और अन्न मँहगा हो जाने के कारण प्रजा कष्ट पावेगी ।

(४२)

सातम आठम नवमी, माघ सुदी की होय ।
इण दिना बादल् हुया, धान घणेरो होय ॥
एक दिन बादल् है अधम, दो दिन मध्यम जाण ।
तीन दिनां बादल् हुया, समयो आछो माण ।।
सूरज अस्त की बखत, बादल इण दिन होय ।
तो असाड सावण भादवै, क्रम सू विरखा होय ।।

---

† माह जु नौमी चन्द्रमा, पायस सहितो खास ।
तो असाड मे बरससी, यू मत कर विश्वास ।।१।।

माह नवमी नो चन्द्रमा, मण्डल सहिते वास ।
असाड मा तो वरससे, मुकीश नहि विश्वास ।।२।।

माघ शुक्ला सप्तमी, अष्टमी और नवमी इन तीन दिनो मे आकाश में बादल रहेगे तो आगामी वर्षा काल मे अच्छी वर्षा होने के परिणाम स्वरूप धन-धान्य एव विवाह आदि उत्सव अधिक होंगे। इन दिनो मे एक दिन बादल का होना अधम, दो दिन का मध्यम और तीनों दिन बादल बने रहने से आगामी वर्ष अच्छी फसल होगी।

सूर्यास्त के समय सप्तमी के दिन बादल होने से आषाढ, अष्टमी को हो तो श्रावण और नवमी को सूर्यास्त के समय बादल होने से भाद्र-पद मास मे वर्षा होगी। जिस दिन का आकाश निर्मल होगा क्रमशः उसी महीने मे वर्षा नही होगी।

(४३)

आदीत वारे पुक्ख रिच्छ, नौमी तिथि लो जोय।
अन्नोलाहा चौगणा, भूख मरत सब कोय॥

माघ शुक्ला नौमी को रविवार और पुष्य नक्षत्र हो तो अन्न का मूल्य चौगुना हो जाने से लोग भूखों मरेंगे।

(४४)

नवमी दसमी एकादसी, माघ सुदी के माय।
वायु चले बिजली खिवै, विरखा आछी थाय॥

माघ शुक्ला नवमी, दशमी और एकादशी इन तीन दिनो में वायु चले और बिजली चमके तो इन लक्षणो से आगामी वर्षा काल में अच्छी वर्षा होगी।

(४५)

माघ सुदी तेरस दिना, धुन्ध घणेरी छाय।
तो धान घणेरो होवसी, परजा सुखी हुय जाय॥

माघ शुक्ला त्रयोदशी के दिन कुहरा इतना छा जाय कि आकाश

दिखाई नही दे तो इस लक्षण से यह समझें कि यह अन्न अधिक होने और प्रजा के सुखो की वृद्धि होने की सूचना है।

(४६)

सातम सू चवदस तलक, माघ सुदी के माय।
इण अठवाडे बादल हुया, मेह घणेरो थाय ।।

माघ शुक्ला सप्तमी से चतुर्दशी तक इस सप्ताह मे आकाश मे बादल मडे रहे तो आगामी वर्षा काल मे बहुत वर्षा होगी।

(४७)

* माघी पूनम निर्मल होय। तो अन्न असाड़ाँ सस्तो जोय।
कियो एकठो बेचो आज। जे नहिं बेचो तो बिगडे काज ।।

माघी पूर्णिमा को निर्मल देख कर कवि कहते हैं कि इस लक्षण से अन्न सस्ता हो जावेगा। अतः अब तक जो अन्न सग्रह किया हुआ है, उसे बेच देना चाहिये। अन्यथा क्षति सहनी पडेगी।

(४८)

माघी पूनम सगली निरमल। चार मास जल होवै गलगल ।।
जेहि-जेहि जामे काडे बादल। तिहि-तिहि मासे जल नहिं आगल।।

माघी पूर्णिमा के चारो प्रहर यदि निर्मल दिखाई दें तो आगामी आषाढ से आश्विन तक इन चारो महीनो मे वर्षा होगी। इसके विपरीत प्रथम, द्वितीय प्रहर इस क्रम से जिस प्रहर में आकाश मे बादल दिखाई देंगे, क्रमशः उसी मास मे वर्षा का अभाव रहेगा।

---

* इसके विपरीत :—

माघ सुदी पूनम दिवस, चाँद निरमलो जोय।
पशु बेचो कण सग्रहो, काल हलाहल होय ।।

(४६)

* मांही पूनम बादला, जिण पहुरेह करेह ।
बरसाते तिण मास मे, जलधर नवि बरसेह ॥

माघी पूर्णिमा के दिन जिस प्रहर मे आकाश मे बादल दिखाई देंगे तो आगामी आषाढ से आश्विन तक के चार मास मे क्रम से उसी प्रहर की सख्या के अनुसार उस महीने में वर्षा नही होगी।

(५०)

पाच रवी शनि भोम हुवै, माघ मास के माय ।
भौ उपजै दुरभिक्ख हुवै, इण मे सशे नाय ॥

माघ महीने मे रविवार, शनिवार, मगलवार इनमे से कोई-सा भी वार पाँच बार आ जाय तो इसके फल स्वरूप संसार मे भय उत्पन्न होगा, दुर्भिक्ष होगा इसमे किसी भी प्रकार का सन्देह नहीं।

(५१)

‡ माह पाच होवै रविवार । तो जाणो जोशी काल विचार ॥

माघ मास मे पाँच रविवार का आ जाना अकाल की अग्रिम सूचना समझ ले ।

---

* इसके विपरीत :—

बादल माह सुदी पूनमे, जे जे पोरा होय ।
चौमासे ता मास में, क्रम से मेघा जोय ॥

इसके पक्ष मे :—

बादल माह सुदी पूनमे, झा झा पोहरज होय ।
चौमासा ना चार मां, क्रमथी मोघा जोय ॥

‡ इसके विपरीत :—

माघ पाँच जे हुं रविवार । तो भी बोधी सभी विचार ॥

(५२)

माह मंगल जेठ रवि, भादरवै शनि होय।
डक कहै है भड्डली, विरला जीवैं कोय ॥

डक नामक कवि, भड्डली को सम्बोधन करते हुए कहते हैं कि यदि माघ मास मे पाँच मंगल हो, जेठ मास मे पाँच रविवार हो और भाद्रपद मास मे पाँच शनिवार हों तो इसके प्रभाव से अकाल ही होगा और विरले व्यक्ति ही जीवित रह सकेंगे।

(५३)

भरणी अर किरत्तका दिनां, माघ महीना माय।
जे बादल हुय जाय तो, विरखा आछी थाय॥
इणा दिना के मायने, जे आभो निरमल होय।
अलप वृष्टि होवे अवस, धानजु मूघो होय॥

माघ महीने मे जिस दिन भरणी या कृतिका नक्षत्र हो उस दिन आकाश में बादल रहे तो आगामी वर्षा काल मे उत्तम वर्षा होगी। कदाचित इस दिन आकाश मिर्मल दिखाई दे तो अल्प-वृष्टि–अनावृष्टि के कारण अन्न मँहगा हो जावेगा।
